www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 4 सितंबर 2025 । वर्ष – 67 । अंक –140 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु  प्रेस पंजीयन- 06072/59



शिक्षा का उद्देश्य व्यक्तिगत विकास को सामाजिक विकास से जोड़ना हो : मुर्मु — पृष्ठ 2

■ भंडारे में गए तो खाना खत्म, बाहर आए तो चप्पल गायब
■ खामोश की जातीं पर्यावरण बचाने वालों की आवाज़ें — पृष्ठ 6

■ भारत-जर्मनी संबंध स्थिर, बढ़ रहे हैं महत्व और गहराई : एस जयशंकर
■ उत्तर कोरियाई नेता को रूस आने का निमंत्रण — पृष्ठ 7

कोहली ने 4 जून की त्रासदी पर शोक व्यक्त किया, पीड़ितों के लिए प्रार्थना की — पृष्ठ 8

# बाढ़, बारिश ने बिगाड़े हालात

## पूरे उत्तर भारत में तेज बारिश के कारण नदियां उफान पर, दिल्ली में यमुना का पानी घरों में घुसा

**नई दिल्ली**, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान समेत पूरे उत्तर भारत में बुधवार को तेज बारिश के कारण नदियां उफान पर है। बाढ़ के कारण यहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, इन राज्यों के कई हिस्सों में अगले 24 घंटे में तेज बारिश होने की आशंका है। दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में सुबह की बारिश के बाद पुराने रेलवे पुल पर यमुना का जलस्तर 207 मीटर पार पहुंच गया। यमुना खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर बह रही है। यमुना बाजार, ओल्ड उस्मानपुर, ओल्ड गढ़ी मेंडू, तिब्बती बाजार, मोनेस्ट्री मार्केट समेत निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। बुधवार को सभी स्कूल बंद रखे गए हैं। अब तक 12 हजार लोग घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जा चुके हैं। यूपी के गाजियाबाद में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया।



मथुरा में बाढ़ से करीब 900 परिवार प्रभावित हैं। आगरा में यमुना का पानी ताजमहल की बाउंड्री तक पहुंच गया।

**पंजाब में 1200 से ज्यादा गांवों में पानी भरा** –पंजाब में बुधवार को भी तेज बारिश ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए राहुल ने मांगा विशेष पैकेज

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड में भारी बारिश से मची तबाही पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इन राज्यों के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित करने की मांग की है। श्री गांधी ने कहा कि इन राज्यों की स्थिति आपदाओं के कारण अत्यंत वीभत्स हो गई है और वहां जन जीवन संकट में आ गया है इसलिए सरकार को प्रभावित राज्यों के लिए और विशेषकर किसानों के हित में विशेष राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए।

## बारिश से कई जगह तारबंदी बही सीमा पर घुसपैठ का खतरा बढ़ा

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। जम्मू फ्रंटियर पर बीसियों स्थानों पर बाढ़ के पानी ने तारबंदी को जबरदस्त नुक्सान पहुंचाया है। बीएसएफ की कई सीमा चौकिआं अभी भी पानी में डूबी हुई हैं। लेकिन इसके बावजूद सीमा सुरक्षा बल ने हार नहीं मानी और कुदरती कहर के साथ ही दुश्मन के नापाक इरादों से निपटने को सीमा पर पीछे से कड़ी निगरानी रखकर और नावों के जरिए गश्त आरंभ की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पाकिस्तान इस स्थिति का फायदा उठाकर घुसपैठियों को इस तरफ न भेज सके। बीएसएफ के सूत्र कहते थे कि बाढ़ और सीमा चौकियों को हुए नुकसान का तुरंत आकलन करना संभव नहीं है क्योंकि कई जगहों पर वे अभी भी पानी में डूबी हुई हैं। ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨



## तूतिया डैम टूटने से एक ही परिवार के 7 लोग बहे, 4 के शव बरामद, तीन लापता





**बलरामपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में लगातार भारी बारिश से जान जीवन अस्त व्यस्त हो गया है, कई नदी नाले उफान कर है। इसी बीच कल देर रात बलरामपुर में बड़ा हादसा हो गया। भारी बारिश के कारण तूतिया डैम में टूट के बह गया। इस हादसे में एक ही परिवार के 7 लोग बह गए। वही अब 4 लोगो का शव बरामद किया गया हैं वही तीन लोग अब भी लापता हैं। जिसकी तलाश में एसडीआरएफ की टीम जुटी हुई हैं।

■ मुख्यमंत्री साय ने जताया गहरा शोक

मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला बलरामपुर जिले के तातापानी चौंकी क्षेत्र का हैं। ग्रामीणों की मने तो डैम में सीपेज की सूचना पहले ही दी गई थी लेकिन समय पर प्रशासन द्वारा कोई कदम नहीं उठाए गए और ये हादसा हो गया। वहीं इस मामले में कलेक्टर ने जांच टीम गठित करने की बात कही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलरामपुर जिले के ग्राम धनेशपुर स्थित लुत्ती (सतबहिनी) डैम टूटने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में 4 लोगों की मृत्यु, 3 लोगों के घायल होने तथा 3 लोगों के ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### सार संक्षेप

#### हम लोग 'अपशब्द के पक्षधर नहीं : तेजस्वी

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी मामले में राजद नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि किसी की भी मां को अपशब्द कहना उचित नहीं है और न ही यह भारतीय संस्कारों का हिस्सा है। हम लोग इसके पक्षधर भी नहीं हैं। मां, किसी भी हो मां होती है। मां का नाम लेने से सुकून मिलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेताओं का इतिहास महिलाओं का अपमान करने और विपक्षी नेताओं पर अभद्र टिप्पणी करने से भरा रहा है।

#### इमारत ढहने से 17 की मौत पर महाराष्ट्र सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली**। मानवाधिकार आयोग ने महाराष्ट्र में पालघर जिले के विरार पूर्व क्षेत्र में एक इमारत ढहने की घटना में 17 लोगों की कथित मौत का स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। आयोग के अनुसार मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 27 अगस्त को विरार पूर्व इलाके में एक चारमंजिला अपार्टमेंट का एक हिस्सा ढहने से 17 लोगों की मौत हो गई।

#### 18 साल बाद नागपुर जेल से छूटा अरुण गवली

**नागपुर**। अंडरवर्ल्ड डॉन अरुण गवली 17 साल के बाद नागपुर जेल से बाहर आया है। उसे 2007 में शिवसेना नेता कमलाकर जामसांडेकर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अरुण गवली को जमानत दी। इसके बाद बुधवार को डॉन अरुण गवली बेल पर नागपुर जेल से छूटा। नागपुर पुलिस सुरक्षा के बीच अरुण गवली की रिहाई हुई।

#### सैन्य अभ्यास में शामिल होगा आईएनएस त्रिकंड

**नई दिल्ली**। भारतीय नौसेना का स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस त्रिकंड 1 सितंबर को अपने भूमध्यसागर तैनाती के दौरान मिस्र के अलेक्ज़ेंड्रिया बंदरगाह पर पहुंचा। यहां वह 1 से 10 सितंबर तक आयोजित होने वाले बहुपक्षीय 'ब्राइट स्टार 2025' रक्षा अभ्यास में भाग लेगा। इस विशाल सैन्य अभ्यास में भारतीय नौसेना के साथ-साथ भारतीय थल सेना और वायु सेना की टुकड़ियां भी हिस्सा लेंगी। अमेरिका, मिस्र और भारत के अलावा इसमें सऊदी अरब, कतर, ग्रीस, साइप्रस और इटली की सेनाएं भी शामिल होंगी।

## 3 कृषि कारोबारी के ठिकानों पर ईडी का छापा

**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने 3 कृषि कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी है। शंकर नगर स्थित खाद कारोबारी विनय गर्ग के घर छापा पड़ा है। फर्टिलाइजर से जुड़ा इनका कारोबार है। वहीं लॉ विस्टा कॉलोनी में दो कारोबारियों के घर जांच चल रही है। कृषि उपकरण और पेस्टिसाइड्स सप्लायर पवन पोद्दार और सतपाल छाबड़ा के घर अफसर दस्तावेज खंगाल रहे हैं। इसके अलावा दुर्ग.भिलाई और गरियाबंद में भी दबिश दी गई है। ईडी की कार्रवाई डीएमएफ घोटाले से जुड़ी है। इस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विपक्ष को डराने छापे मारे जा रहे हैं। शंकर नगर स्थित फर्टिलाइज कारोबारी विनय गर्ग के घर छापा।



■ दुर्ग-भिलाई और राजिम में भी एक्शन दस्तावेज खंगाले

**भिलाई में दो जगहों पर रेड**–भिलाइ.3 के वसुंधरा नगर और शांति नगर क्षेत्र में छापा पड़ा है। वसुंधरा नगर में अन्ना एग्रो टेक प्राइवेट लिमिटेड के दफ्तर और ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। यह कंपनी कृषि उपकरणों की सप्लाई करने का ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### केंद्र सरकार का बड़ा फैसला- 22 सितंबर से लागू होगी नई दरे

## जीएसटी के दो स्लैब खत्म अब रहेंगे सिर्फ 5 और 18 फीसदी स्लैब

**नई दिल्ली**, 3 सितंबर (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आज जीएसटी कौंसिल की बैठक हुई। बैठक में मंत्री समूह के सभी प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही अब जीएसटी में सिर्फ 5 और 18फीसदी के दो ही स्लैब होंगे। खास बात है कि जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू हो जाएंगी। इसमें रोजमर्रा की 99 फीसदी चीजें आ जाएंगी।

जीएसटी कौंसिल की 56वीं बैठक में जीएसटी स्लैब को लेकर मोदी सरकार ने बड़ा फैसला किया है। जीएसटी स्लैब से 12फीसदी और 28फीसदी को समाप्त कर दिया गया है। वहीं, अब ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

## कांग्रेस की बैठक में रविंद्र चौबे के खिलाफ अनुशासनहीनता का प्रस्ताव पास



**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की आज हुई बैठक में पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे के बयान का मामला छाया रहा। नेताओं ने इसे अनुशासनहीनता का मामला बताते हुए कार्रवाई की मांग की। इसी दौरान प्रदेश कांग्रेस महामंत्री सकलेन कामदार ने चौबे के खिलाफ अनुशासनहीनता की कारवाई के लिए प्रस्ताव लाया।

बैठक में मौजूद पदाधिकारियो ने इसका समर्थन करते हुए सर्वसम्मति से पारित किया। सूत्रों के अनुसार प्रदेश कांग्रेस पारित प्रस्ताव को कारवाई के लिए एआईसीसी को भेज रही है बैठक में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पदाधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि वरिष्ठ नेताओं के बयानों को अक्सर गलत तरीके से पेश किया जाता है और इसके लिए उनके चमचे जिम्मेदार होते हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने सभी जिलाध्यक्षों और नेताओं से ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

■ नेता प्रतिपक्ष महंत ने कांग्रेस जिलाध्यक्षों को दी नसीहत- 'चमचों से रहें सावधान'

## वर्षों बाद किम जोंग-उन, पुतिन व शी एक साथ नजर आए

**बीजिंग**, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन, रूस के व्लादिमीर पुतिन और चीन के शी जिनपिंग बुधवार को बीजिंग में एक सैन्य परेड के दौरान एक साथ खड़े हुए। 66 साल में यह पहली बार था जब इन तीनों देशों के नेता मिले। किम का तियानमेन स्क्वायर की दर्शक दीर्घा में पुतिन और शी के साथ खड़ा होना पश्चिमी देशों के विरोध में उनकी त्रिपक्षीय एकजुटता का एक बड़ा प्रदर्शन है। एक काले सूट और सुनहरे रंग की टाई पहने, किम समारोह से पहले धीरे-धीरे तियानमेन स्क्वायर के मुख्य द्वार में चले, जहां लाल कालीन पर शी ने अन्य राष्ट्राध्यक्षों के साथ उनका स्वागत किया।

## 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान जवानों का शौर्य और पराक्रम एक स्वर्णिम अध्याय : अमित शाह

**बीजापुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, डीआरजी और कोबरा के जवानों से नई दिल्ली में भेंट की और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर चले अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' में वीर जवानों द्वारा शौर्यपूर्ण प्रदर्शन कर अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सुरक्षाबलों के जवानों को हृदय से बधाई दी। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध अभियान के इतिहास में 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान जवानों का शौर्य और पराक्रम एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा।



अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक सभी नक्सली या तो आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े न जाएँ या समाप्त न हो जाएँ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम भारत को नक्सलमुक्त बनाकर ही रहेंगे।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गर्मी, ऊँचाई और हर कदम पर आईईडी के खतरों के बावजूद सुरक्षाबलों ने बुलंद हौसले के साथ अभियान को सफल बनाकर ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### अफगानिस्तान, बांग्लादेश व पाकिस्तान से आए अल्पसंख्यकों को राहत

## 2024 तक आए अल्पसंख्यक भारत में रह सकेंगे

**नई दिल्ली**, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने बुधवार को अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए वहां के अल्पसंख्यकों को बड़ी राहत दी है। अब ये शरणार्थी (हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई) बिना पासपोर्ट के भारत में रह सकेंगे। केंद्र ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत पासपोर्ट नियमों में बदलाव किया है।

**गृह मंत्रालय ने आदेश किया जारी** –गृह मंत्रालय ने आदेश जारी कर बताया कि इन समुदायों के लोग अगर वैध पासपोर्ट या दस्तावेजों के साथ भी आए थे और उनकी वैधता खत्म हो चुकी है, तब भी उन्हें रहने की छूट मिलेगी। पहले 2014 तक आए लोगों को परमिशन थी। केंद्र सरकार ने 11 मार्च 2024 को देशभर में सीएए लागू किया था। सीएए के तहत इसी साल मई में पहली बार 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गई थी।

■ पहले 2014 तक आए लोगों को अनुमति थी

**नेपाल के नागरिकों को वीजा की जरूरत नहीं**–केंद्र ने आदेश में साफ किया कि नेपाल और भूटान के नागरिकों को भारत आने-जाने या यहां रहने के लिए पासपोर्ट और वीजा की जरूरत नहीं होगी, बशर्ते वे भारत में सीमा मार्ग से प्रवेश करें। यह व्यवस्था पहले की तरह ही जारी रहेगी। हालांकि, अगर कोई नेपाली या भूटानी नागरिक चीन, मकाऊ, हॉन्गकॉन्ग या पाकिस्तान से भारत आता है, तो उसके पास मान्य पासपोर्ट होना अनिवार्य होगा।

## मणिपुर में करोड़ों की ड्रग्स बरामद

**नई दिल्ली**, 3 सितम्बर (एजेंसियां)। सैन्य बलों ने मणिपुर में संचालित होने वाले एक बड़े ड्रग्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। यह ड्रग्स सिंडिकेट सीमापार से ऑपरेट करता है और मणिपुर में जमीन के नीचे खतरनाक ड्रग्स छुपाकर इस अवैध धंधे को अंजाम दे रहा था। सैन्य बलों ने ड्रग्स सिंडिकेट के इरादे नाकाम करते हुए मणिपुर में करीब 7 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। असम राइफल्स के मुताबिक यह कार्रवाई भारत-म्यांमार सीमा के निकट की गई है।

गौरतलब है कि इससे पहले हाल ही में खुफिया सूत्रों व सूचनाओं के आधार पर सेना मणिपुर में अवैध हथियारों की बड़ी खेप बरामद कर चुकी है। असम राइफल्स के मुताबिक, उन्होंने यह कार्रवाई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान के दौरान की। इस संयुक्त कार्रवाई के अंतर्गत मणिपुर के चंदेल जिले में सुरक्षा बल पहुंचे।

## केंद्रीय राज्य मंत्री आठवले ने राहुल गांधी को बताया चोर

**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने रायपुर में प्रेसवार्ता कर कांग्रेस पर हमला बोला। वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को लेकर आठवले ने कहा, राहुल गांधी हमेशा शोर करते हैं इसलिए राहुल गांधी चोर है इलेक्शन कमीशन ने उन्हें कहा है कि आपका प्रेजेंटेशन दिखाइए। उनके बोलने में कोई तथ्य नहीं है।



■ मोदी की मां पर टिप्पणी गलत माफी मांगे कांग्रेस व आरजेडी

आठवले ने कहा, राहुल गांधी ने संविधान का मुद्दा छोड़ दिया है. अब वोट चोरी का मुद्दा लेकर रैली निकाल रहे हैं। बिहार में हमारी सरकार बनेगी, नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां पर टिप्पणी को लेकर रामदास आठवले ने कहा, जो टिप्पणी हुई है बहुत गलत है। यह प्रधानमंत्री की माता का नहीं देश की हर माता का अपमान है। इसके लिए कांग्रेस और आरजेडी को माफी मांगनी चाहिए।

### खुलासा — टैरर फंडिंग मामले में एनआईए ने कहा

## टीआरएफ को मलेशिया से मिल रहा था पैसा

**जोगेंद्र सोलंकी**

**नई दिल्ली, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। पहलगाम हमले के आतंकियों को ढेर करने के बाद जांच एजेंसियां अब आतंकी संगठनों की कमर तोड़ने में जुट गई हैं। जांच एजेंसियों ने लश्कर से जुड़े आतंकी संगठन टीआरएफ को विदेश से मिली टैरर फंडिंग पर बड़ा खुलासा किया गया है। टीआरएफ के फंडिंग चैनल और सीक्रेट साजिश का भी पर्दाफाश किया है। इसके तार पाकिस्तान, खाड़ी देशों और मलेशिया से जुड़े पाए गए हैं।**

*जांच में पता चला है कि मलेशिया के रहने वाले यासिर हयात के जरिए संगठन को करीब 9 लाख रुपए की फंडिंग मिली है। बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ नामक आतंकी संगठन ने ली थी, जो लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन माना जाता है, लेकिन बाद में इसने दावा वापस ले लिया। सूत्रों के मुताबिक जांच के दौरान एनआईए को श्रीनगर के यासिर हयात नाम के एक व्यक्ति का मोबाइल मिला। जिसमें 463 कॉन्टेक्ट थे इन्हीं की जांच भारत विरोधी तत्वों और आतंकवाद समर्थकों और फंडिंग की बात पता चली। जांच से मोबाइल डेटा, सोशल मीडिया चैट्स, बैंक ट्रांजैक्शन और कॉल रिकॉर्ड्स से अहम बातें पता चली हैं। इसके तार साजिद मीर जैसे आतंकी नेटवर्क से जुड़े पाए गए हैं। बता दें कि साजिद लश्कर-ए-तैयबा का मोस्ट वांटेड आतंकी है।*

■ पहलगाम आतंकी हमले की ली थी जिम्मेदारी
■ यासिर के जरिए 9 लाख रुपए की फंडिंग मिली

*एनआईए की जांच में सजाद अहमद मीर नामक एक व्यक्ति का नाम सामने आया है, जो मलेशिया में रहता है। यासिर हयात की कॉल डिटेल्स से पता* ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### हिट एंड रन की रणनीति में माहिर

*बता दें कि टीआरएफ की स्पेशल हिट स्क्वॉड हमलाकर हिट एंड रन की रणनीति के तहत पहाड़ों में छिपने में माहिर है, इसकी फॉल्कन स्क्वॉड को ऐसे हमलों का टॉस्क सौंपा जाता है। इसकी स्थापना अक्टूबर 2019 में हुई थी। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद इसे अस्तित्व में लाया गया। पाकिस्तानी सेना और आईएसआई से टीआरएफ को मदद मिलती है। टीआरएफ का सरगना मुहम्मद अब्बास शेख और शेख सज्जाद गुल है, दोनों ही हाफिज सईद के खास भरोसेमंद हैं।*

# देश

## उवाच

"भाजपा के नेताओं का इतिहास महिलाओं का अपमान करने और विपक्षी नेताओं पर अभद्र टिप्पणी करने से भरा रहा है। प्रज्वल रेवन्ना के प्रचार में खुद मोदी गए। इससे पहले सोनिया गांधी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया, नीतीश कुमार के डीएनए तक पर सवाल उठाया गया।

–तेजस्वी यादव, राजद नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 27.0 | 24.0 |
| मुंबई | 30.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 27.0 |

# शिक्षा का उद्देश्य व्यक्तिगत विकास को सामाजिक विकास से जोड़ना हो : मुर्मु

### तमिलनाडु के थिरुवरूर में आयोजित तमिलनाडु केंद्रीय विवि के दीक्षांत समारोह में की शिरकत

**थिरुवरूर,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को तमिलनाडु के थिरुवरूर में आयोजित तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में शिरकत की। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय उच्च शैक्षणिक मानकों को बनाए रखने और बौद्धिक जिज्ञासा व आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने वाला वातावरण तैयार करने के लिए विशेष प्रशंसा का पात्र है। उन्होंने यह जानकर प्रसन्नता जताई कि यह विश्वविद्यालय विस्तार शिक्षा के माध्यम से समाज के व्यापक वर्गों तक ज्ञान का लाभ पहुंचा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्वविद्यालय वंचित वर्गों के समग्र विकास में सामुदायिक कॉलेज और डॉ. अंबेडकर सेंटर फॉर एक्सीलेंस जैसी पहलों के जरिए सक्रिय योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्तिगत विकास को सामाजिक विकास से जोड़ना होना चाहिए और यह समाज के हित में केंद्रित होनी चाहिए।

#### जीवनपर्यंत शिक्षा के महत्व को किया रेखांकित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तमिलनाडु के थिरुवरूर में आयोजित तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों से उद्योग जगत के साथ मिलकर विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग मानवता तथा प्रकृति और पर्यावरण के समृद्धिकरण के लिए करने का आह्वान किया। जीवनपर्यंत शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि विद्यार्थी होना जीवनभर का कार्य है। महात्मा गांधी इसका श्रेष्ठ उदाहरण हैं, जिन्होंने



**विस्तार शिक्षा के माध्यम से समाज के व्यापक वर्गों तक ज्ञान का लाभ पहुंचा रहा विश्वविद्यालय : द्रौपदी मुर्मु**

अपने जीवनभर भाषाएं, ग्रंथ, और विविध कौशल सीखे। उन्होंने छात्रों को जिज्ञासु बने रहने और आश्चर्य की भावना को जीवित रखने की सलाह दी ताकि वे सतत सीखते रहें और उनकी क्षमताएं समय की मांग के अनुसार बनी रहें। राष्ट्रपति ने कहा कि बीते दो दशकों में इंटरनेट क्रांति ने दुनिया को पूरी तरह बदल दिया है और कई ऐसे नए पेशे उभरे हैं, जिनकी कभी कल्पना भी नहीं की गई थी। आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंडस्ट्रियल रिवोल्यूशन 4.0 कार्य संस्कृति को और बदल देंगे। ऐसे परिवेश में जो लोग नए कौशल सीखकर खुद को ढाल पाएंगे, वही परिवर्तन के अगुवा बनेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का घोषित मिशन मजबूत चरित्र का निर्माण करना और मूल्य आधारित पारदर्शी कार्य संस्कृति का विकास करना है। उन्हें विश्वास है कि इस विश्वविद्यालय के छात्र इन नैतिक मूल्यों को केवल कार्यक्षेत्र तक ही नहीं, बल्कि जीवन के अन्य पहलुओं तक भी विस्तारित करेंगे।

## मप्र के दो शिक्षकों को सम्मानित करेंगीं राष्ट्रपति

मध्य प्रदेश के दो शिक्षकों को पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर वर्ष 2025 का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इन शिक्षकों को राष्ट्रीय राजधानी के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु यह सम्मान पुरस्कार प्रदान करेंगी। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने वाले शिक्षकों में दमोह जिले की प्राथमिक शिक्षक शीला पटेल, शासकीय प्राथमिक शाला देवरान टपरिया में पदस्थ हैं और आगर-मालवा जिले के भेरूलाल ओसारा, माध्यमिक शिक्षक शासकीय ईपीईएस माध्यमिक शाला खेरिया सुसनेर में पदस्थ हैं। प्रदेश के समस्त 55 जिलों में से 45 जिलों में 145 शिक्षकों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025 के लिए अपना पंजीयन कराया गया था। इसके बाद राज्य स्तरीय चयन समिति ने छह शिक्षकों की अनुशंसा केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को भेजी थी। इस प्रक्रिया के बाद प्रदेश के दो शिक्षकों का चयन राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए हुआ है।

## नांदेड में अगस्त में भारी बारिश से 15 लोगों की मौत

**नांदेड,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नांदेड जिले में अगस्त में भारी बारिश और उसके बाद आई बाढ़ में 15 लोगों के मरने और लगभग 15000 लोगों के विस्थापित होने की रिपोर्ट हैं। इस आपदा में 1499 घर क्षतिग्रस्त हो गये और 215 मवेशी भी लापता हुये हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक नांदेड जिले में आयी इस बाढ़ में लगभग 5.08 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि पूरी तरह से बर्बाद हो गयी है। इसमें सिंचित भूमि, शुष्क भूमि और बगीचे भी शामिल हैं। जिला प्रशासन का कहना है कि 4.15 लाख किसानों की लगभग तीन लाख हेक्टेयर भूमि का अब तक क्षति आकलन (पंचनामा) किया जा चुका है। नांदेड में जुलाई तक स्थिति सामान्य थी, लेकिन स्वतंत्रता दिवस से लगातार दो दिनों तक हुई भारी बारिश के कारण जिले में तबाही मच गई। मुखेड तालुका के बरहाली गांव में मात्र 24 घंटों में ही 355 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद आठ दिनों तक लगातार बारिश जारी रही जिससे 93 राजस्व सर्किलों में 69 सर्किल बुरी तरह प्रभावित हुए। माहुर तालुके को छोड़ कर लगभग सभी तालुके इस तबाही से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

**15 हजार विस्थापित**

# भारत को हम नक्सल मुक्त बनाकर ही रहेंगे : अमित शाह

### ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट अभियान में शामिल जवानों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) छत्तीसगढ़ पुलिस, जिला आरक्षी गार्ड, डीआरजी और कोबरा यूनिट के जवानों से बुधवार को यहां मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर चले अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' में वीर जवानों द्वारा शौर्यपूर्ण प्रदर्शन कर अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सुरक्षाबलों के जवानों को हृदय से बधाई दी।

उन्होंने कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध अभियान के इतिहास में 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान जवानों का शौर्य और पराक्रम एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। शाह ने कहा कि मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक सभी नक्सली या तो आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े न जाएं या समाप्त न हो जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारत को नक्सलमुक्त बनाकर ही रहेंगे। केंद्रीय



गृह मंत्री ने कहा कि गर्मी, ऊंचाई और हर कदम पर आईईडी के खतरों के बावजूद सुरक्षाबलों ने बुलंद हौसले के साथ अभियान को सफल बनाकर नक्सलियों का बेस कैंप समाप्त किया। उन्होंने कहा कि कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर बने नक्सलियों के मैटीरियल डंप और सप्लाई चेन को छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा के जवानों ने पराक्रम से नष्ट कर दिया। शाह ने कहा कि नक्सलियों ने देश के सबसे कम विकसित क्षेत्रों को बहुत नुकसान पहुंचाया है, स्कूल और अस्पताल बंद कर दिए और सरकारी योजनाओं को स्थानीय लोगों तक नहीं पहुंचने दिया।

उन्होंने कहा कि नक्सलविरोधी अभियानों के कारण पशुपतिनाथ से लेकर तिरुपति तक के क्षेत्र में साढ़े 6 करोड़ लोगों के जीवन में नया सूर्योदय हुआ है।

## सार संक्षेप

### लेफ्टीनेंट जनरल राठी ने की भूपेंद्र पटेल से भेंट

**गांधीनगर।** भारतीय थलसेना की 12 कोर, जिसे कोणार्क कोर के नाम से भी जाना जाता है, के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल ए.वी.एस. राठी ने बुधवार को गुजरात के गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की। राठी ने 17 जून को 12 कोर के जीओसी का पदभार संभाला है। इस कोर के कार्यक्षेत्र में महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों सहित राजस्थान और गुजरात शामिल हैं।

### ममता ने दी करम पूजा पर जनजातीय समुदाय को बधाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में मनाए जाने वाले जनजातीय फसल एवं उर्वरता उत्सव करम पूजा के अवसर पर बुधवार को जनजातीय समुदाय को शुभकामनाएं दीं। यह पूजा शक्ति, युवा एवं स्फूर्ति के देवता करम के सम्मान में की जाती है। इसे भाद्रपद माह के 11वें दिन मनाया जाता है। इसमें दिन भर का उपवास, पवित्र करम वृक्ष की शाखाओं को एकत्रित करना, सामूहिक गायन एवं नृत्य और भरपूर फसल सुनिश्चित करने के लिए प्रकृति एवं उर्वरता की पूजा की जाती है।

### मेडिकल सीटें बढ़ने पर माझी ने मोदी का आभार जताया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्य के दो मेडिकल कॉलेजों में 100-100 एमबीबीएस सीटों पर प्रवेश को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया है। माझी ने कहा कि यह ओडिशा के लिए बहुत खुशी की बात है कि पवित्र मोहन प्रधान मेडिकल कॉलेज, तालचर और फूलबनी सरकारी मेडिकल कॉलेज, कंधमाल में 100-100 एमबीबीएस सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से शुरू हो रही है।

### मध्य प्रदेश से फिलहाल कहीं नहीं जाएंगे चीते

**भोपाल/श्योपुर।** दक्षिण अफ्रीका से मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले स्थित कूनो नेशनल पार्क में लाए गए चीतों को मध्य प्रदेश सरकार फिलहाल किसी और राज्य को नहीं सौंपने जा रही है, ऐसे में ये चीते अभी मध्य प्रदेश में ही अपना कुनबा बढ़ाएंगे। वन विभाग के अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि फिलहाल चीतों की शिफ्टिंग नहीं होगी। उच्च स्तर पर हुई बातचीत के बाद यह तय हो सका है। दरअसल प्रशासन ने तय किया है कि जब तक कूनो में चीतों का कुनबा नहीं बढ़ता, तब तक दूसरे राज्यों के साथ उनकी आवाजाही नहीं की जाएगी। सूत्रों के अनुसार यह प्रक्रिया फिलहाल रोक दी गई है।

## बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जदयू को बड़ा झटका



**पूर्व विधायक मीना ने दिया इस्तीफा**

**पटना,**3 सितम्बर (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले सत्ताधारी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) को बड़ा झटका लगा है। पूर्वी चंपारण के गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक मीना द्विवेदी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। मीना द्विवेदी ने अपने इस्तीफे का कारण पार्टी में लगातार हो रही उपेक्षा और समर्थकों की अनदेखी को बताया है। उनके जनसुराज पार्टी में शामिल होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है, जिससे एनडीए गठबंधन, विशेष रूप से जेडीयू, के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उनका परिवार समता पार्टी के दौर से ही नीतीश कुमार के करीबी रहा है। मीना द्विवेदी के ससुर देवेंद्र नाथ दूबे, उनके पति भूपेंद्र नाथ दूबे और 2005 से 2015 तक मीना द्विवेदी खुद जेडीयू की विधायक रहीं। तीनों ही गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं। इनका राजनीतिक परिवार लंबे समय से क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय और प्रभावशाली रहा है। मीना द्विवेदी आज भी गोविंदगंज क्षेत्र में मजबूत जनाधार रखती हैं। 2015 के बाद, जब यह सीट एनडीए के गठबंधन समन्वय के तहत किसी अन्य घटक दल को दे दी गई, तभी से वे पार्टी से नाराज चल रही थीं। ना केवल उन्हें, बल्कि उनके समर्थकों को भी लगातार नजरअंदाज किया जा रहा था, जिस वजह से उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। बिहार चुनाव से पहले मीना द्विवेदी का इस्तीफा एनडीए, विशेष रूप से जेडीयू के लिए सियासी नुकसान माना जा रहा है। जनसुराज पार्टी में संभावित शामिल होने से यह गठबंधन में सीट बंटवारे और रणनीति को भी प्रभावित कर सकता है।

# गया जी को 899.46 करोड़ की दस योजनाओं की सौगात

### नीतीश ने प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित योजनाओं का किया शिलान्यास

**गया जी,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को गया जी में 899.46 करोड़ रुपए लागत की दस योजनाओं का शिलान्यास किया। कुमार ने बुधवार को गया जिला के चाकंद उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 899.46 करोड़ रुपए लागत की 10 योजनाओं का शिलान्यास किया।

इसके अंतर्गत तीन करोड़ 61 लाख रुपए की इमामगंज प्रखंड अंतर्गत बारा बांध का जीर्णोद्धार, 77 करोड़ 60 लाख रुपए की बतसपुर वियर योजना अंतर्गत मोराटाल मुक्त पईन का चौड़ीकरण, विस्तारीकरण तथा पुनर्स्थापन कार्य, 349 करोड़ 22 लाख रुपए लागत की नगर क्षेत्र अंतर्गत मुफस्सिल मोड़ पर फ्लाईओवर का निर्माण, 90 करोड़ 16 लाख रुपए लागत की गया-मानपुर रेलखंड पर अवस्थित लेवल क्रासिंग संख्या-71 ए (बागेश्वरी गुमटी) पर आर.ओ.बी निर्माण कार्य तथा 104



करोड़ 72 लाख रुपए लागत की गया परैया गुरारू होते हुए औरंगाबाद-रफीगंज जोड़ने वाले पथ का चौड़ीकरण कार्य शामिल है। कार्यक्रम के अंतर्गत 119 करोड़ 74 लाख रुपए लागत की इमामगंज प्रखंड की कोठी से सलेया होते हुए सीमावर्ती राज्य (झारखंड) को जोड़ते हुए पथ का चौड़ीकरण, 58 करोड़ 45 लाख रुपए लागत की नगर प्रखंड के बेलथू ग्राम में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निर्माण, 41 करोड़ 60 लाख रुपए लागत की कंडी नवादा पार्क एवं सिलौंजा पार्क का विकास 39 करोड़ 82 लाख रुपए लागत की गया जिला अंतर्गत बेला-पनारी रोड से अग्नि, शिवरामपुर से धनावां होते हुए शाकिर बिगहा तक (ग्राम शिवरामपुर के लिंक पथ सहित) पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा 14 करोड़ 52 लाख रुपए लागत की इमामगंज प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना शामिल है। मुख्यमंत्री ने चाकंद उच्च विद्यालय परिसर में लाभुकों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया।

### मुख्यमंत्री ने बेला-पनारी पथ का किया निरीक्षण

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेला-पनारी पथ का निरीक्षण किया और इस दौरान वहां आयोजित कार्यक्रम स्थल से 39 करोड़ 82 लाख रुपए लागत की गया जिला अंतर्गत बेला-पनारी रोड से अग्नि, शिवरामपुर से धनावां होते हुए शाकिर बिगहा तक (ग्राम शिवरामपुर के लिंक पथ सहित) पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने चाकंद उच्च विद्यालय परिसर में लाभुकों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया।

## बुद्धा पार्क में शिवालय बनाने के प्रस्ताव को रद्द किया जाना सराहनीय : मायावती

**लखनऊ,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। कानपुर के इंदिरा नगर क्षेत्र में बुद्धा पार्क में 12 ज्योतिर्लिंग की स्थापना के प्रस्ताव को रद्द किए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने उम्मीद जाहिर की कि सरकार भविष्य में भी कहीं ऐसा कोई विवाद खड़ा करने के षडयंत्र के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। मायावती ने एक्स पर लिखा कानपुर के प्रसिद्ध बुद्धा पार्क में शिवालय पार्क बनाने का यह अति-विवादित प्रस्ताव रद्द किए जाने की मीडिया में खबर छपी है, जिसका स्वागत व यूपी सरकार को इसके लिए धन्यवाद भी है। उम्मीद है कि सरकार आगे अन्यत्र कहीं भी ऐसा कोई विवाद खड़ा करने



के षडयंत्र को गंभीरता से लेकर इसके विरुद्ध सख्ती करेगी ताकि समाज में शान्ति-व्यवस्था, आपसी भाईचारा एवं सौहार्द का वातावरण बिगड़ने ना पाए। गौरतलब है कि कानपुर के इंदिरा नगर में स्थित बुद्धा पार्क में शिवालय पार्क बनाने की सूचना पर बड़े पैमाने पर विरोध के सुर उभरने लगे थे। हालांकि यह भी सच है कि नगर निगम ने बुद्धा पार्क में 12 ज्योतिर्लिंग की स्थापना किए जाने की योजना तैयार की थी।

### सांप्रदायिक सदभाव बिगड़ने की जताई थी आशंका

बसपा अध्यक्ष मायावती और भीम आर्मी संथापक चंद्रशेखर आजाद समेत अन्य राजनेताओं ने इस प्रस्ताव का पुरजोर विरोध करते हुए सांप्रदायिक सदभाव बिगड़ने की आशंका व्यक्त की थी जिसके चलते नगर निगम प्रशासन ने यू टर्न लेते हुए बुद्धा पार्क में किसी भी दखल की सूचना का खंडन किया। नगर निगम प्रशासन का कहना था कि बुद्धा पार्क को शिवालय पार्क बनाना और ज्योतिर्लिंग की स्थापना के प्रस्ताव की खबर भ्रामक है।

## सफलतापूर्वक रहा पटना मेट्रो का पहला ट्रायल

**पटना,**3 सितम्बर (देशबन्धु)। पटना के लोगों का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। बुधवार को पटना मेट्रो का पहला ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस ट्रायल के दौरान मेट्रो को डिपो के अंदर बनाए गए 800 मीटर लंबे ट्रैक पर दौड़ाया गया, ताकि सभी तकनीकी और सुरक्षा मानकों की गहन जांच की जा सके। यह पटना के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। डिपो के अंदर शुरुआती ट्रायल के बाद अब पटना मेट्रो को आईएसबीटी से भूतनाथ स्टेशन तक के लंबे ट्रैक पर दौड़ाया जाएगा। यह ट्रायल एक हफ्ते तक चलेगा, जिसके दौरान मेट्रो की स्पीड, ब्रेकिंग सिस्टम, पावर सप्लाई और सभी सुरक्षा उपकरणों की बारीकी से जांच की जाएगी।

**जल्द शुरू होगा इन स्टेशनों के बीच ट्रायल**

इस दौरान विशेषज्ञों की एक टीम हर पहलू पर नजर रखेगी ताकि अगर कोई भी तकनीकी कमी सामने आती है तो उसे तुरंत ठीक किया जा सके। इस ट्रायल रन को देखने के लिए मंत्री जीवेश मिश्रा भी मौके पर पहुंचे थे। उम्मीद जताई जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही इस महत्वपूर्ण परियोजना का उद्घाटन कर सकते हैं। यह मेट्रो परियोजना न सिर्फ पटना में परिवहन को सुगम बनाएगी, बल्कि राज्य के विकास में भी एक मील का पत्थर साबित होगी

## त्रिपुरा की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से नीचे आई

**अगरतला,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। त्रिपुरा में पिछले छह वर्षों में बेरोज़गारी दर में तीव्र और निरंतर गिरावट दर्ज की गयी है और यह राष्ट्रीय औसत से नीचे बनी हुई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में यह तथ्य सामने आया है। वर्ष 2018-19 में त्रिपुरा की बेरोज़गारी दर राष्ट्रीय औसत 5.8 प्रतिशत के मुकाबले 10 प्रतिशत रही। 2019-20 में यह आंकड़ा तेजी से गिरकर 3.2 प्रतिशत हो गया और 2020-21 में अपरिवर्तित रहा।

वर्ष 2021-22 में यह और घटकर तीन प्रतिशत, 2022-23 में 1.4 प्रतिशत और 2023-24 में 1.7 प्रतिशत रह गया, जबकि इसी अवधि के दौरान राष्ट्रीय औसत 3.2 प्रतिशत था। अधिकारियों ने इस सुधार का श्रेय राज्य सरकार की भर्ती पहलों और वैकल्पिक रोज़गार सृजन कार्यक्रमों को दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 2018 से अब तक



**पिछले छह वर्षों में लगातार गिरावट**

19,810 उम्मीदवारों ने पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के ज़रिए सरकारी नौकरियां हासिल की हैं। निष्पक्ष चयन के लिए सरकार ने त्रिपुरा संयुक्त भर्ती बोर्ड (जेआरबीटी) का गठन किया है, जिसके तहत ग्रुप-सी और ग्रुप-डी के पदों पर 4,417 उम्मीदवारों की नियुक्ति हो चुकी है। त्रिपुरा लोक सेवा आयोग विभिन्न विभागों में रिक्तियों को भरने के लिए नियमित रूप से परीक्षायें आयोजित करता रहा है, जबकि शिक्षक भर्ती बोर्ड ने हाल ही में स्नातक शिक्षकों के 700 पदों की घोषणा की है।

**परेशानी** तमाम कोशिशों के बावजूद परेशानी का सबब बनता जा रहा जम्मू श्रीनगर राजमार्ग

# साल में औसतन डेढ़ माह बंद रहता है जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रशासन और अन्य एजेंसियों की तमाम कोशिशों के बावजूद कश्मीर की लाइफ लाइन जम्मू श्रीनगर राजमार्ग साल में औसतन डेढ़ महीने बंद रहता है, जिससे कश्मीर का देश के बाकी हिस्सों से एकमात्र संपर्क मार्ग अवरुद्ध हो जाता है और निवासियों को बार-बार आर्थिक और सामाजिक संकटों का सामना करना पड़ता है।**

300 किलोमीटर लंबे इस राजमार्ग पर पिछले छह दिनों से जारी नाकेबंदी, और उसके बाद मंगलवार को समरोली और बनिहाल के बीच भूस्खलन और पत्थर गिरने के बाद यातायात के फिर से निलंबन ने एक बार फिर इस महत्वपूर्ण राजमार्ग की कमजोरी को उजागर किया है। अधिकारियों ने बताया कि मूसलाधार बारिश और जम्मू क्षेत्र में और भारी बारिश के पूर्वानुमान के कारण एहतियात के तौर पर इसे बंद किया गया है। यातायात पुलिस से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पिछले सात वर्षों में यह राजमार्ग कुल मिलाकर 284 दिनों के लिए बंद रहा



■ **तीन सौ किमी लंबे राजमार्ग पर है पिछले छह दिनों से नाकेबंदी**

है। वर्ष 2019 में, कश्मीर 54 दिनों के लिए कटा रहा, जो हाल के इतिहास में सबसे खराब था, जबकि 2020 में यह आंकड़ा 47 दिनों का था। वर्ष 2022 में 41 दिन यातायात बाधित रहा, जबकि 2021 में 23 दिन। वर्ष 2023 में, राजमार्ग 58 दिनों तक बंद रहा, जबकि इस वर्ष सितम्बर तक, यातायात पहले ही साढ़े 20 दिनों के लिए निलंबित हो चुका है। और भी पहले, 2018 में, राजमार्ग 41 दिनों तक अवरुद्ध रहा था। कुल मिलाकर, इसका मतलब है कि कश्मीर हर साल औसतन लगभग 45 दिन या डेढ़ महीने के लिए देश के बाकी हिस्सों से कटा रहता है। यातायात विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना था कि हर साल, यह राजमार्ग हमारे जीवन के कई हफ्ते निगल जाता है। एक ऐसे क्षेत्र के लिए जो लगभग पूरी तरह से इस सड़क से आपूर्ति पर निर्भर है, यह नुकसान अथाह है। जम्मू-कश्मीर लाजिस्टिक्स रिपोर्ट के अनुसार, कश्मीर की राजमार्ग पर निर्भरता और भी अधिक स्पष्ट है क्योंकि घाटी अपनी लगभग 70 प्रतिशत खाद्य आवश्यकताओं को बाहरी आपूर्ति से पूरा करती है। अनाज, खाद्य तेल, दालें, मुर्गी, मटन और बड़ी मात्रा में सब्जियां इसी राजमार्ग से ट्रकों द्वारा लाई जाती हैं, जिससे आत्मनिर्भरता की गुंजाइश बहुत कम रह जाती है। लंबे समय तक व्यवधान का सीधा असर किल्लत, बढ़ती कीमतों और घबराहट में खरीदारी पर पड़ता है। यही कारण है कि इसका असर पूरे कश्मीर में दिखाई दे रहा है। कश्मीर में खपत होने वाली लगभग सभी वस्तुएं पेट्रोल और दवाओं से लेकर मुर्गी और सब्जियां तक इसी सड़क से आती हैं। लंबे समय तक बंद रहने के दौरान, ईंधन स्टेशन खाली हो जाते हैं, कीमतें बढ़ जाती हैं और खराब होने वाला सामान फंसे हुए ट्रकों में सड़ जाता है।

ऐसे में फल व्यापारी बशीर अहमद कहते थे कि पिछले हफ्ते ही, सेब और सब्जियों से भरे 70 से ज्यादा ट्रक राजमार्ग पर फंस गए थे। जब तक वे बाजार पहुंचे, तब तक उपज मुरझा गई थी या सड़ गई थी।

# दुनिया रंग-बिरंगी



## 'इंस्पेक्टर जेंडे' स्टार मनोज बाजपेयी ने बताया, क्यों है उन्हें आम आदमी के किरदारों से लगाव

**मुंबई,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। अभिनेता मनोज बाजपेयी की फिल्म 'इंस्पेक्टर जेंडे' 5 सितम्बर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। इस फिल्म को ओम राउत ने प्रोड्यूस किया है। मनोज ने बताया कि क्यों उन्हें आम आदमी के किरदार निभाना इतना पसंद है। मनोज बाजपेयी ने असल जिंदगी के मध्यमवर्गीय किरदारों को अपनाने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे ऐसे किरदार निभाने में बहुत मजा आता है। उनके साथ मुझे एक कनेक्शन महसूस होता है। मुझे ऐसा लगता है कि मैंने उन्हें पहले कहीं देखा है, कभी मुंबई लोकल में सफर करते हुए, किसी डॉक्यूमेंट्री में या फिर और कहीं। जब हम थिएटर कर रहे थे तो हमें सिखाया जाता था आम लोगों को ध्यान से देखें।'

# हर रोज की चाय से कैंसर, हार्ट अटैक और डायबिटीज से बचाव संभव, रिसर्च में दावा



**हाल ही में एक रिसर्च से पता चला है कि चाय, खासकर ग्रीन टी और ब्लैक टी, न सिर्फ कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम कर सकती है, बल्कि दिल, डायबिटीज, गठिया और मस्तिष्क से जुड़ी बीमारियों में भी फायदा पहुंचा सकती है।**

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। दिनभर अपनी थकान मिटाने के लिए लोग अक्सर चाय का सहारा लेते हैं। लेकिन, ये चाय न सिर्फ थकान मिटाती है, बल्कि हमें कई बीमारियों से भी बचाती है।

हाल ही में एक रिसर्च से पता चला है कि चाय, खासकर ग्रीन टी और ब्लैक टी, न सिर्फ कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम कर सकती है, बल्कि दिल, डायबिटीज, गठिया और मस्तिष्क से जुड़ी बीमारियों में भी फायदा पहुंचा सकती है।

अमेरिकन नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, चाय के पत्तों में पाए जाने वाले पॉलीफेनोल्स, खासकर ईजीसीडी नाम का एक तत्व, शरीर में होने वाली सूजन को कम करता है, कोशिकाओं को टूटने से बचाता है और खतरनाक तत्वों से लड़ता है।

रिसर्च का दावा है कि जो लोग रोज 3 से 5 कप ग्रीन टी या ब्लैक टी पीते हैं, उनमें कैंसर का खतरा कम होता है। स्किन कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, फेफड़ों का कैंसर और यहां तक कि ब्रेस्ट कैंसर पर भी चाय असरदार साबित हो रही है। लेकिन, बहुत गर्म चाय पीने से फायदा नहीं, नुकसान ज्यादा होता है।

केवल कैंसर ही नहीं, दिल की बीमारियों में भी चाय फायदेमंद होती है। ग्रीन टी शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करती है, फैट को बाहर निकालने में मदद करती है, और हृदय वाहिकाओं को साफ रखने में मददगार होती है। डायबिटीज के मरीजों के लिए भी ग्रीन टी एक अच्छा विकल्प बन सकती है, क्योंकि यह ब्लड शुगर को कंट्रोल रखने में मदद करती है। इसके अलावा, पार्किंसन जैसे रोगों में भी चाय का सेवन फायदेमंद माना जा रहा है।

हालांकि, जरूरत से ज्यादा चाय पीना, खासकर खाली पेट या ज्यादा शक्कर के साथ, शरीर को नुकसान भी पहुंचा सकता है। अगर इसे सही तरीके से, संतुलन में पिया जाए, तो चाय सिर्फ दिन की शुरुआत नहीं करती, बल्कि आपके जीवन को भी बेहतर बना सकती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अभी इस पर और बड़े स्तर पर रिसर्च की जरूरत है।

# नारियल तेल से लेकर हल्दी तक मुंह के छालों से देंगे आराम



**ये छाले तब होते हैं, जब हमारे शरीर का इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ जाता है या जब मुंह के अंदर छोटे-छोटे घाव बन जाते**



**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। मुंह में छाले होना एक ऐसी समस्या है, जो अक्सर लोगों को तकलीफ देती है। ये छाले होंठों के अंदर, जीभ, मसूड़ों या गालों के अंदरूनी हिस्से पर हो सकते हैं। ये सफेद या पीले रंग के होते हैं और इनके आसपास लाल सूजन भी हो जाती है। जब मुंह में ऐसे छाले होते हैं तो खाना-पीना मुश्किल हो जाता है और कभी-कभी बोलते समय भी तकलीफ महसूस होती है।

ये छाले कई वजहों से हो सकते हैं, जैसे ज्यादा तीखा या मसालेदार खाना खाना, तनाव होना, पेट की गर्मी बढ़ जाना, विटामिन बी12 या आयरन की कमी, और नींद पूरी न होना।

वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि ये छाले तब होते हैं, जब हमारे शरीर का इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ जाता है या जब मुंह के अंदर छोटे-छोटे घाव बन जाते हैं। आयुर्वेद भी कहता है कि शरीर में गर्मी ज्यादा हो जाना और पाचन सही न होना इस समस्या की वजह बनते हैं। ऐसे में कुछ घरेलू नुस्खे बेहद मददगार साबित हो सकते हैं, जो आपको छालों से जल्दी आराम देंगे।

**नारियल तेल:** नारियल तेल का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसमें ऐसे गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया को खत्म करते हैं और सूजन कम करते हैं। दिन में 3-4 बार साफ उंगली से नारियल तेल छालों पर लगाने से दर्द कम होता है और घाव जल्दी भर जाते हैं। नमक मिलाए हुए गुनगुने पानी से गरारे करने से भी मुंह साफ होता है और छाले जल्दी ठीक होते हैं। नमक में ऐसे तत्व होते हैं, जो संक्रमण रोकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि नमक ज्यादा न डालें, नहीं तो जलन बढ़ सकती है।

**केले और शहद:** केले और शहद का भी इस्तेमाल छालों में आराम देने के लिए किया जाता है। केला शरीर की गर्मी को कम करता है और शहद छालों की जलन को शांत करता है। पका हुआ केला मैश करके उसमें थोड़ा शहद मिलाएं और इसे छाले पर लगाएं। कुछ देर बाद मुंह को पानी से धो लें। इससे जल्दी आराम मिलता है।

**तुलसी:** तुलसी की पत्तियां चबाना भी लाभकारी होता है। तुलसी से शरीर की रोग से लड़ने की ताकत बढ़ती है और छाले जल्दी ठीक हो जाते हैं। इसके साथ ही तुलसी पेट को ठंडा करती है और पाचन बेहतर बनाती है, जिससे छालों का कारण भी दूर होता है।

**शहद और हल्दी:** शहद और हल्दी का मिश्रण भी शानदार घरेलू इलाज है। शहद में सूजन कम करने और संक्रमण से लड़ने वाले गुण होते हैं, जबकि हल्दी एक प्राकृतिक दवा की तरह काम करती है, जो संक्रमण रोकती है और सूजन घटाती है। इन दोनों को मिलाकर छालों पर लगाने से जलन कम होती है और छाले जल्दी ठीक हो जाते हैं।

# पिंक टॉप में राशि खन्ना का स्टाइलिश लुक, मिरर सेल्फी में दिखा खूबसूरत अंदाज



**मुंबई,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। साउथ सिनेमा की चर्चित अभिनेत्री राशि खन्ना सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बुधवार को उन्होंने कुछ तस्वीरें पोस्ट की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर मिरर सेल्फी लेते हुए तस्वीरें साझा की, जिसमें वह वैनिटी वैन में बैठकर मेकअप करवाती नजर आ रही हैं। उन्होंने गुलाबी रंग का स्टाइलिश टॉप पहना हुआ है, जो उनकी खूबसूरती को और निखार रहा है। तस्वीरों में उनकी मुस्कान और आत्मविश्वास साफ झलक रहा है। इन तस्वीरों के साथ राशि ने एक मजेदार कैप्शन भी लिखा, 'हर अच्छी तस्वीर के पीछे होती है उलझन, ढेर सारी चाय और बिल्कुल भी सब्र नहीं।' राशि का यह वीडियो प्रशंसकों को काफी पसंद आ रहा है और वो उनके कमेंट सेक्शन में कई तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आखिरी स्लाइड वाली स्माइल मेरे मन से निकल रही है,' दूसरे यूजर ने लिखा, 'आप बहुत प्यारी लग रही हैं,' और एक और अन्य यूजर ने लिखा, 'हर परफेक्ट फोटो के पीछे थोड़ी झंझट और ढेर सारी कॉफी होती है! लेकिन फाइनल फोटो जब मिलती है, तो सारी मेहनत सफल लगती है।' राशि एक्टिंग के साथ-साथ फिटनेस को लेकर भी काफी एक्टिव रहती हैं। इससे पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें वह स्ट्रेचिंग और कुछ योगासन करती नजर आ रही हैं।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए शाहरुख खान से लेकर आलिया ने की प्रार्थना, लोगों से की खास अपील







**मुंबई,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, और हिमाचल प्रदेश में बाढ़ ने अपना कहर बरपा रखा है। वहां पर नदियां उफान पर हैं। इसके चलते हजारों लोग विस्थापित होने को मजबूर हैं। खासकर पंजाब में बाढ़ ने जमकर जान और माल की हानि की है। पंजाब में बाढ़ से हजारों लोग प्रभावित हुए हैं, किसी ने घर, किसी ने अपनों को, तो किसी ने अपना सबकुछ खो दिया है। बाढ़ पीड़ितों के लिए बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान ने भी सोशल मीडिया पर प्रार्थना की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'पंजाब में बाढ़ से परेशान लोगों को देख मेरा दिल भी दुखी है। उनके लिए प्रार्थना और साहस भेज रहा हूं। पंजाब की स्पिरिट टूटने न पाए, ईश्वर उन सब पर अपनी कृपा बनाए रखे।'

इसके साथ ही एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने भी बाढ़ पीड़ितों के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी में लिखा, 'पंजाब में बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदना है। मैं प्रभावित सभी लोगों के लिए प्यार, शक्ति और प्रार्थनाएं भेज रही हूं, और जमीनी स्तर पर लोगों की मदद में जुटे लोगों का आभार व्यक्त करती हूं। ईश्वर करे कि हर परिवार को वह सहारा मिले, जिसकी उन्हें जरूरत है ताकि वे उबर सकें और फिर से खड़े हो सकें।'

करण जौहर, अजय देवगन, सिद्धार्थ मल्होत्रा, विक्की कौशल, रणवीर सिंह जैसे बॉलीवुड सितारों ने सोशल मीडिया के जरिए पंजाब और दूसरे राज्यों में बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए प्रार्थना और संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने लोगों से जहां तक हो सके मदद करने का अनुरोध भी किया है।

### सरगुन मेहता ने पंजाब के लोगों की मदद करने का आह्वान किया

दूसरी तरफ पंजाबी एक्ट्रेस सरगुन मेहता ने भी एक पोस्ट में पंजाब के लोगों की मदद करने का आह्वान किया। सरगुन मेहता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'पंजाब को अब पहले से कहीं अधिक हमारी जरूरत है। एक दिन या एक महीने में भी सब ठीक नहीं हो जाएगा, इसमें समय लगेगा। लेकिन अगर हम कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़े हों, तो हम अपनी जमीन और अपने लोगों को फिर से खड़ा होने में मदद कर सकते हैं।'

# आरडीआई स्कीम से वैश्विक स्तर पर देश के विज्ञान और इनोवेशन को मिलेगा बढ़ावा



**इस स्कीम का उद्देश्य देश में मौजूदा निजी रिसर्च और इनोवेशन इकोसिस्टम में बदलाव लाना**

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा लॉन्च की गई रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन (आरडीआई) स्कीम एक परिवर्तनकारी कदम है। इससे वैश्विक स्तर पर साइंस और इनोवेशन में देश की ग्रोथ को बढ़ावा मिलेगा। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने आरडीआई स्कीम को मंजूरी दी थी और इसके लिए एक लाख करोड़ रुपए आवंटित किए थे। इस स्कीम का उद्देश्य देश में मौजूदा निजी रिसर्च और इनोवेशन इकोसिस्टम में बदलाव लाना है।

न्यूज प्लेटफॉर्म न्यूजबॉम्ब ग्रीस की रिपोर्ट में कहा गया, 'यह इनिशिएटिव भारत के विकास और सुरक्षा के लिए अहम क्षेत्रों में इनोवेशन, विकास और रिसर्च में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी।' रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबी अवधि की फंडिंग और कम या शून्य ब्याज दरों पर रीफाइनेंस के साथ, आरडीआई योजना देश भर में कंपनियों, स्टार्ट-अप और इनोवेटर्स को बढ़ावा देगी। रिपोर्ट के मुताबिक, इस तरह का फाइनेंशियल स्ट्रक्चर होने के कारण इनोवेटर्स लागत की चिंता किए बिना शोध, उत्पाद विकास और बाजार विस्तार पर फोकस कर सकते हैं। इससे उद्यमशीलता अनुसंधान की एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा जो बाजार की जरूरतों और तकनीकी बदलावों के अनुरूप तेजी से प्रतिक्रिया दे सके। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे स्टार्टअप और लघु एवं मध्यम उद्यम (एसएमई) अपने अत्याधुनिक विचारों को बाजार में लाने में सक्षम होंगे। यह इनोवेटिव स्कीव आविष्कार और व्यावसायिक अनुप्रयोग के बीच की खाई को पाटती है।

आरडीआई योजना विशेष रूप से 'उभरते क्षेत्रों - जैसे नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, उन्नत सामग्री, जैव प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अगली पीढ़ी की कंप्यूटिंग' में इनोवेशन पर केंद्रित है। इसके अलावा, यह योजना रक्षा प्रौद्योगिकी, एयरोस्पेस, सेमीकंडक्टर और उन्नत विनिर्माण जैसे रणनीतिक उद्योगों पर भी ध्यान केंद्रित करती है।

# 'तारे जमीन पर' से लेकर '3 इडियट्स' तक, इन फिल्मों में दिखी शिक्षक की प्रेरणादायक भूमिका



**मुंबई,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। शिक्षक सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि हमें जिंदगी के असल मायने भी सिखाते हैं। बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में हैं जो भावनाओं, प्रेरणा और रिश्तों की गहराई से रूबरू कराती हैं। इस खास मौके पर कुछ ऐसी ही बॉलीवुड फिल्मों के बारे में आपको बताते हैं, जिन्होंने शिक्षक और छात्र के रिश्ते को बेहद खूबसूरती से बड़े पर्दे पर दिखाया है।

तारे जमीन पर: 'तारे जमीन पर' एक ऐसी फिल्म है जिसे देखकर शायद ही किसी की आंखें नम न हुई हों। इस फिल्म में एक टीचर, ईशान नाम के बच्चे की जिंदगी को एक नया मोड़ देता है, जो पढ़ाई में कमजोर समझा जाता है लेकिन असल में एक कलाकार होता है।

छिछोरे: यह फिल्म देखने पर शुरू में ऐसा लगता है कि ये सिर्फ दोस्ती और कॉलेज की मस्ती पर बनी है, लेकिन इसमें कई जगह ऐसे पल आते हैं जो शिक्षक और छात्रों के रिश्ते की अहमियत को उजागर करते हैं।

3 इडियट्स: इस फिल्म में दिखाया गया है कि शिक्षा का असली मकसद रट्टा मारना नहीं, बल्कि समझना और अपने पैशन को फॉलो करना है। शिक्षक के किरदार में बोमन ईरानी और छात्रों के बीच का रिश्ता यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हमारा एजुकेशन सिस्टम वाकई छात्रों को सोचने और अपने अंदर की कला को खोजने की आजादी देता है।

# अनुष्का सेन का हेल्दी ब्रेकफास्ट, शेयर किया फिटनेस का राज

**मुंबई,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। बाल कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री अनुष्का सेन अभिनय के साथ-साथ फिटनेस और हेल्दी डाइट को लेकर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उन्होंने बुधवार को एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे हेल्दी ब्रेकफास्ट करती नजर आ रही हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए वीडियो में अभिनेत्री एवोकाडो टोस्ट बनाते हुए दिख रही हैं, जो एक पौष्टिक और स्वादिष्ट डिश है। उन्होंने इस रेसिपी को आसान तरीके से बनाया और इसे प्रोटीन से भरपूर बताया। वीडियो के साथ अनुष्का ने कैप्शन में लिखा, 'यह बहुत स्वादिष्ट और प्रोटीन से भरपूर है!' एवोकाडो टोस्ट एक पौष्टिक और स्वादिष्ट नाश्ता है जो कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अनुसार, यह कई जरूरी पोषक तत्वों का खजाना है। यह एलडीएल को कम करके एचडीएल को बढ़ाने में मदद करता है। साथ ही, यह वजन को नियंत्रित करने में मददगार है। एवोकाडो को टोस्ट, सलाद, स्मूदी या सैंडविच में शामिल किया जा सकता है। इसे ब्रेड, नींबू का रस या सब्जियों के साथ खाने से पोषण के साथ स्वाद भी बढ़ जाता है।

23 वर्षीय अनुष्का सेन आज की पीढ़ी की सबसे पॉपुलर सेलेब्रिटीज में से एक मानी जाती हैं। अनुष्का ने भले ही अपने अभिनय की शुरुआत जी टीवी शो 'यहां मैं घर-घर खेली' से की थी, लेकिन उन्हें घर-घर में पहचान 'बालवीर' से मिली थी। इतना ही नहीं, उन्होंने 'खूब लड़ी मर्दानी-झांसी की रानी' में मणिकर्णिका का दमदार किरदार भी निभाया था, जिसके लिए उन्हें काफी तारीफ मिली थी।

अनुष्का 'खतरों के खिलाड़ी 11' में भी नजर आईं थीं, जहां उनकी बहादुरी और आत्मविश्वास की तारीफ हुई। बॉलीवुड फिल्मों 'क्रेजी कक्कड़ फैमिली' और 'एम आई नेक्स्ट' में भी उनकी मौजूदगी देखी गई। वे हाल ही में वेब सीरीज 'दिल दोस्ती डिलेमा' में अस्मारा के किरदार में दिखीं।



# डॉ. बिभु आनंद ने स्वस्थ भारत के लिए संतुलित आहार को बताया जरुरी

### राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2025



**भारत में कुपोषण एक गंभीर समस्या रही है। 1975 में एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से माताओं और बच्चों को पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी जाने लगी: डॉ. आनंद**

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत में 1 से 7 सितम्बर तक 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2025' मनाया जा रहा है, जिसकी थीम है- 'ईट राइट फॉर ए बेटर लाइफ' (बेहतर जीवन के लिए सही खानपान)। इसका उद्देश्य लोगों को संतुलित आहार, स्वस्थ खानपान की आदतें, कुपोषण रोकथाम और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक करना है। सर गंगा राम अस्पताल के डॉ. बिभु आनंद ने इस अभियान पर विस्तृत चर्चा की।

डॉ. आनंद ने बताया कि भारत में कुपोषण एक गंभीर समस्या रही है। 1975 में एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से माताओं और बच्चों को पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी जाने लगी। 1983 में भारत सरकार ने पहली बार राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की शुरुआत की, जो हर साल 1 से 7 सितंबर तक मनाया जाता है। इसका लक्ष्य जनता को संतुलित आहार, स्वच्छ और स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी देना है। मार्च 2018 में शुरू हुए राष्ट्रीय पोषण अभियान को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसे कार्यक्रमों से जोड़ा गया, जिसका उद्देश्य 2022 तक कुपोषण, एनीमिया, जन्म के समय कम वजन और बच्चों की वृद्धि रुकने जैसी समस्याओं को कम करना था। सितंबर 2018 से सितंबर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जाता है, जिसमें जागरूकता रैलियां, स्कूल-कॉलेज कार्यक्रम, किचन गार्डन और हेल्दी फूड प्रदर्शनियां आयोजित होती हैं।

डॉ. आनंद ने लोगों की सहभागिता बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा, 'स्थानीय स्तर पर ग्राम सभाओं, स्वास्थ्य शिविरों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण कार्यशालाएं आयोजित की जा सकती हैं। क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्तियों जैसे प्रधान, नेताओं और सामाजिक प्रभावशाली व्यक्तियों के जरिए आम लोगों तक पहुंच बनाई जा सकती है।' उन्होंने सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए इंटरैक्टिव गतिविधियों जैसे क्विज, निबंध लेखन, रेसिपी प्रतियोगिताओं और हेल्दी थाली प्रतियोगिताओं का सुझाव दिया। सोशल मीडिया को जागरूकता का प्रभावी माध्यम बताते हुए उन्होंने कहा, 'युवा और शहरी वर्ग सोशल मीडिया से जुड़े हैं। रील्स और छोटे वीडियो के जरिए लोगों तक तेजी से पहुंचा जा सकता है, लेकिन अप्रमाणित जानकारी से बचना जरूरी है।' उन्होंने सरकार से पोषण शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करने, हेल्दी कुकिंग डेमो और किचन गार्डन प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने की अपील की। मिड-डे मील में सुधार और संतुलित भोजन की व्यवस्था पर भी जोर दिया। डॉ. आनंद ने डिजिटल हेल्थ ऐप्स की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'ये ऐप्स व्यक्तिगत जानकारी जैसे आयु, वजन और स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर कैलोरी, प्रोटीन और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स की जरूरत बताते हैं। इससे दैनिक कैलोरी इनटेक, व्यायाम और कदमों की संख्या की जानकारी मिलती है।'

ग्रामीण क्षेत्रों की चुनौतियों पर उन्होंने कहा, 'कम साक्षरता और परंपरागत मान्यताएं कुपोषण का कारण बनती हैं।

रायपुर, गुरूवार 4 सितम्बर 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# उमर खालिद को फिर नहीं मिली जमानत

2020 के दिल्ली दंगों में आरोपी बनाए गए उमर खालिद, शरज़ील इमाम, गुलफ़िशां फ़ातिमा, अतहर ख़ान, अब्दुल ख़ालिद सैफ़ी, मोहम्मद सलीम ख़ान, शिफ़ा-उर-रहमान, मीरान हैदर और शादाब अहमद की जमानत याचिका 2 सितंबर को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शालिंदर कौर की बेंच ने यह फैसला लिया है। इन सब पर आरोप है कि ये सभी दिल्ली दंगे में किसी 'बड़ी साज़िश' का हिस्सा थे। अब ये साज़िश कौन सी थी, उसका सच क्या है। क्या वाकई इन्हीं लोगों ने दंगे भड़काए, जैसा कि दिल्ली पुलिस का आरोप है या असल गुनहगार कोई और है, ये सारे खुलासे तो तभी हो पाएंगे जब मुकदमा चलना शुरु होगा। आश्चर्य है कि पिछले पांच सालों से उमर खालिद जेल में बंद हैं, लेकिन उन पर अब तक कोई मुकदमा चलाया नहीं गया है, जहां सुनवाई हो तो आरोपी भी अपना पक्ष रखे, अपने बचाव में तर्क प्रस्तुत करे।

पांच सालों में देश और दुनिया में कितना, कुछ बदल गया है। एआई का इस वक्त ऐसा बोलबाला हो गया है कि स्क्रीन पर दिखने वाली कोई घटना, कोई किरदार असली है या नकली इसका पता ही नहीं चलता। सच और झूठ के बीच हमेशा से एक अदृश्य महीन रेखा होती है, जिसे अनुभवी लोग परख लेते हैं। लेकिन एआई ने इन अनुभवों को भी चुनौती दी है। ऐसे में दिल्ली दंगों का सच भी क्या पूरी तरह कभी सामने आ पाएगा, इसमें संदेह है। और जितना ज्यादा वक्त गुजरता जाएगा, सच पर झूठ की परतें चढ़ाना आसान हो जाएगा। इसलिए बेहतर तो यही होता कि इस मामले में मुकदमा चलना शुरु हो जाता।

दिल्ली दंगों में ही एक और आरोपी तस्लीम अहमद की ज़मानत याचिका भी मंगलवार को खारिज हुई है, जिसकी सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद और जस्टिस हरीश वैद्यनाथन शंकर की खंडपीठ कर रही थी। इस बेंच का कहना है कि दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश के मामले में विभिन्न समय पर मुकदमे में देरी के लिए आरोपी स्वयं ज़िम्मेदार हैं, न कि दिल्ली पुलिस या निचली अदालत। गौरतलब है कि करीब छह महीने पहले पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाय चंद्रचूड़ ने पत्रकार बरखा दत्त को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि उमर ख़ालिद को जमानत इसलिए नहीं मिली क्योंकि उनके वकील बार बार समय मांगते थे। वे मुकदमा शुरु नहीं होने देते और केस स्थगन की मांग जजों से करते थे। इस साक्षात्कार में जस्टिस चंद्रचूड़ ने यह भी कहा था कि सोशल मीडिया पर एक खास नजरिया सामने लाया जाता है, जबकि जजों के पास अपने बचाव के लिए कोई मंच नहीं है। बता दें कि मुख्य न्यायाधीश रहते हुए डी वाय चंद्रचूड़ ने ही बयान दिया था कि जमानत कोई अपवाद नहीं है, बल्कि एक नियम है और निचली अदालतों में इसे लागू करने में झिझक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई लोगों को जमानत दी और इस बात पर ज़ोर दिया कि ज़मानत देने में उदारता बरती जानी चाहिए। लेकिन उनके मुताबिक दिल्ली दंगों में आरोपियों के वकील ही जमानत की राह में आड़े आ रहे हैं और यही विचार अब हाईकोर्ट के माननीय जजों ने व्यक्त किए।

इस लिहाज से तो अब उमर खालिद समेत तमाम आरोपियों का पक्ष रखने वाले वकीलों को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करना चाहिए ताकि अगली बार जमानत की अर्जी लगे तो उसे खारिज करने के नौबत न आए। बिना सुनवाई या सजा के पांच साल का लंबा वक्त जेल में गुजारना न्यायिक व्यवस्था के लिए आदर्श स्थिति नहीं है। पिछले साल अमेरिका के अखबार न्यूयार्क टाइम्स ने उमर खालिद को जेल पर पूरे पन्ने की स्टोरी प्रकाशित की थी, जिसमें मोदी सरकार पर तो गंभीर सवाल उठे ही थे, देश की न्यायिक व्यवस्था पर भी सवाल थे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार के लिहाज से भारत की छवि कुछ खास अच्छी नहीं है और ऐसी घटनाएं इस दाग को और गहरा करती हैं।

जहां तक उमर खालिद की जमानत इस बार खारिज होने का सवाल है, तो उनके वकील त्रिदीप पैस ने अदालत में तर्क दिया कि उनके खिलाफ आरोप बिना सबूत के हैं और पुलिस ने विरोध प्रदर्शनों को दंगों के साथ जोड़ने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि खालिद ने कोई हिंसा नहीं भड़काई और न ही वह दंगों के दौरान दिल्ली में मौजूद थे। पैस ने यह भी बताया कि खालिद ने एक व्हाट्सएप ग्रुप में केवल पांच संदेश भेजे थे, जिनमें से तीन गूगल मैप्स लोकेशन थे, और एक संदेश में उन्होंने पुलिस की ओर से विरोध प्रदर्शन को रद्द करने की अपील की थी। वहीं दिल्ली पुलिस की दलील है कि खालिद ने 'दिल्ली प्रोटेस्ट सपोर्ट ग्रुप' व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए साजिश रची और उनकी गतिविधियां सरकार को 'घुटनों पर लाने' की मंशा को दिखाती थीं। पुलिस ने उनके अमरावती में दिए गए भाषण में 'इंकलाबी सलाम' और 'क्रांतिकारी इस्तकबाल' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने को हिंसा भड़काने के रूप में पेश किया।

यहां दिल्ली पुलिस से पूछा जा सकता है कि जब अनुराग ठाकुर भरी सभा में देश के गद्दारों को गोली मारो, जैसे नारे लगाते हैं, तब क्या हिंसा भड़काने का आह्वान नहीं होता? इंकलाबी सलाम और क्रांतिकारी इस्तकबाल ये जुमले उर्दू में हैं, क्या इस वजह से किसी को हिंसा भड़काने का आरोपी बनाया जा सकता है। देश में जो धार्मिक जुलूस निकाले जाते हैं, या धर्म संसदें लगाई जाती हैं, उनमें कहीं ज्यादा हिंसक शब्दों का इस्तेमाल होता है। लेकिन ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर पांच साल बिना सुनवाई के जेल में नहीं रखा जाता। अगर किसी की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज होती भी है, तो जेल से पहले ही जमानत मिल जाती है।

कई हाईप्रोफाइल मामलों में भी पेशेवर अपराधी या तो जेल में ठाठ से रहते हैं या बाहर खुले घूमते हैं। जबकि उमर खालिद की तो कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है। वे गांधी और अहिंसा की बात करते हैं, आदिवासियों के हक से जुड़े मुद्दे पर उन्होंने पीएचडी की है। जेएनयू में छात्र नेता रहते हुए वंचितों के लिए आवाज उठाई और मजहब से वे मुसलमान हैं, क्या उनकी इस लंबी गिरफ्तारी के लिए ये असल कारक हैं, इस पर भी विचार होना चाहिए।

वैसे याद दिला दें कि बलात्कार और हत्या का दोषी गुरमीत राम रहीम पांच अगस्त को 40 दिन की पैरोल पर फिर बाहर आया था। इससे पहले दिल्ली चुनाव के वक्त 30 दिन और हरियाणा चुनाव के वक्त 20 दिन की पैरोल उसे दी गई थी। पैरोल का यह सिलसिला बार-बार चलता ही रहता है। कानून के रक्षक इस पर भी विचार करे।

# भंडारे में गए तो खाना खत्म, बाहर आए तो चप्पल गायब

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

> **प्रधानमंत्री मोदी जापान और चीन की यात्राओं पर गए। जापान यात्रा में तो मोदी मेरे भगवान टाइप स्वागत सत्कार और बुलेट ट्रेन की सवारी जैसी खबरें मीडिया दिखाता रहा। लेकिन असली टीआरपी कमाने का मौका चीन के दौरे पर मिला, जब सात साल बाद नरेन्द्र मोदी चीन पहुंचे, मौका था शंघाई सहयोग संगठन ( एससीओ ) की बैठक का। यहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से नरेन्द्र मोदी की द्विपक्षीय वार्ता हुई।**

प्रचलित मुहावरा है भंडारे में गए तो खाना खत्म, बाहर आए तो चप्पल गायब। अनुभवी कह गए हैं कि दोनों हाथों में लड्डू नहीं मिलते, न ही दो नावों की सवारी एक साथ की जा सकती है। वैसे तो ये सारी बातें जैविक तरीके से इस दुनिया में जन्म लेने वाले लोगों अर्थात साधारण मनुष्यों पर लागू होती हैं, लेकिन इस वक्त अपवादस्वरूप नॉन बायलॉजिकल तरीके से धरती पर आने का दावा करने पर श्रीमान मोदी पर भी लागू हो रही हैं। बिहार चुनाव जीतने के लिए अपनी मां के नाम पर कहे अपशब्द को रोकर भुनाने की जो कोशिश 2 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने की, उसका तो कोई फायदा फिलहाल मिलते नहीं दिख रहा है, बल्कि लोग पुराने वीडियो निकाल कर और दिखा दे रहे हैं कि खुद श्री मोदी ने कितनी बार महिलाओं का अपमान किया, या महिलाओं पर अत्याचार करने वालों के साथ वो खड़े रहे। वहीं जापान और चीन की यात्रा से जो सुर्खियां नरेन्द्र मोदी को बटोरने का मौका मिला था, वो भी खाक हो गया। ऐसा लग रहा है कि श्री मोदी के सलाहकारों की रणनीति या तो चूक रही है, या वे अपनी क्षमता खोते जा रहे हैं। चीन में वैश्विक नेताओं से नजदीकी और मोदी के जलवे का जो बुलबुला मीडिया ने तैयार किया था, उसे खुद मोदी ने अपने बयान से ध्वस्त कर दिया। 2 सितंबर से लेकर अगले दिन तक पूरा मीडिया मोदी की मां का अपमान, कांग्रेस राजद माफी मांगों जैसे नैरेटिव सेट कर माहौल बनाता रहा कि बिहार में महागठबंधन की हार इस मुद्दे पर हो जाएगी। लेकिन अब ऐसा दिख रहा है कि मोदी के लिए दुविधा में दोनों गए माया मिली न राम वाली बात भी चरितार्थ हो रही है। चीन में शाहबाज शरीफ महफिल लूट रहे हैं और इधर भाजपा महिला सम्मान पर अपना बचाव नहीं कर पा रही है।

गौरतलब है कि विपक्ष की बिहार में 17 अगस्त से 1 सितंबर तक चली वोटर अधिकार यात्रा की सफलता को भाजपा ने कई तरीके से खारिज करने की कोशिश की। लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। बल्कि ट्रंप के लगाए टैरिफ और भारत-पाक पर दिए बयान से श्री मोदी की उलझनें और बढ़ती गईं। चुनाव आयोग भी अब तक विपक्ष की तरफ से उठाए गए वोट चोरी के संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया है। यही वजह रही कि वोटर अधिकार यात्रा के दौरान लगातार वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा बुलंद रहा। यात्रा की सफलता राज्य में सत्ता परिवर्तन के संकेत दे रही है, जिससे भाजपा का घबराना स्वाभाविक है।

इस बीच प्रधानमंत्री मोदी जापान और चीन की यात्राओं पर गए। जापान यात्रा में तो मोदी मेरे भगवान टाइप स्वागत सत्कार और बुलेट ट्रेन की सवारी जैसी खबरें मीडिया दिखाता रहा। लेकिन असली टीआरपी कमाने का मौका चीन के दौरे पर मिला, जब सात साल बाद नरेन्द्र मोदी चीन पहुंचे, मौका था शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक का। यहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से नरेन्द्र मोदी की द्विपक्षीय वार्ता हुई। मीडिया ने गान गाया ड्रैगन-हाथी साथ आए तो अमेरिका डर गया। फिर रूस के राष्ट्रपति पुतिन, श्री मोदी को अपने साथ अपनी अत्याधुनिक कार में सम्मेलन स्थल तक ले गए, इसका वीडियो सामने आया। कैमरामैन ने एंगल मोदी की तरफ से रखा था, ताकि उन पर अच्छे से फोकस हो। मीडिया ने बताया कि दस मिनट के सफर में मोदी-पुतिन के बीच अच्छी बातचीत हुई। हालांकि ये कभी पता ही नहीं चलता कि असल में क्या बात हुई, क्योंकि ऐसे वीडियो बिना आवाज के भाजपा प्रसारित करती है। एक वीडियो में मोदी पुतिन और जिनपिंग के बीच हो रही चर्चा में बीच में दिख रहे हैं, पुतिन का हाथ पकड़कर जोर-जोर से हँस रहे हैं। पता नहीं मोदीजी को विदेश जाते ही क्या हो जाता है, उनके ठहाके गूंजने लगते हैं। देश में तो कभी इस तरह उन्हें किसी के साथ हँसते नहीं देखा गया। बहरहाल, इस वीडियो पर भी सवाल उठे कि जब पुतिन रूसी और जिनपिंग मंदारिन (चीन की भाषा) बोल रहे थे, तो उनके अनुवाद से पहले ही मोदी को ऐसा कौन सा चुटकुला समझ आ गया कि जोर से हँसने लगे। ऐसे ही ठहाके मोदी ने जो बाइडेन के सामने लगाए, फिर कनाडा में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से मुलाकात के दौरान लगाए। लेकिन इस हँसी-खेल में भारत के हित कितने सुरक्षित हैं, इसका जवाब न भाजपा देती है, न नरेन्द्र मोदी। भाजपा को इसी से मतलब है कि किसी भी तरह विश्वगुरु वाली छवि बनाई जाए। इसलिए पुतिन और जिनपिंग के साथ मोदी की तस्वीरों को शक्तिशाली तिकड़ी, मोदी की ताकत की तरह मीडिया से पेश करवाया गया। मोदी तो लौट आए, लेकिन चीन के तियेनमान चौक पर चीनी सेना की परेड की जो तस्वीरें सामने आईं वो नए सवाल खड़े कर रही हैं। द्वितीय विश्वयुद्ध में जापान को हराने के 80 बरस पूरे होने की इस परेड में शामिल होने उ.कोरिया से किम जोंग उन भी पहुंचे। पुतिन ने किम जोंग उन को भी अपनी कार में बिठाया। परेड स्थल पर शी जिनपिंग, व्लादीमीर पुतिन और किम जोंग उन के ठीक पीछे शाहबाज़ शरीफ थे। पुतिन-शरीफ वार्ता के वीडियो भी सामने आए हैं। पुतिन ने पाकिस्तान को अपना पुराना सहयोगी बताया है। वहीं शरीफ ने पुतिन से कहा है कि आप भारत से दोस्ती निभाइए, हमें उसमें आपत्ति नहीं है, लेकिन आप हमारा भी सहयोग करिए क्योंकि क्षेत्र की स्थिरता के लिए यह जरूरी है। ट्रंप पहले ही पाकिस्तान के साथ खड़े हैं, चीन ने ऑपरेशन सिंदूर में पाक की पूरी मदद की, रूस भी उसके साथ आ रहा है। क्या इस नए समीकरण को मोदी ठहाकों में उड़ा सकते हैं, यह देखना होगा।

मोदी के लिए इस समय भारत की कुशलता से ज्यादा जरूरी शायद बिहार चुनाव जीतना है। इसलिए चीन से लौटते ही अगले दिन बिहार की महिलाओं से वर्चुअली संवाद किया और इस मौके पर करीब एक सप्ताह पहले दरभंगा में घटी घटना पर कांग्रेस और आरजेडी को घेरा। जिसमें किसी ने श्री मोदी को मां का नाम लेकर अपशब्द कहे। इस घटना की निंदा कांग्रेस और आरजेडी के नेताओं ने फौरन की, लेकिन उस वक्त मोदी का कोई बयान सामने नहीं आया। इस बीच उनके बाकी कार्य-व्यापार, सैर-सपाटा सब चले। चीन में हँसी-मजाक करने में उन्हें गुरेज नहीं हुआ। लेकिन बिहार की महिलाओं से सतबहिनी और छठी मईया का नाम लेकर अपनी मां के अपमान की बात मोदी ने की और रोए, इस दौरान बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल भी रो पड़े। जबकि दो महीने पहले श्री जायसवाल ने कैमरे पर ही बताया था कि उनके गांव में मास्टर को मां का नाम लेकर गाली दी जाती है।

पिछले लोकसभा चुनावों के वक्त ही एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी के शब्द थे कि जब तक मां जीवित थीं, मैं मानता था कि मेरा जन्म बायलॉजिकल तरीके से हुआ है, लेकिन मां के जाने के बाद मुझे लगता है कि मुझे परमात्मा ने किसी विशेष कार्य के लिए भेजा है। यह भी सीधे-सीधे अपनी मां का अपमान था, जिसके 9 महीने के कष्ट को एक झटके में मोदी ने खारिज किया। नोटबंदी के वक्त अपनी मां को बैंक की लाइन में खड़ा करवाना या जब वे आईसीयू में थी, तो उन्हें देखने के लिए कैमरामैनों की टीम के साथ भीतर जाना, यह भी उन्हें कष्ट देना ही था। लेकिन इन सबमें श्री मोदी को मां का अपमान नहीं दिखा। आसाराम, कुलदीप सेंगर, ब्रजभूषण शरण सिंह, प्रज्ज्वल रेवन्ना, प्रेम शुक्ला ऐसे दसियों लोग मोदी के साथ दिखे हैं या उनके करीबी रहे हैं, जिन्होंने किसी न किसी तरह महिलाओं का अपमान किया या उनका शोषण किया।

विवाहित होने के बावजूद मोदी अपनी पत्नी से अलग रह रहे हैं, यह उनका व्यक्तिगत मामला है। अब तक यही बताया गया है कि श्री मोदी ने विवाह के कुछ वक्त बाद ही इस संबंध से खुद को अलग कर लिया था। मगर क्या उनकी पत्नी जसोदाबेन की मर्जी कभी पता चली है कि क्या वे भी विवाहिता होने के बाद परित्यक्ता की तरह रहना चाहती थीं या नहीं, या उनकी कुछ और इच्छा थी। अपने विवाहित होने का सच चुनाव के शपथपत्र में न बताना, यह भी तो विवाह जैसी संस्था का अपमान है। क्या यह सब नारी शक्ति का अपमान नहीं है। सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, राबड़ी देवी, रेणुका चौधरी, बिल्किस बानो, कर्नल सोफिया कुरैशी ऐसी कितनी ही महिलाओं का अपमान मोदी या भाजपा या उनसे जुड़े लोगों ने किया है। मणिपुर तो महिला अपमान की पराकाष्ठा दिखा चुका है। इसका हिसाब करने बैठे तो भाजपा पूरी तरह कटघरे में दिखाई देगी। कांग्रेस समेत विपक्ष के बाकी दलों में कुछ लोग ऐसे होंगे, जिन्होंने महिलाओं का अपमान किया है। लेकिन राहुल गांधी इस मामले में पूरी तरह बेदाग हैं। मोदी कभी इस मामले में उनकी बराबरी नहीं कर पाएंगे। भारत जोड़ो यात्रा और उसके बाद भी अनेक मौकों पर देखा गया है कि कैसे महिलाएं खुद बढ़कर उनसे मिलती है, हाथ मिलाती हैं, गले लगती हैं और बेझिझक अपना स्नेह और प्यार उनके लिए दिखाती हैं। इसलिए भले ही विपक्ष के मंच से श्री मोदी के लिए अपशब्द कहे गए, लेकिन उसमें राहुल गांधी या तेजस्वी यादव पर सवाल नहीं उठाए जा सकते, क्योंकि वे वहां थे ही नहीं।

जहां तक महिलाओं के अपमान की बात है तो यह भारतीय समाज का कड़वा सच है। सारे अपशब्द महिलाओं से जुड़े होते हैं। महिलाएं कारोबार, राजनीति, फिल्म, कला, खेल किसी भी क्षेत्र में तरक्की करें, उन्हें लांछित करना शुरु हो जाता है। नरेन्द्र मोदी चाहते तो 11 बरसों में समाज की इस मानसिकता को बदलने की कोशिश कर सकते थे, लेकिन जिन्हें कांग्रेस की विधवा और जर्सी गाय जैसे शब्दों के सहारे भाषण देना आता हो, वे अब रोने के सिवा और कुछ नहीं कर सकते।

# खामोश की जातीं पर्यावरण बचाने वालों की आवाज़ें

■ कुमार सिद्धार्थ

> **आज जब जलवायु संकट के प्रभाव दुनिया के हर कोने में महसूस किए जा रहे हैं - बाढ़, सूखा, जंगल की आग, समुद्र के जलस्तर में बढ़ोत्तरी- ऐसे समय में पर्यावरण रक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। रिपोर्ट कुछ अहम सुझाव भी देती है - जैसे पर्यावरण रक्षकों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाना, उनके खिलाफ दमनकारी मुकदमों को रोका जाना और जिम्मेदार कंपनियों की जवाबदेही तय करना, लेकिन यह तभी संभव है जब नागरिक समाज, मीडिया और आम जनमानस इन मुद्दों को अपने विमर्श के केंद्र में लाएं।**

वैश्विक स्तर पर पर्यावरण कार्यकर्ताओं पर मंडरा रहे भयावह संकट को उजागर करने वाली हाल की 'ग्लोबल विटनेस' रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2012 से अब तक पर्यावरण संरक्षण के लिए संघर्ष करते हुए 2,106 कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है। इनमें से एक-तिहाई से अधिक हत्याएं लैटिन अमेरिका में हुईं। अकेले वर्ष 2023 में कम-से-कम 196 लोगों की जानें गईं। इस रिपोर्ट से स्पष्ट है कि पर्यावरण की रक्षा करने वाले लोग आज भयंकर शारीरिक, मानसिक और सामाजिक खतरों का सामना कर रहे हैं। खनन, औद्योगिक और निर्माण परियोजनाओं के खिलाफ खड़े होने के कारण ये कार्यकर्ता सत्ता और पूंजी के निशाने पर आ जाते हैं।

'ग्लोबल विटनेस,' जो बीते ढाई दशक से तेल, गैस, खनन और वन क्षेत्रों में मानवाधिकारों और पर्यावरणीय शोषण की जांच करता रहा है, ने इस रिपोर्ट को 200 से अधिक देशों के पर्यावरण कार्यकर्ताओं से बातचीत के आधार पर तैयार किया है। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से 90 फीसदी से अधिक लोगों को शारीरिक और मानसिक तौर पर प्रताड़ना का सामना करना पड़ा है और 25 फीसदी से अधिक पर हिंसक हमले हुए हैं। 70 फीसदी हत्याएं खनन, बड़े बांधों और जंगलों की कटाई के खिलाफ आंदोलन करने वालों की हुई हैं।

रिपोर्ट बताती है कि विकास की आड़ में स्थानीय समुदाय, विशेषकर आदिवासी, किसान, महिलाएं और मछुआरे, खास निशाने पर हैं। जब ये समुदाय अपनी ज़मीन, जंगल और नदियों के संरक्षण की आवाज उठाते हैं, तो या तो उन्हें झूठे मामलों में फंसाया जाता है या फिर वे गोलियों का शिकार होते हैं। कोलंबिया, फिलीपींस, ब्राज़ील, कांगो और होंडुरास जैसे देश इस हिंसा के गवाह हैं। यहां हर साल सैकड़ों लोग सिर्फ इसलिए मारे जाते हैं क्योंकि वे अपने जंगल, नदियों, खेतों और अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्षरत हैं।

कोलंबिया लगातार दूसरे साल सबसे खतरनाक देश माना गया था जहाँ 2023 में 79 पर्यावरण रक्षकों की हत्याएं हुईं। यह लगातार चौथा वर्ष है, जब कोलंबिया में सबसे अधिक हत्याएं दर्ज हुई हैं। वर्ष 2012 से अब तक ऐसी 461 हत्याएं हुई हैं, जो किसी भी देश के मुकाबले अधिक हैं। इसके बाद ब्राजील में 34, मैक्सिको और होंडुरास में 18-18 और फिलीपींस में 11 पर्यावरण रक्षकों की हत्याएं हुईं। मध्य अमेरिका पर्यावरण कार्यकर्ताओं के लिए सबसे खतरनाक क्षेत्र बन चुका है, जहां प्रति व्यक्ति हत्याओं की दर सबसे अधिक रही है।

इनमें से अधिकांश हमले वनों की रक्षा करने वालों, खनन विरोधी आंदोलनों में शामिल लोगों और आदिवासी समुदायों के प्रतिनिधियों पर हुए हैं। अक्सर ये हमले संगठित अपराधियों, सरकार समर्थित ठेकेदारों या निजी कंपनियों के इशारों पर होते हैं। इंडोनेशिया और थाईलैंड में कार्यकर्ताओं को 'रेड टैगिंग' (देशद्रोही) करार देकर मारा या गायब किया जा रहा है।

इन मामलों में भारत की स्थिति भी चिंताजनक है। रिपोर्ट के अनुसार 2012 से 2022 के बीच भारत में 71 पर्यावरण रक्षकों की हत्या दर्ज की गई। इनमें से कई पत्रकार थे, जो ज़मीन अधिग्रहण और अवैध खनन जैसे संवेदनशील विषयों पर रिपोर्टिंग कर रहे थे। वर्ष 2014 के बाद मारे गए 28 पत्रकारों में से 13 पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर काम कर रहे थे। भारत में रेत-माफिया और अवैध खनन पर लिखने वाले पत्रकारों को खासकर निशाना बनाया गया।

रिपोर्ट इंगित करती है कि भारत में नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं, पर्यावरणविदों और पत्रकारों पर बढ़ती निगरानी, गिरफ्तारी और बदनाम करने की घटनाओं में तेज़ी आई है। साथ ही, उनके खिलाफ 'गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम' (यूएपीए) जैसे कठोर कानूनों का दुरुपयोग कर उनकी आवाज़ को दबाया जा रहा है। सरकारों द्वारा कार्यकर्ताओं को वर्षों जेल में रखना, उनकी जमानत रोकना और उन्हें 'राष्ट्रविरोधी' करार देना जैसी घटनाएं कई राज्यों में सामने आई हैं।

'ग्लोबल विटनेस' के अनुसार, भारत में सामाजिक कार्यकर्ताओं और गैर-सरकारी संगठनों पर मनमाने आपराधिक आरोप लगाए जा रहे हैं, उन पर निगरानी रखी जा रही है और उनके बैंक खाते फ्रीज़ कर दिए गए हैं, जिससे नागरिक समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। रिपोर्ट इस बात पर भी ज़ोर देती है कि कई देशों में पर्यावरण कार्यकर्ताओं को ऐसे मुकदमों का सामना करना पड़ता है जिनका उद्देश्य ही जनहित में उठी आवाज़ों को रोकना है। ये मुकदमे इतने लंबे और खर्चीले होते हैं कि आम नागरिक उनमें फँसकर टूट जाते हैं या चुप हो जाते हैं।

आदिवासी समुदाय इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं - कुल हत्याओं के 34 फीसदी शिकार आदिवासी रहे हैं। उनके पास कानूनी दस्तावेज़ों का अभाव, मुख्यधारा से दूरी और राजनीतिक समर्थन की कमी उन्हें कमजोर बनाती है, जबकि यही समुदाय सदियों से प्रकृति के साथ सहजीवन की मिसाल पेश करते आए हैं।

'ग्लोबल विटनेस' रिपोर्ट की भूमिका में प्रसिद्ध पर्यावरणविद् डॉ. वंदना शिवा लिखती हैं - 'हम केवल जलवायु आपातकाल के दौर में नहीं हैं, बल्कि एक व्यापक प्रजातीय विलुप्ति की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में ये पर्यावरण कार्यकर्ता उन चुनिंदा लोगों में हैं, जो इस लड़ाई में डटे हुए हैं। वे न केवल नैतिक दृष्टिकोण से सही हैं, बल्कि इसलिए भी सुरक्षा पाने के अधिकारी हैं क्योंकि हमारी प्रजाति और हमारे हरित ग्रह का भविष्य उन्हीं के संघर्षों पर टिका है।'

आज जब जलवायु संकट के प्रभाव दुनिया के हर कोने में महसूस किए जा रहे हैं - बाढ़, सूखा, जंगल की आग, समुद्र के जलस्तर में बढ़ोत्तरी- ऐसे समय में पर्यावरण रक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। रिपोर्ट कुछ अहम सुझाव भी देती है - जैसे पर्यावरण रक्षकों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाना, उनके खिलाफ दमनकारी मुकदमों को रोका जाना और जिम्मेदार कंपनियों की जवाबदेही तय करना, लेकिन यह तभी संभव है जब नागरिक समाज, मीडिया और आम जनमानस इन मुद्दों को अपने विमर्श के केंद्र में लाएं।

हाल ही में 'इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस' (आईसीजे) ने एक ऐतिहासिक निर्णय में कहा है कि जलवायु संकट से निपटना सभी देशों की कानूनी ज़िम्मेदारी है। यह फैसला बताता है कि अब जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि मानवाधिकार और अंतरराष्ट्रीय कानून का भी गंभीर मुद्दा बन चुका है। उम्मीद की जा रही है कि इससे उन लोगों को कुछ राहत मिलेगी जो पर्यावरण की रक्षा के लिए खतरों का सामना कर रहे हैं।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं सामाजिक कार्यों से संबद्ध हैं।)**

## ललित सुरजन की कलम से



### चुनावों में बदजुबानी

*'नरेंद्र मोदी अपनी सभाओं में बार-बार जिस शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं वह असंसदीय भले न हो, लेकिन यह तो स्पष्ट है कि उससे अनावश्यक कटुता उत्पन्न हो रही है। आज जब भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी को भुला दिया है तब उसे यह याद दिलाना उचित होगा कि दूसरी लोकसभा में नवनिर्वाचित सदस्य वाजपेयीजी ने जब अपना प्रथम वक्तव्य दिया तो प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने उन्हें स्वयं होकर बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी थीं। एक क्षण के लिए कल्पना करें कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन गए हैं तो क्या वे इसी तरह राहुल गांधी को उनके भाषण पर बधाई देने में विशाल हृदयता का परिचय दे सकेंगे? जिस तरह से श्री मोदी बार-बार राहुल गांधी और उनके परिवार पर कटाक्ष कर रहे हैं उसे देखकर ऐसी कोई उम्मीद रखना व्यर्थ है।'*

**( देशबन्धु में 24 अप्रैल 2014 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/04/blog-post_23.html

## गुरवाणी विचार

### धनासरी महला 5

सिमरे सिमर सिमर सुख पावो, सांस सांस समा ले
इह लोक परलोक संग साहई, जत तत मोहे रखवाले
गुरु का बचन वसै जिओ नाले।
जल नहीं डूबे तसकर नहीं लेवे, भाये न साके जालै
(रहाओ)
निर्धन को धन अंधले को टिक, मात दूध जैसे बालै
सागह महि बोइथ पायो हरि, नानक करी किरपा किरपाले।

इन शब्दों द्वारा पांचवे नानक गुरु अर्जुन देव हमें समझा रहे हैं कि प्रभु परमात्मा ने हमें इस संसार में कुछ श्वांसों की पूंजी देकर भेजा है। हमारा फर्ज है कि हम इन श्वांसों की पूंजी का सदुपयोग कर के एक अच्छे व्यापारी की तरह करके लाभ कमा ले। तभी हम गुरमुख कहला सकते हैं-

गुरमुख लाहा ले गये मनमुख चले मूल गंवाये जीओ।

परमात्मा द्वारा दी गई श्वांसों की पूंजी का उपयोग उसके सिमरन भजन करने में ही लगायें क्योंकि यही हमें प्रभु के दरबार में स्थान दिलायेगा। सिमरो सिमर सिमर सुख पाओ। प्रभु भजन में ही हम अपना लोक और परलोक संवार सकते हैं। परंतु यह तभी संभव होगा जब हम पर प्रभु अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखे-

लख खुशियां पावशाहियां पातशाहियां जे सतगुरु नदरि करे।

हम उनकी सिमरन भक्ति में इतने लीन हो जाएं कि उनकी कृपा दृष्टि के पात्र बन जाएं तभी हमारा इस संसार में आना और मानवदेही पाना सफल हो सकता है। प्रभु की नजरे इनायत होने पर ही हमें किसी बात का डर नहीं सताता। जिस तरह एक निर्धन व्यक्ति को धन की आवश्यकता होती है, एक अंधे को लाठी के सहारे की जरूरत होती है। ऐसे ही हमें भी हर वक्त प्रभु परमात्मा के मार्गदर्शन की जरूरत होती है और इसके लिए हमें हमेशा सिमरन भक्ति करते रहना चाहिए। नामधन की प्राप्ति हो जाने पर बाकी सब धन विष के समान है-

नाम धन होर सब बिख समान,
माया मोह जले अभिमान।

परंतु हम नासमझी में मूढ़ अज्ञानी बनकर कच्चे धन से नाते जोड़ते चले जाते हैं जो हमें किसी प्रकार की मदद करने वाला नहीं है।

कांचा धन संचै मूरख गंवार मनमुख भूले अंध अंधार।
बिखिया के धन सदा दुख होय न साथ जाय न परापत होय।

इसलिए हमें सांचा धन ही खरीदना है और सांचा धन हमें किसी असहाय जरूरतमंद की मदद कर, साध संगत में जाकर कथा कीर्तन श्रवण कर प्रभु सिमरन भजन बंदगी में जुड़कर प्राप्त हो सकता है और यही सांचा धन हमें प्रभु लोक प्राप्ति में सहायक हो सकता है, यमदूतों की मार से बचा सकता और प्रभु के सांचे दरबार में स्थान दिला सकता है। हमारा लोक परलोक सुहेला कर सकता है।

नामा कहे त्रिलोचना मुख ते नाम संभालि।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नालि।।

-इंदरसिंह आहुजा

## आपके पत्र

### लगातार बारिश, बढ़ते खतरे और हमारी जिम्मेदारी

बरसात का मौसम प्रकृति की सबसे सुंदर देन है। यह धरती की प्यास बुझाता है, फसलों को जीवन देता है, नदियों और तालाबों को भरता है और वातावरण को शुद्ध करता है। लेकिन जब यह बारिश लगातार और असामान्य रूप से होती है, तो यही वरदान कभी-कभी अभिशाप का रूप भी ले लेता है। भारत जैसे देश में, जहां अब भी बुनियादी ढांचे की मजबूती पूरी तरह से नहीं हो पाई है, वहां लगातार बारिश लोगों के लिए मुसीबत बन जाती है। पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि असामान्य बारिश के कारण कई राज्यों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हुई, सैकड़ों लोग बेघर हो गए, बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हो गई और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

ऐसे समय में केवल सरकार या प्रशासन पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि हर नागरिक का यह कर्तव्य बनता है कि वह स्वयं भी सावधानी बरते और दूसरों को जागरूक करे। यह सच है कि प्राकृतिक आपदाएं पूरी तरह से हमारे नियंत्रण में नहीं होतीं, लेकिन सावधानी और अनुशासन से हम उनके प्रभाव को कम कर सकते हैं। बरसात के दिनों में सबसे बड़ा खतरा बिजली से होता है। जब जमीन गीली हो, सड़कें पानी से भरी हों और चारों ओर नमी फैली हो, तो करंट लगने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। बिजली विभाग ने समय रहते जनता को चेताया है कि इस मौसम में बिजली की तारों, खंभों, केबल और मीटर से दूरी बनाए रखें। ज़रा सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। भारत में हर साल बारिश के मौसम में सैकड़ों लोग बिजली के करंट की चपेट में आकर अपनी जान गंवा बैठते हैं। नेशनल क्र इम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (ह्रष्टक्रक्च) की रिपोर्ट के अनुसार, केवल बिजली से जुड़े हादसों में हर साल करीब 10-12 हज़ार लोगों की मौत होती है, जिनमें बड़ी संख्या बारिश के महीनों में होती है। यह आंकड़े इस बात को स्पष्ट करते हैं कि खतरा कितना गंभीर है।

गांव और कस्बों में अब भी खुले तार, ढीले खंभे और जर्जर पोल आम दृश्य हैं। लगातार बारिश में जब ये पानी में डूब जाते हैं, तो इनमें करंट फैलने की संभावना बढ़ जाती है। यह खतरा और भी बढ़ जाता है जब लोग असावधानीवश इनसे संपर्क में आ जाते हैं। कई बार बच्चे खेल-खेल में पानी के गड्ढों में उतर जाते हैं, जबकि उन्हें यह पता नहीं होता कि उसी पानी में कोई बिजली का तार गिरा हुआ है। ऐसी घटनाएं हर साल होती हैं और यह हमारे समाज की सबसे बड़ी असावधानी को दर्शाती हैं।

बरसात जैसी प्राकृतिक चुनौती का सामना केवल प्रशासनिक उपायों से नहीं किया जा सकता। समाज को भी जागरूक होकर अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। मोहल्ले और गांव के लोग मिलकर नालियां साफ रखें ताकि जलभराव न हो। बिजली के खंभों और तारों की जानकारी विभाग तक पहुंचाएं। बच्चों को सिखाएं कि बारिश में खुले तार या पोल के पास न जाएं। सोशल मीडिया पर केवल सही जानकारी फैलाएं, अफवाहें नहीं। कई बार झूठी खबरें और अफवाहें स्थिति को और गंभीर बना देती हैं।

-प्रियंका सौरभ

# देश विदेश

## इंडोनेशिया में खोजी दलों ने लापता हेलीकॉप्टर की तलाश तेज की

जकार्ता। इंडोनेशिया के दक्षिण कालीमंतन प्रांत में लापता हुये हेलीकॉप्टर की तलाश में लगभग 80 लोगों की एक संयुक्त बचाव टीम तीसरे दिन भी जुटी रही। दो हवाई और तीन ज़मीनी खोजी दलों में विभाजित इस टीम ने मेंटेवे वन क्षेत्र में अपना अभियान केंद्रित किया है। स्थानीय बासरनास कार्यालय के एक अधिकारी अरिआंतो ने कहा कि अभियान शुरू करने से पहले, ज़मीनी खोजी दलों ने क्षेत्र में रेडियो संचार को मज़बूत करने के लिए एक रिपीटर लगाया। ज़मीनी खोजी दल जंगल में 100 वर्ग समुद्री मील के क्षेत्र में तलाशी अभियान चला रहे हैं, जबकि हवाई खोजी दल निर्दिष्ट निर्देशांकों पर समानांतर और सेक्टर पैटर्न का उपयोग करके 3,000 फीट की गहराई पर खोज कर रहे हैं।

# भारत-जर्मनी संबंध स्थिर, बढ़ रहे हैं महत्व और गहराई : एस जयशंकर

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को भारत-जर्मनी संबंधों को 'बेहद महत्वपूर्ण' बताते हुए कहा कि दोनों देशों के रिश्ते लगातार गहराई और महत्व में आगे बढ़ रहे हैं।

जर्मन समकक्ष जोहान वेडफुल के साथ दिल्ली में वार्ता के बाद मीडिया से बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत-जर्मनी संबंध 'बहुत स्थिर' हैं और आज की अनिश्चित परिस्थितियों में इनकी अहमियत और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि हमारे कई देशों के साथ रणनीतिक संबंध हैं और हर रिश्ते को आज की वैश्विक राजनीति के हिसाब से संभालना पड़ता है। जर्मनी न केवल यूरोपीय संघ का सबसे बड़ा देश है बल्कि वैश्विक समीकरणों में भी हमारे लिए केंद्रीय महत्व रखता है। चाहे आर्थिक हो या राजनीतिक, हर पैमाने पर हमारे संबंध मजबूत हो रहे हैं। हम दोनों देश जी4 के हिस्से के रूप में संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद में सुधार लाने के लिए भी साथ काम कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों में शिक्षा और गतिशीलता के क्षेत्र में अच्छी प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि जर्मनी में सबसे अधिक



**दोनों देशों में शिक्षा और गतिशीलता के क्षेत्र में अच्छी प्रगति हुई है : एस जयशंकर**

विदेशी छात्र अब भारत से हैं। साथ ही, दोनों देशों ने स्कूल और कॉलेज स्तर पर अल्पकालिक यात्राओं के लिए मुफ्त वीजा देने पर सहमति जताई है, ताकि छात्र आदान-प्रदान को बढ़ावा मिल सके। विदेश मंत्री ने बताया कि उन्होंने अपने जर्मन समकक्ष के साथ भारतीय बच्ची अरिहा शाह के मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने कहा कि मैंने यह रेखांकित किया कि उसकी सांस्कृतिक पहचान सुनिश्चित होना जरूरी है और वह भारतीय माहौल में बड़ी हो। यह मामला और अधिक देर नहीं खिंचना चाहिए।

## जर्मनी के विदेश मंत्री ने यूक्रेन शांति पहल पर पीएम मोदी की सराहना की

**नई दिल्ली।** जर्मनी के विदेश मंत्री योहान वेडफुल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ चीन के तियानजिन में हुई बैठक के दौरान यूक्रेन में शीघ्र शांति समझौते की अपील का स्वागत किया। उन्होंने इसे यूरोप के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करार दिया। वेडफुल ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ हुई वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि हमारे लिए जर्मनी और यूरोप में, रूस का आक्रमणकारी युद्ध अभी सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात में यूक्रेन में शीघ्र शांति समझौते की आवश्यकता पर जोर देना हमारे लिए अहम है। हम यूरोपीय देश, अमेरिका और यूक्रेन के साथ मिलकर इस युद्ध को जल्द समाप्त करने और यूक्रेन को एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में शांति दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। वेडफुल ने कहा कि उन्होंने भारत से आग्रह किया है कि वह रूस के साथ अपने संबंधों का उपयोग कर शांति बहाली की दिशा में संदेश दें।

### चीन में पुतिन और किम की मुलाकात

# उत्तर कोरियाई नेता को रूस आने का निमंत्रण



**सियोल,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन को एक बार फिर रूस आने का निमंत्रण दिया। दोनों नेताओं की मुलाकात बीजिंग में द्वितीय विश्व युद्ध की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित सैन्य परेड के दौरान हुई।

सूत्रों के अनुसार, पुतिन और किम की बैठक बीजिंग स्थित दियाओयुताई स्टेट गेस्ट हाउस में हुई। बैठक के बाद जब पुतिन किम को उनकी गाड़ी तक छोड़ने आए, तो किम ने कहा, 'जल्द मिलेंगे। इस पर पुतिन ने जवाब दिया, 'मैं इंतजार करूंगा, कृपया आइए। किम

■ **किम अब तक दो बार रूस का दौरा कर चुके हैं- 2019 और 2023 में**

अब तक दो बार रूस का दौरा कर चुके हैं- 2019 और 2023 में। बातचीत के दौरान किम ने यूक्रेन युद्ध में रूस की मदद कर रहे उत्तर कोरियाई सैनिकों की सराहना करने के लिए पुतिन का आभार जताया।

पुतिन ने कहा कि वह कभी नहीं भूलेंगे कि कैसे उत्तर कोरियाई सैनिकों ने रूस के कुर्स्क मोर्चे पर 'बहादुरी और वीरता' से लड़ाई लड़ी। इस पर किम ने इसे रूस की मदद करना उत्तर कोरिया का 'भाईचारे का कर्तव्य' बताया।

## सुडोकू 7024

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 3 | 7 | | 4 |
| | | | | | 4 | | | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | | |
| | 2 | | | 1 | | | | |
| | 1 | 8 | 6 | | 7 | 3 | 9 | |
| | | | | 8 | | | 5 | |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| 6 | | | 4 | | | | | |
| 9 | | 1 | 7 | 2 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## संयुक्त राष्ट्र ने शांति सैनिकों पर इजराइली हमले की निंदा की

**बेरूत,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने दक्षिणी लेबनान में अपने शांति सैनिकों पर इजराइली ड्रोन हमले की निंदा की और इसे पिछले नवंबर में हुए युद्ध विराम समझौते के बाद से अपने कर्मियों तथा संपत्तियों को निशाना बनाकर की गयी सबसे गंभीर घटनाओं में से एक बताया है। संयुक्त राष्ट्र की ओर से बुधवार को जारी बयान में कहा गया है कि शांति सैनिकों और उनकी संपत्तियों को खतरे में डालने वाली या उनके निर्धारित कार्यों में हस्तक्षेप करने वाली कोई भी कार्रवाई अस्वीकार्य है और प्रस्ताव 1701 तथा अंतर्राष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है। बयान में यह भी कहा गया है कि सुरक्षा परिषद के शांति सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) की है। गौरतलब है कि आईडीएफ के ड्रोनों ने मंगलवार सुबह लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) के शांति सैनिकों के पास चार ग्रेनेड गिराए। शांति सैनिक ब्लू लाइन के पास संयुक्त राष्ट्र के एक ठिकाने तक पहुँचने में बाधा डाल रहे अवरोधों को हटा रहे थे। एक ग्रेनेड संयुक्त राष्ट्र कर्मियों और वाहनों के 20 मीटर के दायरे में गिरा, जबकि तीन अन्य लगभग 100 मीटर के दायरे में गिरे।

### अफगानिस्तान : भूकंप प्रभावित प्रांतों में आ रही बचाव कार्यों में चुनौतियां

# हिंदू-सिख समुदाय ने बढ़ाया मदद का हाथ

■ **पूर्वी प्रांतों में भूकंप पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी है**

■ **इस तबाही का सामना करने वाले शहरों में जलालाबाद भी शामिल**

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान में आए विनाशकारी भूकंप के बाद बचाव दल को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अफगानिस्तान के भूकंप प्रभावित प्रांतों में मानवीय सहायता कार्यकर्ताओं को संचार और संपर्क की गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

इस बीच, अफगानिस्तान में रहने वाले हिंदू और सिख समुदाय के लोगों ने भूकंप प्रभावित लोगों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। उन्होंने पूर्वी प्रांतों में भूकंप पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी है। काउंसिल ऑफ हिंदू एंड सिख माइनॉरिटीज ऑफ अफगानिस्तान के अध्यक्ष मंजीत सिंह लांबे ने स्थानीय मीडिया को बताया कि अफगानिस्तान के सिखों ने विदेशों में रहने वाले प्रवासी समुदायों और विश्व हिंदू संघ के साथ मिलकर भूकंप पीड़ितों के लिए मानवीय सहायता भेजी है। इस तबाही का सामना करने वाले शहरों में जलालाबाद भी शामिल है, जहां सिख गुरु गुरु नानक ने दौरा किया था। इस शहर में गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार स्थित है। वर्तमान



में अफगानिस्तान में रहने वाले हिंदुओं और सिखों की सटीक संख्या उपलब्ध नहीं है। यूरोपीय संघ एजेंसी फॉर एसाइलम के अनुसार, 1970 के दशक में इनकी संख्या सात लाख से अधिक थी, जो 2021 के अंत तक घटकर लगभग 150 रह गई थी। सिख और हिंदू संगठन की वेबसाइट पर एक पोस्ट के अनुसार, 2019 में अब भंग हो चुके अफगानिस्तान के स्वतंत्र निर्वाचन आयोग ने देशभर में 1,105 सिख और हिंदू मतदाताओं को दर्ज किया था, जिनमें से 759 काबुल, 342 नंगरहार प्रांत और केवल चार हेलमंद में थे। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने आशंका जताई है कि भूकंप से सैकड़ों-हजारों लोग प्रभावित हो सकते हैं। रविवार को आए भूकंप के बाद पहले 24 घंटों में राहत और बचाव कार्यों तक पहुंच 'बेहद सीमित' रही। भूकंप के कारण हुए भूस्खलन और चट्टानों के गिरने से बचाव कार्य बाधित हुए। हाल की भारी बारिश के कारण पहले से ही कुछ सड़कें भूस्खलन से अवरुद्ध थीं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 4 सितम्बर, 2025 भादो शुक्ल पक्ष 12

### राशिफल

मेष - व्यावसायिक क्षेत्र में सहकर्मियों और भागीदारों के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी। आपकी किसी परियोजना को सरकारी लाभ मिलने की संभावना है। कार्यालय से जुड़े कामों के लिए यात्रा के भी योग हैं।

वृषभ - आज का दिन आपके लिए मिश्र फलदायी रहेगा। व्यापारी अपने व्यापार में धन लगाकर नए कार्य का प्रारंभ कर सकेंगे और भविष्य के लिए योजना भी बना पाएंगे। विदेशगमन की संभावना भी है।

मिथुन - आपको स्वभाव की उग्रता पर अंकुश में रखना चाहिए। गलत विचार रखने से बदनामी हो सकती है। अधिक खर्च होने से आपको आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा।

कर्क - आज आप समाज और व्यवसाय में लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मौज-मस्ती, वस्त्राभूषण तथा वाहन की खरीदारी कर सकेंगे। मनोरंजन, रुचिकर प्रवृत्तियों तथा दोस्तों से मिलकर सुख का अनुभव करेंगे। आपका वैवाहिक जीवन बहुत सुखी रहेगा।

सिंह - आपको मन में उदासीनता और भय का अनुभव होगा। हालांकि घर में सुख-शांति बनी रहेगी। आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त होगी। परिश्रम करने में आप पीछे नहीं रहेंगे।

कन्या - आज आप संतान की समस्या से चिंतित रहेंगे। अपच आदि पेट दर्द की बीमारियों की शिकायत रहेगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई में विघ्न आएगा। बौद्धिक चर्चा तथा बातचीत में भाग न लें। प्रेम संबंधों में सफलता मिलेगी।

तुला - आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। इससे आपका मन बेचैनी का अनुभव करेगा। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। परिजनों से वाद-विवाद हो सकता है। यात्रा के लिए समय अनुकूल नजर नहीं आ रहा है।

वृश्चिक - आज आपको काम में सफलता मिलेगी। कोई वित्तीय लाभ होगा और भाग्य में भी वृद्धि हो सकती है। आप नए काम भी शुरू कर सकेंगे। आपको अपने दोस्तों के पास से भावनात्मक सहयोग मिलता रहेगा।

धनु - आज किसी बात का भय आपके मन में रहेगा। परिवार में भी किसी से विवाद हो सकता है। कहीं गलत जगह पैसा खर्च हो सकता है। आपके कार्यों में भी विघ्न होगा। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

मकर - आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। पूजा-पाठ में समय व्यतीत करेंगे। आपके सभी काम अच्छी तरह पूरे होंगे। मित्रों और सगे- सम्बंधियों से आपको उपहार मिल सकता है। आपका तन- मन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा।

कुंभ - आपको आज किसी का जमानती न बनने और किसी के साथ पैसे की लेन-देन न करने की सलाह दी जाती है। खर्च बढ़ सकता है। तन-मन में अस्वस्थता का अनुभव होगा। स्वजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

मीन - आज आप किसी समारोह में भाग ले सकेंगे। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आपको खुशी होगी। किसी रमणीय स्थान में जाने की संभावना है। कोई अच्छा समाचार मिल सकता है। पत्नी और संतान से भी लाभ हो सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1665-मुग़लों और छत्रपति शिवाजी महाराज के बीच राजा जयसिंह संधि पर हस्ताक्षर हुए।
1781-स्पेन के निवासियों द्वारा लॉस एंजिल्स की स्थापना की गयी।
1825-भारत के प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ दादा भाई नौरोजी का जन्म।
1888-गांधीजी ने इंग्लैंड के लिए समुद्री यात्रा शुरू की।
1944-द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सैनिकों ने बेल्जियम के एंटवर्प शहर में प्रवेश किया।
1946-भारत में अंतरिम सरकार का गठन किया गया।
1952-भारतीय फ़िल्म अभिनेता, फ़िल्म निर्माता और निर्देशक ऋषि कपूर का जन्म।
1967-6.5 तीव्रता वाले भूकंप की चपेट में आया महाराष्ट का कोयना बांध, 200 से ज्यादा लोगों की मौत।
1969-उत्तरी वियतनाम के राष्ट्रपति एवं राष्ट्रपिता हो ची मिन्ह का देहावसान।
1982-भारतीय राज्य असम से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ गौरव गोगोई का जन्म।
1985-73 सालों के बाद समुद्र में डूबे जहाज टाइटेनिक की तस्वीरें सामने आईं थीं। टाइटेनिक दुर्घटना में इस जहाज पर सवार 1,500 लोग मारे गए थे।
1997-भारत के प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मवीर भारती का निधन।
1998-अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने आयरलैंड के डबलिन में स्वीकार किया कि मोनिका लेविंस्की के साथ संबंध क़ायम करना बड़ी ग़लती थी।
1999-ईस्ट तिमोर में सम्पन्न हुए जनमत संग्रह में 78.5 प्रतिशत जनता ने इंडोनेशिया से स्वतंत्रता के पक्ष में अपना मत प्रकट किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**बाढ़, बारिश ने बिगाड़े...**

जारी है। 23 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 1200 से ज्यादा गांवों में पानी भरा है। अब तक 30 लोगों की मौत हुई है। 3 लोग लापता हैं। सभी स्कूल-कॉलेजों को 7 सितंबर तक बंद करने का फैसला लिया गया है। हरियाणा में झज्जर, हिसार, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला के कई हिस्सों में 3-5 फीट तक पानी भरा है। यहां के 200 से ज्यादा स्कूल बंद हैं। अंबाला के सैकड़ों घरों में 2-4 फीट पानी भरा हुआ है। हथिनीकुंड बैराज से 67 घंटे से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है।

**हिमाचल में भूस्खलन से 7 की मौत**-हिमाचल प्रदेश में 1300 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। पिछले 24 घंटे में 11 लोगों की मकान गिरने और लैंडस्लाइड में मौत हुई। आज सुबह कुल्लू में लैंडस्लाइड में 2 लोगों की मौत हो गई। कल शाम मंडी के सुंदरनगर में दो घरों पर लैंडस्लाइड हुई थी। हादसे में मरने वालों की संख्या 7 हो गई है। आज मलबे से 4 शव निकाले गए हैं। राज्य के 7 जिलों में स्कूल-कॉलेजों को बंद रखा गया है।

**सीमा पर घुसपैठ का...**

हालांकि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ज्यादातर जगहों पर बाड़ और अग्रिम चौकियों को नुकसान पहुंचा है, लेकिन चिनाब के कहर के कारण अखनूर के परगवाल द्वीप पर काफी नुकसान हुआ है। इन सभी नुकसानों के बावजूद, सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के लिए बीएसएफ द्वारा अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गश्त और कड़ी निगरानी में कोई कमी नहीं की गई है।

**निगरानी के लिए नावों का इस्तेमाल**-बीएसएफ द्वारा सीमा पर गश्त के लिए हर संभव तरीके अपनाए जा रहे हैं, जिसमें बाढ़ग्रस्त इलाकों से कुछ दूरी तक गश्त, कई जगहों पर नावों का इस्तेमाल, निगरानी कैमरे लगाना आदि शामिल हैं।

**संपत्ति को भारी नुकसान हुआ**-याद रहे जम्मू, सांबा और कठुआ पाकिस्तान के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं और जम्मू क्षेत्र के अन्य जिलों के अलावा ये तीनों जिले भारी बारिश के कारण आई अचानक बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। अखनूर और बसंतर के विभिन्न हिस्सों से होकर बहने वाली चिनाब नदी और उसकी सहायक नदियां और सांबा में उसकी सहायक नदियां 26 अगस्त और उसके बाद के दिनों से ही खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इसके अलावा, जम्मू, सांबा और कठुआ में कई नाले उफान पर थे, जिससे बाड़ और सीमा चौकियों के अलावा सरकारी बुनियादी ढांचे और नागरिक संपत्ति को भारी नुकसान हुआ।

**तूतिया डैम टूटने से...**

लापता होने की सूचना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत दुखद और पीड़ादायी घटना है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूँ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारी वर्षा के कारण उत्पन्न इस प्राकृतिक आपदा से जनहानि के साथ-साथ भवनों को क्षति पहुँची है, फसलों का नुकसान हुआ है और पशुहानि भी हुई है। यह स्थिति प्रभावित परिवारों के लिए बेहद कठिन और दुखदायी है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि इस कठिन घड़ी में प्रदेश सरकार शोकाकुल परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि राहत और बचाव कार्यों के लिए जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय टीमें पूरी तत्परता से जुटी हुई हैं। घायलों के उपचार की समुचित व्यवस्था कराई गई है तथा लापता लोगों की खोज के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि घटना में हुई जनहानि के लिए शासकीय नियमों के अनुरूप अनुग्रह सहायता स्वीकृति का प्रस्ताव शीघ्र तैयार किया जाए। प्रभावित परिवारों को अस्थायी आश्रय, खाद्यान्न और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाए। साथ ही मकान, फसल और पशुहानि का विस्तृत सर्वे कर शीघ्र राहत सुनिश्चित की जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता एवं सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**जीएसटी के दो स्लैब ...**

इसमें केवल 5 फीसदी और 12 फीसदी के स्लैब रहेंगी। इसके अलावा लक्जरी और तंबाकू की चीजों पर 40 फीसदी जीएसटी लागू होंगे। एसी और टीवी जैसे इलेक्ट्रिक प्रोडक्ट्स 18 फीसदी जीएसटी के दायरे में आएंगे। डाई फ्रूट्स, अचार, कॉर्न फ्लेक्स, चीनी और शुगर क्यूबस जैसे कई सामान 5 फीसदी जीएसटी लगेगा। इसके अलावा, सीमेंट पर 28 फीसदी के बजाय 18 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा। 1200 सीसी के अंदर आने वाली कारें और 350 सीसी के अंदर आने वाली बाइक पर जीएसटी की दर 18 फीसदी होगी, जबकि मिड साइज कारों पर जीएसटी की दर 40 फीसदी होगी। प्रेस कांफ्रेस में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ये सुधार आम आदमी को ध्यान में रखकर किए गए हैं। आम आदमी के दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर लगने वाले हर कर की कड़ी समीक्षा की गई है और ज्यादातर मामलों में दरों में भारी कमी आई है। श्रम प्रधान उद्योगों को अच्छा समर्थन दिया गया है। किसानों और कृषि क्षेत्र के साथ-साथ स्वास्थ्य क्षेत्र को भी लाभ होगा। अर्थव्यवस्था के प्रमुख चालकों को प्रमुखता दी जाएगी।

**3 कृषि कारोबारी के ...**

काम करती है। यहां 6 से अधिक अधिकारी मौजूद हैं जो कंपनी के वित्तीय लेन.देन और अन्य दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। वहीं दूसरी टीम भिलाई के शांति नगर में चार्टर्ड अकाउंटेंट आदित्य दीनोदिया अग्रवाल के निवास पहुंची है। आदित्य अग्रवाल का ऑफिस रायपुर में ह लेकिन उनकी भिलाई स्थित कोठी पर ईडी की दो अधिकारियों की टीम पहुंची है। यहां परिजनों से पूछताछ की जा रही है और घर के अंदर मौजूद दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

**राजिम में कारोबारी के घर छापा**

गरियाबंद जिले के राजिम में उगम राज कोठारी के मकान और दुकान पर ईडी ने छापा मारा है। कारोबारी कृषि यंत्रों की सप्लाई का शासन से ठेका लेता है। अधिकारी सुबह दो इनोवा वाहन में कारोबारी के घर पहुंचे। घर और मकान को चारों तरफ से सील किया गया है। टीम दस्तावेज खंगाल रही है। राजिम में उगम राज कोठारी के मकान और दुकान पर ईडी ने छापा मारा है।

**विपक्ष को डराने मारे जा रहे छापे. बैज**

ईडी के छापे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास कोई काम नहीं है। कभी शराब कभी कोल कभी डीएमएफऔर अब एग्रीकल्चर आगे पीएचई पर जाएंगे।

**कांग्रेस की बैठक में ...**

कहा कि अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं को संयमित रखें, ताकि भविष्य में इस तरह के विवाद न हों। ऐसे लोग कभी किसी को मुख्यमंत्री तो कभी किसी को प्रदेश अध्यक्ष बना देते हैं।

भूपेश बघेल के जन्मदिन के मौके पर रविंद्र चौबे ने कहा था कि छत्तीसगढ़ की जनता आज भी भूपेश बघेल का नेतृत्व चाहती है। इस बयान के बाद कांग्रेस में खासी हलचल मच गई थी। हालांकि बाद में चौबे ने सफाई देते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा सामूहिक नेतृत्व में काम करती है। बाद में रविंद्र चौबे ने यू-टर्न लेते हुए कहा था कि कांग्रेस कलेक्टिव नेतृत्व में काम करती है।

**'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान ...**

नक्सलियों का बेस कैंप समाप्त किया। उन्होंने कहा कि कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर बने नक्सलियों के मैटीरियल डंप और सप्लाई चेन को छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा के जवानों ने पराक्रम से नष्ट कर दिया।

अमित शाह ने कहा कि नक्सलियों ने देश के सबसे कम विकसित क्षेत्रों को बहुत नुकसान पहुँचाया है, स्कूल और अस्पताल बंद कर दिए और सरकारी योजनाओं को स्थानीय लोगों तक नहीं पहुँचने दिया। उन्होंने कहा कि नक्सलविरोधी अभियानों के कारण पशुपतिनाथ से लेकर तिरुपति तक के क्षेत्र में साढ़े 6 करोड़ लोगों के जीवन में नया सूर्योदय हुआ है। शाह ने कहा कि नक्सलविरोधी अभियानों में गंभीर शारीरिक क्षति उठाने वाले सुरक्षाबलों के जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए मोदी सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का संकल्प है कि हम 31 मार्च, 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त कर देंगे।

**टीआरएफ को मलेशिया से...**

चला कि वह सजाद मीर से लगातार संपर्क में था और पैसे की व्यवस्था कर रहा था। जांच एजेंसी के मुताबिक हयात कई बार मलेशिया गया और मीर की मदद से करीब 9 लाख रुपए इकट्ठे किए, जो बाद में शफात वानी नामक टीआरएफ ऑपरेटिव को दिए गए। शफात वानी टीआरएफ का एक अहम सदस्य है और उसने भी मलेशिया की यात्रा की थी, लेकिन यह यात्रा 'यूनिवर्सिटी कॉन्फ्रेंस' के बहाने की गई थी, जबकि यूनिवर्सिटी ने ऐसी किसी स्पॉन्सरशिप की पुष्टि नहीं की। यह भी पता चला कि हयात सिर्फ मीर से ही नहीं, बल्कि दो पाकिस्तानी नागरिकों से भी संपर्क में था। उसका मुख्य काम विदेशों से पैसे जुटाना और टीआरएफ के लिए फंडिंग की व्यवस्था करना था।

## वर्ग पहेली 7024

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१ वह पात्र जिसमें शवदाह के बाद मृतक की हड्डियों को रखा जाता है
१. अव्यवस्था,, गोलमाल, घपला
६. पढ़ा-लिखा,साक्षर
७. बुद्धिमान
८. बंदीगृह
१०. सौदे आदि में मध्यस्थता करने वाला
११. प्रज्वलित होना, जोर से जल उठना, क्रुद्ध होना. चौंकना, बिदकना
१३. जीत, फतह
१४. हरगिज
१५. बंधुत्व
१७. ऊंट के नाक में डाली जाने वाली रस्सी
१९. कमल
२१. कामयाबी
२४. सूर्य किरण

**ऊपर से नीचे:-**

१. जिनके पास कुछ न हो, अति निर्धन, वह वस्तु जिसका कोई मूल्य न हो
२. असह्य, अघिक मेहनत वाला काम (उपमा)
३. चंद्रमा के समान सुंदर मुख वाली
४. बीता हुआ समय
५. उपद्रव, दंगा १ (उर्दू)
९. 'टाईम कीपर
११. हित, कल्याण, अच्छा
१२. भैंस का नर बच्चा
१३. जंगल, वन
१४. दया, अनुकंपा
१५. किस्मतवर
१६. चायलूस
१८. सिर्फ, मात्र
१९. चंद्रमा, चंद्रमा का धब्बा
२०. चिपकने का गुण
२३. करतल ध्वनि

### वर्ग पहेली-7023

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ रा | ष्ट्र | २ कु | ल | ■ | ■ | ३ त | ह | ४ नि | शां |
| ज | ■ | कु | ■ | ५ ध | तू | रा | ■ | र्मो | ■ |
| ६ ह | ड़ | ब | ड़ा | ना | ■ | ७ श | क्ति | ही | ८ न |
| ठ | ■ | खा | ■ | ९ गा | ड़ | ना | ■ | ■ | ग |
| ■ | १० अ | ना | ११ का | र | ■ | ■ | १२ आ | तु | र |
| ■ | द | ■ | ट | ■ | १३ जि | ज्ञा | सा | ■ | ज |
| १४ ब | द | १५ ल | ना | ■ | ल्ल | ■ | १६ र | १७ स | न |
| हा | ■ | घु | ■ | १८ व | त | १९ न | ■ | मू | ■ |
| २० दु | र्दां | त | ■ | र्षा | ■ | २१ मि | थ्या | चा | २२ री |
| र | ■ | २३ म | न | ग | ढं | त | ■ | ■ | ढ़ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### गुजरात : एशिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स में दर्ज हुए 'ट्री गणेश'

**सूरत।** गुजरात के सूरत के कतारगाम इलाके में जेनिटेक्स मिल कंपाउंड स्थित गणेश प्रतिमा को एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने मान्यता दी है। आठ सालों से, एक पेड़ के नीचे पर्यावरण-थीम वाला पंडाल पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा दे रहा है। यह एक मात्र ऐसा गणेश पंडाल है जो लोगों में पर्यावरण जनजागृति का संदेश दे रहा है। यह पंडाल एक वृक्ष के नीचे बना है, जहां वृक्ष के अंदर से ही भगवान गणेश की आकृति उकेरी गई है। वहीं, पंडाल के भीतर पर्यावरण बचाने को लेकर अलग-अलग संदेश दिया जा रहा है। इस यूनीक थीम पर काम करने वाले पर्यावरण प्रेमी और ग्रीन सूरत की मुहिम चलाने वाले विरल देसाई बताते हैं कि वो पिछले आठ वर्षों से यहां भगवान गणेश की स्थापना करते हैं और इस दौरान स्कूल, कॉलेज के छात्रों के अलावा बड़ी संख्या में भगवान गणेश का दर्शन करने के लिए आने वाले भक्तों को प्रदूषण, स्वास्थ्य, और पर्यावरण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। अब तक करीबन डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों को पर्यावरण से जोड़ा है। इसको लेकर एशिया बुक ऑफ रिकार्ड्स की ओर से नाम दर्ज किया है, जिसकी बेहद खुशी है। वहीं, यहां आने वाले युवा भी इस यूनिक गणेश पंडाल की खूब तारीफ कर रहे हैं।

# खेल जगत

## एसए-20 की नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बन सकते हैं एडन मार्करम : क्रिस मॉरिस

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका लीग (एसए-20) के चौथे संस्करण के लिए 9 सितंबर को नीलामी होने वाली है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर क्रिस मॉरिस ने उम्मीद जताई है कि नीलामी में एडन मार्करम सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में उभर सकते हैं। सुपरस्पोर्ट से बात करते हुए क्रिस मॉरिस ने कहा कि मेरा अनुमान है कि इस नीलामी में एडेन मार्करम सबसे ज्यादा कीमत वाले खिलाड़ी होंगे। निश्चित रूप से उन पर बड़ी बोली लगने की संभावना है। उनके अलावा डेवाल्ड ब्रेविस और मैथ्यू ब्रीट्जके पर भी बड़ी बोली लग सकती है। मॉरिस ने कहा कि अगर कोई टीम मार्कराम को नहीं खरीद पाती है, तो वे ब्रेविस को चुन सकते हैं। ब्रेविस कई टीमों के लिए मुख्य लक्ष्य हो सकते हैं। एडन मार्करम अपने करियर के बेहतरीन दौर में हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट हो या फिर लीग क्रिकेट, उनका बल्ला रन उगल रहा है। इस वजह से साउथ अफ्रीका लीग में उन पर सभी फ्रेंचाइजियों की निगाहें हैं।



# भारतीय मुक्केबाज पहली विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में दिखाएंगे अपना दमखम

### चैम्पियनशिप में दुनिया के कुछ शीर्ष मुक्केबाजों के साथ कई श्रेणियों में मुकाबला करेंगे

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और विश्व चैंपियन निकहत जरीन जैसी दिग्गज मुक्केबाजों के नेतृत्व में, 20 भारतीय मुक्केबाज लिवरपूल में 4 से 14 सितंबर तक एम एंड एस बैंक एरिना में आयोजित होने वाली पहली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में दुनिया के कुछ शीर्ष मुक्केबाजों के साथ कई श्रेणियों में मुकाबला करेंगे।

■ ब्राजील में हुए विश्व मुक्केबाजी कप में, भारतीय दल ने छह पदक जीते




यह द्विवार्षिक चैंपियनशिप दुनिया भर के बेहतरीन शौकिया मुक्केबाजों को एक साथ लाएगी, जहां भारत इस साल की शुरुआत में ब्राजील और कजाकिस्तान में आयोजित विश्व मुक्केबाजी कप में 17 पदक जीतने के बाद शीर्ष फॉर्म में है।

भारत हाल ही में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन के आधार पर, मजबूत लय के साथ इस टूर्नामेंट में प्रवेश कर रहा है। ब्राजील में हुए विश्व मुक्केबाजी कप में, भारतीय दल ने छह पदक जीते, जिनमें हितेश ने एक स्वर्ण और अभिनाश जामवाल ने एक रजत पदक जीता, साथ ही चार कांस्य पदक भी जीते। यह अंतरराष्ट्रीय सफलता कजाकिस्तान में हुए विश्व मुक्केबाजी कप में भी जारी रही, जहां भारत की निरंतरता और गहराई दोनों ही निखर कर सामने आईं और दल ने तीन स्वर्ण सहित 11 और पदक जीते। सभी वर्गों में सफलतापूर्वक प्रतिस्पर्धा करने की देश की क्षमता का भी प्रदर्शन हुआ, जब नूपुर श्योराण ने हैवीवेट वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। पुरुष टीम के कोच धर्मेंद्र सिंह यादव ने कहा कि शेफील्ड में हमारी तैयारी असाधारण रही है। यह टीम अनुभवी खिलाड़ियों का एक शक्तिशाली मिश्रण है, जो पहले भी पोडियम पर पहुंच चुके हैं, और अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली युवा मुक्केबाजों की एक नई लहर है जो अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं। हमें इस समूह पर पूरा विश्वास है, और हम विश्व चैंपियनशिप में आने वाली हर चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार हैं। महिला टीम के कोच डॉ. चंद्रलाल ने कहा कि इस टीम का समर्पण और कड़ी मेहनत वाकई प्रेरणादायक है। हमने मेहनत की है, हमने नींव रखी है, और अब हम भारतीय महिला मुक्केबाजी का असली जुझारूपन दिखाने के लिए तैयार हैं।

> पुरुष टीम अनुभवी खिलाड़ियों का एक शक्तिशाली मिश्रण है, जो पहले भी पोडियम पर पहुंच चुके हैं, और अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली युवा मुक्केबाजों की एक नई लहर है जो अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं : धर्मेंद्र सिंह यादव

विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) और दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन (51 किग्रा) की मौजूदगी से मजबूत हुई है, जो अनुभव, तकनीकी निपुणता और वैश्विक अनुभव का एक अद्भुत मिश्रण लेकर आई हैं। इस टीम में कुशल पदक विजेता एथलीट हितेश (70 किग्रा), अभिनाश (65 किग्रा), नुपुर (80 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा), मीनाक्षी (48 किग्रा), साक्षी (54 किग्रा), जैस्मीन (57 किग्रा), संजू (60 किग्रा), नीरज फोगट (65 किग्रा) और टी. सनमाचा चानू (70 किग्रा) शामिल हैं।

## मार्केटा वोंद्रोसोवा यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल से हटीं

**न्यूयॉर्क,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा ने घुटने की चोट का हवाला देते हुए बेलारुस की आर्यना सबालेंका के खिलाफ यूएस ओपन महिला एकल क्वार्टर फाइनल से अपना नाम वापस ले लिया। 2023 विंबलडन चैंपियन वोंद्रोसोवा के हटने के साथ, गत चैंपियन सबालेंका वॉकओवर के जरिए सेमीफाइनल में पहुंच गईं। अब उनका सामना अमेरिका की दिग्गज जेसिका पेगुला से होगा।

वोंद्रोसोवा ने एक बयान में कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए दुख हो रहा है कि घुटने की चोट के कारण मुझे अपने क्वार्टर फाइनल मैच से हटना पड़ रहा है। मैंने कोर्ट पर उतरने की पूरा प्रयास किया, लेकिन वार्म-अप के दौरान मेरे घुटने में फिर से दर्द महसूस हुआ और टूर्नामेंट डॉक्टर से सलाह लेने के बाद मैंने चोट को और बढ़ाने का जोखिम नहीं उठाने का फैसला किया। मैं इस टूर्नामेंट में मिले सभी समर्थन की सराहना करती हूं और उन प्रशंसकों से माफी मांगती हूं जो इस मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मैंने यहां न्यूयॉर्क में बहुत अच्छा समय बिताया और अगले साल वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रही। सबालेंका ने सोशल मंच इंस्टाग्राम पर अपनी प्रतिद्वंदी के प्रति सहानुभूति व्यक्त हुए लिखा, कि मार्केटा के लिए बहुत दुख है, क्योंकि उसने इतना कुछ झेला है।

### इंग्लैंड बनाम साउथ अफ्रीका

## मेजबान टीम के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला, हर हाल में जीत जरूरी

■ इंग्लैंड की टीम तीन मुकाबलों की इस सीरीज में 0-1 से पीछे है



**नई दिल्ली,** 3 सितबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच लंदन में गुरुवार को वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाना है। इस मैच में इंग्लैंड की टीम हर हाल में जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। इंग्लैंड की टीम तीन मुकाबलों की इस सीरीज में 0-1 से पीछे है। लीड्स में खेले गए सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड को सात विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। ऐसे में इंग्लैंड ने अगर दूसरा मुकाबला भी गंवा दिया, तो मेजबान टीम सीरीज से हाथ धो बैठेगी। इस मुकाबले में जो रूट और बेन डकेट बतौर बल्लेबाज इंग्लैंड को मजबूती देते नजर आ सकते हैं। वहीं, गेंदबाजी में आदिल राशिद और साकिब महमूद विपक्षी टीम को परेशान कर सकते हैं। साउथ अफ्रीका को बल्लेबाजी में मैथ्यू ब्रीत्जके और टेंबा बावुमा से खासा उम्मीदें हैं। वहीं, गेंदबाजी में केशव महाराज और लुंगी एनगिडी मुकाबले का पासा पलटने का माद्दा रखते हैं। लॉर्ड्स की पिच पर शुरुआत में बल्लेबाजी आसान होती है। तेज गेंदबाज नई गेंद से मूवमेंट हासिल कर सकते हैं। जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है, पिच धीमी होती जाती है। यहां से स्पिनर्स के लिए शानदार मौका बनता है। इस मैच में टॉस जीतने वाली टीम गेंदबाजी चुनने पर विचार कर सकती है।

इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच साल 1992 से अब तक कुल 72 वनडे मैच खेले गए हैं, जिसमें 30 मुकाबले इंग्लैंड ने जीते, जबकि 36 मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा। पांच मुकाबले बेनतीजा रहे, जबकि एक मैच टाई रहा।

**इंग्लैंड की टीम :** जेमी स्मिथ, बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रूक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), जैकब बेथेल, विल जैक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, सन्नी बेकर, जेमी ओवरटन, साकिब महमूद, टॉम बैंटन और रेहान अहमद।

**साउथ अफ्रीका की टीम :** एडन मार्करम, रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), टेंबा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, वियान मुल्डर, कॉर्बिन बॉश, केशव महाराज, नंद्रे बर्गर, लुंगी एनगिडी, मैथ्यू ब्रीत्जके, कगिसो रबाडा, सेनुरन मुथुसामी, क्वेना मफाका, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस और कोडी यूसुफ।

## 2 दिसम्बर से आईएलटी-20 की शुरुआत, 4 जनवरी को खेला जाएगा फाइनल

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। आईएलटी20 के चौथे सीजन की शुरुआत 2 दिसंबर से होने जा रही है, जबकि फाइनल 4 जनवरी को खेला जाएगा। दुबई में सीजन का ओपनिंग मैच पिछले साल के फाइनल का रीमैच होगा। इस मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन दुबई कैपिटल्स का सामना डेजर्ट वाइपर्स से होगा। पिछले साल के फाइनल के रीमैच के साथ शुरू होगा, जो गत चैंपियन दुबई कैपिटल्स और डेजर्ट वाइपर्स के बीच 2 दिसंबर को दुबई में खेला जाएगा। आईएलटी20 का लीग चरण 28 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें प्रतियोगिता में चार डबल-हेडर निर्धारित हैं। शारजाह वॉरियर्स का सामना 3 दिसंबर को शारजाह में अबू धाबी नाइट राइडर्स से होगा। इसके बाद 4 दिसंबर को गल्फ जायंट्स और एमआई एमिरेट्स की टीमें दुबई में आमने-सामने होंगी। दुबई कैपिटल्स मौजूदा चैंपियन है, जिसने पिछले सीजन के फाइनल में डेजर्ट वाइपर्स को चार विकेट से शिकस्त दी थी। टीम को यह जीत केवल चार गेंदें शेष रहते मिली थी।

## कोहली ने 4 जून की त्रासदी पर शोक व्यक्त किया, पीड़ितों के लिए प्रार्थना की

> मैं उन परिवारों के बारे में सोच रहा हूँ और उनके लिए प्रार्थना कर रहा हूँ जिन्हें हमने खो दिया : विराट कोहली




**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। विराट कोहली ने आखिरकार 4 जून की त्रासदी पर एक भावुक बयान जारी करके अपनी चुप्पी तोड़ी है, जिसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विजय उत्सव को धूमिल कर दिया था। कोहली ने आरसीबी के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक नोट में कहा ज़िंदगी में कोई भी चीज आपको 4 जून जैसे दिल टूटने के लिए तैयार नहीं करती। जो हमारी फ्रेंचाइजी के इतिहास का सबसे खुशी का पल होना चाहिए था... वह एक दुखद घटना में बदल गया। मैं उन परिवारों के बारे में सोच रहा हूँ और उनके लिए प्रार्थना कर रहा हूँ जिन्हें हमने खो दिया... और हमारे उन प्रशंसकों के लिए जो घायल हुए। आपका नुकसान अब हमारी कहानी का हिस्सा है।

हम साथ मिलकर देखभाल, सम्मान और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ेंगे। 4 जून को, बेंगलुरु में एक उल्लासपूर्ण विजय परेड के रूप में शुरू हुआ जश्न उस समय अराजकता में बदल गया जब भारी भीड़ के कारण भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई, जिसमें 11 लोगों की जान चली गई और 50 प्रशंसक गंभीर रूप से घायल हो गए।

### पाटीदार ने समर्थन के लिए जताया आभार

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने टीम के पहले आईपीएल खिताब जीतने के बाद 4 जून को जश्न के दौरान हुई भगदड़ पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। इस घटना में 11 फैंस की जान चली गई थी। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कप्तान रजत पाटीदार के हवाले से लिखाकि जब भी मैं आरसीबी के लिए जोश के साथ मैदान पर उतरता हूं, वो जोश आपसे आता है। यह जोश आपके प्यार, आपके विश्वास और आपके अटूट समर्थन से आता है। आप हमेशा हमारे साथ खड़े रहे हैं। मैं तहे दिल से चाहता हूं कि आपको पता चले कि हम भी आपके साथ हैं।

## आईओए ने आईओसी के साथ साझेदारी की बहाली का स्वागत किया

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा ओलंपिक सॉलिडेरिटी कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी साझेदारी को पूरी तरह से बहाल करने के निर्णय का आज स्वागत किया। आईओए ने कहा कि यह कदम हाल के महीनों में भारतीय खेलों में हुए महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुधारों और प्रगति को दर्शाता है। आईओए अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में, आईओसी ने खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक, हर स्तर पर एथलीटों का समर्थन करने के लिए आईओए और भारत सरकार द्वारा उठाए गए सकारात्मक कदमों की सराहना की। आईओसी ने दो प्रमुख घटनाक्रमों पर प्रकाश डाला: रघुराम अय्यर की आईओए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में औपचारिक नियुक्ति और भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम को अपनाना – दोनों को देश में खेलों के लिए एक मजबूत आधार बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ओलंपिक सॉलिडेरिटी कार्यक्रमों की बहाली से भारत के एथलीट सबसे अधिक लाभान्वित होंगे।

## वनडे फॉर्मेट में नंबर-1 ऑलराउंडर बने सिकंदर रजा




■ सिकंदर रजा सीरीज के पहले मुकाबले में 87 गेंदो का सामना करते हुए 92 रन बनाए

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर एजेंसियां)। जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में ऑलराउंडर्स की फेहरिस्त में शीर्ष स्थान अपने नाम कर चुके हैं। सिकंदर रजा ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में 87 गेंदो का सामना करते हुए 92 रन बनाए थे। गेंदबाजी में उन्होंने एक विकेट भी हासिल किया था। दूसरे वनडे मुकाबले में रजा ने 55 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 59 रन बनाए थे। इस पारी में सिकंदर रजा ने एक छक्का और पांच चौके लगाए। सिकंदर रजा वनडे ऑलराउंडर्स की सूची में दो पायदान ऊपर आ गए हैं, जबकि अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई और मोहम्मद नबी एक-एक पायदान नीचे फिसल गए।39 वर्षीय खिलाड़ी लगातार अर्धशतकों की बदौलत वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में भी नौ पायदान चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गया है।जिम्बाब्वे के खिलाफ 2-0 से क्लीन स्वीप के बाद श्रीलंकाई खिलाड़ियों को भी आईसीसी रैंकिंग में फायदा मिला है।

## इंडिया रेड और इंडिया ऑरेंज दृष्टिबाधित महिला टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में

**बेंगलुरु,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। इंडिया रेड और इंडिया ऑरेंज ने एनटीटी डेटा दृष्टिबाधित महिला टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) द्वारा दिव्यांगों के लिए समर्थनम ट्रस्ट के साथ मिलकर आयोजित और एनटीटी डेटा द्वारा संचालित, यह टूर्नामेंट शीर्ष 16 महिला क्रिकेटरों का चयन करने का एक माध्यम है जो इस नवंबर में नई दिल्ली, काठमांडू और बेंगलुरु में आयोजित होने वाले पहले महिला टी-20 दृष्टिबाधित विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। तीसरे दिन की मुख्य बातें: इंडिया रेड ने 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडिया येलो को हराया। कप्तान दीपिका टी सी (55 गेंदों पर 62 रन, बी3) और अनेखा ठाकुर (40 गेंदों पर 47 रन, बी2) ने लक्ष्य का पीछा किया। दीपिका को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## पोखरा में 6-10 अक्टूबर के बीच इंडो-नेपाल यूथ गेम्स चैम्पियनशिप, युवा खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत-नेपाल के बीच खेलों के जरिए दोस्ती और सहयोग को नई ऊंचाई देने के मकसद से इंडो-नेपाल यूथ गेम्स चैंपियनशिप-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह चैंपियनशिप नेपाल के पोखरा स्टेडियम में होने जा रही है। 6 से 10 अक्टूबर के बीच खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता में दोनों देशों के युवा खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अपना दमखम दिखाएंगे। इस आयोजन का संचालन भारत के युवा खेल एवं शिक्षा महासंघ की ओर से किया जा रहा है। महासंघ को भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय और फिट इंडिया मूवमेंट की मान्यता प्राप्त है, साथ ही इसे नीति आयोग, भारत सरकार की स्वीकृति भी मिली है। इंडो-नेपाल यूथ गेम्स चैंपियनशिप-2025 में लड़के और लड़कियां दोनों ही विभिन्न खेलों में हिस्सा लेंगे, जिनमें रेसलिंग, कराटे, जूडो, बॉक्सिंग, किक बॉक्सिंग, पावर लिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग, योग, कबड्डी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, फुटबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, स्नूकर, थ्रोबॉल, बास्केटबॉल, आर्चरी, एयर हॉकी, बॉलिंग एली, कैरम, खो-खो, बिलियर्ड्स, स्केटिंग और ताइक्वांडो शामिल हैं। पांच दिवसीय यह आयोजन दोनों देशों के खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए उत्साह और जोश से भरा रहेगा। इससे पहले, 13 सितंबर से 17 सितंबर के बीच यूथ गेम्स इंटरनेशनल चैंपियनशिप-2025 का आयोजन होगा। यह प्रतियोगिता 2025 तक पोखरा स्टेडियम, कास्की में खेली जाएगी।



■ इंडो-नेपाल यूथ गेम्स चैंपियनशिप-2025 में लड़के और लड़कियां दोनों ही विभिन्न खेलों में हिस्सा लेंगे

यूथ गेम्स इंटरनेशनल चैंपियनशिप-2025 में इनडोर और आउटडोर दोनों तरह के खेल शामिल हैं।

## सार संक्षेप

### एशिया कप : जापान ने चीनी ताइपे को हराया

**राजगीर।** जापान की हॉकी टीम ने बुधवार को हीरो एशिया कप 2025 में पांचवे से आठवें स्थान के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे को हरा दिया। आज यहां बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हॉकी स्टेडियम में खेले गए हीरो एशिया कप 2025 के मुकाबले में जापान की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे को 2-0 से शिकस्त दी। मैच की शुरुआत से ही जापान ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले क्वार्टर में योंसूके शिनोहारा के किये गये दो गोलों की बदौलत से बढ़त बनाई और इसके बाद जापान की रक्षापंक्ति और गोलकीपर कुरोदा किशो ने अगले तीनों क्वार्टर में चीनी ताइपे को कोई गोल नहीं करने दिया। जापान की टीम अब पांचवें और छठे स्थान के लिए सात सितंबर को होने वाले मुकाबले में चार सितंबर के मैच बंगलादेश बनाम कजाकिस्तान की विजेता टीम से खेलेगी। चीन ताइपे अब सातवें और आठवें स्थान के लिए चार सितंबर के मैच की हारी हुई टीम से खेलेगा। सातवें और आठवें स्थान के लिए मुकाबला छह सितंबर को खेला जायेगा।

### चोटिल संदेश झिंगन सीएएफए नेशंस कप से बाहर

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के खिलाफ सीएएफए नेशंस कप के अंतिम ग्रुप मैच से पहले भारत को बड़ा झटका लगा है। डिफेंडर संदेश झिंगन चोट के कारण टूर्नामेंट के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि डिफेंडर संदेश झिंगन को ईरान के खिलाफ भारत के सीएएफए नेशंस कप 2025 मैच के दौरान चोट लग गई थी और वह बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। वह आज भारत लौटेंगे। भारतीय टीम ग्रुप बी में अपने अखिरी मैच में गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरेगी और उसे तीसरे-चौथे स्थान के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए यह मैच जीतना होगा। प्रतियोगिता में पहली बार खेल रहे भारत के लिए पोडियम पर जगह बनाना एक बड़ी उपलब्धि होगी। भारतीय टीम के पास चिंगलेनसाना सिंह और राहुल भेके विकल्प के तौर पर मौजूद हैं।

### राजस्थान रणजी टीम के संभावितों का प्रशिक्षण शिविर नाथद्वारा में

**जयपुर।** राजस्थान में राजस्थान क्रिकेट संघ की रणजी प्रतियोगिता के लिये चुने जाने वाली टीम के लिये संभावित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर पांच सितम्बर को नाथद्वारा के मदन पालीवाल स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा।

## भांबरी और वीनस की जोड़ी यूएस ओपन के सेमीफाइनल में



**न्यूयॉर्क,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत के युकी भांबरी और उनके जोड़ीदार न्यूजीलैंड के माइकल वीनस ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पुरुष युगल स्पर्धा के तीसरे दौर में जीत हासिल कर अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। खेले गये प्री क्वार्टर फाइनल में 14वीं वरीयता प्राप्त भांबरी-वीनस ने पिछले सीजन के फाइनलिस्ट टिम पुट्ज और केविन क्राविएट्ज की चौथी वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी को एक घंटे 24 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। अगले दौर में भारत के युकी भांबरी और उनके न्यूजीलैंड के जोड़ीदार माइकल वीनस का मुकाबला 11वीं वरीयता प्राप्त क्रोएशिया के निकोला मेक्टिक और अमेरिकी अनुभवी राजीव राम से होगा।

### यूएस ओपन : सेमीफाइनल में भिड़ेंगे जोकोविच और अल्काराज



**न्यूयार्क।** 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच इस सीजन के सभी ग्रैंड स्लैम के अंतिम चार में पहुंच गए हैं। उन्होंने यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 7-5, 3-6, 6-4 से हराया। जोकोविच का इस जीत के साथ फ्रिट्ज के खिलाफ करियररिकॉर्ड 11-0 हो गया है। इस जीत के साथ, 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ओपन युग में एक ही सीजन में सभी चार प्रमुख टूर्नामेंटों के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए।जोकोविच अब टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा बार सेमीफाइनल में पहुंचने (14 बार) के मामले में जिमी कॉनर्स के साथ बराबरी पर हैं। उन्होंने 2011, 2015, 2018 और 2023 में यूएस ओपन जीता है। जोकोविच इस सीजन में सभी चार मेजर टूर्नामेंटों के सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं, जो उनके करियर में सातवीं बार है जब उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। उनका सीजन रिकॉर्ड 31-9 है।

### विलियम्स का सपना यूएस ओपन के अंतिम आठ में टूटा

**न्यूयॉर्क।** वीनस विलियम्स और उनकी जोड़ीदार लेयला फर्नांडीज का महिला युगल क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा से हारने के बाद यूएस ओपन के अंतिम चार में पहुंचने का सपना टूट गया। कनाडा की लेयला फर्नांडीज के साथ जोड़ी बनाकर खेल रही विलियम्स को 57 मिनट तक चले मुकाबले में ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड की जोड़ी से 6-1, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के बाद टाउनसेंड और सिनियाकोवा दोनों ने विलियम्स को सम्मान देते हुए उन्हें 'प्रेरणादायक' और 'लीजेंड' बताते हुए कहा कि मैं और मेरी बहन वीनस और सेरेना को देखते हुए बड़े होते हुए, हम उनके जैसे बनना चाहते थे।

## मध्य प्रदेश के टेमनी की बेटियां बनीं फुटबॉल की पहचान

**बैतूल,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में बैतूल जिले के टेमनी गांव की कहानी, शहडोल के विचारपुर गांव से अलग नहीं है, यहां भी तैयार हो रहे हैं रोनाल्डो और मैसी। जुनून ऐसा कि न मैदान, न जूते फिर भी प्रदेश का नाम रोशन करने का जूनून। बैतूल जिले का छोटा सा टेमनी गांव आज पूरे राज्य में फुटबॉल की नई नर्सरी बनकर उभर रहा है। संसाधनों की कमी के बावजूद भी यहां की आदिवासी बालिकाओं ने अपनी लगन और जुनून से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर धमक बनाई है। जिला मुख्यालय से महज सात किलोमीटर दूर बसे छोटे से टेमनी गांव की पहचान अब सिर्फ एक गांव तक सीमित नहीं रही। यह गांव राज्य में 'फुटबॉल की नर्सरी' के रूप में जाना जा रहा है। शहडोल के विचारपुर की तरह यहां भी बच्चे खासकर आदिवासी बालिकाएं अपने संघर्ष और जुनून के दम पर मैदान में बड़ा नाम कमा रही हैं। गांव में न तो कोई बेहतर खेल मैदान है और न ही खेल सामग्री। बच्चे फटे-पुराने जूतों में अभ्यास करते हैं। अधिकतर के माता-पिता मजदूरी कर परिवार का पेट पालते हैं। इसके बावजूद बेटियां हर दिन मैदान में पसीना बहाती हैं। यही जज्बा उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर की टीम तक ले जा रहा है।

■ यह गांव राज्य में 'फुटबॉल की नर्सरी' के रूप में जाना जा रहा है

### सुडोकू 7024 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 3 | 7 | 1 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 | 3 | 9 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 | 3 |

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 5.90 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.73 प्रतिशत |
| एम एंड एम | 1.62 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.19 प्रतिशत |
| इटरनल | 1.16 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंफोसिस | 1.19 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.55 प्रतिशत |
| हिंद यूनिलीवर | 0.49 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.45 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 0.36 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| दिल्ली | |
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,06,021 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,23,220 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7977.50 |
| मसूर काली | 8139.80 |
| उड़द दाल | 10438.17 |
| मूंग दाल | 10081.03 |
| अरहर दाल | 10669.41 |

# [ अर्थ जगत ]

**अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा**

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।



## भारत-जर्मनी के बीच सहयोग पर हुई चर्चा : गोयल

■ **बाजार तक पहुंच, रेगुलेटरी फ्रेमवर्क और ट्रेड को बढ़ाने को लेकर हुई चर्चा**

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल से भारत और जर्मनी के बीच डिफेंस, स्पेस, इनोवेशन और ऑटोमोबाइल में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

मुलाकात के बारे में जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीयूष गोयल ने कहा कि जर्मन के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल के साथ भारत और जर्मनी के व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों की एक बैठक की सह-अध्यक्षता की। इस बैठक में बाजार तक पहुंच, रेगुलेटरी फ्रेमवर्क और ट्रेड को बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई।

उन्होंने आगे कहा कि हमने डिफेंस, स्पेस, इनोवेशन और ऑटोमोबाइल में सहयोग पर भी चर्चा की, जिससे दोनों देशों के बीच साझेदारी को बढ़ाया जा सके। इसके अलावा, पीयूष गोयल ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल के साथ बैठक काफी प्रोडक्टिव रही। हमारी चर्चा द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने पर केंद्रित थी, साथ ही साझा विकास और समृद्धि के लिए इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी, टेक्नोलॉजी और पारस्परिक हित के अन्य क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते तलाशने पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा विदेश मंत्री जयशंकर ने भी जर्मनी के अपने समकक्ष से मुलाकात की।



**भारत जर्मनी का प्रमुख आर्थिक व्यापारिक साझेदार है और यहां 200 से ज्यादा जर्मन कंपनियां सक्रिय हैं : जोहान वेडफुल**

संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयशंकर ने कहा कि मैं यह दोहराना चाहता हूं कि हम देश में कारोबार करने की सुगमता को निरंतर बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और मैंने आज अपने जर्मनी के समकक्ष को आश्वासन दिया कि भारत में आने वाली, यहां स्थापित होने वाली, यहां काम करने वाली जर्मन कंपनियों की किसी भी चिंता पर हम विशेष ध्यान देने के लिए तैयार हैं।

वेडफुल ने कहा कि भारत जर्मनी का प्रमुख आर्थिक व्यापारिक साझेदार है और यहां 200 से ज्यादा जर्मन कंपनियां सक्रिय हैं। 2024-25 में जर्मनी भारत का 8वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। 2023-24 में यह भारत का 12वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार और 2022-23 में 11वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। अप्रैल 2000 से मार्च 2025 तक 15.11 अरब डॉलर के संचयी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के साथ जर्मनी भारत में 9वां सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक है।

### भारत एक उभरता हुआ बाजार : मार्क मोबियस

■ **चीन वृद्धि दर में नहीं दे सकता मात**

**नई दिल्ली।** अरबपति निवेशक मार्क मोबियस ने कहा है कि भारत एक उभरता हुआ प्रमुख बाजार है और चीन लंबे समय में भारत की वृद्धि दर में पीछे नहीं छोड़ सकता है। मोबियस ने कहा कि भारतीय निर्यात पर अमेरिकी शुल्क और अल्पकालिक अस्थिरता के बावजूद, भारत अपनी मजबूत घरेलू मांग और सरकारी सुधार के कारण अन्य उभरते बाजारों पर अपनी बढ़त बनाए रखेगा। मोबियस ने अपने पोर्टफोलियो का लगभग 20 प्रतिशत भारत में निवेश किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा निर्यात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने से फार्मा, जेम्स और परिधान जैसे क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि, उनका मानना है कि भारतीय व्यवसाय अफ्रीका जैसे अन्य बाजारों में मैन्युफैक्चरिंग को स्थानांतरित करके अनुकूलन कर सकते हैं। मोबियस ने कहा कि भारतीय उद्यमी बहुत रचनात्मक हैं। मुझे लगता है कि वे इनमें से कुछ समस्याओं से निपटने में सक्षम होंगे। अमेरिकी टैरिफ के बारे में उन्होंने कहा कि निर्यात से आर्थिक विकास में ज्यादा से ज्यादा 0.5 प्रतिशत से 0.75 प्रतिशत की कमी आ सकती है। लेकिन भारत का घरेलू बाजार बहुत बड़ा है और अभी भी तेजी से बढ़ रहा है। अगर विकास दर का अनुमान 6 प्रतिशत से घटकर 5.5 प्रतिशत भी हो जाए, तो भी यह कोई बड़ी बात नहीं है। अरबपति निवेशक ने कहा कि अमेरिकी सरकार को रूस से तेल आयात के लिए भारत को अलग से ट्रीट नहीं करना चाहिए, उन्होंने बताया कि चीन भी इतनी ही मात्रा में तेल खरीद रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि बातचीत से इन मतभेदों को सुलझाया जा सकता है, खासकर जब वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें गिर गई हैं। उन्होंने कमजोर रुपए को निर्यातकों के लिए सकारात्मक बताया।

## टैरिफ के बाद भी भारत में नई कंपनियों के पंजीकरण में हुई वृद्धि

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ में वृद्धि के बावजूद भारत में कारोबारी गतिविधियों की रफ्तार तेज बनी हुई है। अगस्त में नई कंपनियों और लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी) के पंजीकरण में वृद्धि हुई है।

यह जानकारी कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा दी गई। मंत्रालय की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया कि देश में अगस्त में करीब 20,170 कंपनियों का पंजीकरण हुआ है। इसमें सालाना आधार पर 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह लगातार आठवां महीना है, जब कंपनियों के पंजीकरण में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं, एलएलपी पंजीकरण सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 6,939 पर पहुंच गया है। अगस्त को मिला दिया जाए तो यह छठवां महीना है, जब एलएलपी




■ **कारोबारी माहौल व जीडीपी ग्रोथ अच्छी होना है वजह**

पंजीकरण में बढ़ोतरी देखी जा रही है। देश में कंपनियों और एलएलपी के पंजीकरण में बढ़ोतरी की वजह कारोबारी माहौल और जीडीपी ग्रोथ अच्छी होना है। सरकार छोटे व्यवसायों की मदद के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार करने के लिए लगातार काम कर रही है। जीएसटी दरों को कम करने के लिए परिषद की बैठक बुधवार से शुरू हो गई है, जो कि 4 सितंबर तक चलेगी। इस बैठक में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के ढांचे को दो स्तरीय टैक्स स्लैब में बदलने पर विचार किया जाएगा।

## सोना-चांदी की कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। कीमती धातु सोना और चांदी की कीमतों में बुधवार को तेजी दर्ज की गई है। दोनों ही कीमती धातुओं की कीमतें ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई हैं। जहां 10 ग्राम सोना 1.06 लाख के पार हो गया है वहीं, 1 किलोग्राम चांदी ने भी 1.23 लाख पार की छलांग लगा ली है।



इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 1,06,021 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि इससे पहले मंगलवार को 1,04,424 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। 24 कैरेट सोने में 24 घंटों में 1,597 रुपए प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 97,115 रुपए हो गई है, जो कि इससे पहले 95,652 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 79,516 रुपए हो गया है, जो कि पहले 78,318 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

इसी तरह, चांदी की कीमत भी बढ़कर 1,23,220 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है, जो कि बीते कारोबारी दिन 1,22,833 रुपए प्रति किलोग्राम दर्ज की गई थी। 1 किलोग्राम चांदी की कीमत में 387 रुपए की तेजी दर्ज की गई है।

## भारत के सर्विस सेक्टर की ग्रोथ अगस्त में 15 वर्ष के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत के सर्विसेज सेक्टर की ग्रोथ अगस्त में 15 वर्ष के उच्चतम स्तर पर रही है। इससे सर्विस प्रोवाइडर्स को बीते एक दशक की सबसे तेज कीमतों में बढ़ोतरी का मौका मिला है। यह जानकारी बुधवार को जारी की गई रिपोर्ट में दी गई।

एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अगस्त में 62.9 रहा है, जो कि जुलाई में 60.5 था। जब भी पीएमआई 50 से ऊपर होता है तो यह बढ़ोतरी को दिखाता है।

एचएसबीसी के मुख्य भारतीय अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी के अनुसार, नए ऑर्डरों में वृद्धि के कारण, भारत का सर्विसेज पीएमआई बिजनेस




एक्टिविटी इंडेक्स पिछले महीने पंद्रह वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त में मांग का एक प्रमुख संकेतक नया व्यवसाय जून 2010 के बाद से सबसे तेज दर से बढ़ा। अंतरराष्ट्रीय मांग में मजबूती आई है और निर्यात ऑर्डरों में 14 महीनों में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई। मजबूत विदेशी मांग ने सर्विस प्रोवाइडर्स को ग्राहकों के लिए कीमतों में और अधिक आक्रामक वृद्धि करने में सक्षम बनाया। उत्पादन मूल्य मुद्रास्फीति जुलाई 2012 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और इनपुट लागत नौ महीनों में सबसे तेज दर से बढ़ी।

■ **अंतरराष्ट्रीय मांग में आई मजबूती**

■ **निर्यात ऑर्डरों में 14 महीनों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज**

## उतार-चढ़ाव के बाद बाजारों में लौटी तेजी

■ **सेंसेक्स 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,567.71 अंक पर**

■ **निफ्टी 0.55 फीसदी उछलकर 24,715.05 अंक पर बंद**

**मुंबई,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। एशिया बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के कारण बुधवार को शुरू में मामूली उतार-चढ़ाव में रहने के बाद आखिरी दो घंटे में हुई लिवाली से घरेलू शेयर बाजार बढ़त में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 409.83 अंक (0.51 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 80,567.71 अंक पर बंद हुआ। टाटा स्टील में करीब छह प्रतिशत की तेजी रही।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 135.45 अंक यानी 0.55 फीसदी उछलकर 24,715.05 अंक पर पहुंच गया। दूसरे एशियाई बाजारों में बिकवाली से घरेलू बाजारों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सेंसेक्स 138.11 अंक की बढ़त से साथ 80,295.99 अंक पर खुला, लेकिन कुछ ही देर बाद लाल निशान में चला गया। दोपहर तक इसमें मामूली उतार-चढ़ाव बना रहा। यह नीचे 80,004.60 अंक और ऊपर 80,671.28 अंक तक गया। यूरोप में सकारात्म रुख के साथ बाजार खुलने का असर घरेलू बाजार पर भी दिखा और




आखिरी दो घंटे में ग्राफ तेजी से ऊपर गया।

सेंसेक्स में टाटा स्टील का शेयर सबसे अधिक 5.90 अंक चढ़ा। टाइटन में 1.73 फीसदी और महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.62 प्रतिशत की तेजी रही। आईटीसी, इटरनल, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयर एक प्रतिशत से 1.19 प्रतिशत के बीच टूटे। कोटक महिंद्रा बैंक, सन फार्मा, एशियन पेंट्स, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, बीईएल, मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी मजबूत बंद हुए।

इंफोसिस में सबसे अधिक 1.19 फीसदी की गिरावट रही। एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनीलिवर, टीसीएस, अडानी पोर्ट्स और भारती एयरटेल के शेयर भी टूट गए। निफ्टी-50 भी 36.90 अंक मजबूत होकर 24,616.50 अंक पर खुला। इसका दिन का निचला स्तर 25,535.15 अंक और उच्चतम स्तर 26,796 अंक रहा।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.54 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.65 प्रतिशत चढ़ा। धातु, ऑटो, फार्मा और बैंकिंग कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। आईटी शेयरों में बिकवाली हावी रही। एशिया में शुरुआती कारोबार में जापान का निक्केई 0.88 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.60 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.16 फीसदी लुढ़ककर बंद हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.46 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.69 प्रतिशत की बढ़त में था।

## इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने डोर स्टेप बैंकिंग सर्विस को किया सक्षम

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। संचार मंत्रालय ने बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने 12 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा पार कर लिया है। आईपीपीबी ने हाल ही में अपना आठवां स्थापना दिवस मनाया।

यह उपलब्धि लास्ट माइल तक इंक्लूसिव, सुलभ और किफायती सेवाएं प्रदान कर बैंकिंग परिदृश्य को बदलने में एक और मील का पत्थर है। आईपीपीबी सितंबर 2018 में शुरू किया गया, जो कि वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक के रूप में उभरा है।

मंत्रालय ने कहा कि आईपीपीबी 1.64 लाख से अधिक डाकघरों और 1.90 लाख से अधिक पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) की बेजोड़ पहुंच का लाभ उठाया है।

मंत्रालय ने कहा कि बैंक ने 12 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सफलतापूर्वक अपने साथ जोड़ा है, अरबों डिजिटल लेनदेन किए हैं और ग्रामीण, अर्ध-शहरी और दूरदराज के क्षेत्रों में डोर-स्टेप बैंकिंग सर्विस को




■ **आईपीपीबी ने 12 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा किया पार**

सक्षम बनाया है।

आईपीपीबी की अध्यक्ष वंदिता कौल ने कहा कि आईपीपीबी ने यह सिद्ध कर दिया है कि वित्तीय समावेशन केवल एक परिकल्पना नहीं, बल्कि एक साकार करने योग्य वास्तविकता है। पोस्टल बैंकिंग के अपने अनूठे मॉडल के साथ, हमने लाखों भारतीयों, खासकर ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में, बैंकिंग को उनके घर तक पहुंचाकर उन्हें सशक्त बनाया है।

उन्होंने आगे कहा कि हमारी यात्रा लास्ट माइल तक वित्तीय सेवा प्रदान करने के लिए एक वैश्विक मानक स्थापित करती है। यह आठवां स्थापना दिवस और भी खास है।

## चावल-गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़, चीनी-दालों के भाव टूटे

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल की कीमत में नरमी रहने के साथ गेहूं का भाव भी टूट गया। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा जबकि चीनी और दालों के दाम उतर गए।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 35 रिंगिट फिसलकर 4,441 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.85 प्रतिशत की गिरावट में 52.21 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब चार रुपए गिरकर 3,852.68 रुपए प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं भी दो रुपये टूटकर 2,854.98 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 14 रुपए उतरकर 3,304.21 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। सरसों तेल औसतन 66 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल में 18 रुपए और सोया तेल में 62 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। सूरजमुखी तेल 19 रुपए और वनस्पति 64 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम



ऑयल भी 15 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में आज नरमी देखी गयी। गुड़ की औसत कीमत करीब 21 रुपए प्रति क्विंटल गिरी। चीनी भी करीब सात रुपए सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** दाल चना 7977.50 रुपए, मसूर काली 8139.80 रुपए, मूंग दाल 10081.03 रुपए, उड़द दाल 10438.17 रुपए, अरहर दाल 10669.41 रुपए प्रति क्विंटल रहा। अनाज : (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2854.98 रुपए और चावल 3852.68 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## हरित विमान ईंधन से सालाना 2.5 करोड़ टन कम होगा कार्बन उत्सर्जन : नायडू

■ **एक सामूहिक चुनौती है ग्लोबल वार्मिंग**

**नई दिल्ली,** 3 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने बुधवार को 2030 तक पारंपरिक विमान ईंधन में पांच प्रतिशत हरित ईंधन के मिश्रण के लक्ष्य के बारे में प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि इससे सालाना दो से 2.5 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिलेगी।

श्री नायडू ने यहां अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के साथ साझेदारी में और यूरोपीय संघ के सहयोग से यहां भारत के लिए हरित विमानन ईंधन पर एक व्यवहार्यता अध्ययन को आधिकारिक रूप से जारी करते हुए कहा कि हरित विमान ईंधन विमानन क्षेत्र को कार्बन मुक्त बनाने का एक व्यावहारिक और तात्कालिक



**हरित विमान ईंधन विमानन क्षेत्र को कार्बन मुक्त बनाने का एक व्यावहारिक और तात्कालिक समाधान है : राम मोहन नायडू**

समाधान है। इसमें पारंपरिक ईंधन की तुलना में कार्बन डाई-ऑक्साइड के उत्सर्जन में 80 प्रतिशत तक की कमी लाने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि हरित विमान ईंधन उत्पादन से उत्सर्जन में सालाना दो से ढाई करोड़ टन की कमी होगी और कच्चे तेल के आयात में कमी आएगी। साथ ही कृषि अवशेषों और बायोमास के लिए एक मजबूत वैल्यू चेन तैयार करने से किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। यह अध्ययन यहां उड़ान भवन में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में विचार-विमर्श के लिए रखा गया, जिस पर हितधारकों ने मंथन किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 75 करोड़ टन से अधिक उपलब्ध बायोमास और लगभग 23 करोड़ टन अनुपयुक्त कृषि अवशेषों के साथ भारत न केवल अपनी स्वयं की हरित विमान ईंधन की मांग पूरी करने की क्षमता रखता है, बल्कि दुनिया में अग्रणी निर्यातक के रूप में उभरने की भी क्षमता रखता है। उन्होंने वर्ष 2027 तक एक प्रतिशत, 2028 तक दो प्रतिशत और 2030 तक पांच प्रतिशत हरित ईंधन मिश्रण के लक्ष्य को लेकर भारत की प्रतिबद्धता दोहरायी। कोटेकना इंस्पेक्शन इंडिया को देश का पहला हरित विमान ईंधन बनाने वाली कंपनी और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की पानीपत रिफाइनरी को पहले हरित विमान ईंधन उत्पादक के रूप में प्रमाणन मिलने का भी जिक्र किया।

**सार संक्षेप**

### भारत में टू-व्हीलर सेगमेंट का रहा शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री ने अगस्त में खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर 2.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिसमें टू-व्हीलर सेगमेंट का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। यह जानकारी बुधवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। चॉइस इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, टू-व्हीलर निर्माताओं ने मुख्य रूप से निर्यात और त्योहारी सीजन में डीलरों द्वारा स्टॉक बढ़ाने के कारण बिक्री में 2.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। एसयूवी सेगमेंट की अच्छी मांग के कारण पैसेंजर व्हीकल की बिक्री में 0.8 प्रतिशत का मामूली सुधार हुआ। उपभोक्ताओं के इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख करने से थ्री-व्हीलर की बिक्री में सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई। आयशर मोटर्स ने सालाना आधार पर टू-व्हीलर की बिक्री में 54.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि टीवीएस मोटर ने प्रीमियम मोटरसाइकिलों की मजबूत मांग के कारण 30.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार के कारण हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### एनडीटीवी ने 400 करोड़ रुपए के राइट्स इश्यू को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** न्यू दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड (एनडीटीवी) के बोर्ड ने पात्र इक्विटी शेयरहोल्डर्स से राइट्स इश्यू के जरिए 400 करोड़ रुपए तक की राशि जुटाने की मंजूरी दे दी है। यह जानकारी कंपनी की ओर से बुधवार को दी गई। एनडीटीवी ने कहा कि यह फैसला 2 सितंबर को हुई बोर्ड बैठक में लिया गया है। एनडीटीवी ने कहा कि यह प्रस्तावित पूंजी जुटाने की प्रक्रिया एनडीटीवी की बैलेंस शीट को मजबूत करने और इसकी वित्तीय मजबूती को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। कंपनी ने आगे कहा कि अतिरिक्त संसाधन कंपनी को अपने विकास एजेंडे को अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाने में सक्षम बनाएंगे, जिसमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को व्यापक बनाने के लिए वितरण का विस्तार, ब्रांड निर्माण में निवेश, नई बौद्धिक संपदा का विकास, ऋण में कमी और अन्य सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य शामिल हैं।

### अगस्त में मॉयल का मैंगनीज अयस्क उत्पादन बढ़ा

**नई दिल्ली।** इस्पात मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार, भारत के सबसे बड़े मैंगनीज अयस्क उत्पादक मॉयल ने अगस्त महीने में अब तक के सर्वाधिक 1.45 लाख टन उत्पादन के साथ अपनी मजबूत वृद्धि दर जारी रखी है, जो पिछले वर्ष इसी महीने की तुलना में 17 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है। बिक्री के मोर्चे पर, कंपनी ने अगस्त में 1.13 लाख टन की बिक्री के साथ भी शानदार प्रदर्शन किया, जो पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में सालाना आधार पर 25.6 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्शाता है। इसके अलावा, अप्रैल-अगस्त 2025 के दौरान, मॉयल ने 7.92 लाख टन उत्पादन के साथ अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

# पूर्व महामहिम राज्यपाल रमेश बैस का शिवरीनारायण आगमन

**रायपुर**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। महाराष्ट्र राज्य के पूर्व महामहिम राज्यपाल माननीय रमेश बैस जी का शिवरीनारायण आगमन का कार्यक्रम निर्धारित हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वे शिक्षक दिवस के अवसर पर शिवरीनारायण पधारेंगे, 5 सितंबर 2025 को दोपहर 12ः00 बजे उनका आगमन होगा। भगवान श्री शिवरीनारायण जी के दर्शन पूजन के उपरांत श्री महन्त लाल दास शिक्षण संस्थान के द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज होंगे। उल्लेखनीय है कि शिक्षक दिवस के अवसर पर श्री महन्त लाल दास कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में प्रत्येक वर्ष शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है इसी सिलसिले में इस वर्ष माननीय महामहिम पूर्व राज्यपाल जी का आगमन हो रहा है। राजेश्री महन्त जी महाराज ने उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें निमंत्रण दिया जिस पर वे काफी गद्गद हुए एवं आने का आग्रह स्वीकार किया।



## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, KUM ARTHI UPADHYAY D/O SANTOSH KUMAR UPADHYAYA resident of C 108, SHRI KRISHNA APPARTMENT, LIC COLONY, MOWA, RAIPUR, (C.G.) - 492001 have changed my old name KUM ARTHI UPADHYAY D/O SANTOSH KUMAR UPADHYAYA so in future I should be recognized by my new name that is AARTI DUBEY W/O ABHAY KUMAR DUBEY in all Government and other documents.

**AARTI DUBEY**
C 108, SHRI KRISHNA APPARTMENT, LIC COLONY, MOWA, RAIPUR, (C.G.) - 492001

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NAZIYA RAZA W/O IDRESS RAZA resident of HOUSE NO. 26/722, NISHANT MANJIL, AMBEDKAR CHOWK, RAJA TALAB, RAIPUR (C.G.) have changed my old name NAZIYA RAZA W/O IDRESS RAZA so in future I should be recognized by my new name that is NAZIYA KHAN W/O MOHAMMED IDRESS KHAN in all Government and other documents.

**NAZIYA KHAN**
HOUSE NO. 26/722, NISHANT MANJIL, AMBEDKAR CHOWK, RAJA TALAB, RAIPUR (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, IDRESS RAZA S/O MOHAMMED HAFEEZ KHAN resident of HOUSE NO. 26/722, NISHANT MANJIL, AMBEDKAR CHOWK, RAJA TALAB, RAIPUR (C.G.) have changed my old name IDRESS RAZA S/O MOHAMMED HAFEEZ KHAN so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMED IDRESS KHAN S/O MOHAMMED HAFEEZ KHAN in all Government and other documents.

**MOHAMMED IDRESS KHAN**
HOUSE NO. 26/722, NISHANT MANJIL, AMBEDKAR CHOWK, RAJA TALAB, RAIPUR (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SONAL KESWANI D/O VIJAY KUMAR KESWANI resident of H.NO. 23/24, PHASE-2, RAMA RESIDENCY, MAHAVEER NAGAR PURENA RAIPUR (C.G.) have changed my old name SONAL KESWANI D/O VIJAY KUMAR KESWANI so in future I should be recognized by my new name that is KRIPA ATHWANI W/O SANDEEP ATHWANI in all Government and other documents.

**KRIPA ATHWANI**
H.NO. 23/24, PHASE-2, RAMA RESIDENCY, MAHAVEER NAGAR PURENA RAIPUR (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RAVI KUMAR S/O SHYAMRAO VISHWAKARMA resident of 357/1, NEW CHANGORABHATA, NEW SANSKRITIK BHAWAN, AYODHYA NAGAR, RAIPUR PO. SUNDER NAGAR RAIPUR (C.G.) 492013 have changed my old name RAVI KUMAR S/O SHYAMRAO VISHWAKARMA so in future I should be recognized by my new name that is RAVI KUMAR VISHWAKARMA S/O SHYAMRAO VISHWAKARMA in all Government and other documents.

**RAVI KUMAR VISHWAKARMA**
357/1, NEW CHANGORABHATA, NEW SANSKRITIK BHAWAN, AYODHYA NAGAR, RAIPUR PO. SUNDER NAGAR RAIPUR (C.G.) 492013

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, VIDYA DAYALANI W/O GHANSHYAM DAS DAYALANI resident of H.NO. 453/31, BEHIND ANMOL, FLAT AVANTI VIHAR, KAVITA NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name VIDYA DAYALANI W/O GHANSHYAM DAS DAYALANI so in future I should be recognized by my new name that is VIDYA DEVI DAYALANI W/O GHANSHYAM DAS DAYALANI in all Government and other documents.

**VIDYA DEVI DAYALANI**
H.NO. 453/31, BEHIND ANMOL, FLAT AVANTI VIHAR, KAVITA NAGAR RAIPUR (C.G.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**

### ईश्तहार

**पत्र क्र./23951/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025**
**रायपुर, दिनांक 02.09.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 23951**
**वार्ड का नाम- 53-बाबू जगजीवन राम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651K00744 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SANGEETA BHARTI पिता/पति श्री/श्रीमती RAMJI BHARTI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री समीर भारती पिता/पति श्री/श्रीमती पिता रामजी भारती ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**

### ईश्तहार

**पत्र क्र./23950/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025**
**रायपुर, दिनांक 02.09.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 23950**
**वार्ड का नाम- 53-बाबू जगजीवन राम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651000012 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RESHMA HARCHANDANI पिता/पति श्री/श्रीमती JAI KISHAN HARCHANDANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री अंकित हरचंदानी पिता/पति श्री/श्रीमती पिता जैकिशन हरचंदानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

## न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग.)

### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2024-2025

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम सांकरा प.ह.नं. 06 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पूजा कुमारी पति मोनू पाण्डेय निवासी सिकौल भोजपुर बिहार द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.नं. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 719/1 का भाग रकबा 775 वर्गफुट को अनावेदक विक्रेता दिनेश सिंह ठाकुर पिता तोरण सिंह ठाकुर निवासी शीतला पारा रायपुरा तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 13.02.2023 के आधार पर अपने नाम नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: आवेदिका श्रीमती पूजा कुमारी पति मोनू पाण्डेय निवासी सिकौल भोजपुर बिहार द्वारा दर्शित विक्रय नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 04.09.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.08.2025 को जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार पाटन**

## न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग.)

### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2024-2025

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम सांकरा प.ह.नं. 06 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुषमा देवी पति अर्जुन पाण्डेय निवासी वैणा जामुनीपुर भोजपुर बिहार द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.नं. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 719/1 का भाग रकबा 775 वर्गफुट को अनावेदक विक्रेता दिनेश सिंह ठाकुर पिता तोरण सिंह ठाकुर निवासी शीतला पारा रायपुरा तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 13.02.2023 के आधार पर अपने नाम नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: आवेदिका श्रीमती सुषमा देवी पति अर्जुन पाण्डेय निवासी वैणा जामुनीपुर भोजपुर बिहार द्वारा दर्शित विकय नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 04.09.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.08.2025 को जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार पाटन**

## न्यायालय नायब तहसीलदार मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.)

### ईश्तहार

क्रमांक/वाचक/ना.तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 29.08.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक डॉ. रमणेश मूर्ति पिता गरिमेल्ला श्रीराम मूर्ति, निवासी-म.नं. 31, गुरू विहार कालोनी सरकण्डा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-भानसोज, प.ह.नं.-08, रा.नि.मं.-मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1501, 1502, 1503 रकबा क्रमश: 0.1900, 0.3500, 0.4200 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में गोर्ति श्रीनिवास शर्मा पिता जी.वी. शर्मा के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिसको भूमिस्वामी के द्वारा पंजीकृत दान पत्र विलेख दिनांक 21.09.2023 को आवेदक के पक्ष मे निष्पादित किया गया है। आवेदक के द्वारा उक्त निष्पादित पंजीकृत दान पत्र के आधार पर आवेदित भूमि के वर्तमान राजस्व अभिलेख से भूमिस्वामी/दानदाता का नाम विलोपित कर दानग्रहिता का नाम बतौर भूमिस्वामी राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 12.09.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आंज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

**मुहर** **नायब तहसीलदार मंदिर हसौद**

## न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला मामले की श्रेणी-राजस्व

### ईश्तहार

क्रमांक: 202508112800017/269
विषय-अ-20 (3) सन् 2024-2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-मयंज जैन पिता स्व. अशोक जैन, अनावेदक पक्षकार-

आवेदक मयंक जैन पिता स्व. अशोक जैन, निवासी-जेल रोड महेन्द्र होटल के पास कचहरी चौक, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा सिविल स्टेशन स्थित ब्लॉक नंबर-07, भूखण्ड क्रमांक-2/13, रकबा 1770 वर्गफुट भूमि आवेदक के पिता अशोक कुमार पिता दम्मूलाल जैन एवं अन्य के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। आवेदक के पिता श्री अशोक कुमार पिता दम्मूलाल जैन की मृत्यु दिनांक 09.03.2025 को हो गया है, जिनके विधिक वारिसानों में पत्नि श्रीमती ममता जैन, पुत्र सचिन कुमार जैन, मयंक कुमार जैन है, इनके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं है। अतएव आवेदक के दवारा वारिसान हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत उक्त मूल आवेदन में त्रुटिवश भूखण्ड क्रमांक-2/6, रकबा 6558 वर्गफुट भूमि छुट गया है, जिसे संशोधित कर 2/6 रकबा 6568 वर्गफुट भूमि प्रतिस्थापित करने का अनुरोध किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 08.09.2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.08.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **नजूल अधिकारी रायपुर**

## न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर 03 मामले की श्रेणी-राजस्व

### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.नं. 00016 झांकी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20242544163260 0011

तहसील अभनपुर के प.ह.नं. 00016 के अंतर्गत ग्राम झांकी के वर्तमान भूमिस्वामी गेंदी साहू पिता/पति स्व. लोभराम साहू पता सा. देह, श्रीमती त्रिवेणी बाई साहू पिता/पति स्व. नंद कुमार साहू पता सा. देह, श्रीमती इंद्रावती साहू पिता/पति स्व. लोभराम साहू पता सा. देह, हेमा साहू पिता/पति स्व. लोभराम साहू पता सा. देह, ओमप्रकाश साहू पिता/पति स्व. नंद कुमार साहू पता सा. देह, टिकेन्द्र साहू पिता/पति स्व. नंद कुमार साहू पता सा. देह, हिरमति साहू पिता/पति स्व. लोभराम साहू पता सा. देह, चूडामणि साहू पिता/पति स्व. लोभराम साहू पता सा. देह, रीना साहू पिता/पति स्व. लोभराम साहू पता सा. देह, खेमराज साहू पिता/पति स्व. नंद कुमार साहू पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 59/2 0.1600, 59/6 0.0230 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता नितुन कुमार अग्रवाल पिता/पति आत्मारा अग्रवाल पता शिवाजी नगर कुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.09.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर 03 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.08.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **नायब तहसीलदार अभनपुर**

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व

### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00082 मुजगहन ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20242544072730072

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00082 के अंतर्गत ग्राम मुजगहन के वर्तमान भूमिस्वामी खेमलाल वेदव्यास जागेश्वर गोदावरी कल्याणी पिता/पति पुरूषोत्तम पता सा. देह, नरबदिया पिता/पति पुरूषोत्तम पता, धनेश प्रकाश पिता/पति अर्जुन पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 73/1 0.0092 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता खेमलता देवांगन पिता/पति संदीप देवांगन पता कंकाली पारा, कंकाली तालाब के पास धोबी गली रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.09.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.09.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

## न्यायालय तहसीलदार धरसींवा मामले की श्रेणी-राजस्व

### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00088 बीरगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20242544072060 0213

It is informed to the general public that I, ANAND TEJWANI / ANAND TEJVANI S/O KHUBCHAND TEJWANI resident of WARD NO. 20, SINDHI COLONY, LAL BAGH RAJNANDGAON (C.G.) have changed my old name ANAND TEJWANI / ANAND TEJVANI S/O KHUBCHAND TEJWANI so in future I should be recognized by my new name that is ANAND KUMAR TEJWANI S/O KHUBCHAND TEJWANI in all Government and other documents.

**ANAND KUMAR TEJWANI**
WARD NO. 20, SINDHI
COLONY, LAL BAGH
RAJNANDGAON (C.G.)

## आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई - 400069
**धमतरी शाखा:** दूसरी मंजिल, स्टेट हाईवे, गुंडरदेही रोड, रेस्ट हाउस के सामने, धमतरी - 493773 (छत्तीसगढ़)
**रायपुर – सुंदर नगर शाखा:** 1ए एवं 1बी, दूसरी मंजिल, श्याम प्लाजा, पंडारी, रायपुर-492004 (छत्तीसगढ़)
**महासमुंद शाखा :** द्वितीय मंजिल, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साईड में, रायपुर रोड, महासमुंद-493445 (छत्तीसगढ़)

### मांग सूचना

**सिक्यूरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 का नियम 3(1) के साथ धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना**

सिक्यूरिटाईजेशन एंड रिकन्स्टक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 (उपरोक्त कानून) के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता **आधार हाउसिंग फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी है। उपरोक्त कानून की धारा 13(12) के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेंट) एक्ट, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए प्राधिकृत अधिकारी ने धारा 13(2) के अंतर्गत नीचे वर्णित निम्न ऋणकर्ता (ओं) (उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं)) को संबंधित मांग सूचना (ओं) में वर्णित राशि का पूर्नभुगतान करने के लिए बुलाये जाने के लिए जारी की गई थी। उपरोक्त संबंध में एक बार पुनः उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं) को पुनः सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से **60 दिवस** के अंदर नीचे वर्णित राशि के साथ नीचे वर्णित दिनांक से भुगतान की दिनांक एवं/या पुर्नप्राप्ति तक लागू मय ब्याज के उपरोक्त ऋणकर्ता(ओं) से किए गए ऋण अनुबंध के साथ अन्य दस्तावेजो/लिखित में यदि कोई हो, के अंतर्गत देय राशि का भुगतान करें। जैसा कि ऋण के पुर्नभुगतान की जमानत के लिए निम्न संपत्ति को उपरोक्त संबंधित ऋणकर्ता(ओं) द्वारा AHFL को गिरवी रखा गया है।

| क्रं. | उधारकर्ताओं एवं सह-उधारकर्ता / जमानतदार के नाम | मांग पत्र की दिनांक एवं मांग राशि | प्रतिभूतित आस्तियों का विवरण (अचल संपत्ति/यां) |
|---|---|---|---|
| 1. | (लोन कोड नं. 11100000781 / धमतरी शाखा) रामाश्रय पटेल (ऋणी) कमलेश पटेल (सह-ऋणी) | 11-08-2025 & ₹ 6,87,944/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मौजा मकडी सिंगरे, खसरा नं. 91, प.ह.न. 02 तहसील एवं जिला कांकेर, छ.ग.- 494334 **चर्तुसीमाएँः-** पूर्व - संतराम पाल का मकान, पश्चिम- धन्ना किराना का मकान, उत्तर - रामश्रय की भूमि, दक्षिण - 15 फीट कच्चा रोड |
| 2. | (लोन कोड नं. 11110000166 / धमतरी शाखा) सूरज कुमार पटेल (ऋणी) विमला बाई (सह-ऋणी) | 11-08-2025 & ₹ 7,98,556/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, ग्राम सिर्री, खसरा नं. 1707 2, प.ह.न. 29, आरएनएम तहसील खुर्द, जिला धमतरी, छत्तीसगढ़-493663, **चर्तुसीमाएँः-** पूर्व - खसरा नं. 1707/1, पश्चिम- खसरा नं. 998, उत्तर - खसरा नं. 1707/1 एवं विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण - खसरा नं. 1751 |
| 3. | (लोन कोड नं. 36410000326 & 36410000329 / रायपुर-सुंदर नगर शाखा) संजय कुमार चौधरी (ऋणी) किरण चौधरी (सह-ऋणी) | 11-08-2025 & ₹ 22,23,866/- & ₹ 4,23,581/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, ग्राम चदगोरभाटा, खसरा नं. 158/19 प.ह.न. 105 47, आरएनएम रायपुर-1 तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 **चर्तुसीमाएँः-** पूर्वः ठाकुर की भूमि, पश्चिम- रोड, उत्तर - अन्य की भूमि, दक्षिण - कुमारी दीक्षा खरे की भूमि |
| 4 | (लोन कोड नं. 17810000259/ महासमुंद शाखा) जुबेद खान (ऋणी) मेहरुन निशा (सह-ऋणी) | 11-08-2025 & ₹ 26,38,412/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, ग्राम महासमुंद, खसरा नं. 696/8, प.ह.न. 89/42, आरएनएम महसमुंद, तहसील एवं जिला महासमुंद, छत्तीसगढ़-493445, **चर्तुसीमाएँः-** पूर्वः सतीश सलोमान का प्लॉट, पश्चिम- रोड, उत्तर - दिनेश साहू का मकान, दक्षिण - नयापुरा का रोड |
| 5 | (लोन कोड नं. 11110000913 / धमतरी शाखा) द्रुपत सिंह मारकम (ऋणी) संतोषी ध्रुव (सह-ऋणी) | 11-08-2025 & ₹ 11,88,846/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, ग्राम अरौद, खसरा नं. 1227, प.ह.न. 41, आरएनएम कोलियारी तहसील एवं जिला धमतरी छत्तीसगढ़-493773, **चर्तुसीमाएँः-** पूर्वःरोड, पश्चिम- धनी राम का मकान, उत्तर - रोड, दक्षिण - भोलेराम का मकान |

यदि उपरोक्त ऋणकर्ता उपरोक्त राशि का AHFL को भुगतान करने में असफल रहते है तो AHFL उपरोक्त संपत्ति के विरुद्ध कानून की धारा 13 (4) एवं लागू नियम के अंतर्गत ऋणकर्ता के पूर्ण जोखिम मूल्य एवं परिणाम पर कार्यवाही करेगी। उपरोक्त ऋणकर्ताओं को कानून के अंतर्गत संपत्ति का विक्रय, किराया या अन्य प्रकार से बिना AHFL के लिखित अनुमति के बिना हस्तांतरित करने पर प्रतिबंधित किया जाता है कोई व्यक्ति जो कि उपरोक्त कानून या नियम में दिए गए प्रावधानों का उल्लंघन या उल्लंघन करने को बढावा देता है उसे उपरोक्त कानून के अंतर्गत प्रदत जुर्माना या /एवं कारावास के लिए दंड दिये जाने के योग्य होगा।

**स्थान : छत्तीसगढ़**
**दिनांक : 04-09-2025**

**सही/- प्राधिकृत अधिकारी**
**फॉर - आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

# आदिवासी अंचलों सहित सभी नागरिकों तक पहुंचे विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा: सीएम

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में चिकित्सा शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ और कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल तेलंगाना के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर
- बस्तर में शुरू होगा 200 करोड़ की लागत से 240 बिस्तरों का हाई-टेक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, अब मरीजों को इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा रायपुर और बिलासपुर



**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में आज एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में चिकित्सा शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ और कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल तेलंगाना के बीच लाइसेंस समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह अनुबंध प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (क्करूस्स्ङ्घ) के अंतर्गत किया गया है।

इस अवसर पर वन एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, आयुक्त स्वास्थ्य डॉ. प्रियंका शुक्ला, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) के अधिकारी जयदीप दास गुप्ता एवं श्रीनिवास राव तथा कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल हैदराबाद के अध्यक्ष डॉ. गुरुनाथ रेड्डी, डॉ. रघुनाथ रेड्डी और के.वी. रेड्डी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि आदिवासी अंचलों सहित प्रदेश के हर नागरिक तक विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचे। उन्होंने कहा कि आठ वर्ष पूर्व इस अस्पताल के निर्माण की शुरुआत की गई थी और आज जब छत्तीसगढ़ अपनी रजत जयंती मना रहा है, तब इस एमओयू का होना ऐतिहासिक महत्व रखता है। गणेश महोत्सव के पावन अवसर पर हुआ यह समझौता प्रदेशवासियों के लिए शुभ संकेत है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि बस्तर क्षेत्र के लोग लंबे समय से उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं से वंचित रहे हैं, किंतु अब यह अस्पताल उनके लिए वरदान साबित होगा। विशेषकर नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों के लिए यह जीवनरक्षक सिद्ध होगा। पहले घायल जवानों को एयर एंबुलेंस से रायपुर भेजना पड़ता था, अब जगदलपुर में ही उन्हें अत्याधुनिक इलाज उपलब्ध होगा।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मिलें। बस्तर अंचल में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना राज्य और क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है। पहले ये सेवाएँ केवल रायपुर और बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में उपलब्ध थीं, लेकिन अब बस्तर के लोग भी इन सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध कराएगा।

स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने जानकारी दी कि इस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण पर 200 करोड़ रुपये की लागत आई है, जिसमें से 120 करोड़ रुपये केंद्र सरकार और 80 करोड़ रुपये राज्य सरकार ने वहन किए हैं। राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) ने भी इस परियोजना में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि यह अस्पताल 11 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है और अत्याधुनिक मशीनों एवं उपकरणों से सुसज्जित है।

यह 10 मंजिला अस्पताल 240 बिस्तरों की क्षमता वाला होगा। इसमें हृदय रोग (कार्डियोलॉजी), किडनी रोग (नेफ्रोलॉजी), मस्तिष्क रोग एवं न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी जैसे विभाग संचालित होंगे। ओपीडी, आईसीयू और आपातकालीन सेवाओं सहित गहन चिकित्सा की अत्याधुनिक सुविधाएँ यहाँ उपलब्ध होंगी। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम सरकारी दर पर उपचार प्रदान करेगी।

सरकारी दर पर उपलब्ध इन सेवाओं का लाभ न केवल बस्तर संभाग बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देशभर के मरीज उठा सकेंगे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल प्रबंधन के प्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक पहल को प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया। इससे बस्तर अंचल के लाखों लोगों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा और बड़े शहरों पर उनकी निर्भरता कम होगी। यह अस्पताल न केवल बस्तर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देश के मरीजों के लिए नई आशा और जीवनदायी सुविधा साबित होगा।

# राइस मिलरों के साथ अव्यावहारिक रवैया अपनाने वाले डीएमओ का तबादला

**महासमुंद,** 3 सितंबर (देशबंधु)। राइस मिलरों के साथ तानाशाही रवैय्या अपनाने वाले जिला विपणन अधिकारी टिकेंद्र राठौड़ का तबादला कर दिया गया है। छग राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक किरण कौशल द्वारा आदेश में प्रशासनिक कारणों का हलावा देकर उन्हें विपणन संघ के मुख्यालय अटेच किया गया है। उनके स्थान पर जिला विपणन अधिकारी कांकेर आशुतोष कोसरिया स्थानांतरित होकर महासमुंद आ रहे है।

- शिकायत के बाद विधायक ने खाद्य मंत्री को स्थानांतरण का किया था निवेदन

श्री राठौर के खिलाफ राइस मिलरों ने विधायक के पास शिकायत करते हुए उनके रवैय्ये को अव्यवहारिक बताया था तथा कहा था कि उनके रहते कस्टम मिलिंग संभव नही है। इस मामले को लेकर हालात इतने बिगड़ गए थे कि मामला विधायक के बाद प्रभारी मंत्री तक जा पहुँचा है। सप्ताह भर पूर्व ही सचिव राज्य सहकारी विपणन संघ मुख्यालय ने डीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 3 दिन के भीतर जवाब मांगा गया था। जवाब की अवधि बीत चुकी है। उन्होंने क्या जवाब दिया इसका पता नहीं चला है। फिलहाल, कार्रवाई लंबित बताई जा रही है। बीते खरीफसीजन में धान खरीदी के पहले ही श्री राठौड़ की पोस्टिंग यहाँ हुई थी। बाद में कस्टम मिलिंग के शुरुवाती दौर से ही राइस मिलरों के साथ श्री राठौड़ के अप्रिय व्यवहार और कार्यप्रणाली के तरीके से राइस मिलरों में नाराजगी के स्वर फूटने लगे थे। बाद में और भी गंभीर आरोपों की चर्चा उन्हें लेकर मिलरों के बीच थी। इसके बावजूद मिलरों ने कस्टम मिलिंग का काम सुचारू रूप से चलाया। लिखित और मौखिक शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं होते देख इसकी लिखित शिकायत स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से की गई। जिस पर श्री सिन्हा ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल को तत्संबंध में पत्र लिखकर डीएमओ के अप्रिय व्यवहार से राइस मिलरों की नाराजगी की जानकारी दी। और उन्हें यहाँ से स्थानांतरित करने का निवेदन भी किया। राइस मिल व्यवसाय से जुड़े सूत्रों ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सहकारी विपणन संघ मुख्यालय नवा रायपुर ने 19 अगस्त 2025 को डीएमओ टिकेंद्र राठौड़ को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये 3 दिवस के भीतर जवाब मांगा गया। अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। नोटिस में स्पष्ट कहा गया कि आपका कृत्य विपणन संघ के सेवा नियम के विपरीत आचरण को प्रदर्शित करता है। मिलरों की तकलीफको देखते हुए जिला राइस मिल एसो.ने सप्ताह भर पूर्व सामान्य सभा की बैठक आहूत कर इस मुद्दे पर चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि डीएमओ टिकेंद्र राठौड़ की कार्यप्रणाली से मिलर्स असंतुष्ट हैं। वे मिलरों को अपमानित करते हैं। कार्यालय के छोटे.छोटे कार्य उनकी मंजूरी के अभाव में महिनों लटके रहते हैं। वे स्वयं कार्यस्थल पर हमेशा देर से आते हैं। इस वजह से अन्य जिलों की अपेक्षा विपणन कार्यालय से संबंधित हर कार्य विलंब से होता है। मिलर्स के साथ इनका पक्षपात पूर्ण रवैया रहता है। इनकी मौजूदगी में कस्टम मिलिंग कार्य निष्पादन कर पाना मिलर्स के लिए कष्टदाई है। स्वाभाविक रूप से कस्टम मिलिंग कार्य प्रभावित होगा। इन्हें तत्काल यहाँ से हटाया जाना चाहिए।

### कृषि विभाग की कार्रवाई

# अनियमितता बरतने वाले 6 कृषि केंद्रों को नोटिस

**बलौदाबाजार,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में कृषि आदान भण्डारण वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने के उद्देश्य से कृषि विभाग के निरीक्षकों द्वारा लगातार कृषि केंद्रों का निरीक्षण कर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को कृषि विभाग की टीम ने कृषि सेवा केंद्रों में दबीश दी और अनियमितता पाए जाने पर 6 केंद्रों को नोटिस जारी किया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड बलौदाबाजार निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा कुनाल कृषि केंद्र सेम्हराडीह, ग्राम कसियारा में शिवानी कृषि केंद्र एवं राजाराम कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उर्वरक विक्रय केंद्र में उपलब्ध स्कंध एवं दर सूची संधारित नहीं पाया गया, केश मेमो एवं स्कंध पंजी भी निर्धारित प्रारूप में संधारित नहीं पाया गया। जिस पर विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह सिमगा विकासखण्ड के निरीक्षक जयइंद्र कंवर द्वारा साहू कृषि सेवा केंद्र दामाखेडा, ग्राम तुलसी में गौरव कृषि केंद्र एवं साहू खाद भण्डार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्रों में कालातीत कीटनाशकों का उचित संधारण नहीं पाया गया।समस्त कीटनाशकों का स्तोत्र प्रमाण पत्र संधारित नहीं किया गया, केश मेमो निर्धारित प्रारूप में संधारित नहीं पाया गया। जिस पर विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। सिमगा में संचालित सोनकर कृषि केंद्र एवं किसान कृषि केंद्र का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए है। विकासखण्ड कसडोल के निरीक्षक धनेश्वर साय द्वारा ग्राम गिधौरी में संचालित भारत कृषि केंद्र एवं साईं कृषि केंद्र का निरीक्षण कर शासन के नियमानुसार ही कृषि आदान विक्रय करने हेतु निर्देशित किया गया।

# 33 लाख के इनामी 20 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर की घनी वादियों से एक नई उम्मीद की किरण निकली है। लंबे समय से हिंसा और बंदूक की छाया में जी रहे 20 नक्सलियों ने आज समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। आत्मसमर्पण करने वालों में 9 महिलाएं और 11 पुरुष शामिल हैं। इनमें पीएलजीए बटालियन में सक्रिय एक हार्डकोर महिला नक्सली, एसीएम-1, पार्टी सदस्य 4 और 15 अग्र संगठन के सदस्य भी शामिल हैं। इन नक्सलियों पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनमें 2 पर 8-8 लाख, एक पर 5 लाख, 4 पर 2-2 लाख और 4 पर 1-1 लाख का इनाम था। वर्षों तक बंदूक उठाकर भटकते रहे ये लोग आखिरकार शासन की च्छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025ज्ज और च्नियद नेल्ला नारज्ज जैसी योजनाओं से प्रभावित होकर हिंसा का रास्ता छोड़ने राजी हुए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में पुलिस कप्तान किरण चव्हाण, द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा और डीएसपी नक्सल ऑप्स मनीष रात्रे की उपस्थिति में सभी ने बिना हथियार आत्मसमर्पण किया। प्रशासन की ओर से प्रत्येक को 50-50 हजार रुपये की



प्रोत्साहन राशि और पुनर्वास नीति के तहत शिक्षा, रोजगार व सम्मानजनक जीवन की सुविधा प्रदान करने की घोषणा की गई। एसपी किरण चव्हाण ने सभी नक्सलियों का स्वागत करते हुए कहा—ज्जअब वक्त है बंदूक की जगह कलम और हल उठाने का। हिंसा और गलत विचारधारा को त्यागकर समाज और परिवार की खुशियों में लौटें। सरकार और पुलिस आपके सुरक्षित व आत्मनिर्भर भविष्य की गारंटी देती है।

आत्मसमर्पित नक्सलियों के नाम इस प्रकार हैं- शर्मिला उर्फ उईका भीमे पिता हड़मा, निवासी मिस्सीगुड़ा पटेलपारा थाना जगरगुण्डा। ताती कोसी उर्फ परमिला पिता आयता, निवासी गंगराजपाड़ थाना कोटा। मुचाकी हिड़मा उर्फ बुयूर पिता स्व. हिरमा, निवासी भण्डारपदर थाना भेजी। मड़कम/ताती देवे पति ताती कोसा, निवासी गंगराजपाड़ थाना कोंटा। मडकम कोसी पिता हड़मा, निवासी कोमलपाड़ थाना किस्टाराम। माड़वी गंगा पिता सोमा, निवासी सल्लातोंग थाना किस्टाराम। माड़वी गंगा पिता सोमा, निवासी सल्लातोंग थाना किस्टाराम। दुरों देवे पिता भीमा, निवासी कोमलपाड़ थाना किस्टाराम। कवासी हुर्रे पिता स्व. बोड्डा, निवासी जियाकोड़ता थाना आकोण्डा (दन्तेवाड़ा)। हेमला जोगा पिता स्व. लखमा, निवासी वैयमपल्ली पटेलपारा थाना जगरगुण्डा। रव्वा मुया उर्फ चांदू पिता रव्वा रामा, निवासी सिंघनपारा थाना फुलबगड़ी। पदाम पायकी पिता स्व. थुरवा, निवासी थाना भेजी। हेमला जोगा पिता हेमला नंगा, निवासी पेद्दाबोड़केल थाना चिंतलनार। कड़ती जोगा पिता स्व. कड़ती आयता, निवासी गोमपाड़ थाना कोटा। माड़वी गंगी पत्नी स्व. माड़वी देवा, निवासी मुरियापारा गोमपाड़ थाना कोंटा। महकम हड़मा पिता स्व. कोसा, निवासी गोमपाड़ थाना कोंटा। मड़कम देवा पिता मड़कम नंदा, निवासी मीनागट्टा थाना पामेड (बीजापुर)। सोड़ी बुधरी पिता स्व. कोसा, निवासी बटेर ग्राम पंचायत बण्डा थाना कोटा। कवासी हिड़मा पिता स्व. हड़मा, निवासी गंगराजपाड़ थाना कोंटा। मुचाकी देवा पिता स्व. हुंगा, निवासी किन्दरेलपाड़ थाना कोंटा।

### धमतरी से शुरू हुई ग्रीन पटाखों को लेकर पहल

# दिवाली होगी स्वच्छ और सुरक्षित

- ग्राम चटोद में महिलाएँ ग्रीन पटाखों के निर्माण में जुटीं, 100 से अधिक को मिला रोज़गार



**धमतरी,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। धमतरी जिले के ग्राम चटोद में स्थानीय महिलाएं अब पर्यावरण अनुकूल ग्रीन पटाखों के निर्माण में संलग्न हैं। यह पहल प्रदूषण मुक्त त्योहार और ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार का नया अवसर साबित हो रही है।

**कलेक्टर ने किया निरीक्षण, लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा**- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा आज श्री गणेशा फायरवर्क्स यूनिट पहुँचे और वहाँ की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कामकाजी महिलाओं से संवाद कर निर्माण प्रक्रिया एवं गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की तथा मौके पर ग्रीन पटाखा चलाकर उसकी सुरक्षा और प्रभाव का अनुभव भी किया।गणेशा फायरवर्क्स को 5 एकड़ जमीन लीज पर मुहैया करायी गयी है ।

**सख्त सुरक्षा निर्देश = अग्नि शमन व्यवस्था और मॉक ड्रिल अनिवार्य**- निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मैनेजमेंट और अधिकारियों को निर्देश दिए कि फैक्ट्री परिसर में अग्नि शमन की मजबूत व्यवस्था हर समय उपलब्ध रहे। समय-समय पर मॉक ड्रिल कराई जाए और माचिस जैसे ज्वलनशील पदार्थ परिसर में लाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। सुरक्षा संबंधी सूचनाओं के बोर्ड प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएँ। एसडीएम कुरूद नभ सिंह साथ थे।'

सेल्स हेड ने बताया: ग्रीन पटाखे बिना बारूद के, सुरक्षित और प्रदूषण रहित यूनिट के सेल्स हेड श्री आशीष सिंह ने बताया कि ग्रीन पटाखों में बारूद का प्रयोग नहीं होता, जिससे यह पूरी तरह सुरक्षित रहते हैं और प्रदूषण भी नहीं फैलाते। पाँच एकड़ भूमि पर स्थापित इस यूनिट में लगभग 100 महिलाओं को प्रत्यक्ष रोज़गार मिला है। आने वाले समय में विवाह समारोहों और अन्य आयोजनों के लिए भी ग्रीन पटाखों की विभिन्न किस्में उपलब्ध कराई जाएंगी।

**लोकल से वोकल और महिला सशक्तिकरण की मिसाल**-कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि चटोद में स्थापित ग्रीन पटाखा यूनिट आत्मनिर्भरता और स्वच्छता की दिशा में एक अनूठा प्रयास है। यह पहल 'लोकल से वोकल' की भावना को साकार करती है। महिलाएँ आत्मनिर्भर बन रही हैं और समाज को सुरक्षित विकल्प मिल रहा है। यह यूनिट धमतरी जिले में रोज़गार सृजन और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बनेगी।

**धमतरी बनेगा स्वच्छ आतिशबाज़ी का केंद्र**- ग्रीन पटाखों की यह पहल दिवाली जैसे त्योहारों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगी। इससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा और पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त होगा।

# अमित शाह से भेंट कर सीएम साय ने दी प्रदेश में सुरक्षा और विकास की जानकारी

**रायपुर/नई दिल्ली,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गृहमंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की इस दौरान उन्होंने श्री शाह को सुरक्षा और प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी।



दिसंबर 2023 से अब तक सुरक्षा बलों की आक्रामक रणनीति के परिणामस्वरूप 453 माओवादी न्यूट्रलाइज हुए, 1616 गिरफ्तार हुए और 1666 ने आत्मसमर्पण किया है। इस अवधि में 65 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं और सड़क, पुल-पुलिया व मोबाइल नेटवर्क जैसी आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है।

उन्हें बस्तर में आई बाढ़ और चल रहे राहत कार्यों की भी जानकारी दी। प्रभावित परिवार तक मदद पहुंचाना और उनका पुनर्वास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बस्तर में नक्सल उन्मूलन के साथ ही विकास और शांति की स्थापना हेतु हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

# रायगढ़ की 549 पंचायतों में क्यूआर कोड सुविधा

**रायगढ़** 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की मनरेगा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन जारी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए यह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में इस योजना को अधिक पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए नई पहल की जा रही है। जिले की सभी 549 पंचायतों में क्यूआर कोड आधारित नई प्रणाली शुरू की गई है, जिसके जरिए ग्रामीण अपने गांव में पिछले पांच वर्षों में स्वीकृत व्यक्तिगत और सामुदायिक कार्यों की जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकेंगे। स्मार्टफोन से क्यूआर कोड स्कैन करते ही कार्य का विवरण, व्यय और प्रगति जैसी सूचनाएं उपलब्ध होंगी।

रायगढ़ जिले में मनरेगा के लिए यह पहल केंद्र सरकार की डिजिटल इंडिया और राज्य सरकार की पारदर्शिता नीति का हिस्सा है। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को विकास की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाना और योजनाओं की निगरानी का अधिकार देना है। अब ग्रामीणों को जानकारी के लिए न तो पंचायत कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ेंगे और न ही अधूरी सूचनाओं पर निर्भर रहना होगा।




सितंबर से रायगढ़, खरसिया, पुसौर, घरघोड़ा, लैलूंगा, तमनार और धरमजयगढ़ ब्लॉकों की सभी पंचायतों में क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं। यह प्रणाली न केवल समय और श्रम की बचत करेगी, बल्कि ग्रामीणों को तकनीकी रूप से सशक्त भी बनाएगी। पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोग क्यूआर कोड का उपयोग कर सकें।

ग्रामीणों में इस पहल को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। खरसिया ब्लॉक के एक निवासी ने कहा कि पहले हमें जानकारी के लिए बार-बार दफ्तर जाना पड़ता था, अब क्यूआर कोड से सब कुछ तुरंत मिल जाएगा। यह हमारे लिए बहुत बड़ी सुविधा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि रायगढ़ का यह डिजिटल मॉडल अन्य जिलों के लिए भी नजीर बनेगा। इससे योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी, ग्रामीणों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा मिलेगा और सामुदायिक निगरानी मजबूत होगी। प्रशासन का विश्वास है कि यह पहल सूचना के लोकतंत्रीकरण की दिशा में बड़ा कदम साबित होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

# महासमुंद के 5 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते 5 पदक

**महासमुंद,** 3 सितंबर (देशबंधु)। पैरालंपिक कमेटी ऑफइंडिया द्वारा 14वीं जूनियर एवं सब.जूनियर नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 29 से 31 अगस्त तक अटल बिहारी वाजपेई दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र, ग्वालियर में किया गया। इसमें महासमुंद जिले की समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त संस्था फॉर्च्यून फाउंडेशन कर्मापटपर बागबाहरा के 05 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 05 पदक जीते। संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय टीम के प्रशिक्षक और मैनेजर निरंजन साहू ने बताया कि दल में 3 बालक एवं 2 बालिका खिलाड़ी शामिल थे। इनके साथ कोच मैनेजर व गाइड रनर देवेंद्र ठाकुर और मेघराज यादवए सहायक स्टाफदिव्य लोचन और रश्मि साहू भी मौजूद रहे। जिसमें टी.11 कैटेगरी, जूनियर पुरुष वर्ग में सुखदेव ने 400 मीटर व 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किए। टी.12 कैटेगरी में निखिल कुमार यादव ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। इसी प्रकार टी.2 कैटेगरी में नोशन लाल पटेल ने 1500 मीटर दौड़ में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया तथा सब.जूनियर महिला वर्ग टी.12 कैटेगरी में नीलम टंडन ने 400 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। टी.11 कैटेगरी में देवमोती ने लॉन्ग जम्प में कांस्य पदक हासिल किया। बतादें कि सुखदेव ने इससे पहले 7वीं ओपन इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 11.12 जुलाई 2025, बेंगलूरु में भी 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन की ओर से वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

NECC

| 04.09.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 560 | 90 | 185 |
| चिल्हर | 7.00 | 120 | 200 |
| डिलीवरी | 575 सैकड़ा | | |

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

एक टीचर ने बच्चे से पूछा स्कूल क्या है?
बच्चे ने जवाब दिया- स्कूल वो जगह है जहाँ पर हमारे पापा को लूटा जाता है और हमें कूटा जाता है।

संपादकीय

## एपीके : सावधानी से करें उपयोग

साइबर अपराध के विविध तरीके सामने आ रहे हैं। जो बहुत प्रचलित है वह है किसी बैंक के नाम से फोन कर यह धोखा देना कि उनका खाता बंद हो गया है। उसे फिर से सक्रिय करने के लिये कोई ओटीपी या लिंक शेयर कर उसे भरने के लिये कहा जाता है। लिंक को क्लिक करते ही ठगों के पास शिकार का बैंक सम्बन्धी सारा विवरण पहुंच जाता है। इसके बाद पासवर्ड, ओटीपी आदि की जानकारी प्राप्त कर पैसे उड़ा लिये जाते हैं। कई बार थोड़े समय में धन कई गुना कर भारी मुनाफे का लालच दिखला कर राशि अपने खातों में लेकर ठग गायब हो जाते हैं। उन्हें इनवेस्टमेंट प्लान बतलाकर लोगों को झांसे दिये जाते हैं। डिजिटल अरेस्ट आदि जैसे भी कई तरह की ठगी के प्रकार प्रचलित हैं। लोगों को नये-नये तरीकों से होने वाले झांसों की जानकारी रहनी चाहिये ताकि वे ठगों के शिकार न बनें। देश भर में हर रोज हजारों मामले इस प्रकार के होते हैं। सभी तरह की सतर्कता ही सबसे अच्छा उपाय है।

हाल ही में एपीके के जरिये ठगी के मामले सामने आये हैं। एंड्रॉइड एप्लिकेशन पैकेज या एंड्रॉइड एप्लिकेशन पैकेज किट कहलाने वाले एपीके एक तरह के फाइल प्रारूप होते हैं जो एंड्रॉयड डिवाइस पर एप्स वितरण तथा इंस्टाल करने के लिये उपयोग में लाये जाते हैं। प्रोग्राम कोड, फोटो आदि भी इसके जरिये अपलोड किये जाते हैं। किसी तरह की सेवाओं का उपयोग करने के लिये शासकीय या निजी विभाग अथवा संस्थाएं इस तरह के एपीके भेजकर उपयोगकर्ता के विवरण प्राप्त करती हैं। ठग इनका भी दुरुपयोग करने में माहिर होते हैं। फर्जी तरीकों से और ठगी के उद्देश्य से बनाये वे अपने एपीके संभावित शिकार के पास भेजते हैं। उनमें से कई लोग जाल में फंस जाते हैं।

ऐसे ही एक प्रकरण में रायपुर के एक युवक से झांसेबाज चार लाख रुपये ठगने में सफल हो गये। उक्त युवक के पास आरटीओ का एक एपीके आया। उसमें यह दर्शा रहा था कि उसका चालान हो गया है। उसमें बने फार्मेट को खोलने के लिये जैसे ही युवक ने एपीके खोला, उसके बैंक के खाते से छोटी-मोटी राशि नहीं बल्कि चार लाख रुपये कट गये। उस राशि को झांसेबाजों ने अपने खाते में ट्रांसफर कर दिये। मामला पुलिस के पास पहुंच गया है।

वैसे तो एपीके खुलने के पहले कई स्तर पर चेतावनियां आती हैं कि एपीके को खोलना नुकसानदेह हो सकता है। कई एपीके मोबाइल सेट के लिये ही खतरनाक होते हैं। सबसे अच्छा है कि अनजान व्यक्तियों, कम्पनियों, संस्थाओं आदि से आने वाले एपीके खोले ही न जायें। दूसरे, उसके माध्यम से आने वाले एप्स के प्रति भी पर्याप्त सावधानी बरती जाये। कभी भी अपना बैंक सम्बन्धी विवरण, पासवर्ड, ओटीपी आदि शेयर न किये जायें।

# कमिश्नर बस्तर ने बकावण्ड ब्लॉक के अतिवृष्टि प्रभावित गांव सिदावण्ड का लिया जायजा

## प्रभावित परिवारों से भेंटकर हरसंभव मदद देने का दिलाया भरोसा




**जगदलपुर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह ने बुधवार को बस्तर जिले के बकावण्ड विकासखण्ड अंतर्गत अतिवृष्टि प्रभावित सिदावण्ड डूरकाडोंगरी पारा का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से भेंटकर उन्हें हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने पूर्ण मकान क्षति वाले 03 परिवारों तथा आंशिक मकान क्षति से सम्बंधित 06 परिवारों को आवास निर्माण के लिए प्रदान की गई मुआवजा राशि के बारे में पूछा। साथ ही इन प्रभावित परिवारों को राशन, कम्बल-चादर, कपड़े इत्यादि जरूरी सामग्री शीघ्र उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। वहीं आवास निर्माण के लिए प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द बांस-बल्ली प्रदान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने गांव में फसल क्षति, पशुधन हानि का भी सर्वेक्षण करने कहा और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पेयजल स्त्रोतों के पानी की जांच कर पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन करने सहित स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने के निर्देश दिए। वहीं पशुधन विभाग के द्वारा गांव के पालतू पशुओं का उपचार एवं टीकाकरण करवाने कहा। उन्होंने उचित मूल्य दुकान से प्रभावित परिवारों को एक महीने का खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्री प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़क एवं विद्युत लाईन के बारे में भी पूछा तथा गांव की गली सड़क का मरम्मत करने सहित तालाब के समीप स्थित नाले से पानी की समुचित निकासी के लिए सीमेंट कांक्रीट नाली निर्माण किए जाने के निर्देश दिए।

**कमिश्नर ने लखमू को नया आवास को अच्छा बनाने दी समझाईश:** कमिश्नर डोमन सिंह ने गांव के अतिवृष्टि प्रभावित बुजुर्ग लखमू मौर्य से आत्मीयता के साथ चर्चा करते हुए खेती-किसानी एवं फसल की स्थिति के बारे में पूछा और उसके नाम से स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास को अच्छा बनाने की समझाइश देते हुए कहा कि अब पुराने क्षतिग्रस्त मकान का भी मुआवजा दी गयी है, जिससे अपने मकान को बढ़िया और सुंदर बनवाएं। इस समझाईश को सुनकर लखमू ने मदद देने के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ित 3 परिवार को दी गई 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि

**जगदलपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 03 परिवार को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है, जिसके तहत् तहसील जगदलपुर के ग्राम आसना तामाकोनी पारा की निवासी रामबती बघेल की मृत्यु पानी में डूबने से पति सोनाधर बघेल को, तहसील बस्तर के ग्राम भरवांपदर निवासी विकास नाग की मृत्यु पानी में डूबने से पिता सहादेव को और तहसील बास्तानार के ग्राम सांवगेल बीजापार निवासी माहरू मंडावी की मकान गिरने से हुई मृत्यु पर पत्नी चैती को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

## बस्तर के 87 तीर्थयात्री अयोध्या के लिए रवाना




**जगदलपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित रामलला दर्शन योजना के तहत मंगलवार को बस्तर जिले से 87 तीर्थयात्रियों का एक जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुआ। टाउन हॉल के सामने से बस को हरी झंडी दिखाकर इन यात्रियों को विदा किया गया। नगर निगम के महापौर संजय पांडे सहित जनप्रतिनिधियों ने यात्रियों को पुष्पगुच्छ देकर उनकी सुखद और मंगलमय यात्रा की कामना की। इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान रामलला दर्शन योजना समिति के सदस्य रामाश्रय सिंह, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नोडल अधिकारी बीरेंद्र बहादुर सहित कई अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## बस्तर में वेटलैंड संरक्षण के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**जगदलपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के पर्यावरण संतुलन और जल संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य वेटलैंड प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला वेटलैंड संरक्षण समिति द्वारा वेटलैंड के संरक्षण के लिए स्थल सत्यापन तथा सीमांकन हेतु मानक प्रक्रियाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण बुधवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित किया गया। बस्तर कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रशिक्षण में डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल और डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना ने प्रशिक्षण दिया।

**126 वेटलैंड्स का होगा सत्यापन और सीमांकन**

प्रशिक्षण में राजस्व विभाग के सभी तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी, वन विभाग के सभी परिक्षेत्र अधिकारी, परिक्षेत्र सहायक एवं परिसर रक्षक, साथ ही पंचायत विभाग के सचिव शामिल हुए और वेटलैंड संरक्षण की प्रक्रियाओं पर जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि स्पेस एप्लिकेशन सेंटर (एसएसी) एटलस 2021 के अनुसार प्रदेश में 2.25 हेक्टेयर से बड़े 11 हजार 264 वेटलैण्ड्स हैं, जिनमें बस्तर जिले में कुल 126 वेटलैंड्स हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 2437 हेक्टेयर है। इन वेटलैंड्स का स्थल सत्यापन और सीमांकन स्थल स्तरीय इकाई द्वारा किया जाएगा। इसके लिए वेटलैंड सीमा का सतत जीपीएस ट्रैक तैयार किया जाएगा। मौका सत्यापन के आधार पर रिपोर्ट बनाई जाएगी, जिसमें वेटलैंड के भीतर भूखंडों के खसरा क्रमांक दर्शाए जाएंगे।

वेटलैंड का नक्शा तैयार कर सत्यापित किया जाएगा। तैयार रिपोर्ट को जिला स्तरीय वेटलैंड संरक्षण समिति को प्रस्तुत किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर द्वारा 20 प्रतिशत वेटलैंड्स का मौका सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन के बाद नक्शा और केएमएल फाइल का अनुमोदन कर राज्य वेटलैंड प्राधिकरण को भेजा जाएगा।

## स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर कलेक्टर ध्रुव सख्त



- कोंटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण
- स्वास्थ्यकर्मियों को मुख्यालय में रहने और फील्ड विजिट के निर्देश

**सुकमा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव बुधवार को अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा पहुँचे और संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, लैब रूम, ऑपरेशन थिएटर और जनरल वार्ड का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से पोषण पुनर्वास केंद्र व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि वार्डों में स्वच्छता और सफाई सर्वोच्च प्राथमिकता में हो। स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हो। मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो। सभी स्वास्थ्यकर्मी मुख्यालय में रहकर नियमित फील्ड विजिट करें। प्रशासन का यह प्रयास ज़िले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और मरीजों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है। निरीक्षण के समय सीएमएचओ डॉ. आरके सिंह, बीएमओ सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निर्मल हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्रिंसपल द्वारा छात्रों के साथ दुर्व्यवहार एवं गम्भीर लापरवाही की शिकायत कलेक्टर से



**जगदलपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। निर्मल हायर सेकेण्डरी स्कूल (निर्मल विद्यालय) के छात्र गौतम लाहोटी जो कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत् है उसके पिता संजय लाहोटी ने कलेक्टर से शिकायत की है कि गौतम कक्षा में अध्ययनरत् था तभी अचानक उसके पेट में तेज दर्द हुआ और तबीयत खराब हो गई, जिसकी सूचना नर्स रूम में स्वयं जाकर दिया, जिस पर उन्होंने ध्यान हीं नहीं दिया और उसकी तबीयत निरन्तर और खराब हो रही थी। तबीयत खराब होने की सूचना घर में न देने हेतु दबाव डाला गया, ऐसी दशा में गौतम ने अपने मित्र के मोबाईल से अपनी खराब तबीयत की सूचना दिलवाया, जिससे एकई शिक्षक (सनी सर) ने मोबाईल छीन लिया और बात प्रिंसपल तक पहुँची। इसी बीच मेरे बच्चे गौतम का हाल जानने के लिए मेरी बेटी कोमल लाहोटी भी स्कूल पहुँच गयी थी। प्रिंसपल द्वारा बच्चे की खराब तबीयत के बारे में जानने के बाद भी न तो किसी भी प्रकार की चिकित्सा सुविधा स्कूल द्वारा उपलब्ध कराई गई न ही इलाज, न ही एक छु ?ट्टी भी दी गई। उल्टा प्रिंसपल द्वारा छात्र को डांटते हुये कक्षा में जाकर बैठने को दबाव डाला एवं मानसिक रूप से अवयस्क बच्चे को प्रताडित करते हुये कहा कि यदि मर भी जाओगे तो यही दफना दूंगा। उनकी इस बात को सुनकर मेरा पुत्र गौतम और उसकी दीदी कोमल दोनों बहुत ही भयाकान्त हो गये और छु ?ट्टी न देते हुये स्कूल के छुट्टी तक वहीं रोके रखा और गौतम दर्द से तड़पता रहा। स्कूल के बाद मेरे द्वारा पुत्र गौतम को शासकीय महारानी हॉस्पिटल में इलाज कराया गया, जिसकी पर्ची संलग्न है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि स्कूल प्रिंसपल एवं अन्य दोषियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये। इस मामले की गंभीरता को लेकर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भी मामले की जांच कर स्कूल प्रशासन के खिलाफ उचित कार्यवाही करने की मांग करते हुए कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विश्व हिंदू परिषद के विभाग प्रमुख रवि ब्रह्मचारी विभिन्न हिंदू संगठनों के द्वारा शिकायती पत्र दिया गया व मांग की गई की ऐसी घटनाओं से विद्यालय प्रशाशन को बचना चाहिए व न्याय संगत निर्णय लेना चाहिए। दोषियों के विरुद्ध कानून सम्मत कार्यवाही होनी चाहिए। विश्व हिंदू परिषद द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग को पत्र दिया गया। वही कलेक्टर कार्यालय में पत्र दिया गया। विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी, शंकर लाल गुप्ता, योगेंद्र कौशिक, नवीन देवांगन, रणजीत पांडे विजय भारत, पवन राजपूत, मुन्ना कोरी, प्रतीक, विष्णु ठाकुर, सनी रैली, घनश्याम नाग, पंकज मिश्रा, जगदीश ठाकुर, राहुल, अर्जुन सिंह अजय सिंह, सुरेंद्र तिवारी मातृशक्ति से सुशीला साऔ, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जबीता मंडावी, एकता लाहोटी व अन्य उपस्थित रहे। इस संबंध में विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी ने प्रशासन से मांग किया है कि इस मामले की न्याय संगत जांच कर उचित कार्यवाही की जाए।

## बाबा रामदेव मंदिर में भादवा मेला का समापन भव्य शोभायात्रा और महा भंडारा के साथ हुआ



**जगदलपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय संतोषी वार्ड में स्थित बाबा रामदेव मंदिर में चल रहा भादवा मेला का समापन भव्य शोभायात्रा महा आरती और भंडारा के साथ हुआ। बुधवार को शोभा यात्रा प्रात: 9=30 बजे मंदिर प्रांगण से शहिद पार्क चौक, हनुमान मंदिर चौक, दंतेश्वरी मंदिर चौक, गोल बाजार होते हुए मेन रोड शहिद पार्क चौक होकर बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण पहुंची। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में बाबा रामदेव के भजनों पर झूमते नाचते चल रहे थे। शोभायात्रा में बाबा रामदेव की सजीव झांकी आकर्षण का केंद्र बना रहा। शोभायात्रा के मंदिर पहुंचने के बाद मंदिर में आरती एवं महाप्रसादी वितरण दोपहर 1=30 बजे से मंदिर परिसर में हुआ काफी संख्या में लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। महा भंडारा के साथ भादवा मेला का समापन हुआ। ध्वजा परिवर्तन 2 सितंबर को हुआ। शाम को जमा जागरण के अंतर्गत भिलाई के सुप्रसिद्ध गायक रविराज तिवारी एवं आयुषी शुक्ला बिलासपुर के गायक के द्वारा भव्य जम्मा जागरण कार्यक्रम भी 2 सितंबर को रात्रि 9=30 बजे से मंदिर परिसर कुम्हारपारा में हुआ। काफी संख्या में शामिल श्रद्धालु बाबा के भजनों पर झूमते नाचते नजर आए।

## बाढ़ प्रभावितों की मदद में जुटे जिला प्रशासन के सहयोग के लिए आगे आए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के छात्र



**समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों ने किया राशन वितरण**

**जगदलपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में पिछले सप्ताह हुई भारी बारिश और बाढ़ ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के मांदर गांव में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। जिला प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया और प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

इस आपदा की घड़ी में जिला प्रशासन के प्रयासों को मजबूती देने के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय भी आगे आया है। विश्वविद्यालय के समाज कार्य (सोशल वर्क) विभाग ने प्रशासन के साथ मिलकर राहत कार्य में सहयोग किया। विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. तुलिका शर्मा, सहायक प्राध्यापिका अनुष्का अतराम और सहायक प्राध्यापक डॉ. डिगेश्वर साहू के साथ >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बाढ़ से क्षतिग्रस्त मकानों की होगी मरम्मत, सामान देगा प्रशासन

- बरसते पानी के बीच बांगापाल, तुमनार और फुंडरी पहुंचे कलेक्टर
- छूटे पीड़ित परिवारों के लिए फिर होगा सर्वे, मिलेगी सहायता
- राहत शिविर में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा, लगातार निरीक्षण



**दंतेवाड़ा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। भारी वर्षा की झड़ी के बीच कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज गीदम विकासखण्ड अन्तर्गत अति वर्षा प्रभावित ग्राम बांगापाल, तुमनार, एवं फुंडरी में क्षतिग्रस्त पारा टोलों का अनवरत निरीक्षण कर वर्षा से हुए नुकसान का जमीनी आकलन किया। अति वर्षा से हुई ग्रामीण क्षेत्रों में क्षति का वास्तविक आंकलन करने के साथ -साथ उन्हें संबल देने के मद्देनजर कलेक्टर ग्राम बड़े तुमनार पहुंचे यहां उन्होंने प्रभावित परिवार के क्षतिग्रस्त मकानों को देखकर प्रभावितों को उनके खातों में सहायता राशि के अतरण से अवगत कराते हुए मकान के मरम्मत करवाने का आग्रह किया। साथ ही उनसे कहा कि पीड़ितों के मकानों की मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण तक उनके रहवास की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जा रही है। साथ ही फसल को हुई क्षति के संबंध में फसल बीमा के तहत उसका मुआवजा अलग से दिया जाएगा। इसके अलावा पीड़ितों के तात्कालिक घरेलू आवश्यकता जैसे तिरपाल,बड़े पॉलीथिन, जलाउ लकड़ी बांस बल्ली, बच्चों एवं महिलाओं के दैनिक उपयोगी सामान की व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा की जा रही है। प्रभावितों को इस संकट की घड़ी में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार मदद देने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही कलेक्टर ने यहां पटेलपारा स्थित प्राथमिक शाला का भी अवलोकन करते हुए बच्चों से पहाड़े और वर्णमाला संबंधी प्रश्न पूछे एवं कक्षा दूसरी की छात्रा कामेश्वरी द्वारा पहाड़े का सही उच्चारण करने पर उसे शाबाशी दिया साथ ही शिक्षकों से बच्चों की लर्निंग स्किल सुधारने हेतु विशेष प्रयास करने को कहा। वर्षा प्रभावित राजकुमार नाग के उपचार एवं नर्सिंग की पढ़ाई कर रही ग्राम बांगापाल की पूर्णिमा कुंजाम के पढ़ाई की फीस एवं पुस्तकों को उपलब्ध कराने का जिम्मा प्रशासन उठायेगा तुमनार में ही प्रभावित परिवार में से पैरालिसिस पीड़ित राजकुमार नाग को सहायता राशि के अलावा उपचार हेतु अलग राशि उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि ग्राम तुमनार में अति वर्षा से पीड़ित कुल 35 परिवारों के खातों में सहायता राशि का अंतरण किया जा चुका है। इसके साथ ही कलेक्टर ने बांगापाल के वर्षा प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते हुए यहां के पीड़ित ग्रामीणों लच्छूराम यादव, राजू कुंजाम, सहित अन्य ग्रामीणों को संपूर्ण प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराने का दिलासा देते हुए कहा कि प्रभावितों के खातों में सहायता राशि के अंतरण का पठन किये जाने हेतु मैदानी अमले को निर्देशित कर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि अगर किसी कारणवश पीड़ित छूट गए है उनके लिए पुन: सर्वे कराकर उनकी क्षति का आकलन कर सहायता राशि प्रदान की जायेगी। यहीं उन्होंने छात्र धर्मेन्द्र कुमार कश्यप द्वारा अपने 10वीं और 12वीं की मूल अंकसूची वर्षा से नष्ट होने के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराने पर नई अंकसूची उपलब्ध कराने हेतु आश्वस्त किया।

इसके पश्चात कलेक्टर जिले के सरहद पर स्थित ग्राम फुंडरी पहुंचे। यहां कुल वर्षा प्रभावित कुल 17 परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है। यहां भी कलेक्टर ने प्रभावितों को अपने -अपने बैंक खातों को चेक कर राशि प्राप्त होने की चर्चा करते हुए कहा कि प्रशासन की पहली प्राथमिकता प्रभावितों के रहवास स्थलों को दुरुस्त करना है। ताकि वे अपने सामान्य जन जीवन की ओर लौट सकें। साथ ही इन क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त पहुंच मार्गो के मरम्मतीकरण के लिए भी विभागों को निर्देशित कर दिया गया है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# स्कूल की बिटिया बनेगी डॉक्टर, सम्मान में न्यौता भोज कलेक्टर और सीईओ हुए शामिल, बढ़ाया उत्साह

- कारली की छात्रा खुशी का चयन पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर में
- कलेक्टर ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की दी शुभकामनाएं



**दंतेवाड़ा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, कारली में आज न्योता भोजन कार्यक्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत और सीईओ जयंत नाहटा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने इस शैक्षणिक संस्था की अध्ययनरत छात्रा कुमारी खुशी ठाकुर द्वारा नीट परीक्षा क्वालीफाई कर पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर में चयनित होने पर शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रा के सम्मान में बुधवार को न्योता भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। दोनों अधिकारियों ने छात्रा के साथ न्योता भोजन साझा करते हुए अन्य छात्रों को भी प्रेरणा लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया। कलेक्टर श्री दुदावत ने छात्रा को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि सभी छात्रों को पढ़ने की प्रक्रिया को तनाव ना लेते हुए शांत, सकारात्मक तरीके से अपना प्रदर्शन को प्रभावी बना सकते है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने भी छात्रा की सफलता की सराहना करते हुए इसे पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान को भी महत्वपूर्ण करार दिया और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। न्योता भोजन कार्यक्रम न केवल छात्र और उसके परिवार को गौरवान्वित किया, बल्कि यह जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी संदेश बनकर सामने आया।

# बाढ़ पीड़ितों के खातों में भेजी जा रही सहायता राशि- कलेक्टर

- गीदम ब्लाक के प्रभावितों के बीच पहुंचे कुणाल दुदावत
- समलूर, सियानार, बिंजाम में नुकसान का जायजा
- फसल क्षति के लिए कृषि बीमा के अंतर्गत मिलेगा मुआवजा
- प्रभावितों के लिए नए पक्के घर बनेंगे



**दंतेवाड़ा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में लगातार हुई अतिवर्षा से बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेने कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गीदम विकासखंड के कई ग्राम पंचायतों में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रभावित ग्रामीणों से घर-घर जाकर मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गहराई से समझा।

कलेक्टर श्री दुदावत ने विशेष रूप से ग्राम पंचायत समलूर के कबाड़ीपारा, सियानारा के महारापारा, नदी किनारे पारा तथा बिंजाम के पटेलपारा का दौरा किया। प्रभावित परिवारों से संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन हर संभव सहयोग उनके साथ खड़ा है और किसी भी जरूरतमंद को असहाय महसूस नहीं होने दिया जाएगा। दौरे के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों को जानकारी दी कि राहत राशि का अंतरण सीधे उनके बैंक खातों में किया जा चुका है। इसके अलावा फसल और मवेशियों को हुए नुकसान की जानकारी लेकर मुआवजा राशि शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। महिलाओं द्वारा दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कमी की बात सामने लाए जाने पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ गीदम को तुरंत आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने राहत शिविरों का भी निरीक्षण किया, जहां वे प्रभावित परिवारों से सीधे मिले और उनके रहने-सहने, भोजन एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जब तक हालात पूरी तरह सामान्य नहीं हो जाते, राहत शिविरों का संचालन जारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राहत सहायता राशि में वृद्धि की गई है। जिन परिवारों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके मरम्मत कार्य हेतु वन विभाग को बाँस और बल्ली की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, जिन मकानों का अब तक सर्वे नहीं हुआ है, उन्हें तत्काल सर्वे कर लाभ दिलाने की बात कही। इसके अलावा जिन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ स्वीकृत हो चुका है, उन्हें जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा गया। वहीं जिनके घर पूरी तरह ढह गए हैं और उनका नाम अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल नहीं हुआ है, उनके नाम भी जोड़े जाने के निर्देश दिए गए।

# आदि कर्मयोगी अभियान के तहत मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण

- गांव में सरकार की 25 योजनाओं की होगी पहुंच
- आदि सेवा केन्द्र की होगी स्थापना

**दंतेवाड़ा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के डीपीआरसी मांझीपदर में तीन दिवसीय रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तर मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।




सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग राजीव नाग ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 15 कर्मचारी और 2 गैर-सरकारी संगठन के प्रतिनिधि शामिल हैं। इन्हें ब्लॉक स्तर पर मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा, ताकि वे आगे ग्रामीण स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दे सकें। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के 156 ग्रामों का चयन किया गया है। इन ग्रामों में सरकार की 25 योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। प्रत्येक चयनित ग्राम में आदि सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिनमें गैर-शासकीय कर्मियों को आदि सहयोगी और शासकीय कर्मियों को आदि साथी के रूप में जिम्मेदारी दी जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक आयुक्त श्री नाग ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शासन की नई सोच का प्रतीक है। यह अभियान प्रशासन को अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# एक स्कैन से मिल जाएगी पंचायत में मनरेगा की कुंडली क्यूआर कोड से मिलेगा पंचायत में रोजगार का पांच साल का ब्यौरा

- ग्रामीणों के हाथों में निगरानी की जिम्मेदारी
- भ्रष्टाचार रोकने और पारदर्शिता के लिए प्रशासन की पहल



**दंतेवाड़ा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के सभी 169 ग्राम पंचायत भवनों और गांव के प्रमुख स्थलों पर अब क्यूआर कोड चस्पा किए जाएंगे। ग्रामीण जन इन क्यूआर कोड को अपने मोबाइल से स्कैन कर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत संपादित विकास कार्यों की पूरी जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे।

इस पहल से पिछले पांच वर्षों में किए गए कार्यों की सूची, कार्य की स्थिति, लागत राशि, खर्च का विवरण, भुगतान की जानकारी, धनराशि का उपयोग कहां हुआ, जॉब कार्ड धारकों की संख्या और सृजित मानव दिवस जैसी सभी जानकारियां एक क्लिक में उपलब्ध होंगी। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार शुरू की गई यह व्यवस्था मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता लाने की दिशा में अहम कदम साबित होगी। ग्रामीणों को अब दफ्तरों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि वे सीधे अपने मोबाइल से पंचायतवार और ग्रामवार पूरी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इससे न केवल भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी, बल्कि योजना पर जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने बताया कि क्यूआर कोड प्रणाली से आम नागरिक योजना से जुड़ी प्रत्येक जानकारी तत्काल और पारदर्शी तरीके से देख पाएंगे। इसके माध्यम से ग्रामीण अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगे और अपने गांव के विकास कार्यों की वास्तविक निगरानी भी कर सकेंगे। जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण और कुआकोंडा अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों के लिए विशेष क्यूआर कोड तैयार कर लिए गए हैं, जिन्हें 10 सितम्बर तक हर पंचायत में चस्पा कर दिया जाएगा। यह नवाचार ग्रामीणों को केवल दर्शक नहीं, बल्कि विकास कार्यों की निगरानी करने वाला वास्तविक सहभागी बनाएगा। क्योंकि अब विकास का पूरा हिसाब सबके सामने होगा और हर किसी की जेब में रहेगा।

# छग रजत जयंती पर मेगा स्वास्थ्य शिविर,विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया ईलाज




## 100 ज्यादा मरीजों को परामर्श और उपचार

**दंतेवाड़ा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक भव्य मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने नि:शुल्क परामर्श, जाँच एवं उपचार सेवाएँ प्रदान कीं। जरूरतमंद रोगियों को नि:शुल्क दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान मलेरिया, डेंगू, एनीमिया, नेत्र रोग, दंत रोग, हृदय रोग, अस्थि रोग, चर्म रोग, कान-नाक-गला, महिला एवं बाल स्वास्थ्य सहित अन्य रोगों की जाँच और उपचार किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने शिविर के दौरान कहा कि रजत जयंती वर्ष समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाने के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने नागरिकों से नियमित स्वास्थ्य जाँच कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील भी की। इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में कुल 123 से अधिक मरीजों ने नि:शुल्क परामर्श और उपचार सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# निलंबन के बाद बहाल कर गीदम में ही बनाया

## भाजपा सरकार में अजीबोगरीब फैसला जांच भी जारी रहेगी और पद पर भी बने रहेंगे

**दंतेवाड़ा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी के चलते निलंबित गीदम बीईओ शेख रफीक को बहाल करते हुए फिर से गीदम में ही बीईओ बना दिया गया है। सरकार के इस फैसले से शिक्षक संगठनों में बेहद आक्रोश है। संभवत: यह पहला मामला होगा जब किसी अधिकारी को निलंबन के बाद उसी जगह और पोस्ट पर बहाल कर दिया गया हो। मजे की बात यह है कि बीईओ बनने के बाद भी उनके खिलाफ जांच जारी रहेगी। ऐसे में संदेह यह भी जताया जा रहा है कि श्री रफीक बीईओ रहते जांच को प्रभावित कर सकते हैं। गीदम बीईओ रहते हुए युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में गड़बड़ी सामने आयी और 10 जून को उन्हें निलंबित किया गया था। इस बीच 29 अगस्त को उन्हें बहाल कर दिया गया और उन्हें दो दिन पहले ही बतौर बीईओ उनकी गीदम में ही पोस्टिंग कर दी गई। इस फैसले से शिक्षक संगठनों में बेहद नाराजगी है और धरना प्रदर्शन की तैयारी भी हो रही है। यह भाजपा सरकार में ही संभव है जब इस तरह के अजीबोगरीब फैसले हो रहे हैं। प्रदेश सरकार की सुशासन की यह नई मिशाल है। सत्ता और संगठन स्थानीय स्तर पर इस तरह के निर्णय से अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गीदम बीईओ के लिए कई नाम चल रहे थे, लेकिन निलंबित बीईओ को ही बहाल कर फिर से वही पोस्टिंग दे दी जाएगी, इसकी कोई उम्मीद नहीं कर रहा था। स्थानीय जन प्रतिनिधियों और संगठन के लिए यह फैसला एक करारा तमाचा जैसा है। कांग्रेस सरकार की तरह भाजपा के राज में भी शिक्षा का क्षेत्र प्रयोग और राजनीति से अछूता नहीं रह गया है, यह बेहद दुर्भाग्यजनक स्थिति है।

**धरना प्रदर्शन की तैयारी में शिक्षक संगठन**

# नाबालिग से अश्लील हरकत, आरोपी गिरफ्तार



- किरन्दुल में सामने आया मामला

**दंतेवाड़ा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के किरन्दुल में घर में घुस कर नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पीड़िता अपने परिवार के साथ अलग कमरे में सोई हुई थी, इसी दौरान मोहल्ले का ही एक 30 वर्षीय व्यक्ति उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। पीड़िता के चिल्लाने पर वह भागने लगा। घर वालों ने उसकी पहचान रोहित यादव के रूप में की। पीड़िता की रिपोर्ट पर किरन्दुल थाने में धारा 75 (2) बीएनएस, 08 पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस मामले में एसपी गौरव राय के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई हुई। आरोपी की गिरफ्तारी में एएसआई के सीमाचलम, अनिता चौधरी, आरक्षक मकसुदन मंडावी और महिला आरक्षक सुरेखा सलाम की अहम भूमिका रही।

# स्कूलों में छत्तीसगढ़ स्थापना रजत जयंती महोत्सव छात्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं

**दंतेवाड़ा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत महोत्सव वर्ष 2025-26 का आयोजन पूरे प्रदेश में बड़े ही उत्साह के साथ किया जा रहा है। यह आयोजन 15 अगस्त से प्रारंभ होकर 6 फरवरी 2026 तक चलेगा। इसी तारतम्य में स्कूल शिक्षा विभाग, समग्र शिक्षा जिला दंतेवाड़ा के अंतर्गत सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में 28 अगस्त से 7 सितम्बर तक विशेष पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का संचालन जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. अम्बस्त एवं डीएमसी हरीश गौतम के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। पखवाड़े की शुरुआत 28 अगस्त को जिले के समस्त विद्यालयों एवं कार्यालयों में पुस्तक वाचन कार्यक्रम से हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ पालक, समुदाय, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 29 अगस्त को स्पीड रीडिंग गतिविधि आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थियों और पालकों ने समझ के साथ तेज गति से पढ़ने की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 30 अगस्त को विद्यालय विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें समुदाय, पालक एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय योगदान दिया। 31 अगस्त को भूतपूर्व छात्रों के साथ एलुमनी बैठक का आयोजन किया गया। इसके बाद 1 सितम्बर को एनईपी 2020 पर आधारित क्विज प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति की गहराई से जानकारी देने का अवसर प्रदान किया। 2 सितम्बर को जिले के विभिन्न विद्यालयों में छत्तीसगढ़ का इतिहास विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं मेरे सपनों का विद्यालय विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# नवरात्र के पहले संवर जायेगी मांई जी की बगिया बाढ़ की रेत और कीचड़ से उद्यान को नुकसान

**दंतेवाड़ा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आज माई दंतेश्वरी मंदिर परिसर में विगत दिनों हुई अति वर्षा से क्षतिग्रस्त स्थलों का दौरा किया गया और इस दौरान उन्होंने क्षतिग्रस्त मांई जी की बगिया, डैमेज नदी घाटो, एवं फ्लोरिंग कार्यो, जल निकासी के मरम्मतीकरण कार्य को पूर्व स्थिति अनुसार जल्द से जल्द पूरा करने को कहा। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# दंतेश्वरी मंदिर में शुरू होगा 365 दिन अन्नपूर्णा भोग भंडारा

- शक्ति पीठ में सर्व आदिवासी समाज की पहल
- शारदीय नवरात्र से होगी महत्वपूर्ण शुरूआत
- मुख्य पुजारी विजेंद्र जिया और स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती की उपस्थिति में निर्णय



**दंतेवाड़ा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के मंदिर प्रांगण में एक ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व की पहल की शुरुआत होने जा रही है। सर्व आदिवासी समाज और जिले के सभी समाज प्रमुखों ने मिलकर निर्णय लिया है कि आगामी शारदीय नवरात्रि से माँ दंतेश्वरी अन्नपूर्णा भोग भंडारा शुरू किया जाएगा। यह भंडारा वर्ष के 365 दिन मंदिर परिसर में भक्तों के लिए उपलब्ध होगा, जो न केवल आध्यात्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देगा।

माँ दंतेश्वरी ज्योति कलश भवन में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में दंतेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी विजेंद्र जिया और शिवानंद आश्रम गुमरगुंडा के स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया। बैठक में जिले के सभी समाज प्रमुखों ने विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से इस भंडारे की शुरुआत को मंजूरी दी। इस पहल को मूर्त रूप देने के लिए मंदिर समिति और जिला कलेक्टर से चर्चा कर अनुमति ली जाएगी। माँ दंतेश्वरी अन्नपूर्णा भोग भंडारा का उद्देश्य मंदिर में आने वाले भक्तों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराना है। यह पहल न केवल भक्तों की सेवा करेगी, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग को भी प्रोत्साहित करेगी। इस भंडारे में देश भर के लोग दान के माध्यम से सहयोग कर सकेंगे। कोई भी व्यक्ति अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, मांगलिक कार्यों या श्रद्धा के रूप में अन्न दान कर सकता है। यह पहल सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने का एक अनूठा प्रयास है, जिसमें हर व्यक्ति अपनी इच्छानुसार योगदान दे सकता है। इस भंडारे की शुरुआत में छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज की अहम भूमिका है। यह समाज, जो दंतेवाड़ा की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का संरक्षक रहा है। इस पहल के माध्यम से सामाजिक सेवा और धार्मिक आस्था के बीच एक सेतु स्थापित करने जा रहा है। माँ दंतेश्वरी, जो बस्तर की आराध्य देवी और भारत के 52 शक्तिपीठों में से एक हैं, के प्रति यह समर्पण क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को और मजबूती प्रदान करेगा। यह भंडारा न केवल भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा। हाल ही में उद्घाटित माँ दंतेश्वरी कॉरिडोर, जो उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर विकसित किया गया है, ने दंतेवाड़ा को पर्यटन और आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित किया है। इस भंडारे से स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी, जिससे क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा।आगामी शारदीय नवरात्रि से इस भंडारे की शुरुआत होगी, जो माँ दंतेश्वरी के प्रति भक्तों की आस्था को और गहरा करेगा। दंतेवाड़ा में नवरात्रि का विशेष महत्व है, जहां वर्ष में तीन बार नवरात्रि मनाई जाती है, जिसमें फागुन मढ़ई (आखेट नवरात्रि) भी शामिल है। इस भंडारे से नवरात्रि के दौरान आने वाले भक्तों को विशेष सुविधा मिलेगी। माँ दंतेश्वरी अन्नपूर्णा भोग भंडारा की शुरुआत दंतेवाड़ा के लिए एक ऐतिहासिक कदम है, जो आस्था, सेवा और सामुदायिक सहयोग का प्रतीक बनेगा। यह पहल न केवल मंदिर की पवित्रता को बढ़ाएगी, बल्कि दंतेवाड़ा को एक प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में और अधिक प्रख्यात करेगी। सर्व आदिवासी समाज और जिला प्रशासन के इस प्रयास से दंतेवाड़ा एक बार फिर सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### बाढ़ प्रभावितों की मदद...

एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने मांदर गांव पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री और राशन वितरित किया। ग्रामीणों ने बताया कि जिला प्रशासन ने तुरंत उनकी सुध ली और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। साथ ही, विश्वविद्यालय की तरफ से मिली मदद उनके लिए बहुत सहायक साबित हुई है। इस पहल ने यह साबित कर दिया है कि मुश्किल समय में सामाजिक संस्थाओं और शिक्षा संस्थानों का सहयोग राहत कार्यों को और भी प्रभावी बना सकता है।

# नाबालिग से दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार

**फरसगांव** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले में एक नाबालिक लड़की के साथ दो युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। फ़रसगाँव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस जघन्य अपराध में इस्तेमाल की गई कार को भी ज़ब्त कर लिया है।



## क्या है पूरा मामला

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह एक साल पहले इंस्टाग्राम के जरिए आरोपी गुपेन्द्र मरकाम और देव नेताम से मिली थी। दोनों अक्सर उसे मिलने के लिए उकसाते थे। इसी वर्ष 22 मार्च 2025 को देव नेताम अपने दोस्त गुपेन्द्र के साथ कार में पीड़िता के घर पहुंचा और उसे मिलने के बहाने बाहर बुलाया। आरोपियों ने बहला-फुसलाकर पीड़िता को अपनी कार में बैठाया और उसे गट्टीपलना जंगल ले गए। वहां दोनों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद, आरोपियों ने पीड़िता को धमकाया कि अगर उसने इस बारे में किसी को बताया तो परिणाम अच्छे नहीं होंगे। डर के कारण पीड़िता ने उस समय किसी को कुछ नहीं बताया।

## दुबारा की दरिंदगी

1 सितंबर 2025 को, पीड़िता फिर से आरोपियों के जाल में फंस गई। फ़रसगाँव अस्पताल के पास एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान जब वह बाथरूम गई थी, तब आरोपियों ने उसे फिर से जबरन अपनी कार में बैठाया और उसी गट्टीपलना जंगल में ले जाकर उसके साथ फिर से दुष्कर्म किया।

## पुलिस की कार्रवाई

दूसरी बार हुई इस घटना के बाद पीड़िता ने हिम्मत करके फ़रसगाँव थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देश पर तुरंत एक टीम गठित की गई। टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गुपेन्द्र मरकाम (21) और देवकुमार नेताम (27) के रूप में हुई है। दोनों फ़रसगाँव के ही रहने वाले हैं। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ द्धक्ष्ट की धारा 376 (2), 376 (2) (ठ्ठ) और क्क्रस्ष्ट्व ष्ह्ल के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है। कोण्डागांव पुलिस ने एक बार फिर दिखाया है कि वह महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर

## राज्य स्तरीय रोजगार मेला 09 एवं 10 अक्टूबर को

**कोण्डागांव** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 09 एवं 10 अक्टूबर को रायपुर में होना संभावित है। उक्त रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा अपनी-अपनी संस्थाओं में विभिन्न पदों पर कार्य करने हेतु भर्ती की जायेगी। इस रोजगार मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र में नियोजित होने के इच्छुक युवक-युवतियां ऑनलाईन ई-रोजगार पोर्टल के माध्यम से राज्य स्तरीय रोजगार मेला में पंजीयन कर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। उक्त दिवस को रोजगार मेला में अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, रोजगार पंजीयन निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि, मूल दस्तावेज, छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय में कार्यालयीन समय 11 से 5 बजे तक टेलीफोन नम्बर 07786-299068 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# माता लिंगेश्वरी दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब: संतान प्राप्ति की आस में उमड़े हजारों भक्त

**फरसगांव** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के फरसगांव विकास खंड अंतर्गत ग्राम झाटीबन (आलोर) के ऊँचे पहाड़ों के बीच स्थित, नि:संतान दंपतियों के लिए आशा का केंद्र, माता लिंगेश्वरी गुफा के पट बुधवार को पूरे विधि-विधान के साथ खोले गए। जैसे ही गुफा के द्वार खुले, छत्तीसगढ़, ओडिशा और मध्यप्रदेश सहित देश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए उमड़ पड़े, जिससे पूरा इलाका जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। यह गुफा संतान प्राप्ति के लिए विख्यात है। यहाँ आने वाले दंपतियों को पुजारी द्वारा खीरे का प्रसाद दिया जाता है। इस खीरे को दंपति आस्था के साथ दो टुकड़ों में बांटकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं, जिससे उनकी संतान प्राप्ति की कामना पूरी होती है। मंदिर के पट खुलने के साथ ही एक अद्भुत घटना भी देखने को मिली। पिछले वर्ष गुफा के भीतर बिछाई गई रेत पर इस बार भी बिल्ली के पदचिह्न मिले। पुजारियों ने इन पदचिह्नों को उत्तर से दक्षिण दिशा की ओर जाते हुए देखा, जिसे परंपरागत रूप से क्षेत्र में अराजकता और भय का संकेत माना जा रहा है। हालाँकि, इस भविष्यवाणी से भक्तों की आस्था में कोई कमी नहीं आई। सुबह से ही दर्शनार्थियों की तीन किलोमीटर लंबी कतार लगी रही, जो माता के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा को दर्शाती है। भक्तों की सुविधा के लिए प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम



श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और स्वास्थ्य के पुख्ता इंतजाम किए थे। फरसगांव के एसडीएम आश्वन कुमार पुसाम ने स्वयं मौके पर व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस बल के साथ-साथ स्थानीय समिति के सैकड़ों स्वयं सेवक भी सेवा में लगे थे। भक्तों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य शिविर, पीने का पानी, और बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान भक्तों के लिए प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी। रवि घोष ने दिन भर खिचड़ी का वितरण किया, जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्टाल लगाकर खीर का प्रसाद बांटा, जिसका सेवन कर दर्शनार्थियों ने तृप्ति पाई। माता लिंगेश्वरी के पट देर रात तक खुले रहे। इस दौरान गुफा के बाहर का पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा, जहाँ पूजा सामग्री और प्रसाद के स्टॉल लगे थे और हर तरफ भक्ति गीतों की गूंज सुनाई दे रही थी। भक्तों का मानना है कि माता लिंगेश्वरी की कृपा से सिर्फ संतान सुख ही नहीं,

## अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु दिया जाएगा नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन

**कोण्डागांव** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु वर्ष 2025-26 में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण एवं आवश्यक मार्गदर्शन का दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोण्डागांव लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में अपनी उत्तीर्ण होने संबंधी दस्तावेज के साथ स्वयं उपस्थित होकर माह सितम्बर 2025 तक अपना नामांकन अनिवार्य रूप से करा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु रोजगार कार्यालय के संपर्क नम्बर 9584020279 में कॉल कर सकते हैं।

# प्राचार्य बनने पर शिक्षकों में हर्ष

- पदोन्नत प्राचार्य विधायक से मुलाकात कर जताया आभार
- टीचर्स एसोसिएशन ने व्यायाम शिक्षकों की रखी मांग



**कोण्डागांव** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में वर्षों से रिक्त पड़े प्राचार्य पद पर व्याख्याता, व्याख्याता एलबी एवं प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला की पदोन्नति कर प्राचार्य बनाया गया है जिससे शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। कोंडागांव जिले में 16 व्याख्याता एलबी सहित कुल 65 प्राचार्य बने, जिससे जिले की शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन आएगा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला अध्यक्ष ऋषिदेव सिंह के नेतृत्व में कोण्डागांव जिला में प्राचार्य बने संजय कुमार राठौर, इरसाद हुसैन अंसारी, अनुप कुमार विश्वास, त्रिनाथ प्रसाद जोशी, कमलू राम बड्डे, श्रीमती श्याम लता पदमाकर ने विधायक एवं उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण सुश्री लता उसेंडी से मुलाकात कर उनके सराहनीय पहल एवं प्राचार्य पदोन्नति हेतु सरकार को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। 28 वर्षो से एक ही पद पर सेवा पश्चात् प्राचार्य बनने की खुशी जाहिर करते हुए नव पदस्थ प्राचार्यो ने विधायक को पुष्प गुच्छ भेंट कर मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार जताया। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला अध्यक्ष ऋषिदेव सिंह ने शिक्षाकर्मी के लंबे संघर्षो के पश्चात प्राचार्य पदोन्नति हेतु सरकार के प्रति विधायक को आभार व्यक्त किया। चर्चा के दौरान अब तक उपेक्षित 28 वर्षो से एक ही पद पर कार्य कर रहे पीटीआई संवर्ग की समस्याओं एवं मांग पर विस्तृत चर्चा की। जिला अध्यक्ष ने बताया कि शिक्षाकर्मी के रूप में एक साथ कार्य प्रारंभ किए सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं व्याख्याता एलबी संवर्ग को किसी ने किसी रूप में पदोन्नति के मार्ग प्रशस्त हुए एवं उच्च पद पर पदोन्नति की प्राप्त हुई, परंतु वर्षो से एक ही पद पर कार्य कर रहे व्यायाम शिक्षक अब भी सरकार से अपनी पदोन्नति एवं क्रमोन्नत बांट जोह रहे हैं। व्यायाम शिक्षको के मांग को शीघ्र पूरा करने पर विचार विमर्श किया गया। विधायक लता उसेंडी ने कहा कि सरकार लगातार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है, व्यायाम शिक्षको के विषय पर शिक्षा मंत्री और मुख्य मंत्री से चर्चा कर गंभीरतापूर्वक निराकरण करने का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान जिला अध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, प्रांतीय पदाधिकारी चंद्रकांत ठाकुर, शारीरिक शिक्षक जिला अध्यक्ष प्रभाकर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मन्नाराम नेताम, प्राचार्य त्रिनाथ प्रसाद जोशी, संजय कुमार राठौर, इरशाद हुसैन अंसारी, अनूप कुमार विश्वास, कमलू राम बड्डे, श्रीमती श्यामलता पद्माकर, अशोक साहू, लिखेश्वर पांडे, शिवकुमार मंडावी, चंद्रशेखर ठाकुर अवध किशोर मिश्रा, राजकुमार पद्माकर, बृजलाल कोर्राम आदि उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण का शुभारंभ

**कोण्डागांव** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। अनुसूचित जनजातियों के सर्वांगीण विकास और कल्याण के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ जनजातीय परिवारों तक पहुंचाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का 2 से 4 सितंबर 2025 तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 3 सितम्बर को काष्ठागार नीलाम हॉल कोंडागांव में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कृपेंद्र तिवारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोंडागांव एवं शांतनु सहारण लीगल हेड जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। जनजातीय समाज को मुख्य धारा से जोड़ने और योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने में मास्टर ट्रेनर्स की अहम भूमिका होगी। प्रशिक्षण में 7 डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर्स, 35 ब्लाक मास्टर ट्रेनर्स और 5 सामाजिक संस्था शामिल होंगे। 7 विभाग जिसमें आदिवासी विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग प्रमुख रूप से शामिल हैं। विदित हो कि सरकार ने इस अभियान में 17 विभागों को जोड़ा है, ताकि लंबे समय से उपेक्षित समाज तक योजनाएं पहुंच सके। अनुसूचित जनजातियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से भारत सरकार जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा 10 जुलाई को आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ किया गया है। आदि कर्म योगी अभियान के तहत सेवा पर्व और आदि कर्म योगी सेवा अभियान का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा। यह अभियान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2 अक्टूबर 2024 को शुरू किए गए धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान का ही अगला चरण है, इसकी परिकल्पना विश्व के सबसे बड़े जनजातीय नेतृत्व आंदोलन के रूप में की गई है, जो बहु विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। इसमें 17 मंत्रालयों की 25 गतिविधियां सम्मिलित हैं। सभी मास्टर ट्रेनर्स को राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर आये मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद यह मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने ब्लॉकों में जाकर ग्राम स्तर पर कैडर फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करके उन्हें तैयार करेंगे। यह सभी आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना, पीएमजनमन योजना, मूलभूत सुविधाएं जैसे-आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार व ग्रामों के विकास के लिए ग्राम स्तर पर योजना तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।



# सरकार को याद दिलाने मुखौटे पहनकर सड़क पर उतरे एनएचएम कर्मी, बोले- आश्वासन नहीं लिखित आदेश चाहिए

**कोण्डागांव** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के हड़ताली कर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के 17 वें दिन अपनी मांगों को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया। डीएनके कालोनी स्थित धरना स्थल पर कर्मचारियों ने सत्ता पक्ष के मंत्रियों और नेताओं का मुखौटा पहनकर रैली निकाली और सरकार को चुनाव पूर्व किए वादों की याद दिलाई।



छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ जिला इकाई कोण्डागांव के जिला अध्यक्ष कृष्णा पटेल के अनुसार, जिले के 581 कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों का कहना है कि केवल मौखिक आश्वासन से अब काम नहीं चलेगा, जब तक सरकार उनकी मुख्य मांगों पर विचार कर लिखित आदेश जारी नहीं करती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। आज के प्रदर्शन में मुखौटा पहने मंत्री और नेता कर्मचारियों को आश्वासन देते दिखे, जबकि उग्र हो चुके कर्मचारियों ने नारेबाजी कर साफ कर दिया कि उन्हें अब केवल लिखित आदेश चाहिए। इस दौरान आश्वासन नहीं, लिखित आदेश चाहिए, ना घर में आटा है, ना दाल है, संविदा में बुरा हाल है जैसे नारे गूंजते रहे। हड़ताली कर्मचारियों ने थाली, कटोरी और खाली कुकर बजाकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उनका कहना है कि लंबे समय से मांगों की अनदेखी हो रही है और सरकार को अब वादों को पूरा करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# बीजापुर से तीर्थयात्रियों का जत्था अयोध्या रवाना

**बीजापुर** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत मंगलवार को बीजापुर जिले के 27 श्रद्धालुओं का जत्था पवित्र नगरी अयोध्या के लिए रवाना हुआ। जत्थे को बीजापुर मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल एवं डिप्टी कलेक्टर आदित्य कुंजाम उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने यात्रियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया और उनके सुरक्षित व मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित यह योजना आमजन को धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर उपलब्ध कराने और समाज में आस्था एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यात्रियों ने



सरकार और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से उन्हें जीवन में पहली बार अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जत्थे के भोजन पानी व यात्रा से संबंधित समुचित व्यवस्था की गई।

# जनजातीय विकास का नया अध्याय

## कोंडागांव में आदि कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**फरसगांव** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए आदि कर्मयोगी अभियान के तहत, कोंडागांव में 2 से 4 सितंबर 2025 तक तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाना है। इस प्रशिक्षण में 7 जिला मास्टर ट्रेनर, 35 ब्लॉक मास्टर ट्रेनर और 5 सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हैं। इसमें आदिवासी विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत और ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, वन और महिला एवं बाल विकास जैसे 7 विभागों के अधिकारी भी भाग ले रहे हैं। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2 अक्टूबर 2024 को शुरू किए गए धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान का अगला चरण है। इस अभियान में कुल 17 मंत्रालयों की 25 गतिविधियां शामिल हैं, जो बहु-विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी पर आधारित हैं प्रशिक्षण के बाद, ये मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने ब्लॉक में जाकर ग्राम स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे। ये कार्यकर्ता आदिवासी बहुल गांवों में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना और पीएम जनमन योजना जैसी योजनाओं को लागू करने, और आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने में मदद करेंगे।



# बनते घर-पूरे होते सपने: प्रधानमंत्री आवास सहित विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए वाल्बा नरसू

**बीजापुर** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। हमारे आस-पास ऐसी बहुत सी महिलाएं देखने को मिल जाती हैं, जो जीवन में चुनौतियों का सामना करते हुए मजबूत बनी है। महिलाओं में अद्वितीय संघर्ष क्षमताएं हैं, ऐसे ही संगमपल्ली निवासी एकल महिला श्रीमती वाल्बा नरसू की कहानी हैं। पति के मृत्यु उपरांत अपने दूधमुहें बच्चे के साथ झोपड़ी और टपकती छत में पक्के आवास का सपना और अपने बच्चे को पालन -पोषण करने के साथ ही पढ़ाने-लिखाने की चुनौती आसान नहीं थी। श्रीमती वाल्बा नरसू की इस संघर्ष में साथ मिला प्रधानमंत्री आवास योजना का। आवास मिलने की खुशी उनके आंखों में झलकती है, श्रीमती वाल्बा नरसू ने अपने आवास को प्यार से सजाया है, साफ-सुथरा घर, आंगन में गेंदे के फूल की खुशबू सुखद एहसास देते हैं।श्रीमती वाल्बा नरसू की शादी 2005 में हुई थी, इनके पति स्व श्री वाल्बा सुबैया की मृत्यु 2016 में हो गई। पति खोने को दुख तो था ही साथ में पुत्र अंसुमन के लालन-पालन की जिम्मेदारी भी थी। नरसू बताती हैं उन दिनों उनके पास कच्ची मिटटी का मकान था, जिसमें बारिश के दिनों में छत टपकने के साथ सांप - बिच्छू का भी भय बना रहता था। टपकती छत के नीचे बच्चे को गोद में लेकर रोती थी कि अंसुमन के पिता होते तो हम लोग भी अपना पक्का मकान बनाकर ठीक से रहते। मेरे आधा एकड़ खेत है जिसमें मै धान लगाती हूं एवं मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रही थी।



प्रधानमंत्री आवास योजना से 1 लाख 30 हजार रूपये की लागत से आवास की स्वीकृति मिली। जैसे ही पहली किश्त मिली मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, चूंकि मेरी वर्षो पुराने सपने के साकार होने का समय आ गया था। मैं जल्द से जल्द आवास बनाने के लिए काम शुरू किया। जैसे जैसे आवास बनने लगा वैसे वैसे किश्त की राशि भी मेरे खाते में आती गई। आवास के साथ मुझे शौचालय भी स्वीकृत हुआ है। मेरे सपनों का आवास जब पूरा हुआ तो इसमें रंगरोगन कर आंगन में फूल भी लगाये हैं। वास्तव में प्रधानमंत्री आवास योजना हम जैसे गरीब महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। मुझे उज्जवला योजना अंतर्गत गैस सिलेंडर और चूल्हा भी मिला है। मेरा बेटा आज 10 वर्ष का हो गया है। उसे अच्छे से पढ़ाना चाहती हूं, वो वर्तमान में आत्मानंद स्कूल मद्देड़ में 5 वीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा है।

# कलेक्टर ने माकड़ी क्षेत्र के विद्यालयों एवं आंगन बाड़ी केन्द्रों का किया

**कोण्डागांव** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने 3 सितम्बर को माकड़ी विकास खंड अंतर्गत विभिन्न गांवों का दौरा कर शिक्षा स्वास्थ्य सेवाओं सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। साथ ही ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत अमरावती में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के तहत बैंक सखी के रूप में कार्य कर रही स्व सहायता समूह की दीदी सोनादाई नाग से उनके कार्यो और ग्रामीणों को उपलब्ध करा रही बैंकिंग सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि वे पांच गांवों में एक एक दिन में विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित वित्तीय लेन देन का कार्य करती हैं, जिससे ग्रामीणों को अपनी राशि निकालने में बहुत सहूलियत मिल रही है। इस दौरान कलेक्टर ने स्व सहायता समूह की महिलाओं और लखपति दीदियों से चर्चा करते हुए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनकी आय में और बढ़ोत्तरी हेतु निरन्तर प्रयास करने हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने शासन की स्पॉन्सरशिप छात्रवृति योजना से जरूरतमंद बच्चे को लाभ दिलाने और सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने ग्राम पंचायत में संचालित पोस्ट ऑफिस का निरीक्षण किया और कार्यो के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं से भी रूबरू हुए। शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण करते हुए बच्चों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विद्यालयों में प्राथमिक शिक्षा बच्चों को अच्छे से दी जाएगी तभी वे आगे की पढ़ाई बेहतर ढंग से कर पाएंगे। ग्राम अमरावती में जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना के कार्यों का जायजा लिया और शेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करते हुए गांव के सभी घरों में सुचारू रूप से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित किया। उन्होंने अमरावती और बीजापुर में आंगन बाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों और आंगन बाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि बच्चों को साफ सफाई की आदतें और अनुशासन सिखाएं। कलेक्टर ने अमरावती के बालक आश्रम छात्रावास का भी निरीक्षण किया और आवासीय भवन में सीपेज को ठीक कराने और नये चादर की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। साथ ही परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने उचित मूल्य की दुकान का भी निरीक्षण किया और ग्रामीणों से राशन वितरण की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने दुकानों में खाद्य सामग्रियों के भंडारण में साफ सफाई का ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा सहकारी समिति में एग्रीस्टैक पोर्टल में किसानों के पंजीयन के प्रगति की भी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने अपने निरीक्षण के क्रम में ग्राम अनंतपुर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेक्टरवार प्रसव के संख्या एवं हाई रिस्क वाले गर्भवती महिलाओं की जानकारी ली और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे का भी जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम अजय उरांव, सीएमएचओ डॉ.आर.के.चतुर्वेदी, डीईओ श्रीमती भारती प्रधान, सहायक आयुक्त कृपेन्द्र तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

एक बार भूगोल की टीचर ने बच्चों से पूछा- गंगा कहाँ से निकलती है और कहां जाकर मिलती है..?
एक बच्चे ने खड़े होकर कहा - मैडम गंगा घर से निकलती है और स्कूल के पीछे जाकर कालू से मिलती है।

## संपादकीय

### एपीके : सावधानी से करें उपयोग

*साइबर अपराध के विविध तरीके सामने आ रहे हैं। जो बहुत प्रचलित है वह है किसी बैंक के नाम से फोन कर यह धोखा देना कि उनका खाता बंद हो गया है। उसे फिर से सक्रिय करने के लिये कोई ओटीपी या लिंक शेयर कर उसे भरने के लिये कहा जाता है। लिंक को क्लिक करते ही ठगों के पास शिकार का बैंक सम्बन्धी सारा विवरण पहुंच जाता है। इसके बाद पासवर्ड, ओटीपी आदि की जानकारी प्राप्त कर पैसे उड़ा लिये जाते हैं। कई बार थोड़े समय में धन कई गुना कर भारी मुनाफे का लालच दिखला कर राशि अपने खातों में लेकर ठग गायब हो जाते हैं। उन्हें इनवेस्टमेंट प्लान बतलाकर लोगों को झांसे दिये जाते हैं। डिजिटल अरेस्ट आदि जैसे भी कई तरह की ठगी के प्रकार प्रचलित हैं। लोगों को नये-नये तरीकों से होने वाले झांसों की जानकारी रहनी चाहिये ताकि वे ठगों के शिकार न बनें। देश भर में हर रोज हजारों मामले इस प्रकार के होते हैं। सभी तरह की सतर्कता ही सबसे अच्छा उपाय है।*

*हाल ही में एपीके के जरिये ठगी के मामले सामने आये हैं। एंड्राइड एप्लिकेशन पैकेज या एंड्रॉइड एप्लिकेशन पैकेज किट कहलाने वाले एपीके एक तरह के फाइल प्रारूप होते हैं जो एंड्रॉयड डिवाइस पर एप्स वितरण तथा इंस्टाल करने के लिये उपयोग में लाये जाते हैं। प्रोग्राम कोड, फोटो आदि भी इसके जरिये अपलोड किये जाते हैं। किसी तरह की सेवाओं का उपयोग करने के लिये शासकीय या निजी विभाग अथवा संस्थाएं इस तरह के एपीके भेजकर उपयोगकर्ता के विवरण प्राप्त करती हैं। ठग इनका भी दुरुपयोग करने में माहिर होते हैं। फर्जी तरीकों से और ठगी के उद्देश्य से बनाये वे अपने एपीके संभावित शिकार के पास भेजते हैं। उनमें से कई लोग जाल में फंस जाते हैं।*

*ऐसे ही एक प्रकरण में रायपुर के एक युवक से झांसेबाज चार लाख रुपये ठगने में सफल हो गये। उक्त युवक के पास आरटीओ का एक एपीके आया। उसमें यह दर्शा रहा था कि उसका चालान हो गया है। उसमें बने फार्मेट को खोलने के लिये जैसे ही युवक ने एपीके खोला, उसके बैंक के खाते से छोटी-मोटी राशि नहीं बल्कि चार लाख रुपये कट गये। उस राशि को झांसेबाजों ने अपने खाते में ट्रांसफर कर दिये। मामला पुलिस के पास पहुंच गया है।*

*वैसे तो एपीके खुलने के पहले कई स्तर पर चेतावनियां आती हैं कि एपीके को खोलना नुकसानदेह हो सकता है। कई एपीके मोबाइल सेट के लिये ही खतरनाक होते हैं। सबसे अच्छा है कि अनजान व्यक्तियों, कम्पनियों, संस्थाओं आदि से आने वाले एपीके खोले ही न जायें। दूसरे, उसके माध्यम से आने वाले एप्स के प्रति भी पर्याप्त सावधानी बरती जाये। कभी भी अपना बैंक सम्बन्धी विवरण, पासवर्ड, ओटीपी आदि शेयर न किये जायें।*

# हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों पर बर्खास्तगी की कार्रवाई शुरू

## दो कर्मचारी किए गए बर्खास्त, एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांतीय सलाहकार ने कहा- मांगों पर रहेंगे अडिग

**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। नियमितीकरण समेत 10 सूत्री मांगों को लेकर प्रदेशभर के 16 हजार एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैंण् 24 घंटे के अल्टीमेटम के बाद भी काम पर नहीं लौटने पर अब बर्खास्तगी की कार्रवाई शुरू हो गई है। बलौदाबाजार जिले में दो कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है।

सीएमएचओ ने कसडोल ब्लॉक डाटा मैनेजर हेमंत सिन्हा कौशलेश तिवारी की बर्खास्तगी का आदेश जारी किया है इस कार्रवाई को लेकर एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांतीय सलाहकार हेमंत सिन्हा ने कहा है कि कर्मचारियों के आंदोलन के बीच सरकार ने हड़ताल पर बैठे एनएचएम कर्मचारियों की बर्खास्तगी की कार्रवाई शुरू कर दी है बलौदाबाजार में मुझे और दो अन्य कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है सरकार मांगों को पूरा न करते हुए कार्रवाई कर रही है सरकार से पूछना चाहता हूं कि क्या वे 16 हजार एनएचएम कर्मचारियों को बर्खास्त करेंगे।

**मंत्री और सीएम निवास का करेंगे घेराव**



सिन्हा ने कहा पूर्व में 24 घंटे के अल्टीमेटम में बाद आक्रोशित कर्मचारियों ने स्वास्थ्य भवन का घेराव किया था अब बर्खास्तगी की कार्रवाई के बाद आंदोलन उग्र होगा सभी एनएचएम कर्मचारी मंत्री और मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे हम सब कर्मचारी एकजुट हैं और अपनी मांगों पर अडिग है। बर्खास्तगी की कार्रवाई से डरने वाले नहीं हैं सरकार से निवेदन है कि मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए नियमितीकरण का वादा पूरा करें।

सीएमएचओ की ओर से हेमंत सिन्हा कौशलेश तिवारी को जारी आदेश पत्र में लिखा गया है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के आह्वान पर आप 18 अगस्त से अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।

संघ की मांगों के संदर्भ में 13 अगस्त को राज्य स्वास्थ्य समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक में सक्षम स्तर पर निर्णय लिया जा चुका है उक्त निर्णय के तारतम्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा आवश्यक निर्देश भी प्रसारित किए जा चुके हैंआगे लिखा है कि आपको हड़ताल से अपने काम पर लौटने के लिए नोटिस जारी किया गया था किंतु आप काम पर उपस्थित नहीं हुए आपको एक सितंबर को फिर से नोटिस जारी किया गया था जिसमें स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि 24 घंटे के भीतर अपने कार्य स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरूद्ध संविदा शर्तों अनुरूप सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी किंतु आपने आज तक अपने काम पर उपस्थिति नहीं दी गई जो लोकहित के विरूद्ध एवं पूर्णतः अनुचित है। यह कृत्य छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 एवं मानव संसाधन नीति.2018 की कंडिका कमांक 34.3 के अनुसार कदाचार की श्रेणी में भी आता है इसके चलते आपकी संविदा नियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती है।

# छत्तीसगढ़ को 4 नई ट्रेनों की सौगात

## दो वंदे भारत और दो अमृत भारत ट्रेनें होंगी शुरू

**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के यात्रियों को अब ट्रेनों की लंबी वेटिंग से राहत मिलने वाली है। रेलवे ने दुर्ग से वाराणसी और दुर्ग से जबलपुर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस, जबकि दुर्ग से लोकमान्य तिलक मुंबई और दुर्ग से कामाख्या के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस चलाने की तैयारी पूरी कर ली है। बिलासपुर जोन के अफसरों ने इसका प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेज दिया है। बोर्ड की मंजूरी मिलते ही परिचालन शुरू होगा।

रेलवे का कहना है कि लंबी दूरी की ट्रेनों में अक्सर वेटिंग एक महीने से भी ज्यादा चल रही है। रायपुर से रोजाना 70 हजार यात्री सफर करते हैं। रायपुर स्टेशन से करीब 120 और दुर्ग से 15 से ज्यादा ट्रेनें प्रतिदिन निकलती हैं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए लगातार नई ट्रेनों की मांग हो रही थी। अब नए रूट पर ट्रेनों की शुरुआत से यात्रियों को कन्फर्म सीट मिलने में आसानी होगी।

वहीं त्योहारों में भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने 23 सितंबर से 22 अक्टूबर तक दुर्ग-हावड़ा और दुर्ग-गुवाहाटी वाया डाकिनी के बीच स्पेशल



ट्रेन चलाने का फैसला भी किया है। रायपुर मंडल ने इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं।

**रायपुर-कामाख्या अमृत भारत**

रायपुर से कामाख्या के लिए अभी सीधी ट्रेन नहीं है। मौजूदा ट्रेनों में टिकट मिलना मुश्किल रहता है। नई अमृत भारत ट्रेन से यात्री 30 घंटे में कामाख्या पहुंच जाएंगे, जबकि सामान्य ट्रेन में 34 घंटे लगते हैं। यानी चार घंटे से ज्यादा की बचत होगी।

**रायपुर-लोकमान्य तिलक अमृत भारत**

रायपुर से मुंबई लोकमान्य तिलक की दूरी 1108 किमी है। अभी करीब 19 घंटे लगते हैं। अमृत भारत एक्सप्रेस से यह दूरी 17 घंटे में तय होगी। इससे न सिर्फ समय बचेगा बल्कि यात्रियों को सीट भी आसानी से मिलेगी।

**दुर्ग-वाराणसी वंदे भारत**

दुर्ग से वाराणसी तक वंदे भारत ट्रेन प्रयागराज होते हुए चलेगी। वर्तमान में इस यात्रा में 19 घंटे लगते हैं। लेकिन वंदे भारत के शुरू होने पर यात्री सिर्फ 14 घंटे में वाराणसी पहुंच जाएंगे। यानी पांच घंटे से ज्यादा का समय बचेगा।

**रायपुर-जबलपुर वंदे भारत**

इस रूट पर अभी अमरकंटक और इंटरसिटी ट्रेनें हैं, जिनमें 8 से 9 घंटे लगते हैं। वंदे भारत से यात्री केवल 7 घंटे में जबलपुर पहुंच जाएंगे।

### छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन की मांग

# विशेषज्ञ डॉक्टर्स के लिए 25.50 लाख की जमानत अनिवार्यता तुरंत हटाए सरकार

**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरशन ने राज्य के बोंडेड डॉक्टर्स के लिए उच्च शिक्षा के लिए एनओसी प्रक्रिया में अनिवार्य की गई 25 से 50 लाख रुपये की संपत्ति गिरवी रखने या बैंक जमानत की कठोर शर्त को तत्काल समाप्त करने की मांग की है। फेडरेशन के अनुसार यह अनिवार्यता राज्य के मेधावी और प्रतिबद्ध डॉक्टरों की उन्नत शिक्षा प्राप्त करने की राह में एक बड़ी बाधा है। यह नियम युवा डॉक्टरों जिन्होंने अभी.अभी अपनी शिक्षा पूरी की है उनके लिए उच्च शिक्षा के सपनों को पूरा करना लगभग असंभव बना रहा है क्योंकि उनके पास इतनी बड़ी राशि की व्यवस्था कर पाना व्यवहारिक नहीं है।

सीजीडी एफ का मानना है कि इससे न केवल डॉक्टरों के व्यावसायिक विकास को नुकसान पहुंचेगा बल्कि इसका दीर्घकालिक प्रभाव राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर भी पड़ेगा क्योंकि डॉक्टरों को नवीनतम चिकित्सा ज्ञान और कौशल हासिल करने से रोका जाएगा। फेडरेशन ने सुझाव दिया है कि सरकार बोंड समझौते की शर्तों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं जैसे कि एक कानूनी शपथ पत्र ;एफिडेविटद्ध को स्वीकार करने पर विचार कर सकती है जो कि एक व्यवहारिक और उचित समाधान होगा।

छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन ने राज्य के मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागए को एक ज्ञापन देकर इस नियम को तत्काल प्रभाव से हटाने और एक डॉक्टर-हितैषी नीति लागू करने का अनुरोध किया है। छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन ाज्य के डॉक्टरों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाली एक प्रमुख संस्था है जो चिकित्सा पेशेवरों के कल्याण और राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कार्यरत है। सीजीडीएफटीम ने बोंडेड डॉक्टर्स के उच्च शिक्षा अध्ययन के लिए दवब रूल को हटाने के लिए पोस्ट कार्ड अभियान चालू किया है।

# कांग्रेस का गद्दी छोड़ो अभियान 9 को बिलासपुर में

**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। वोट चोर, गद्दी छोड़ो अभियान के तहत 9 सितंबर को बिलासपुर में प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित है। इस कार्यक्रम की तैयारी की जिम्मेदारी नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत को दी गयी है। वोट चोर, गद्दी छोड़ कार्यक्रम में प्रभारी सचिन पायलट मौजूद रहेंगे। वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान को गांव-गांव तक, स्कूलों में, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से, पोस्टर के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगे।



■ कार्यक्रम की जिम्मेदारी डॉ. चरणदास महंत को

संगठन की मजबूती के लिए अक्टूबर से धरना, प्रदर्शन, यात्राएं, बैठकें सरकार के खिलाफ तेज करेंगे। इनको लेकर भी सकारात्मक चर्चाएं हुई। संगठन की बेहतरी के लिए पिछले कार्यक्रम की जानकारी और एआईसीसी से आया गाइड लाइनों को पूरा करने के लिए जिला अध्यक्षों को निर्देशित किए।

**बुधवार को राजीव भवन में कांग्रेस की दो महत्वपूर्ण बैठकें-** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की उपस्थिति में हुई ।पहली बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्षों तथा दूसरी बैठक प्रदेश कांग्रेस कार्यकारणी (उपाध्यक्ष, महामंत्री, कार्यकारणी सदसयो की हुई। इस बैठक में संगठन सृजन के तहत मंडल, सेक्टर कमेटियों के गठन पर चर्चा एवं समीक्षा, संगठन सृजन के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष नियुक्ति पर चर्चा की गयी तथा बस्तर संभाग में आए भीषण प्राकृतिक आपदा, बाढ़ से राहत पर चर्चा हुई। प्रदेश में रसायनिक उर्वरक-यूरिया एवं डीएपी की कमी से किसानों को हो रही परेशानी पर चर्चा, पिछले महिनों के विभिन्न मुद्दों संविधान बचाओ रैली, बिजली न्याय, शिक्षा न्याय के तहत संपन्न धरना, प्रदर्शन कार्यक्रमों के प्रतिवेदन पर चर्चा की गयी। इसके साथ ही "वोट चोर, गद्दी छोड़" अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों एवं एआईसीसी के निर्देशानुसार आगामी कार्ययोजना पर चर्चा, संगठन की मजबूती के लिए आगामी रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि जिला कांग्रेस अध्यक्षों, प्रदेश कार्यकारणी के साथ बैठक हुई है। प्रमुख रूप अभी पूरे प्रदेश में संगठन सृजन का काम चल रहा है जिसमें मंडल और सेक्टर कमेटियां बन रही है और लगभग पूरे होने की स्थिति में है। साथ ही बस्तर संभाग में आये भारी बारिश को लेकर चर्चा हुई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी आज बस्तर में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिये खाद्य सामाग्री रवाना कर चुके है और प्रभावितों को राहत सामग्री वितरण करेगी।

# केंद्रीय राज्य मंत्री अठावले ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले आज छत्तीसगढ़ प्रवास पर रायपुर पहुंचे। उन्होंने राज्य अतिथि गृह पहुना में छत्तीसगढ़ सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

बैठक में अठावले ने विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन हितैषी योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुँचे। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय समन्वय को और सुदृढ़ बनाने तथा समाज के वंचित वर्गों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया।



केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सामाजिक न्याय और समान अवसर की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण, छात्रवृत्ति योजनाएँ, कौशल विकास कार्यक्रम और स्वरोजगार सहायता योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया जा रहा है। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव तारण प्रकाश सिन्हा एवं आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के आयुक्त डॉ. सरांश मित्तर, समाज कल्याण संचालक श्रीमती रोक्तिमा यादव सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

केन्द्रीय मंत्री अठावले ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। छत्तीसगढ़ सहित देशभर में योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी है। राज्यों के साथ बेहतर तालमेल से योजनाओं की पहुंच और परिणाम दोनों बेहतर होंगे।

## ईद-ए-मिलाद की छुट्टी कल अवकाश का आदेश जारी

**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी) की छुट्टी की तारीख में बदलाव किया है। पहले यह अवकाश 6 सितंबर (शनिवार) को घोषित किया गया था, लेकिन अब इसे बदलकर 5 सितंबर (शुक्रवार) कर दिया गया है। यह आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार ईद-ए-मिलाद के लिए 6 सितंबर को घोषित सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश को निरस्त कर दिया गया है। वहीं 5 सितंबर को ईद-ए-मिलाद के अवसर पर सार्वजनिक और सामान्य अवकाश रहेगा। 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के लिए पहले से घोषित ऐच्छिक अवकाश यथावत जारी रहेगा।

# रायपुर पुलिस लाइन में हेड कांस्टेबल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## अधिकारियों की प्रताड़ना से जान देने की चर्चा, परिजनों के बयान से स्थिति होगी साफ

**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के पुलिस लाइन में एक हेड कॉन्स्टेबल ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। ऐसी चर्चा है कि वह अधिकारियों की प्रताड़ना से तंग आ गया था। जिस वजह से उसने जान दे दी। हालांकि इस बात की पुष्टि परिजनों के बयान के बाद हो पाएगी। यह भी बताया जा रहा है कि मृतक का शराब पीने का आदी था। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए बॉडी को भिजवा दिया है।



कोतवाली थाना प्रभारी से मिली जानकारी के मुताबिक टना बुधवार 10 से सवा दस बजे की है। पुलिस लाइन में एमटी शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक राम आसरे पोर्ते वाहन चालक के पद पर कार्यरत था। उसने पुलिस लाइन परिसर स्थित सामुदायिक भवन के पास फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हेड कॉन्स्टेबल ने गमछे का फंदा बनाकर पेड़ पर लटक गया।

आसपास से गुजर रहे लोगों ने जब लाश देखी तो कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा के बाद लाश को नीचे उतारा। फिर परिजनों को सूचना दी गई।

फिलहाल लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। ऐसी चर्चा है कि मृतक बीते हफ्ते छुट्टी पर गया था। लेकिन वापस आने के बाद कुछ अधिकारी उसे प्रताड़ित कर रहे थे। जिसके बाद उसने अपनी जान दे दी। हालांकि इस बात की पुष्टि जांच के बाद हो पाएगी।

# अस्थायी पंडाल एवं अन्य संरचनाओं के लिए नगरीय निकायों को मिली अनुमति प्रदान करने की शक्ति

**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों स्थित सार्वजनिक खुले मैदान, सार्वजनिक मार्ग, फुटपाथ चौराहे या सार्वजनिक खुले स्थान आदि पर पंडालो / अस्थाई संरचनाओं के निर्माण की अनुमति के संबंध में सड़को में बाधा का प्रतिषेध एवं नगर पालिक अधिनियम 1961 की धारा 223 अंतर्गत आवश्यक प्रावधान किये जाने का निर्णय लिया है।

**आयुक्त ने जोन कमिश्नरों को किया अधिकृत**

इसी क्रम में छत्तीसगढ़ नगर पालिक सडकों, फुटपाथो आदि पर पंडालों/ अस्थाई सरंचनाओं/धरना /जुलूस/सभा/रैली की अनुमति हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गये है।

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप द्वारा सभी जोन कमिश्नरों को उनके जोन क्षेत्र के अंतर्गत स्थित सडकों, फुटपाथो आदि पर पंडालों/अस्थाई सरंचनाओं/धरना/जुलूस /सभा/रैली के अनुमति हेतु उक्त दिशा-निर्देश का शत- प्रतिशत पालन करते हुए व्यक्ति, संस्था, समिति या संगठन को अनुमति जारी करने हेतु अधिकृत किया गया है। अनुमति हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन संबंधित जोन कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

# अब छत्तीसगढ़ में भी बनेंगी जापान-कोरिया जैसी बिल्डिंग : साय

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ में भी सरकारी इमारतें जापान और कोरिया देशों की बिल्डिंग जैसी बनेंगी, जिसमें सभी सुविधाएँ होंगी और पूरी तरह ग्रीन एनर्जी पर आधारित होंगी। ये बिल्डिंग अपने उपयोग के लिए सूर्य की रोशनी से स्वयं बिजली पैदा करेंगी। उन्होंने यह बातें छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनियों के संयुक्त मुख्यालय भवन के शिलान्यास के अवसर पर वास्तुविद और मॉडल को देखकर कही।

मुख्यमंत्री साय ने नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर 24 में पॉवर कंपनी के नए मुख्यालय भवन का विधिवत वैदिक मंत्रोचार के साथ नींव रखी। उन्होंने इस अवसर पर वहां मौलश्री का पौधा भी लगाया।

■ मुख्यमंत्री ने किया पॉवर कंपनियों के नए भवन का शिलान्यास

इस शिलान्यास कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायकगण सर्वश्री सुनील सोनी, पुरन्दर मिश्रा, अनुज शर्मा, इंद्रकुमार साहू क्रमशः अध्यक्ष एवं विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे ।मुख्यमंत्री ने समारोह में नए भवन का आर्किटेक्चर और डिजाइन देखकर कहा कि मैं पिछले सप्ताह जापान और कोरिया गया था, वहां जैसी इमारतें हैं, पॉवर कंपनी की प्रस्तावित नई बिल्डिंग भी उसी तरह दिखाई दे रही है। आने वाले समय में यहां भी वैसी ही इमारतें दिखाई देंगी। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य और विद्युत कंपनियों के रजत जयंती



वर्ष की बधाई दी। नवा रायपुर में मंत्रालय सहित सभी विभागों के कार्यालय संचालित हैं, इसलिए उत्पादन, पारेषण और वितरण कंपनियों का मुख्यालय नई डिजाइन के साथ यहां बनाया जा रहा है। उन्होंने इंजीनियरों से कहा कि वे गुणवत्ता और समय का ध्यान रखते हुए इसका निर्माण पूरा करवाएं। ताकि यह प्रदेश के विकास का प्रतीक बने और दूसरे विभाग भी इसी तरह की इमारतें बनवाए, जिसमें ग्रीन एनर्जी का उपयोग हो। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान जीरो पॉवर कट स्टेट के रूप में है, इसे बनाए रखने के लिए हमने वृहद कार्ययोजना बनाई है और उन पर अमल करना शुरू कर दिया है। हमनें नई उद्योग नीति 2024-2030 लागू की है। हमने 32 हजार मेगावॉट बिजली पैदा करने के लिए एमओयू किया है। इसमें थर्मल पॉवर, सोलर पॉवर और पंप स्टोरेज हाइडल पॉवर प्लांट शामिल हैं। भविष्य में छत्तीसगढ़ पूरे देश को बिजली देने में सफल होगा। उन्होंने कहा कि अब हम हाफ बिजली योजना से मुफ्त बिजली योजना की ओर कदम बढ़ा रहे हैं, इसके तहत प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना लागू की गई है, जिसमें घर-घर में सोलर प्लांट लगाकर बिजली पैदा की जा रही है। हम लगातार विकास की ओर बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह एवं ऊर्जा सचिव डॉ। रोहित यादव ने मुख्यमंत्री की अगवानी की।

इस अवसर पर पॉवर कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने कहा कि पॉवर कंपनी के जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का संयुक्त मुख्यालय यहां होगा, जिससे बेहतर समन्वय के साथ प्रदेश में विद्युत आपूर्ति के कार्य को संचालित किया जाएगा। यह नई बिल्डिंग 217 करोड़ की लागत से बनाई जा रही है। इसे तीन साल में पूरा कर लिया जाएगा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पॉवर कंपनी का नया भवन जनता की उम्मीदों को पूरा करने के लिए और अधिक लगन के साथ कार्य का वातावरण प्रदान करेगा। छत्तीसगढ पॉवर सरप्लस स्टेट है, यही इसका बड़ा आधार हमारे यहां मौजूद खनिज कोयला है। अब हमें ग्रीन एनर्जी की ओर बढ़ना होगा।

# प्रोजेक्ट रक्षा के तहत 360 से अधिक महिलाओं की हुई निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग

**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार और जिला प्रशासन की नवाचार पहल च्प्रोजेक्ट रक्षाज्ज के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत कायाबंधा, कैम्प ब्लॉक आरंग में निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 35 से अधिक महिलाओं की स्क्रीनिंग की गई। बालको मेडिकल सेंटर के सहयोग से लगाए गए इस शिविर में अब तक 360 से अधिक महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा चुकी है इस विशेष शिविर में मुख (ओरल), स्तन (ब्रेस्ट) और गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए जांच की गई। शिविर में भाग लेने वाली महिलाओं को इन कैंसर के लक्षणों, बचाव के उपायों और नियमित जांच के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। प्रोजेक्ट रक्षा का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को समय रहते कैंसर के प्रति सजग करना और प्रारंभिक चरण में ही उसकी पहचान कर उपचार सुनिश्चित कराना है। च्आपका एक कदम ङ्क जीवन की रक्षा की ओरज्ज जैसे प्रेरक संदेश के साथ मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन गांव-गांव जाकर यह अभियान चला रही है। बालको मेडिकल सेंटर की विशेषज्ञ टीम द्वारा संचालित इस मोबाइल वैन के माध्यम से सुदूर अंचलों तक पहुंचा जा रहा है। इस पहल से न केवल कैंसर के प्रति जागरूक किया जा रहा है, बल्कि महिलाएं बिना किसी खर्च के जांच करा रहीं है।

# प्रदेश में अब तक 917 मिमी औसत वर्षा

**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 916.8 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1313.4 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 448.0 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 794.9 मि.मी., बलौदाबाजार में 650.6 मि.मी., गरियाबंद में 773.4 मि.मी., महासमुंद में 670.4 मि.मी. और धमतरी में 825.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 904.0 मि.मी., मुंगेली में 877.4 मि.मी., रायगढ़ में 1090.5 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 748.4 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 1077.8 मि.मी., सक्ती में 955.1 मि.मी., कोरबा में 894.3 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 891.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 728.8 मि.मी., कबीरधाम में 648.7 मि.मी., राजनांदगांव में 823.3 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1156.9 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 680.4 मि.मी. और बालोद में 1004.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 655.0 मि.मी., सूरजपुर में 980.4 मि.मी., जशपुर में 892.5 मि.मी., कोरिया में 998.2 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 908.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

# लोकपरंपराएं और संस्कृति समाज को जोड़ने का बेहतर माध्यम: मुख्यमंत्री

- **महिलाएँ हर क्षेत्र में कर रही प्रदेश का नाम रोशन :डॉ. रमन सिंह**
- **तीजा महिलाओं का मायका से जुड़ी यादों को तरोताजा करने का पर्व : टंक राम वर्मा**



**रायपुर**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। सावन-भादो में छत्तीसगढ़ की धरती पर पारंपरिक उत्सवों का विशेष महत्व रहता है। इसी क्रम में आज राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के निवास में तीजा मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति, परंपरा, गीत-संगीत और लोकनृत्य की अनूठी छटा देखने को मिली। महिलाएँ पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर लोकगीतों की मधुर धुनों से वातावरण को उल्लासमय बना रही थीं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तीजा मिलन को समाज की एकता और संस्कृति की पहचान बताया। उन्होंने कहा कि तीजा छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए आस्था और विश्वास का पर्व है। महिलाएँ इस दिन पति की लंबी आयु और परिवार की समृद्धि के लिए व्रत करती हैं। हमारी लोकपरंपराएँ समाज को जोड़ती हैं और यही हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कजली एकादशी जैसे पर्व केवल धार्मिक महत्व नहीं रखते, बल्कि समाज में भाईचारे और एकता का संदेश भी देते हैं। उन्होंने राज्य के विकास की दिशा में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की भावना को मार्गदर्शक बताया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान लोक संस्कृति एवं त्योहारों से होती है। यहाँ की महिलाएँ न केवल परिवार और समाज को संवार रही हैं, बल्कि शिक्षा, राजनीति, सेवा और हर क्षेत्र में योगदान देकर प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं को संस्कृति की संरक्षक बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि आज तीजा मिलन समारोह में प्रदेश की संस्कृति और परंपरा के रंगों का संगम देखने को मिला। पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं मायका में उपवास करती है। महिलाओं को मायका से जुड़ी यादों को तरोताजा करने का पर्व होता है।

तीजा मिलन कार्यक्रम में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन परोसे गए। लोकनृत्य और गीतों ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। महिलाएँ एक-दूसरे को तीजा की बधाइयाँ देती रहीं। यह आयोजन इस बात का प्रतीक बना कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराएँ आज भी समाज के ताने-बाने को मजबूती प्रदान कर रही हैं। तीजा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि महिलाओं की शक्ति, सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है। कार्यक्रम में मंत्रिमंडल के सदस्य आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल, वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, लोक स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव,पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी, श्रीमती कमलेश जांगड़े और विधायक अनुज शर्मा, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# स्वार्थ हावी होने से परमार्थ समझ नहीं आता: मनीष सागर

- **साधना की वृद्धि से ही होगी आत्म शुद्धि**



**रायपुर।** टैगोर नगर पटवा भवन में जारी चातुर्मासिक प्रचवनमाला में बुधवार को परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी मनीष सागरी महाराज ने कहा कि स्वार्थ परायण,भोग परायण नहीं बनना है। धर्म कार्य में सीमित नहीं रहना है। मोक्ष की साधना करना है। इन चार पुरुषार्थ में मोक्ष का पुरुषार्थ सबसे उच्च है। स्वार्थ हावी होने से परमार्थ समझ नहीं आता। साधना की वृद्धि से ही आत्म शुद्धि होगी। साधना परायण बनाना होगा। साध्य को पाने के लिए साधना करना है। साधना से साधक का साध्य मोक्ष हासिल करना होना चाहिए। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि मन में स्वार्थ भर जाता है तब धर्म दूर हो जाता है। स्वार्थी व्यक्ति हमेशा अपना हित ही करता है। सबसे पहली गलती वह स्वयं को भूल जाता है। उसे झूठा स्व सच्चा स्व लगता है। मैं कौन हूं, मेरा कौन है यह भूल जाता है। स्वार्थी व्यक्ति केवल आत्म केंद्रित हो जाता है। सच्चे स्व- अर्थी परमात्मा है। परमात्मा ने सच्चे स्व को पहले तलाश किया। सच्चे स्व का हित कैसे होता है उसके लिए पूरा पुरुषार्थ झौक दिया।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि हमने भूल की और झूठा स्व को सच्चा स्व मान लिया है। देह को स्व मान बैठे और आत्मा को भूल गए। झूठे स्व का हित कर पूरे पुरुषार्थ में पानी फिर जाता है। हम झूठे स्व को सच्चा स्व बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जितना हम झूठे स्वार्थी होते जाते हैं। उतना सच्चे स्व की पहचान कराने वाले से दूर होते रहते हैं। आत्मा की बात बोझिल लगती है। आत्म कल्याण कराने वालों के प्रति रुचि नहीं आती है। जिन वाणी के प्रति समर्पण नहीं आता । अच्छी नीतियों की बात होती है तो नींद आती है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि स्वार्थ हावी हो तो परमार्थ को समझ नहीं सकते। हमें धर्म में रूचि बढ़ाना है। ऐसा मत सोचो कि धर्म तो करना है लेकिन अधिक नहीं करना है। धर्म नापतौल कर मत करो। सीमित दायरे में धर्म नहीं करना है। ऊपर उठने का प्रयास करना है। 10 साल से पूजा कर रहे यह उपलब्धि है। इससे ऊपर नहीं उठाना कमजोरी है। वहीं के वहीं सीमित नहीं होना है। हमेशा ऊपर उठने का पुरुषार्थ करना है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि दो प्रकार की संपत्ति है।एक बाहर के धन दौलत आदि और दूसरा भीतर की सन्मति। सन्मति अर्थात सही ज्ञान। सन्मति रूपी संपदा का उपयोग करना ही समझदारी है। साधना के क्षेत्र में सन्मति आ जाए तो धर्म के क्षेत्र में इसकी सार्थकता है। तभी देव,गुरु और धर्म से जुड़ाव होगा। तभी मति सन्मति हो जाएगी। आत्म कल्याण संभव हो पाएगा। वर्तमान के साथ भविष्य भी सुधर जाएगा।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए गायत्री परिवार ने भेजी जीवन उपयोगी सामग्री



**रायपुर।** गायत्री परिवार के द्वारा बस्तर में बाढ़ आपदा से प्रभावित लोगों की मदद के लिए गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर से गायत्री परिवार बाढ़ आपदा विभाग के द्वारा वहां से जीवन उपयोगी सामग्री दंतेवाड़ा रवाना किया गया इसमें प्रभावित परिवारों को राहत मिलेगी वहीं गायत्री परिवार के बाढ़ आपदा विभाग के द्वारा सेवा कार्य पूर्ण होगा। गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर से बाढ़ आपदा में प्रभावितो के लिए भेजे गए जीवनो उपयोगी सामग्री बहन को हरी झंडी दिखाने के दौरान गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस, सहायक प्रबंध ट्रस्टी सदाशिव हथमल , शक्तिपीठ के चिकित्सा विभाग प्रभारी ट्रस्टी दीनानाथ शर्मा ट्रस्टी श्रीमती आदर्श वर्मा जी ट्रस्टी हनुमान प्रसाद अग्रवाल ट्रस्टी शैलेश वर्मा जी गायत्री शक्तिपीठ के परिवर्जक और गायत्री परिवार के सदस्य भारी संख्या में मौजूद रहे गायत्री परिवार के द्वारा आगे भी बाढ़ आपदा प्रभावितों के लिए सामग्री वस्तु संकलन जारी रहेगा।

# लोककला एवं संस्कृति के क्षेत्र में सतत सेवा के लिए डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर का सम्मान



- **सांसद बृजमोहन अग्रवाल के करकमलों से डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर सम्मानित हुए**

**रायपुर**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सामाजिक संस्था के स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह अवसर पर कला एवं संस्कृति के संरक्षण संवर्धन में सतत सेवा देने वाले रंग मंच अभिनेता लोक गायक डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर को रायपुर लोकसभा के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल जी, रायपुर के महापौर श्रीमती मीनल चौबे जी, अध्यक्ष श्रीमती सुषमा ध्रुव तिवारी, स्नेह लता पाठक जी, समाजसेवीका श्रीमती आभा मिश्रा, के कर कमलों से सम्मानित किया गया।

डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर विगत 45 वर्षों से छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोककला संस्कृति को देश भर के विभिन्न मंचों पर बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुति देते आ रहे हैं। लाल किला नई दिल्ली में भारत पर्व, पृथ्वी थियेटर मुंबई में भारत रंग महोत्सव, विरासत महोत्सव देहरादून, लोक मंथन गुवाहाटी, कला संगम हैदराबाद भाग्य नगर, संगीत नाटक अकादमी द्वारा शिलांग, अगरतला, कुल्लू महोत्सव, मैसूर दशहरा महोत्सव, जयपुर, कोलकाता, नागपुर, फिल्म सिटी बेंगलुरू, कॉमनवेल्थ गेम नई दिल्ली, चेन्नई, भुवनेश्वर, समय-समय पर अभिनय नाट्य कला का प्रशिक्षण कार्यशाला लगाकर नवोदित कलाकारों को मंच में लाने का उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर द्वारा एससीईआरटी के कक्षा 1 से आठवीं तक कला शिक्षा के स्कूली पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति लोकगीत, लोक खेल, लोक कलाकार, छत्तीसगढ़ी कलेवा छत्तीसगढ़ी गाना, सुवा, करमा, ददरिया, पंडवानी, पंथी, भरथरी, भोजली, राउत नाचा, नाचा-गम्मत, छत्तीसगढ़ी तीज त्यौहार को पाठ्यक्रम में शामिल करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# जेसीआई रायपुर कैपिटल का सिल्वर जुबली समारोह, पूर्व अध्यक्षों और सदस्यों को मिला सम्मान



**रायपुर**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। समाज सेवा और युवा नेतृत्व विकास के क्षेत्र में नई पहचान बनाने वाली संस्था जेसीआई रायपुर कैपिटल इस वर्ष अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर गौरवशाली सिल्वर जुबली मना रही है। इस अवसर पर मंगलवार, 2 सितम्बर 2025 को विमतारा, शांति नगर, रायपुर शाम 6 बजे से भव्य समारोह आयोजित हुई। आयोजन में संस्था की गौरवशाली यात्रा को याद किया गया और सभी पूर्व अध्यक्षों सहित सक्रिय सदस्यों को सम्मानित किया गया।

जेसीआई रायपुर कैपिटल की स्थापना वर्ष 2000 में हुई थी। इन 25 वर्षों में संस्था ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, उद्यमिता और युवा प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में संस्था ने कई सफल प्रकल्प चलाए। स्वास्थ्य क्षेत्र में रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर और फिटनेस अवेयरनेस कैंपेन आयोजित किए गए। शिक्षा में जरूरतमंद बच्चों को पुस्तकें, स्टेशनरी और डिजिटल लर्निंग टूल्स उपलब्ध कराए गए। पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता रैलियाँ और प्लास्टिक मुक्त समाज अभियान चलाए गए।

# एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन के लिए किसानों को भारी दिक्कत:उधोराम

- **भाजपा सरकार धान खरीदना नहीं चाहती**

**रायपुर**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार का तुगलकी फरमान से किसानों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।किसानों को धान बेचने,फसल बीमा एवं पी एम किसान सम्मान निधि सभी के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन अनिवार्य कर दिए है। इसकी अंतिम तिथि 30अगस्त थी। जबकि अभी भी 30 फीसदी किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। किसान पंजीयन तो कराना तो चाहते है लेकिन विभिन्न तकनीकी दिक्कत के कारण पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पा रहे है। पोर्टल में 2023का जमीन का रिकॉर्ड है इसलिए भी 2साल के जितने भी खरीदी जमीन एवं बटवारा,नामांतरण हुआ है किसी का पंजीयन नहीं हो रहा है ,लगातार राजस्व विभाग के पटवारी,तहसीलदार,एवं अन्य कर्मचारी हड़ताल में थे। जिससे दुरुस्त नहीं हो पाया है

जो किसान पहले से खरीदी किए है। बटवारा,नामांतरण किया है उसका भी पोर्टल में नहीं दिखाया जा रहा है। किसान लगातार चॉइस सेंटर में चक्कर लगा रहे है। पटवारी ,तहसीलदार के पास जाकर सुधार करवा रहे है लेकिन पोर्टल में 2023 का डाटा होने की वजह से पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पा रहा है।भाजपा सरकार की मंशा कुल मिलाकर धान उत्पादक किसानों को परेशान करके धान खरीदने से बचने का रास्ता निकाल रही है। सरकार बीमा की भी राशि नहीं देना चाहती। वसुली तो प्रिमियम सभी किसानों से ली है। लेकिन किसानों का फसल खराब होने की स्थिति में पोर्टल में पंजीयन नहीं कराने की स्थिति में बीमा का लाभ से वंचित होना पड़ेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि2023का रिकॉर्ड डेटा पोर्टल से हटा कर तात्कालिक रिकॉर्ड 2025का डेटा दर्ज किया जाए।एग्री स्टेट पोर्टल 30अगस्त के बाद लगभग बंद हो गया है। उसे चालू करे साथ ही जब तक शत प्रतिशत किसानों का पंजीयन एग्रीस्टेट पोर्टल में न हो तब तक धान खरीदी ,बीमा एवं किसान सम्मान निधि को जारी रखे ताकि किसानों को योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही सेवा सहकारी समिति के माध्यम से किसानों को बुलाकर कैंप लगाकर पोर्टल में पंजीयन करवाने मदद करे तभी एग्रीस्टेट पोर्टल में पंजीयन हो पाएगा ।

# आत्मशुद्धि का साधन है तप भाई सुरेश मोदी

**रायपुर**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। दिगम्बर जैन सम्प्रदाय के चल रहे दसलक्षण पर्व के सातवें दीन उत्तम तप धर्म मनाया गया। अमलतास केसल , कचना स्थित1008 श्री मुनिसुव्रत नाथ भगवान दिगम्बर जैन मंदिर में उत्तम तप धर्म के अंतर्गत 1008 श्री शांति नाथ भगवान को पांडुक शीला पर वीराजित कर जलाभिषेक एवं शांति धारा अशोक कुमार नरेंद्र कुमार पालीवाल परिवार एवं अनिल कुमार ऋषभ कुमार चौधरी परिवार द्वारा की गई।तत्पचात संगीतमय सामूहिक पूजा की गई उपरोक्त जानकारी मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु जैन ने दी। श्री जैन ने आगे बताया कि दसलक्षण पर्व पर तप एवम तपस्या बड़े उत्साह व धार्मिकता के साथ चल रही है, जिसमे हिमांशु जैन-सुपुत्र, स्व,अनिल कुमार संध्या जैन, हर्षित जैन -सुपुत्र, अजित संध्या जैन, उज्जवल गोधा-सुपुत्र, राजेश मंजू गोधा, अक्षत जैन-सुपुत्र, शैलेन्द्र मेघना जैन, आशीष मोदी-सुपुत्र,सुरेश मंजू मोदी, एवं श्रीमती रीना अनमोल जैन की दस दिनों की तपस्या(उपवास ) कुशलता पूर्वक चल रही है।



उत्तम तप धर्म के बारे में विस्तार से बताते हुए सुरेश भाई मोदी ने कहा कि आज 10 लक्षण पर्व के सप्तम दिवस पर उत्तम तप विधान किया गया तप का अर्थ होता है अपनी काया को कृष कर धर्म के मार्ग पर लगाना इच्छा का निरोध करना है जिस प्रकार से राग द्वेष मोह की मैल है तथा शुद्ध ज्ञान दर्शन में आत्मा भिन्न हो जाए वह तप है कर्मों का संवाद तथा निर्जरा करने का प्रधान कारण तप ही है तप ही आत्मा को कर्म मल रहित करता है तप के प्रभाव से अनेक रिद्धि प्रकट होती है । इस संसार रूपी तीनों लोक में तप के समान अन्य महान कुछ भी नहीं द्य सांसकृतिक कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती शशि पालीवाल ने बताया कि रविवार को सम्पन्न दो समूहों में चित्रकला प्रयियोगिता (ड्रॉइंग ) के प्रथम समूह में प्रथम-ज्सुहानी पालीवाल, द्वितीय-कौसुभ जैन, त्रितीय-मोक्ष जैन एवम दिव्तीय समूह में प्रथम-कियारा जैन, दिव्तीय- आरूप जैन एवम त्रितीय-संस्कार जैन रहे।

# प्रोजेक्ट नैनो: रायपुर जिले में कृषक कर रहे ड्रोन से नैनो उर्वरकों का छिड़काव



**लागत में कमी और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नई पहल**

**रायपुर**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। रायपुर जिले के किसान अब आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन और स्प्रेयर मशीन से नैनो उर्वरकों का छिड़काव कर रहे हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा च्प्रोजेक्ट नैनोज्ज अंतर्गत इस पहल को व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इससे खेती की लागत में कमी, मृदा स्वास्थ्य में सुधार और पर्यावरण संरक्षण में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

रायपुर जिले के विकासखण्ड धरसींवा, आरंग, अभनपुर और तिल्दा में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रतिदिन लगभग 10 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रोन से नैनो उर्वरकों का छिड़काव कराया जा रहा है तथा कृषकों को इनके लाभों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही ट्रैक्टर स्प्रेयर से भी नैनो उर्वरकों का उपयोग कराया जा रहा है। रायपुर जिले में अब तक लगभग 155 हेक्टेयर क्षेत्र में स्प्रेयर मशीन तथा 102 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से नैनो उर्वरकों का छिड़काव किया जा चुका है। किसानों का रुझान लगातार नैनो उर्वरकों की ओर बढ़ रहा है, क्योंकि इनके उपयोग से पौधों की जड़ें अधिक सशक्त और विकसित हो रही हैं। परंपरागत रासायनिक उर्वरकों की तुलना में नैनो उर्वरकों न केवल फसल उत्पादकता के लिए बेहतर है, बल्कि इससे मिट्टी की उर्वरता भी संरक्षित होती है।कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह का कहना है कि जिला प्रशासन और कृषि विभाग की इस संयुक्त पहल का उद्देश्य किसानों को उन्नत तकनीक से जोड़ते हुए उनकी खेती को अधिक लाभकारी, पर्यावरण हितैषी और टिकाऊ बनाना है।

# प्रोजेक्ट दिव्य धुन: दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को मिला सुरों का साथ

**रायपुर**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। च्दिव्यांगता कोई कमी नहीं, बल्कि एक विशेष सामर्थ्य हैज्ज — इसी सोच को साकार कर रहे हैं रायपुर ज़िले के वे विशेष बच्चे, जो अपनी कला और संगीत के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दे रहे हैं। इन बच्चों की प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से चल रहे च्दिव्य धुनज्ज प्रोजेक्ट के तहत अब ये 14 बच्चे राज्य के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन चक्रधर महोत्सव, रायगढ़ में बैंड प्रस्तुति देने जा रहे हैं। साथ ही कला केंद्र के 9 विद्यार्थी गायन, बैंजो, तबला वादन सहित अन्य विधाओं में प्रस्तुति देंगे।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में संचालित इस पहल के अंतर्गत बच्चों को कला केंद्र, रायपुर में गायन तथा तबला, गिटार, ढोलक, हारमोनियम सहित अन्य वाद्य यंत्रों का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लगातार अभ्यास, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास से भरपूर ये बाल कलाकार अब मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

महोत्सव में रवाना होने से पूर्व कलेक्टर डॉ. सिंह ने इन बच्चों से मुलाकात कर उन्हें ढेरों शुभकामनाएं दीं और उनकी लगन व साहस की सराहना की। इसके उपरांत बच्चों के समूह को रायगढ़ के लिए रवाना किया।

प्रशिक्षण से गुजरते इन बच्चों के जीवन में संगीत एक नई आशा बनकर उभरा है। उनके चेहरे की मुस्कान और आत्मविश्वास की चमक यह दर्शाती है कि उन्होंने न सिर्फ हुनर सीखा है, बल्कि खुद की पहचान भी पाई है। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी केदार पटेल उपस्थित रहे।

# राजधानी में गणेशोत्सव की धूम


प्रेस क्लब गणेशोत्सव समिति, डीडी नगर, सेक्टर-2


श्री अष्टविनायक गणेशोत्सव समिति, टिकरापारा



श्री अष्टविनायक परिवार, मठपारा


श्री नवज्योति परिवार, कबीर चौक, रामनगर

# महादेव घाट पर होगा श्रीगणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

## एनजीटी के निर्देशों का होगा पालन | नगर निगम ने शुरू की तैयारी

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। गणेश चतुर्थी पर्व के उपरांत 6 सितंबर अनंत चतुर्दशी को शहरभर से लाई गईं श्रीगणेश प्रतिमाओं का विसर्जन इस वर्ष भी खारून नदी के किनारे महादेव घाट पर निर्मित विसर्जन कुंड में किया जाएगा नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने इसके लिए विस्तृत आदेश जारी किए हैं आयुक्त ने बताया कि विसर्जन शोभायात्रा शारदा चौक से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक, कोतवाली, सदर बाजार, कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती, लाखे नगर, सुन्दर नगर होते हुए महादेव घाट पहुंचेगी लाखे नगर चौक से महादेव घाट तक वन.वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू रहेगी नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के निर्देशों के अनुरूप इस बार भी प्रतिमाओं का नदी में विसर्जन प्रतिबंधित रहेगा प्रतिमाओं का विसर्जन केवल निर्मित कुंड में ही होगा ताकि नदी का जल प्रदूषित न हो पूजन सामग्री को अलग कर उपयुक्त स्थान पर रखा जाएगा साथ ही ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस के




सहयोग से कार्रवाई की जाएगी नगर निगम ने गणेश विसर्जन की संपूर्ण व्यवस्था के लिए समिति गठित की है जिसके नोडल अधिकारी अपर आयुक्त विनोद पांडेय होंग समिति के सदस्य विद्युत स्वास्थ्य जल आपूति सुरक्षा चिकित्सा और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे विसर्जन स्थल पर गोताखोर मोटरबोट एम्बुलेंस प्राथमिक उपचार केंद्रए अग्निशमन वाहन और पंडितों की व्यवस्था की जाएगी आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों और संबंधित अधिकारियों को 6 से 12 सितंबर तक ड्यूटी पर रहने निर्देशित किया है शहर के अन्य तालाबों में विसर्जन न हो इसके लिए अस्थायी कुंड बनाए जाएंगे विसर्जन मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था सड़क मरम्मतए साफसफाई और पेयजल टैंकरों की भी व्यवस्था की जा रही है आयुक्त ने नगर निगम रायपुर की ओर से गणेश विसर्जन स्थल महादेव घाट खारून नदी के तट पर सम्पूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था करने निगम अधिकारियों की एक समिति गठित कर दी है। इस समिति के नोडल अधिकारी अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय मो न 9424264100 को बनाया गया ह समिति में प्रभारी अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर मो नं 9425502640 प्रभारी अधीक्षण अभियंता राजेश नायडू मो नं 9644000770 प्रभारी नगर निवेशक आभास मिश्रा मो नं 9907992294 जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल मो नं 238343470 जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव मो ना 8253087778ए उपायुक्त स्वास्थ्य प्रीति सिंह मो् नं 319517473 को सम्मिलित किया गया है यह प्रशासनिक समिति गणेश विसर्जन के लिएए शामियाना लाईट माईक गोताखोरए चिकित्सा सुविधा आदि की व्यवस्था करेगी। इस समिति को आवश्यक सहयोग देने जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल मो नं् 9238343470 को निर्देशित किया गया है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा फर्जी क्राइम ब्रांच अधिकारी

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी की ड्रग्स चीन नव्या मलिक की गिरफ्तारी के बाद ड्रग्स मामले में कई बड़े कारोबारी पुलिस की रडार पर हैं वहीं खुद को फर्जी अफसर बताकर वसूली करने वाला गैंग भी सक्रिय हो गया है पुलिस ने फर्जी क्राइम ब्रांच का अफसर बताकर होटल कारोबारी से वसूली का प्रयास करने वाले आरोपी को धरदबोचा है बताया जा रहा कि आरोपी आशीष घोष उर्फ आशीष शर्मा। आरक्षक समेत महिला आरक्षकों को भी ब्लैकमेल करता था उस पर 30 लाख रुपए की वसूली करने का आरोप है जानकारी के मुताबिक आरोपी आशीष घोष उर्फ आशीष शर्मा ने खुद को फर्जी क्राइम ब्रांच का अफसर बताकर होटल कारोबारी से छोटे भाई का मामला रफादफा करने का झांसा देकर 5 लाख रुपए की डिमांड की थी इस मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी आशीष घोष उर्फ आशीष शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है




**ड्रग्स का मामला रफादफा करने होटल कारोबारी से की थी 5 लाख की डिमांड पुलिसकर्मियों को भी करता था ब्लैकमेल, 30 लाख वसूली का आरोप**

**गंज थाना प्रभारी का फर्जी हस्ताक्षर भी करता था आरोपी:** आशीष घोष के कब्जे से ईओडब्लू का फर्जी आईडी कार्ड समेत पुलिस की सायरन लगी कार जब्त की गई है शातिर आरोपी से क्राइम ब्रांच की टीम पूछताछ कर रही है बताया जा रहा कि आरोपी आशीष अपनी कार में गंज थाने की सरकारी सील रखकर थाना प्रभारी का फर्जी हस्ताक्षर करता था और आरक्षक समेत महिला आरक्षकों को ब्लैकमेल करता था आरोपी पर 30 लाख रुपए की वसूली का आरोप है पुलिस जल्द पूरे मामले का खुलासा कर सकती है

# एटीएम कार्ड फंसने की बात में उलझाकर 81 हजार पार

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर में एटीएम फंसने की बात कहकर 81 हजार रुपए पार कर दिए गए। दो शातिर ने एक युवक को अपना शिकार बनाया है। आरोपियों ने युवक को अपनी बातों में उलझाकर चालाकी से एटीएम कार्ड बदल लिए। जब खाते से पैसे निकलने का मैसेज आया तो पीड़ित ने फौरन बैंक जाकर एटीएमबंद करवाया। मामला कबीर नगर थाना क्षेत्र का है। कबीर नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कुशमेंद्र2सितंबर दोपहर 1 बजे वह कंचन गंगा परिसर कबीर नगर के एटीएम में पैसे निकालने गया था। उसने 9000 रुपए निकले। बाहर निकलते समय एक लड़का एटीएम के अंदर एंट्री किया और कहा कि आपकी एटीएम में पर्ची फंसी हुई है कैश नहीं निकल रहा है।

**आरोपियों ने मौका पाकर एटीएम बदल दिया:** इसी दौरान दूसरा लड़का भी एटीएम के अंदर आ गया। उसने कुशमेंद्र को फिर एटीएम डालकर प्रोसेस करने को कहा। इस दौरान आरोपियों ने चालाकी से ज्ड कार्ड फंसने की बात बोलकर उसे बदल दिया। कुछ देर बाद पीड़ित के मोबाइल नंबर पर 80 हजार 500 रुपए निकालने का मैसेज आया। इसके बाद उसे शक हुआए तो उसने बैंक जाकर एटीएम ब्लॉक करवा दिया। इस मामले में कबीर नगर पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## हत्या का प्रयास, आरोपी युवक हिरासत में

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। आजाद चौक थाने की पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है बताया गया कि प्रार्थी शेखर गुप्ता निवासी बढाईपारा रायपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि आरोपी अमित साहू उर्फ़बाबा उर्फसुमित विश्वकर्मा जो कि भाठागांव का रहने वाला है जो गलत नियत से प्रार्थी के मोहल्ला मे घुमते रहता है घटना 1नवबर के 00 45 बजे आरोपी अमित साहू प्रार्थी के मोहल्ला मे गलत नियत से घुम रहा था जिसे प्रार्थी के भाई द्वारिका गुप्ता के द्वारा मना करने पर आरोपी के द्वारा प्रार्थी के भाई द्वारिका गुप्ता के हत्या करने के नियत से पेट मे कैंची से वार कर गंभीर चोट पहुचाया है कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध धारा पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया आरोपी से घटना मे प्रयुक्त कैंची को जप्त किया गया है।

# घरों को खूबसूरत बनाते-बनाते नव्या मलिक कैसे बनी लग्जरी पार्टियों की रानी

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। लग्जरी पार्टियों की रानी नव्या मलिक पुलिस की रिमांड पर है। उससे पूछताछ की जा रही है। साथ ही ड्रग्स सिंडिकेट के कई अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से कुछ गिरफ्तारियां पंजाब से हुई है। ऐसे में इस सिंडिकेट के तार पाकिस्तान से भी जुड़ रहे हैं। सिंडिकेट में नव्ला मलिक के पार्टनर और उसके सबसे खास अयान परवेज को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नव्या मलिक के बारे में चौंकाने वाली जानकारियां सामने आ रही है।

**सिंडिकेट की डार्लिंग बन गई नव्या :** दरअसल ड्रग्स चि न नव्या मलिक मुंबई में रहती है। वह लोगों की नजर में इंटीरियर डिजाइनर है। वह घर को खूबसूरत बनाते.बनाते ही ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े लोगों के संपर्क में आई थी। बताया जा रहा है कि ड्रग्स सिंडिकेट में नव्या मलिक का पार्टनर अयान परवेज था। अयान रायपुर मोतीनगर इलाके में रहता है। अयान और नव्या मिलकर पार्टियों में ड्रग्स की सप्लाई करती थी। हाई प्रोफाइल पार्टियों में वह खुद ही जाती थी। अपने लोगों के बीच में नव्या मलिक सिंडिकेट की डार्लिंग के नाम से मशहूर थी।

**नव्या के भी पार्टनर ने बना लिए वीडियो :** अयान परवेज को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस दौरान अयान के फोन में कई आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं। ये वीडियो अलग.अलग युवतियों के हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अयान के फोन में नव्या के भी वीडियो मिले हैं। ऐसे में आशंका व्यक्त की जा रही है कि कही नव्या को वीडियो के बूते ब्लैकमेल तो नहीं किया जा रहा था। इसी दबाव में आकर वह ड्रग्स नेटवर्क से जुड़ गई। पुलिस तमाम बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहींए अयान के खाते से बड़ी रकम की लेनदेन भी हुई है। नव्या चार सितंबर तक पुलिस रिमांड पर है। उसने पूछताछ के दौरान कई खुलासे किए हैं। बताया जा रहा है कि नव्या कई बार विदेश दौरे पर भी गई। हालांकि यह साफ नहीं है कि वह किन लोगों के साथ गई। तुर्की दुबई सिंगापुर मालदीव और थाईलैंड जैसे देशों में जाने की बात उसने स्वीकार की है।



**विदेशों से भी जुड़ रहे तार**

**बड़े कारोबारी के संपर्क में भी नव्या :** मुंबई से रायपुर पुलिस ने जब इसे गिरफ्तार किया तो एक युवा कारोबारी भी साथ में पकड़ा गया था। पूछताछ के दौरान उस कारोबारी की तबीयत बिगड़ गई। पुलिस के अनुसार नव्या भी पूछताछ में ज्यादा सहयोग नहीं कर रही है। कथित रूप से यह कहा जा रहा है कि वह बड़े शराब कारोबारी के साथ ही तुर्की गई थी और कुछ दिनों तक रही।

**सिंडिकेट के तार विदेशों से भी जुड़ रहे :** वहीं नव्या के सिंडिकेट के तार विदेशों से भी जुड़ रहे हैं। पंजाब से गिरफ्तार लोग पाकिस्तान और अफगानिस्तान से ड्रग्स लाकर यहां सप्लाई करते थे। पुलिस तमाम बिंदुओं पर जांच कर रही है। उसके अन्य साथियों को भी रिमांड पर लेगी।

**हनीट्रैप की भी है चर्चा :** इसके साथ ही यह भी चर्चा है कि नव्या और उसके सिंडिकेट के लोग हनीट्रैप से भी जुड़े थे। रायपुर में कई अधिकारियों को इन लोगों ने हुस्न के जाल में फंसाया है। हालांकि पुलिस इसके बारे में कुछ कह नहीं रही है। पुलिस अभी जांच की वजह से ज्याद खुलकर नहीं बोल रही है।

# रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल जांबांज युवाओं को कलेक्टर-एसएसपी ने किया सम्मानित

**रायपुर,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी के बेबीलॉन टावर में बीते रात हुई भयंकर आग दुर्घटना पर जिला प्रशासन-पुलिस और विशेष कर कुछ साहसी युवाओं के प्रयासों और सूझबूझ से आग पर कुछ समय की मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन के हीरोस् को कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने आज सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया था कि किसी भी हालत में राहत कार्य में कमी न आए और यह ध्यान में रहे कि जन हानि न हो। उनके निर्देशन में कलेक्टर और पूरा जिला प्रशासन अमला जुटा रहा। वहां फसे लोगों को सभी की सहायता से निकाल लिया गया। साथ ही सभी की जान बचा ली गई। साथ ही पूरे ऑपरेशन के दौरान स्वयं मुख्यमंत्री और सीएम सचिवालय के अधिकारी पल-पल की जानकारी लेते रहे।



इस रेस्क्यू ऑपरेशन के हीरो को कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने शॉल और किताब देकर सम्मानित किया और कहा कि यह सारे लोग पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हमारे शहर के गौरव हैं, जिन्होंने अपने जान की परवाह किए बिना अपने आप को फंसे लोगों को बचाने के लिए खुद को समर्पित कर दिया। इनमें सोमेश साव, देवाशिश बरिहा, आकाश साहू, विशाल यादव, अभिषेक सिन्हा ए.वेनूगोपाल युवा शामिल थे। साथ ही शासकीय अधिकारियों में जिला सेनानी अधिकारी पुष्पराज सिंह, तेलीबांधा थाना टीआई नरेंद्र मिश्रा सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर चला रेस्क्यू ऑपरेशन, सभी फंसे लोगों की जान बचाई**

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि इन जांबाज़ बच्चों ने अपने समाज की संस्कृति और परिवार के संस्कारों को प्रदर्शित किया है कि कठिन परिस्थितियों में अपनी चिंता न कर दूसरों की चिंता करें एवं इनके माता-पिता वंदनीय हैं जिन्हों अपनी संतानों की इतनी अच्छी परवरिश की जो अपने समाज के समक्ष उदाहरण बनकर उभरें हैं। कलेक्टर ने कहा कि कल रात घटना की जानकारी मिली तो एसएसपी डॉ सिंह और मैं एयरपोर्ट में थे। चूंकि मुख्यमंत्री श्री साय का आगमन होना था। मुख्यमंत्री ने हमें तुरंत घटना स्थल पर जा कर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुड़ जाने का निर्देश दिया। इसके तुरंत बाद घटना स्थल पर पहुंच गए। उस दौरान नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एडीएम उमाशंकर बंदे, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, एसडीएम नंदकुमार चौबे, जिला सेनानी अधिकारी पुष्पराज सिंह, तेलीबांधा थाना टीआई और सहित प्रशासनिक अमला और एसडीआरएफ की टीम मौजूद आग बुझाने के काम में डटे थे। रेस्क्यू टीम ने आग लगे स्थल से एक दिव्यांग व्यक्ति को गोद में लेकर बाहर निकाला।

घटना की सूचना मिलते ही पहले एसडीएम नंदकुमार चौबे और जिला सेनानी पुष्पराज सिंह घटना स्थल पहुंच गए। परिस्थियों को देखते हुए वे दोनो टीम के साथ 7वे माले पर पहुंच गए और उपस्थित लोंगो को समझाया कि घबराएं नही और सावधानी बरते हुए सीढ़ियों से बाहर निकलने का रास्ता बताया, जिससे वे सुरक्षित तरीके से बाहर आकर दुर्घटना से बच गए।

# मोबाइल की लत कर रही है अपनों से दूर

**रायपुर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। आदिनाथ विद्या धार्मिक पाठशाला द्वारा श्री दिगंबर जैन मंदिर के विद्यासागर हॉल, मालवीय रोड, रायपुर छत्तीसगढ़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो रहे है।



कल मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक सोशल मीडिया का असर = रिश्तों से रील्स तक रहा, जो एक सच्ची घटना पर आधारित था। इस नाटक ने दर्शकों को गहराई से सोचने पर मजबूर किया कि कैसे सोशल मीडिया के अंधाधुंध प्रयोग से रिश्तों में दूरी और भावनाओं में कमी आती जा रही है साथी बच्चे आत्महत्या तक की घटनाएं कर ले रहे हैं। नाटक में बच्चों ने यह संदेश दिया कि सोशल मीडिया का उपयोग विवेकपूर्ण ढंग से किया जाए और रिश्तों को वास्तविक संवाद एवं समय देकर मजबूत बनाया जाए। दर्शकों ने बच्चों की प्रभावशाली प्रस्तुति, अभिनय और संवाद अदायगी की सराहना करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से हॉल गुंजायमान कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने माना कि ऐसे नाटक न केवल मनोरंजन करते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता और शिक्षा का भी कार्य करते हैं।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर बच्चों ने संकल्प लिया कि वे मोबाइल का उपयोग केवल सार्थक एवं उचित कार्यों के लिए ही करेंगे और धर्म के मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहेंगे।

- **मालवीय रोड एवं शंकर नगर मंदिर में बच्चों की प्रेरक प्रस्तुतियां**
- **बच्चों ने लिया मोबाइल का आवश्यकता अनुसार ही उपयोग करने का संकल्प**

अंत में सभी पंचायत ट्रस्ट, कार्यकारिणी तथा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संयोजिकाएँ श्रीमती संध्या जैन, श्रीमती श्रद्धा जैन एवं श्रीमती स्वाति जैन, श्रीमती नेहा जैन ने सभी उपस्थितजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर शंकर नगर मे कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रतिभा बहू मंडल शंकर नगर द्वारा समाज के बच्चों के माध्यम से मोबाइल की बुरी लत पर प्रेरक प्रस्तुति दी गई।

इस प्रस्तुति में एक बच्ची को माता-पिता द्वारा परीक्षा के लिए पढ़ने का समय न मिलने के कारण मोबाइल की लत में पड़ जाती है और गंभीर रूप से बीमार हो जाती है। साथ ही मोबाइल के आने से क्या-क्या हानियां समाज को वही है किस तरह से रिश्तों से दूरियां बनी है यह सब दर्शाकर प्रेरक संदेश दिया गया। उपस्थित जन समुदाय द्वारा प्रस्तुति की प्रशंसा की गई।

उल्टा पुल्टा

एक बार भूगोल की टीचर ने बच्चों से पूछा- गंगा कहाँ से निकलती है और कहां जाकर मिलती है..?

एक बच्चे ने खड़े होकर कहा - मैडम गंगा घर से निकलती है और स्कूल के पीछे जाकर कालू से मिलती है।

## संपादकीय

### एपीके : सावधानी से करें उपयोग

*साइबर अपराध के विविध तरीके सामने आ रहे हैं। जो बहुत प्रचलित है वह है किसी बैंक के नाम से फोन कर यह धोखा देना कि उनका खाता बंद हो गया है। उसे फिर से सक्रिय करने के लिये कोई ओटीपी या लिंक शेयर कर उसे भरने के लिये कहा जाता है। लिंक को क्लिक करते ही ठगों के पास शिकार का बैंक सम्बन्धी सारा विवरण पहुंच जाता है। इसके बाद पासवर्ड, ओटीपी आदि की जानकारी प्राप्त कर पैसे उड़ा लिये जाते हैं। कई बार थोड़े समय में धन कई गुना कर भारी मुनाफे का लालच दिखला कर राशि अपने खातों में लेकर ठग गायब हो जाते हैं। उन्हें इनवेस्टमेंट प्लान बतलाकर लोगों को झांसे दिये जाते हैं। डिजिटल अरेस्ट आदि जैसे भी कई तरह की ठगी के प्रकार प्रचलित हैं। लोगों को नये-नये तरीकों से होने वाले झांसों की जानकारी रहनी चाहिये ताकि वे ठगों के शिकार न बनें। देश भर में हर रोज हजारों मामले इस प्रकार के होते हैं। सभी तरह की सतर्कता ही सबसे अच्छा उपाय है।*

*हाल ही में एपीके के जरिये ठगी के मामले सामने आये हैं। एंड्रॉइड एप्लिकेशन पैकेज या एंड्रॉइड एप्लिकेशन पैकेज किट कहलाने वाले एपीके एक तरह के फाइल प्रारूप होते हैं जो एंड्रॉयड डिवाइस पर एप्स वितरण तथा इंस्टाल करने के लिये उपयोग में लाये जाते हैं। प्रोग्राम कोड, फोटो आदि भी इसके जरिये अपलोड किये जाते हैं। किसी तरह की सेवाओं का उपयोग करने के लिये शासकीय या निजी विभाग अथवा संस्थाएं इस तरह के एपीके भेजकर उपयोगकर्ता के विवरण प्राप्त करती हैं। ठग इनका भी दुरुपयोग करने में माहिर होते हैं। फर्जी तरीकों से और ठगी के उद्देश्य से बनाये वे अपने एपीके संभावित शिकार के पास भेजते हैं। उनमें से कई लोग जाल में फंस जाते हैं।*

*ऐसे ही एक प्रकरण में रायपुर के एक युवक से झांसेबाज चार लाख रुपये ठगने में सफल हो गये। उक्त युवक के पास आरटीओ का एक एपीके आया। उसमें यह दर्शा रहा था कि उसका चालान हो गया है। उसमें बने फार्मेट को खोलने के लिये जैसे ही युवक ने एपीके खोला, उसके बैंक के खाते से छोटी-मोटी राशि नहीं बल्कि चार लाख रुपये कट गये। उस राशि को झांसेबाजों ने अपने खाते में ट्रांसफर कर दिये। मामला पुलिस के पास पहुंच गया है।*

*वैसे तो एपीके खुलने के पहले कई स्तर पर चेतावनियां आती हैं कि एपीके को खोलना नुकसानदेह हो सकता है। कई एपीके मोबाइल सेट के लिये ही खतरनाक होते हैं। सबसे अच्छा है कि अनजान व्यक्तियों, कम्पनियों, संस्थाओं आदि से आने वाले एपीके खोले ही न जायें। दूसरे, उसके माध्यम से आने वाले एप्स के प्रति भी पर्याप्त सावधानी बरती जाये। कभी भी अपना बैंक सम्बन्धी विवरण, पासवर्ड, ओटीपी आदि शेयर न किये जायें।*

# दो पहिया वाहन-हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं लागू




**दुर्ग,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में फिर से एक बार हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं अभियान लागू कर दिया गया है। आज कलेक्ट्रेट के सभागार में पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक ली गई ।

बैठक में पेट्रोल पंप संचालकों ने प्रशासन के समक्ष अपनी व्यवहारिक समस्याओं का उल्लेख करते हुए प्रशासन के साथ समन्वय कर हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं योजना लागू करने पर सहमति दी। बैठक में कलेक्टर द्वारा जारी हेलमेट को लेकर गाईड लाईन जारी की गई है। बैठक में एसपी, एडीएम, एएसपी शहर एवं जिला खाद्य अधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों को जनसुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट योजना अनिवार्य रूप से ही आज ही जारी करने पर जोर दिया।

उल्लेखनीय है कि एक अर्से बाद जिले में हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं योजना लागू की गई है। इस परिप्रेक्ष्य में बतौर ट्रायल विगत तीन चार दिनों से जो लोग पेट्रोल पंप में अपने दुपहिया वाहन के साथ पेट्रोल पंप पहुंच रहे है ।उन्हें पंप आपरेटर द्वारा पेट्रोल

**■ जिला पुलिस प्रशासन की गाईड लाईन जारी**

नहीं दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में पेट्रोल पंप के आसपास ही हेलमेट लेकर खड़े रहने वाले लोग वाहन धारकों को अपना हेलमेट देकर मदद कर रहे है। फिलहाल इसके लिये किसी भी तरह का सेवा शुल्क लिये जाने की जानकारी नहीं है। उल्लेखनीय है कि पेट्रोल पंपों में सीसीटीवी कैमरे होने से आपरेटर, वाहन धारकों को हेलमेट लगाने के लिये कह रहे है।

साथ ही पेट्रोल पंपों में फिलहाल हेलमेट उपलब्ध कराने वाले लोग दुपहिया वाहन धारकों को हेलमेट लगाने के फायदे भी समझा रहे है। साथ ही यह भी ताकीद कर रहे है कि यह सेवा व्यवस्था कुछ ही दिन की है।

इसके बाद इस मामले में प्रशासन द्वारा निर्धारित कार्रवाई की जायेगी। इधर अब आटो मोबाइल्स की दूकानों में पहुंचकर नया हेलमेट खरीद रहे है। कहीं कहीं सड़क किनारे भी हेलमेट की दूकान लगने लगी है। आम तौर पर 5-7 सौ रूपयों से लेकर 2 हजार तक के हेलमेट उपलब्ध है।

# महापौर ने सड़क पर उतर कर बांटे हेलमेट, दी समझाईश

## नो हेलमेट नो पेट्रोल

नो हेलमेट नो पेट्रोल आदेश के समर्थन में आज महापौर अलका बाघमार एवं उनके पाषदों की टीम सड़क पर उतर आई और राह चलते दो पहिया वाहन धारकों को हेलमेट भेंट की। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक एमआईसी के प्रभारीगण व अन्य भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय रहें।



नो हेलमेट नो पेट्रोल नीति को समर्थन देते हुए दो पहियाधारी वाहन चालकों को उनके जीवन के प्रति सुरक्षा का संदेश देने आज शाम महापौर अलका बाघमार ने पटेल चौक से गुजरने वाले दो पहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट दिया। साथ ही समझाइश दी कि उनका जीवन उनके साथ ही परिवार के लिये भी बहुमूल्य है। उन्होंने हेलमेट भेंट कर फायदे समझाते हुए लोगों से हेलमेट लगाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर एमआईसी प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल के साथ ही पार्षद संजय अग्रवाल, साजन जोसेफ, गोविंद देवांगन सहित बड़ी संख्या में पार्षद व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिक्षक पढ़ाना छोड़ स्कूल में ही हर्बल फिटनेस फार्मूला बेचने में व्यस्त, एक शिक्षक निलंबित

**दुर्ग**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा ने वेबपोर्टल पर 31 अगस्त को शिक्षक बने हर्बल गुरू स्कूल की जगह अब फ्टिनेस और फार्मूला बेचने में व्यस्त संबंधी समाचार वायरल हुआ जिसमें कई शिक्षक द्वारा हर्बल लाईफ के जरिए वजन घटाने और सेहत बनाने की सलाह दिए जानेए हर्बल लाईफकी सदस्यता दिलाने, स्कूल समय में आफिस मीटिंग करन, स्कूल में बैठकर ही ऑनलाईन हर्बल सेशन लेने, जिससे बच्चों के शिक्षा से वंचित होने व जिम्मेदार शिक्षक अब नेटवर्किंग बिजनेस के धंधे में मशगूल होने को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण की जॉच अथर्व शर्माए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, धमधा से कराई गई। जॉच में विकासखण्ड धमधा में संचालित विद्यालयों में कार्यरत लोमन वर्मा, व्याख्याता, शास.उ.मावि. घोटवानी, बलदाउ पटेल, सीएसी संकुल केन्द्र बोरी मूल पद.शिक्षक एलबी, मुकेश चतुर्वेदी, शिक्षक एलबी, शास.पूर्व माध्य.शाला दनिया एवं खिलेश्वरी चतुर्वेदी, सहायक शिक्षक, शास.प्राथ. शाला फुण्डा के सोशल मीडिया से संबंधित प्राप्त फोटोग्राफ्स के परीक्षण उपरान्त प्रथम दृष्टया संबंधितों द्वारा हर्बल उत्पादों का प्रचार.प्रसार किया जाना परिलक्षित हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित शिक्षकों/व्याख्याता के द्वारा उक्त कार्य सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत पाए जाने के कारण खिलेश्वरी चतुर्वेदी, सहायक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही लोमन वर्मा व्याख्याता के विरूद्ध अनुशंसा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

**■ डीओ ने शेष तीन अन्य के खिलाफ कार्रवाही हेतु उच्चाधिकारियों को भेजा प्रकरण**

# अयोध्या के लिये रामभक्तों से भरी ट्रेन रवाना

## पर्यटन मंत्री अग्रवाल एवं स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने दिखाई हरी झंडी



**दुर्ग,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के तहत आज दुर्ग जिले से रामभक्तों का एक बड़ा जत्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना हुआ। जय श्री राम नारों के साथ दुर्ग रेलवे स्टेशन से 185 श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से रवाना किया गया।

दुर्ग रेलवे स्टेशन से श्रद्धालुओं से भरी स्पेशल ट्रेन को पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवालए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अयोध्या यात्रा के लिए ट्रेन पहले राजनांदगांव से रवाना होकर दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां श्रद्धालुओं का स्वागत फूल मालाओं और गाजे.बाजे के साथ किया गया।

यात्रा के दौरान भोजन, आवास एवं अन्य सुविधाओं की संपूर्ण व्यवस्था प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। रवाना होते समय श्रद्धालुओं को जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन की प्रतियां भी भेंट की गईं।

इस अवसर पर कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबेए नगर निगम दुर्ग आयुक्त सुमीत अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा एवं उत्तम ध्रुव, जनपद सीईओ रूपेश पाण्डेय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व रेलवे विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ज्वलंत समस्याओं को लेकर बाकलीवाल के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा कांग्रेसियों ने ज्ञापन, निगम की उदासीनता पर उठाया प्रश्न चिन्ह



**दुर्ग**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्ग शहर के कांग्रेसजनों के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर अभिजीत सिंह को नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त गंभीर समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल एवं नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने किया। प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर के समक्ष प्रमुख तौर पर एपीएल कार्डधारियों को अगस्त माह का राशन अब तक उपलब्ध न होने, नगर निगम में 15 सौ से ज्यादा कर्मचारियों के नियमितीकरण के प्रकरण लंबित रहने, विभिन्न वार्डो में स्ट्रीट लाईटें बंद रहने, धमधा नाका स्थित एसएलआरएम सेंटर की दीवार ढह जाने से कचरा गंदगी बदबू फैल जाने की समस्याओं का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा शहर के प्रत्येक वार्डो के हर गली मोहल्लों में आवारा पशुओं और कुत्तों के आतंक की ओर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए इसके निराकरण की मांग की गई है। खाद्यान्न की समस्या को लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने जिला खाद्य अधिकारी से अलग से भेंट कर ज्ञापन सौंपा।

कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, संजय कोहले ने बताया कि एपीएल कार्डधारियों को अभी तक अगस्त माह का राशन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे गरीब व मध्यवर्गीय परिवार के सामने भटकाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके अलावा नगर निगम में 15 सौ अधिक नियमितीकरण के प्रकरण लंबित पड़े हुए है। इस लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जाना चाहिए।

कांग्रेस जनप्रतिनिधि ने बताया कि शहर में बिजली की समस्या भी एकदम परेशान करने वाली है। जब तब लाईट गोल हो जाने से गलियां सड़कें अंधेरे में डूब जाती है। ऐसे में जगह जगह आवारा पशुओं तथा कुत्तों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे भी आवारा पशुओं व कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। लोग आये दिन इनके हमलों के शिकार हो रहे है। ज्ञापन में धमधा नाका स्थित एसएलआरएम की दीवार ध्वस्त हो जाने की जानकारी देते हुए बताया है ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# जिले में अब तक 728.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में 1 जून से 3 सितम्बर तक 728.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 1015.7 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 552.5 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है।

इसके अलावा तहसील बोरी में 664.4 मिमी, तहसील अहिवारा में 749.2 मिमी, तहसील भिलाई.3 में 637.6 मिमी और तहसील दुर्ग में 753.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 3 सितम्बर को तहसील दुर्ग में 25.8 मिमी, तहसील धमधा में 3.1 मिमी, तहसील पाटन में 39.1 मिमी. तहसील बोरी में 10.2 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 7.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 6.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# गया नगर खेल मैदान में महापौर व टीम ने किया 40 पौधों का रोपण



**दुर्ग**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। गया नगर वार्ड के गली नंबर 4 के खेल मैदान में आज महापौर अलका बाघमार एवं पार्षदों, वार्डवासियों ने 40 वृक्षों का रोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया। रोपे गये वृक्षों में नीम, पीपल, गुलमोहर, करंज कदम एवं विभिन्न फलदार वृक्ष लगाये गये। इस कार्यक्रम में वार्ड की महिलाएं बच्चों एवं युवावर्ग ने काफी उत्साह व्यक्त करते हुए वृक्षारोपण में अपनी भागीदारी निभाई तथा महापौर को रोपे गये वृक्षों की देखभाल व सुरक्षा को लेकर भी आश्वत्सत किया।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती बाघमार ने लगातार हो रही वृक्षों की कटाई, बढ़ते हुए प्रदूषण की गंभीर समस्या की ओर जनसमूह का ध्यान आकर्षित करते हुए वृक्षारोपण करने तथा उसकी सुरक्षा के लिये भी जोर दिया। महापौर ने नगर निगम अधिकारियों को भी पौधों की सुरक्षा के निर्देश दिये। उन्होंनें उपस्थित जनसमूह को वृक्षारोपण व उनकी सुरक्षा की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर एमआईसी प्रभारी नरेन्द्र बंजारे, कांशीराम कोसरे, शेखर चंद्राकर, नीरा खिचरिया, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# डैंजर्स एडवेंचर्स की टीम विश्वशांति विश्वयात्रा करते हुए दुर्ग पहुंची

## पर्यावरण, जलसंरक्षण, वन्यजीव संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ हेतु लोगों को जगह जगह जाकर किया जागरूक




**दुर्ग,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। डैंजर्स एडवेंचर्स स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर ऑन फुट जर्नी के सदस्य और गिनीज बुक, लिम्का बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर टीम जिसमें अवध बिहारी लाल, जितेंद्र प्रताप, महेंद्र प्रताप और गोविंदा नंद शामिल हैं, छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में जागरूकता अभियान चला रहे है। इस टीम द्वारा अब तक विश्व के 11 देशो में 4 लाख 52 हजार किमी की विश्वशांति विश्वपदयात्रा पूरी की जा चुकी है।

इस विश्वशान्ति विश्वपदयात्रा के दौरान इन्होंने वर्ष 2018 में दुनिया की सबसे ऊँची चोटी माउण्ट ऐवरेस्ट बेस कैम्प की यात्रा सफलता पूर्वक सम्पन्न की। टीम द्वारा अब तक 14 करोड़ 50 लाख पौधो का वृक्षारोपण भी कराया जा चुका है इसी क्रम में इन्होंने छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से दो जिलों की यात्रा पूरी कर ली है। इस दौरान टीम द्वारा दुर्ग जिले के जनपद दुर्ग में 1 से 3 सितंबर तक 3 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियों के द्वारा युवाओं को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित पर्यावरण संरक्षण, वन संरक्षण, वन्य जीव संरक्षण, जल संरक्षण के साथ.साथ सड़क सुरक्षा.जीवन रक्षा, स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओं, मतदाता जागरूकता से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। टीम में 20 सदस्य है और यही इस टीम का मूल उद्देश्य है।

# आचार्य जयमल महाराज का जन्म-महोत्सव कल भव्य गुणानुवाद सभा, तप के साथ होगा आयोजित



**दुर्ग,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। आचार्य सम्राट जयमल जी महाराज का जन्म महोत्सव जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में गुणानुवाद सभा सामुहिक तीन सामायिक एवं एकासना तप की तपस्या के साथ मनाया 5 सितंबर को छत्तीसगढ़ के विभिन्न जैन संघ के आतिथ्य में आयोजित किया जा रहा है। साथ ही श्रवण संघ के प्रथम आचार्य श्री आत्माराम जी महाराज की जन्म जयंती भी 4 सितंबर को गुणानुवाद सभा के रूप में जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में नमोथुणम की साधना के साथ मनाई जा रही है।

संघ के अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा एवं मंत्री राकेश संचेती ने श्रमण संघ परिवार के सभी सदस्यों से जयमल जन्मोत्सव के अवसर पर प्रातः 11.30 बजे तक अपना व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कर संघ द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की है

श्रमण संघ के आचार्य ध्यान योगी डॉक्टर शिवमुनि महाराज की जन्म जयंती चार दिवसीय आयोजनों के साथ 15 सितंबर 18 सितबर तक जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में आत्मध्यान साधना शिविर के माध्यम से मनाई जाएगी।

विगत दिनों जय आनंद मधुकर रतन पाठशाला के बच्चों की पेंटिंग स्पर्धा जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में आयोजित की ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# ब्लाक कांग्रेस संगठन चुनाव से ही गुटबाजी के साथ विरोध के स्वर

**दुर्ग**, 3 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत 5 ब्लाक इकाइयों के चुनाव को लेकर कांग्रेस में चल रहा घमासान सार्वजनिक तौर पर नजर नहीं आ रहा है मगर अंदरूनी तौर पर भारी सरगर्मी बनी हुई है। विगत कई वर्षो से जहां शहर जिला कांग्रेस संगठन के चुनाव एकतरफा औपचारिक रूप से पूरे होते रहे है वहीं अब पहली बार सार्वजनिक रूप विरोध के स्वर भी फूटने लगे है। इसमें बिना किसी नेता या प्रत्याशी को लेकर कोई बात नहीं मगर इस बार अप्रत्याशित तौर पर पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की जा रही है। कार्यकर्ताओं द्वारा इस बार खुलकर कहा जा रहा है कि एक बंद कमरे में एक ही नाम तय कर चुनाव करा लेने वाला तरीका अब नहीं चलेगा।

अंदरूनी तौर पर जो बातें सामने आ रही है उससे यह स्पष्ट संकेत मिल रहे है कि पूर्व विधायक अरूण वोरा के अपने ही लोगों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। यह भी स्पष्ट संकेत है कि ब्लाक चुनाव से जिस तरह की शुरूआत हो रही है उसका असर शहर जिला कांगरेस कमेटी के अध्यक्ष के चुनाव में ज्यादा तेजी से हावी रहेगा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के इस संगठन चुनाव को लेकर जो रस्साकशी देखने को मिल रही है उसकी पृष्ठभूमि पर जायें तो अ,भा.कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष मोतीलाल वोरा के निधन के बाद उनके सुपुत्र और तब के विधायक अरूण वोरा के विधानसभा चुनाव में 47 हजार मतों से हारने के बाद ही लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू तथा नगर निगम चुनाव में महापौर प्रत्याशी प्रेमलता साहू सहित कांग्रेस के 48 पार्षद प्रत्याशियों के हारने को लेकर बनी। कांग्रेस की करारी पराजयों से आम कार्यकर्ताओं में भी हताशा नजर आ रही है। आम कार्यकर्ता भी अब नये नेतृत्व की ओर देख रहे है।

**शहर संगठन के चुनाव में अब नए समीकरण का सूत्रपात**

इन तीनों करारी पराजय के व्यथित होकर कांग्रेस के शहर जिला अध्यक्ष गया पटेल ने नैतिकता के नाते अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है। वे कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे है। विगत दो वर्षो से इस पद को सम्हाल रहे है मगर संगठन की गतिविधियों में कोई उत्साह नजर नहीं आ रहा है। ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर पर्यवेक्षक आए बैठक की और नाम लेकर चले गए और आम कार्यकर्ताओं को पता ही नहीं चला।

कांग्रेस की इस अंदरूनी राजनीतिक रस्साकशी के बीच अब पांच ब्लाक इकाइयों के चुनाव कराये जा रहे है मगर जो प्रक्रिया वर्तमान में अपनाई गई है उससे कांग्रेस कार्यकर्ता और भी मुखर होकर विरोध करने लगा है। वरिष्ठ नेता पूर्व पार्षद मदन जैन ने गत दिवस इस प्रक्रिया को लेकर

## चुनौती व दावेदारी ठीक है मगर यह भी ध्यान रखें : अरूण वोरा

कांग्रेस के भीतर उठे विरोध के स्वर को लेकर पूछे जाने पर पूर्व विधायक अरूण वोरा ने कहा है कि संगठन चुनाव में भाग लेने का अधिकार सभी को है। इसके बीच पार्टी नेतृत्व को यह भी देखना चाहिए कि पिछले तीन चुनाव में वे कौन लोग थे जो कांग्रेस प्रत्याशियों को हराने में तन मन धन से लगे थे और विपक्ष को मदद कर रहे थे। इसी बीच वोरा निवास में उपस्थित मध्य ब्लाक अध्यक्ष अलताफ अहमद ने कहा कि कांग्रेस को खुली चुनौती देने वालों को क्या कांग्रेसी माना जाये। इस पर भी पाटी4 नेतृत्व स्थिति स्पष्ट करें।

# चुनौतियों और बाधाओं का डटकर सामना करे-ललित



**भिलाईनगर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग ने छत्तीसगढ़ चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई के सहयोग से एक युवा जागरूकता कार्यक्रम जिन्दगी न मिलेगी दोबारा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को एक उज्वल भविष्य की कल्पना करने के लिए प्रेरित करना था। जहां भारत आशा और प्रगति की किरण बनकर चमके। अपने स्वागत भाषण मेंए विभागाध्यक्ष डॉ. सपना शर्मा ने छात्रों में नागरिकता संबंधी दक्षताओं को विकसित करने और उन्हें एक अधिक स्थायी एवं न्यायसंगत विश्व के निर्माण हेतु सक्षम बनाने में नागरिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति से महाविद्यालय को अनुगृहीत किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युवा सशक्तिकरण का अर्थ मात्र अवसर प्रदान करना नहीं है। इसका उद्देश्य एक ऐसा वातावरण तैयार करना है जहां युवा उन्नति कर सकें। योगदान दे सकें और नेतृत्व कर सकें। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे भारत की विकास गाथा के केवल साक्षी बनने के बजाय, उसके लेखक, कथावाचक और नायक बनें। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि इस रूपांतरण के अग्रदूत बनने के लिए उन्हें प्रभावी समय प्रबंधन का अभ्यास करना होगा। अपनी शिक्षा की जिम्मेदारी लेनी होगी। सोच समझकर निर्णय लेने होंगे और चुनौतियों और बाधाओं का डटकर सामना करना होगा। अजय भसीन, प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने राष्ट्र निर्माण, नवाचार और वैश्विक नेतृत्व में सक्रिय रूप से शामिल होकर युवाओं द्वारा अपनी मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने पारंपरिक ज्ञान के प्रचार प्रसार, स्वदेशी संसाधनों के उपयोग तथा स्वदेशी आर्थिक आधार को मजबूत करने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए लाभ साझाकरण तंत्र को लागू करने के गुणों पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों से स्थानीय बाजारों से खरीदारी करके, सोशल मीडिया पर इन उत्पादों का प्रचार करके तथा स्थानीय उत्पाद मेलों में भाग लेकर स्थानीय रूप से उत्पादित वस्तुओं का समर्थन करने का प्रण लेने का आग्रह किया। अपने अध्यक्षीय उध्बोधन में प्रशासक फादर डा. पी.एस. वर्गीस ने इस बात पर पर बल दिया कि युवा अर्जित परंपराओं के निष्क्रिय प्राप्तकर्ता नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र के भाग्य को बदलने की क्षमता से संपन्न हैं। उन्होंने विभाग की पहल की सराहना की और आशा व्यक्त की कि इस सहयोग से इंटर्नशिप कार्यक्रमों के लिए साझेदारी, नवाचार केंद्रों की स्थापना, तथा ज्ञान के आदान प्रदान को बढ़ाने और नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करने के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रमों की शुरुआत होगी।डा. शाइनी मेंडोन्स प्रभारी प्राचार्य ने उद्योग अकादमिक तालमेल में निवेश करने की संस्थागत प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, जो भविष्य में नवाचारों और तीव्र गति वाली अर्थव्यवस्था की जटिलताओं से निपटने के लिए कार्यबल की तत्परता का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने इस सिद्ध तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया कि आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर भारत अपने लक्ष्य को युवाओं की जागरूक भागीदारी के बिना प्राप्त नहीं कर सकता। श्रीमती सुमन कन्नौज अध्यक्ष महिला चेम्बर भिलाई ने छात्रों को उत्तम साइबर स्वच्छता का अभ्यास करने और उसे बढ़ावा देने, अपने व्यक्तिगत डेटा की रक्षा करने और अपने समुदायों के लिए एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि सामूहिक जिम्मेदारी की भावना से व्यापक सुरक्षा सचेत संस्कृति का विकास होगा। जहां हर कोई डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा में अपनी भूमिका को समझेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ.नीलम गांधी और सुनील मिश्रा ने किया और इसमें सभी संकायों के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकगण सम्मिलित हुए। डॉ. शीजा वर्की ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया और छात्रों को भविष्य के नेताओं के रूप में उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराने में ऐसे कार्यक्रमों के योगदान की सराहना की, जिससे युवाओं को राष्ट्रीय प्रगति में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में स्थापित किया जा सके।

## भिलाई-3 में ईडी की कार्रवाई

**भिलाईनगर।** वसुंधरा नगर भिलाई तीन में अन्ना भूमि ग्रीन टेक प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर शिवकुमार घर पर कार्रवाई हो रही है। 6 से अधिक अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। इस दौरान बाहर सीआरपीएफ की टीम भी मौजूद है । ये संस्था कृषि और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में काम करती है। जिसमें ड्रिप सिंचाई प्रणाली, कांटेदार तार, चेन लिंक और आरसीसी बाड़ के खंभे, सौर जल पंप और कृषि उपकरण शामिल है। वित्तीय अनियमितता की शिकायत पर ईडी के अधिकारी जांच कर रहे हैं। वैशाली नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शांति नगर के समीप विवेकानंद कॉलोनी में आदित्य के बंगले पर भी ईडी द्वारा छापे की कार्यवाही की इस समय जारी है वर्तमान में इनका पूरा काम रायपुर से संचालित होना बताया जा रहा है जिले के प्रतिष्ठित बिल्डर का कार्य भार देखा करते थे ।

## संयम रुपी ब्रेक न हो तो सब व्यर्थ-आर्यिका



**भिलाईनगर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। भाद्रपद शुक्ल दशमी को दिगंबर जैन समाज धूमधाम से धूप दशमी पर्व में विशेष रूप से 10वें तीर्थंकर श्री शीतलनाथ की पूजन सभी मंदिरों में दोपहर को धूप खेवन कर सुगंध दशमी पर्व मनाया जाता है। जैन धर्म में इस पर्व को उपवास, एकाशन आदि तप व विधिपूर्वक मनाया जाता है। जिसमें सुहागिन महिलाएं भगवान से अपने सुखद दाम्पत्य जीवन की कामना करती है। पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के छठे दिन जैन भवन नेहरू नगर में शांति धारा करने का सौभाग्य श्रीमती चित्रा नरेंद्र, श्रीमती शिखा राकेश गंगवाल, इशिता, अर्श व श्रीमती सुषमा विकास, श्रीमती मेघा सौरभ मांडगे, श्रव्या, दिव्या परिवार को प्राप्त हुआ। आर्यिका अक्षयमती ने प्रवचनों में बताया किए नियम से दृढ़ संकल्प जागृत होता है। उत्तम संयम धर्म का अर्थ है मन और इंद्रियों पर आत्म नियंत्रण रखना। यह सभी प्राणियों की रक्षा करता है और आंतरिक शांति को बढ़ावा देता है। इसका पालन करने से इच्छाओं और आसक्तियों पर काबू पाया जाता है। और व्यक्ति चरित्र के आध्यात्मिक विकास की ओर बढ़ता है। अपनी इंद्रियों, मन और वाणी पर नियंत्रण रखना। संयम के पालन से व्यक्ति के चरित्र का निर्माण होता है। पंचेन्द्रियो रात्रिकालीन आरती में भक्तगण नृत्य कर भक्ति की। संस्कृति ग्रुप की श्रीमती राशि, ऋचा, शिखा, प्रियंका, गरिमा, किरण, दीपा, जया, शिक्षा, प्रीती, प्राची, पूजा, निकिता, निकिता कोठारी, अंकिता ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। अभिव्यक्ति ग्रुप द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गो में प्रथम स्वास्तिक, निश्चय, आग्रह, अथर्व, विज्ञ व मंथन पाटनी, द्वितीय पार्थवी, प्रीशा, विहान जैन, तृतीय. आश्वी, विहान पाटनी, अपूर्व जैन को प्राप्त हुआ। महाआरती का संचालन किया जिसमें राजकुमार जैन, महावीर पाटनी, अशोक पहाड़िया, भागचंद पाटनी, नागेंद्र जैनए अजित जैन, रविवार कासलीवाल, गौरव, सचिन जैनम, रोमिल, आदि उपस्थित रहे।

## जामुल पालिका अध्यक्ष व सीएमओ ने गुजरात में देखी सफाई व्यवस्था

**भिलाईनगर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के 54 नगर पालिका अध्यक्षों, मुख्य नगर पालिका अधिकारी छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर द्वारा राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत सुरत में अध्ययन सहभ्रमण कराया गया। तीन दिवसीय अध्ययन सह भ्रमण कार्यक्रम में जामुल नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी शामिल हुऐ। यह कार्यक्रम राज्य शासन के निर्देशानुसार सुरत नगर निगम गुजरात से प्राप्त सहमति के अनुक्रम में ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत किये गये उत्कृष्ट कार्यो का अवलोकन किया गया। गौरतलब हो कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में नगर पालिका जामुल ने 183 से ऊची छलांग लगाते हुए भारत में 83 नंबर पर पहुंचा था। जिसके कारण नपा अध्यक्ष एवं सी.एम.ओ. संयुक्त रूप से स्थल भ्रमण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयनित हुऐ। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुरत नगर निगम मॉडल के रूप में पुरे देश में चर्चित है। यहां की साफ सफाई. डोर.टू.डोर कलेक्शन के लिए यहा की आम जनता की भागीदारी से बेहतर कार्य किया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्राप्त अनुभवों का लाभ नगर पालिका जामुल के समस्त् वार्डवासियों को अवगत करायेंगे सी.एम.ओ.सीमा बक्शी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर उसी व्यवस्था को अपनायेंगे जिससे आगामी समय में जामुल पालिका और अधिक स्वच्छ सुंदर एवं विकसित होगा।

## मकान दिलाने के नाम पर ठगी का आरोपी पकड़ाया



**भिलाईनगर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। सुपेला पुलिस ने मकान दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है आरोपी व्दारा एक राय होकर प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत मकान दिलाने के नाम पर प्रार्थी राकेश चौसरे 26 साल पता वार्ड 17 चिंगरी पारा नेहरू भवन के पास सुपेला एवं हितग्राही श्रीमति रतना , श्रीमति रजनी, लोम सिंह, सरिता घोड़े, रमेश खंडार से कुटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी कर प्रार्थी एवं हितग्राही की कुल रकम 14,04,000 रूपये का धोखाधड़ी कर हड़प लेने की रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध पंजीबध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी ज्योति, रेसमा, शाहिद, राहुल के विरूध्द धारा 173(8) जाफौ के तहत दुर्ग न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया है जो न्यायालय में विचाराधिन है। मो.मकसुद केम्प 1 को पकड़कर पूछताछ करने पर ठगी की रकम में से 2,50,000 रुपए प्राप्त होना जिसको खर्च कर देना स्वीकार किया। आरोपी को आज 3 सितम्बर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुपेला विजय यादव, सउनि पूरण साहू, संतोष मिश्रा आरक्षक गंभीर जाट का विशेष योगदान रहा। नाम आरोपी मो. मकसुद को गिरफ्तार किया है।

### चाकू लहराने वाला गिरफ्तार

इस प्रकार वीति रात्रि थाना भिलाई नगर पुलिस को देशी शराब भट्टी सिविक सेंटर के पास सार्वजनिक स्थान पर खुले आम लोगों में दहशत फैलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसकी सूचना पुलिस को मिली की एक व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार लहराकर डरा रहा है। पुलिस व्दारा मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर पूछताछ करने पर अपना नाम विक्रम सेक्टर 05 भिलाई का होना बताया। आरोपी के कब्जे से एक स्टील का चाकू को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। उक्त आरोपी का कृत्य धारा 25-27 आर्म्स एक्ट का पाए जाने से आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है ।

## हॉस्पिटल जोन के मेडिकल टेक्नोलजिस्ट का सम्मेलन संपन्न



**भिलाईनगर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। सीटू के मेडिकल जोन के मेडिकल टेक्नोलजिस्ट का सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए अजय कुमार आर्या ने द्वारा 3 वर्ष में मेडिकल टेक्नीशियन विभाग में सीटू द्वारा किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। यूनियन के उपाध्यक्ष संतोष कुमार रुस्टी एवं मेडिकल जोन के सचिव संतोष कुमार उपस्थित थे। सम्मेलन में संतोष फ्रुस्टी ने पांच सदस्यों वाली विभागीय समिति एवं दो आमंत्रित सदस्यो का प्रस्ताव रखा जिसमें मनोज कुमार साह, केदारनाथ नाग, अजय कुमार आर्या, प्रकाश बोरकुटे, जितेंद्र कुमार, कौसर खान, अमित प्रकाश है। उपरोक्त विभागीय समिति पर अपनी सहमति जताते हुए चुन लिया। संयोजक हेतु मनोज कुमार साह, उपसंयोजक हेतु केदारनाथ नाग के नाम का प्रस्ताव रखा गया। सम्मेलन में जोनल सम्मेलन में भाग लेने हेतु पांच प्रतिनिधि मनोज कुमार साह, केदारनाथ नाग, प्रकाश बोरकुटे, जितेंद्र कुमार, अमित प्रकाश को चुना गया। सीटू के मेडिकल जोन के सचिव संतोष कुमार ने बताया कि मेडिकल जोन के मेडिकल टेक्नीशियन विभाग में ब्लड बैंक, टोटल पैथोलॉजी टेस्ट, एक्स.रे, एम आर आई, फिजियोथैरेपी आदि अनुभाग आते हैं।

## आईजी द्वारा रेंज दोषमुक्ति प्रकरणों की ली समीक्षा बैठक



**तीन घंटे चली बैठक में 259 प्रकरण की ली जानकारी**

**भिलाईनगर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। आईजी दुर्ग रामगोपाल गर्ग ने बैठक लेकर 259 प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई विशेष रूप से उन प्रकरणों पर चर्चा कर गंभीरता से कार्यवाही करने कहा गया जिनमें न्यायालय में अग्रिम जमानत निरस्त होने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग द्वारा आईजी कार्यालय 32 बंगले के सभागार कक्ष में रेंज स्तरीय दोषमुक्ति प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित बैठक के दौरान कुल 259 प्रकरणों की समीक्षा की गई, जो तीन घंटे से अधिक समय तक चली। बैठक में दुर्ग रेंज के उपसंचालक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में दोषमुक्ति के कारणों की समीक्षा की गई और जिन कारणों से प्रकरणों में दोषमुक्ति हुए है उसमें विवेचना के सुधार हेतु पुलिस अधिकारियों को आदेशित किया गया साथ ही विवेचना एवं अभियोजन में लापरवाही करने वाले पुलिस, अभियोजन अधिकारीयों की जिम्मेदारी तय करने निर्देशित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक श्री गर्ग ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे सभी गंभीर प्रकरणों में जिनमें अग्रिम जमानत आवेदन लगाए जाते हैं, उनमें पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही का ब्योरा अलग से संधारित किया जाए तथा जहाँ गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, उसके ठोस कारणों का उल्लेख किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि न्यायालय द्वारा अग्रिम जमानत निरस्त कर दी जाती है, तो अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करना संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही होगी। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि झूठी शिकायत करने वाले एवं निर्दोष व्यक्तियों को झूठा फसाने वाले आरोपियों के विरुद्ध अभियोजन अधिकारियों द्वारा न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए, ताकि ऐसे प्रकरणों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके और न्यायिक प्रक्रिया को सशक्त बनाया जा सके। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में संयुक्त संचालक अभियोजन दुर्ग एस.एस. ध्रुव, उप निदेशक अभियोजन दुर्ग श्रीमती अनुरेखा सिंह, सहायक जिला अभियोजन बालोद प्रमोद घृतलहरे, उप निदेशक अभियोजन बेमेतरा आशीष कुमार सिन्हा, सहायक जिला अभियोजन बेमेतरा विनय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग श्रीमती पद्मश्री तंवर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती ज्योति सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद श्रीमती मोनिका ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती शिल्पा साहू, उप निरीक्षक राजकुमार प्रधान एवं पुलिस पी.आर.ओ. प्रशांत कुमार शुक्ला उपस्थित रहे।

## गायत्री शक्तिपीठ केम्प-2 में सामूहिक श्राद्ध तर्पण 7 से

**भिलाईनगर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। दुर्ग, भिलाई सहित अंचल के सभी गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठों में हर वर्ष पितृपक्ष के अवसर पर निःशुल्क सामूहिक श्राद्ध तर्पण का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आस.पास के सैकड़ों श्रद्धालुगण अपने पितरों को जलांजलि अर्पित करते है। इसी कड़ी में शारदा पारा केम्प-2 भिलाई स्थित गायत्री मंदिर में 7 से 21 सितम्बर तक पितृपक्ष के अवसर पर निःशुल्क सामूहिक श्राद्ध तर्पण एवं पिंडदान का आयोजन किया गया है। केम्प 2 पॉवर हाउस भिलाई का गायत्री शक्तिपीठ शहर के मध्य स्थित एक महत्वपूर्ण आस्था के केन्द्र के रूप में जाना जाता है। यहाँ पितृपक्ष में आत्माओं की शांति के लिए श्राद्ध तर्पण और पिंडदान सहित अन्य संस्कार सम्पन्न किया जाता है। संस्थान के प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी समय लाल साहू, ट्रस्टी बी.पी. सिंह, सुश्री सांता साहू के अनुसार केम्प-2 गायत्री मंदिर में श्राद्ध तर्पण प्रतिदिन सुबह 8 बजे 9 बजे तक होगा। तर्पण पुर्णतः निःशुल्क होगा। सभी सामग्री मंदिर की ओर से उपलब्ध होगी। गायत्री परिवार कार्यकर्त्ता मोहन उमरे ने बताया कि केम्प-2 गायत्री मंदिर के अलावा गायत्री मंदिर हुडको, शिव गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर, गायत्री साधना केन्द्र रिसाली बस्ती में भी श्राद्ध तर्पण एवं पिंडदान संस्कार सम्पन्न होंगे इसके लिए तर्पण में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं को एक दिन पूर्व पंजी फॉर्म भरना होगा। जिससे कि संस्उकार के लिए उचित व्यवस्था बनाया जा सके। इस अवधि में श्रद्धालुगण श्राद्धकर्म के बाद स्वेच्छिक दान की रसीद अवश्य ले। यह जानकारी मोहन उमर गायत्री परिवार कार्यकर्त्ता ने देते हुए इस अवसर का लाभ लेने की अपील की है।

## खराब बोरिंग को ठीक करने सौपा ज्ञापन



**भिलाईनगर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। शिवसेना नें जिलाधीश को ज्ञापन सौपाकर जर्जर खस्ता हाल खराब हैंड पंप बोरिंग को बनाऐ जाने की मांग की है। उन्होनें कहा कि जनहित में शिव सेना माँग करती है कि नगर पालिका निगम क्षेत्र के अंतर्गत वर्षो से बोरिंग खराब एवं बिगड़ी पड़ी है इन बोरिंग से खराब एवं दूषित पानी आ रहा है। कुछ बोरिंग में केमिकल्स युक्त बदबू दार पानी आ रहा है यह पानी के उपयोग से स्वस्थ पर बुरा असर हो रहा है। शिव सेना के राजू गुप्ता ने बिगड़ी पड़ी बोरिंग को रिपेयर हेतु शिकायत पत्र देने पर भी कई महीनों बाद सुधार कार्य के नाम पर खाना पूर्ति करते ह। कई बोरिंग में 20 फुट की खराब लीकेज केसिंग पाईप खोलकर ले जाते हैं दुबारा केसिंग पाईप नया लगता ही नहीं शीघ्र ही बोरिंग की मरम्मत किया जाय। वार्ड 40 शंकर नगर छावनी बोरिंग नं 4, 6, का हैंडल घिस गये है करूणा हॉस्पिटल बोरिंग नं 13 केसिंग पाईप सड़ गया आज तक नया नहीं लगा एवं दूषित जल है केम्प 2 हनुमान मंदीर वार्ड 36 बोरिंग नं 253 का हैंडल जर्जर अवस्था मे है वार्ड 43 बोरिंग नं 10 उद्यान के पास वार्ड 50 बोरिंग नं 15, 20, का हैंडल खराब है खुर्सीपार वार्ड 42 एम पी आर रोड़ सद्भावना गणेशोत्सव समिति के सामने बोरिंग नं 4 उँचा करना होगा। पंचशील उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने बोरिंग नं 8 हैंडल के अंदर के पार्टस घस गये हैं शारदा पारा वार्ड 32 कापरेटि के पीछे बोरिंग ख़राब है दुर्ग वार्ड 39 जिला कोर्ट परिसर कचहरी केंटीन के पास की हैंडपम्प बोरिंग कई वर्षों से बंद है आमजन को होती हैं परेशानियाँ पीने के लिए जल पानी का पाउंच खरीदना पड़ता है। शिवसेना ने बंद पड़ी जर्जर बोरिंगों का शीघ्र ही संसाधरण की शीघ्र आवश्यकता है कि समय रहते रहते सुधार हो बड़ी बीमारी जनहानी से बच सके। ज्ञापन सौंपने वालों में शिव सेना के राजू गुप्ता, रमेश सिंह, संदीप हटवार, गगन कुमार, सुरेश वर्मा शामिल थे।

## राज्य सरकार तृतीय-चतुर्थ कर्मियों को मकान उपलब्ध कराये



भिलाईनगर, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी व छत्तीसगढ़ के आवास मंत्री से छत्तीसगढ़ प्रदेश के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उनके गृह जिलों में आवास बनाकर दिए जाने की मांग को उठाया ह। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने बताया कि तृतीय श्रेणी व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की यह मांग सभी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों वास्तविक मांग है क्योंकि प्रत्येक कर्मचारी अपने सेवाकाल में स्वयं का आवास बनाने में लाखों रुपए का लोन लेता है ओर उसको अदा करते करते सेवानिवृत्त होता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी व आवासीय मंत्री यदि तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उनके गृह जिलों में 1500वर्ग फीट पर आवास बनाकर देओल प्रतिमाह उनके वेतन से वसूली कर लें तो बाजार के भाव से मिलने वाली भूमि ओर बढ़ी दर मिलने वाले लोन ब्याज से कर्मचारियों को छुटकारा मिल सकता है वहीं शासन को कोई वित्त भार नहीं आएगा जब प्रधानमंत्री प्रत्येक नागरिक को आवास सुविधा के लिए योजना लाकर आवास उपलब्ध कराने कटिबद्ध है तो शासकीय कर्मचारी जो अपने वेतन से प्रतिमाह कटौती करा कर आवास आसानी से ले सकेंगे दोनों पक्षों को इसका लाभ होगा सरकार कह सकतीं हैं हमने सस्ती दर पर प्रदेश के तृतीय श्रेणी व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को आवास उपलब्ध कराए वहीं लाखों कर्मचारियों का सपना पूरा होगा ओर सेवानिवृत्त पर प्राप्त धनराशि का उपयोग अन्य कार्यों में कर सकेंगे।

## पांडुरंगा अंतर्राष्ट्रीय कार्टून प्रतियोगिता में सम्मानित



**भिलाईनगर,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। प्लांट से रिटायर प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट बी.वी. पांडुरंगा राव ने फेरिजाज, कोसोवो में 11 वीं अंतर्राष्ट्रीय कार्टून प्रतियोगिता व महोत्सव में प्रेषित कार्टून ब्लैक डक्स को मुक्त विषय श्रेणी में विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस प्रतियोगिता में प्राप्त 69 देशों के 563 कलाकारों की कुल 2136 कृतियों में से उनका यह कार्टून चुना गया है। जिसे 10 चयनित विजेताओं में से एक घोषित किया गया है। वर्तमान में बेंगलुरु में रह रहे श्री राव को आयोजक संस्था ने आगामी 23 24 सितंबर को होने वाले महोत्सव और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए कोसोवो आमंत्रित किया है। जहां उनके कार्टून को प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाएगा और उन्हें प्रमाण पत्र और एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा चीन में 7वीं गोल्ड पांडा अंतर्राष्ट्रीय एवं चित्रण प्रतियोगिता में भी श्री राव का कार्टून प्रदर्शनी और मुद्रण के लिए चयनित कार्टूनों की विजेता सूची में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि पांडुरंगा राव पिछले 29 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय कार्टून प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं और उनके कार्यों को कई राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। वहीं उनके कार्टून 40 से अधिक देशों में प्रदर्शित किए जा चुके है। वह आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना योगदान दे पा रहे हैं।

**श्रमिको का हुआ पंजीयन**

**बलौदाबाजार**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। श्रम विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल अंतर्गत श्रमिकों के पंजीयन तथा नवीनीकरण हेतु ग्राम पंचायत बिटकुली में शिविर का आयोजन किया गया।

# चोरी की मोबाईल खरीदने वाला आरोपी गिरफ्तार

**◆ आरोपी के निशादेही पर विभिन्न कंपनी के 06 मोबाईल कीमती करीबन 57,000/- रूपये को जप्त कर किया गया बरामद**

**बेमेतरा** , 3 सितम्बर (देशबन्धु) ।प्रार्थी कामता प्रसाद तिवारी उम्र 38 साल साकिन नांदघाट का रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक घटना 14.08.25 को रात्रि 10 बजे पुरे परिवार खाना खाकर घर के हाल मे सोये थे घर के दरवाजा बंद था कि रात्रि 01 बजे तक मोबाईल चलाकर अपने मोबाईल पुरानी इस्तेमाली ओप्पो कंपनी मांडल नंबर ए 5 एस को पलंग के सिनारे मे रखकर सो गया। दिनांक 15.08.25 को सुबह करीब 03 बजे उठकर देखा तो नही था। उसके बाद अपने भतीजा को उठाया पूछा तो उसका भी मोबाईल ओप्पो कंपनी माडल नंबर एफ 19 नही था जिसे कोई अज्ञात चोर घर के पीछे दीवाल तरफ से छत मे चढकर सिढी से नीचे आकर घर अंदर घुसकर पलंग मे रखे मोबाईल ओप्पों कपनी माडल नंबर 5एस किमती 2000/-रूपये तथा इसका भतीजा के पलग के सिनारे मे रखे मोबाईल ओप्पो किमती करीबन 10,000/-रूपये जुमला 12,000/-रूपये को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना नांदघाट में धारा - 331(4),305(ए),314,317(2) भारतीय न्याय संहिता (ब्न्हस्) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

*घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नांदघाट उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव के साथ थाना स्टाफ द्वारा विवेचना कार्य प्रारंभ की गई। प्रकरण में विवेचना के दौरान जरिए मुखबिर सुचना के अधार पर विधि के साथ संघर्षरत बालक से परिजनो के समक्ष पुछताछ करने पर पता चला कि उक्त चोरी की मोबाईल को दीपक उर्फ रेशम निषाद के पास बिक्री करना एवं इसके अतिरिक्त विभिन्न जगहो से 04 विभिन्न कंपनी की मोबाईल को चोरी करना और एक विधि के साथ संघर्षरत बालक को 03 मोबाईल बिक्री करना व 01 मोबाईल एक जगह रखना तथा उक्त मोबाईल बिक्री रकम को खर्च करना। उक्त प्रकरण में चोरी गये 02 मोबाईल ओप्पों कपनी एवं अन्य 04 विभिन्न कंपनी के मोबाईल, कुल 06 मोबाईल कीमती करीबन 57,000/- रूपये को जप्त कर बरामद किया गया।

आरोपी दीपक उर्फ रेशम निषाद पिता पंचराम निषाद उम्र 18 साल 11 माह साकिन नांदघाट थाना नांदघाट जिला बेमेतरा को दिनांक 02.09.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया। तथा 02 विधि के साथ संघर्षरत बालक को माननीय न्याय किशोर बोर्ड न्यायालय में पेश किया गया। इस संपूर्ण कार्यवाही में* थाना प्रभारी नांदघाट उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, प्रधान आरक्षक खुलेश्वर गायकवार्ड, आरक्षक बालमुकुंद सिंह, रूपेन्द्र वर्मा, गोविंद सिंह, अकाश सिंह सहित थाना नांदघाट के समस्त पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा।

# राजहरा परिवहन संघ अपनी मांगों को लेकर 7 वे दिन भी धरना स्थल पर डटे रहे



**दल्लीराजहरा**,3 सितंबर (देशबन्धु)। राजहरा परिवहन संघ अपनी मांगो को लेकर किए जा रहे धरना प्रदर्शन के सातवे दिन परिवहन संघ के सदस्य राजहरा प्लांट के मुख्य गेट और माइस आफिस के दोनो गेट के सामने धरना देकर आवागमन को बाधित कर दिया राजहरा परिवहन संघ के सदस्य सुबह 8 बजे से तीनो गेट में धरना में बैठ गए थे ,,राजहरा परिवहन संघ के सदस्य अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की ,राजहरा परिवहन संघ के सदस्य द्वारा माइस आफिस गेट पर किए गए धरना स्थल पर चित्रा वर्मा सी एस पी सदलबल पहुंचकर परिवहन संघ के सदस्यों से चर्चा करते हुए उनकी मांगों के संबंध में कलेक्टर बालोद के निर्देशानुसार कलेक्टर कार्यालय में आज बी एस पी प्रबंधन के साथ बैठक आयोजित करने की समझाइस देने के बाद लगभग 11 बजे माइंस आफिस के दोनो गेट के सामने किए जा रहे धरना प्रदर्शन को स्थगित कर राजहरा प्लांट गेट धरना स्थल पहुंच गए जहां अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी करते रहे ,इस दरम्यान राजहरा प्लांट गेट से बी एस पी के अधिकारी कर्मचारी ना तो अंदर जा पाए और ना ही कोई बाहर आ पाए ,दोपहर लगभग 2 बजे धरना प्रदर्शन समाप्त कर आंदोलन कारी सदस्य अनिश्चितकालीन धरना स्थल के पंडाल पहुंच गए ,धरना प्रदर्शन में गोविंद वाधवानी , ,अतिंदरसिंह संधू , नरेंद्रसिंह तुली ,जगजीत सिंह मरवाहा ,अनिल सुथार ,अशोक लोहिया,संदीप शाह ,विजय डडसेना ,संतोष देवांगन , अशरफ अली राजकुमार, मोहंती दादाकमल चोपड़ा, ,प्रशांत बोकड़े चरणजीत सिंह,संदीप, राजू संधू , ,राजू कुकरेजा ,टीटू ब्रोका , संतोष साहू ,बलराम , कोपेंद्र , महेंद्र कुमार ,बिट्टू पन्नू ,रघुवीर गिल, सन्नी ओबेराय ,रंजीत सिंह राने , बंटी रंधावा,प्रदीप बरमोटे, मनीष जेठवानी,विवेक , रंजीत सिंह , संघ के पदाधिकारी सहित संघ के सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे। रात्रि लगभग 7 बजे देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता भाजपा छत्तीसगढ़ राजहरा परिवहन संघ के धरना स्थल पंडाल पहुंचकर सदस्यों के मांगो के संबंध में जानकारी ली ,और उक्त मांगो को लेकर उच्चाधिकारियों से मोबाइल पर चर्चा की , राजहरा परिवहन संघ के प्रतिनिधि मंडल के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर मांगो से अवगत कराकर निराकरण हेतु चर्चा करने की बात कही है।

न्युज जो 2का फोटो

## शिक्षक सम्मान समारोह की तैयारियों का विधायक ने लिया जायजा



**बेमेतरा**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। आगामी 6 सितम्बर को बेमेतरा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए विधायक दीपेश साहू ने कृषि मंडी प्रांगण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी गैदराम चतुर्वेदी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी कामिनी महिलांगे, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। विधायक ने अधिकारियों को मंच, सजावट, अतिथि स्वागत, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की बैठने की व्यवस्था तथा जलपान की सुविधाओं को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि च्शिक्षक समाज की सच्ची धरोहर हैं। उनका मार्गदर्शन और संस्कार ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। शिक्षक सम्मान समारोह का उद्देश्य गुरुजनों के योगदान को नमन करना और उन्हें सम्मानित करना है। इस अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गजानंद साहू, पार्षद पंचू साहू, सोसायटी अध्यक्ष दोहाई वर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# सुशासन की सरकार में विकास की रफ्तार तेज़ : विक्रांत सिंह

**◆ कुकुरमुड़ा में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण एवं कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न**



**खैरागढ़** , 3 सितम्बर (देशबन्धु)। ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुकुरमुड़ा में स्थित पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला में बालवाड़ी निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि रहे विक्रांत सिंह- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह रहे। अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष लखन साहू, भाजपा नेता विकेश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य जमुना नरेश कुर्रे, शैलेन्द्र मिश्रा, शैलेन्द्र त्रिपाठी, दीक्षा पूर्णाचंद गुप्ता, सरपंच चित्ररेखा गोलू पाल, खेमलाल पाल, यादराम साहू, हरप्रसाद वर्मा एवं जगन्नाथ वर्मा उपस्थित रहे।

**लोकार्पण व खेल का आयोजन**- कार्यक्रम की शुरुआत नवनिर्मित भवन का फीता काटकर लोकार्पण से हुई। इसके बाद अतिथियों ने कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

**विक्रांत ने रखा विचार**- जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन की सरकार है और विकास कार्यों की रफ्तार तेज हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी।

**कांग्रेस शासन पर निशाना**- विक्रांत सिंह ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में विकास कार्य ठप रहे। शराब घोटाले सहित कई मामलों में कांग्रेस नेता जेल की हवा खा चुके हैं। गौठान योजना और राजीव गांधी युवा मितान क्लब के नाम पर करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार किया गया।

भाजपा सरकार की योजनाओं का उल्लेख-उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही किसानों को धान अंतर की राशि एकमुश्त दी गई है। साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को हर महीने एक हज़ार रुपये सीधे उनके खाते में जमा किए जा रहे हैं।

क्षेत्रवासियों की बड़ी भागीदारी-इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। सभी ने लोकार्पण समारोह और खेल आयोजन का आनंद उठाया तथा शासन की योजनाओं पर चर्चा की।

# पवनतरा का रीपा केंद्र दो वर्षों से बंद

## भूपेश ने की थी शुरुआत : साय सरकार ने किया ठप



**खैरागढ़**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने रीपा (राजीव गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क) केंद्रों की शुरुआत की थी। इन योजनाओं के तहत महिलाओं को स्वसहायता समूहों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराकर सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया था।

लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद प्रदेश की भाजपा सरकार ने इन केंद्रों का संचालन बंद कर दिया। नतीजा यह हुआ कि करोड़ों-अरबों रुपए की लागत से तैयार हुई इमारतें अब खंडहर में तब्दील होती जा रही हैं। पवनतरा क्षेत्र का रीपा केंद्र भी पिछले दो वर्षों से बंद पड़ा है। पहले यहां महिलाओं के लिए समूह आधारित कार्यों के जरिए आय सृजन की व्यवस्था थी, जिससे उन्हें रोजगार और आमदनी मिलती थी। लेकिन वर्तमान में केंद्र बंद होने से समूह से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं की रोजी-रोटी पर संकट गहराता जा रहा है। गांव की महिलाओं का कहना है कि रीपा और गौठान जैसी योजनाएं उनके जीवन में सहारा बनी थीं। भूपेश सरकार ने इसे बड़े पैमाने पर लागू किया था, लेकिन सत्ता बदलते ही भाजपा सरकार ने इसे ठप कर दिया, जिससे न केवल महिलाओं के हाथ से काम छिन गया बल्कि सरकारी निवेश भी व्यर्थ होता जा रहा है। ग्रामीण महिलाओं ने मांग की है कि सरकार को रीपा केंद्रों को पुन: चालू कर, उन्हें रोजगार से जोड़ना चाहिए ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण सम्मानजनक तरीके से कर सकें। महिला समूह की सदस्याओं का कहना है कि भारी-भरकम बिजली बिल का बोझ उनके ऊपर थोप दिया गया, जिसके कारण उन्हें मजबूरी में उत्पादन कार्य बंद करना पड़ा।

रीपा और गौठान जैसी योजनाएं हमारे जीवन में सहारा बनी थीं। इनसे हमें सम्मानजनक रोजगार मिलता था, लेकिन सरकार बदलते ही सब कुछ ठप हो गया। अब परिवार चलाना कठिन हो गया है।

**सुरुचि वर्मा, कृषि सखी पवनतरा**

सत्ता परिवर्तन के बाद से रीपा केंद्र की गतिविधियां बंद हैं। यह राज्य शासन के निर्णय पर निर्भर है। जैसे ही निर्देश मिलेंगे, इन केंद्रों को पुन: प्रारंभ किया जा सकता है।

## पंडरिया नगर पालिका प्रतिनिधिमंडल ने सूरत में सीखी स्वच्छता की उत्कृष्ट कार्यप्रणालियाँ



**पंडरिया**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा एवं सुडा के अधिकारियों के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के नगर पालिकाओं का एक प्रतिनिधिमंडल आज सूरत पहुँचा। इस अध्ययन भ्रमण का उद्देश्य सूरत नगर निगम द्वारा अपनाई गई स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का अवलोकन एवं अनुभव प्राप्त करना था। भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, प्लास्टिक रीसाइक्लिंग प्लांट, तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। सूरत की सफाई व्यवस्था, आधुनिक मशीनरी का उपयोग, अपशिष्ट पृथक्करण एवं पुनर्चक्रण की प्रक्रिया को विस्तार से समझा गया। सूरत नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि किस प्रकार जनभागीदारी, तकनीकी नवाचार और सतत निगरानी के माध्यम से शहर ने स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे एवं सीएमओ अमिताभ शर्मा ने सूरत की स्वच्छता व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ अपनाए गए सर्वोत्तम प्रथाओं को पंडरिया नगर पालिका में लागू करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे नगर को और अधिक स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाया जा सके।

# विद्यालय प्रशासन एवं प्रबंधन पर राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला प्रारंभ



**बेमेतरा**, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में च्विद्यालयों का प्रभावी प्रशासन और प्रबंधनज्ञ विषय पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला का शुभारंभ आज से अटल नगर, रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, ग्रामीण संपर्क प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र में हुआ। यह कार्यशाला 2 से 4 सितम्बर 2025 तक आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला मे बेमेतरा जिले के संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी, डाइट प्राचार्य एवं प्रोफेसर ने भी भाग लिया । कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के अनुरूप विद्यालय परिसरों के प्रभावी संचालन और प्रशासनिक दक्षता को और अधिक मजबूत बनाना है। इस प्रशिक्षण में राज्यभर से चयनित संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी, डाइट प्राचार्य एवं प्रोफेसर, साथ ही समग्र शिक्षा के अधिकारी भाग ले रहे हैं।

कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ प्रतिभागियों को शैक्षिक नेतृत्व, विद्यालय प्रबंधन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्र हित में नवाचार तथा विद्यालय परिसरों के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दे रहे हैं। प्रतिभागियों को व्यावहारिक गतिविधियों एवं समूह चर्चाओं के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस कार्यशाला का लक्ष्य शिक्षण संस्थानों में प्रशासनिक पारदर्शिता, बेहतर प्रबंधन और शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करना है।

# सेनडोंगर में किया गया रजत जयंती का आयोजन



**डोंगरगढ़** , 3 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला सेनडोंगर संकुल मुंगलानी में छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वीं वर्ष पूरा होने के अवसर पर रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है । इसके तहत प्रथम दिवस सामूहिक पुस्तक वाचन का आयोजन किया गया ।जिसमें बच्चों ने मुस्कान पुस्तकालय से विभिन्न प्रकार के कहानी, सामान्य ज्ञान के पुस्तकों का पठन किया। द्वितीय दिवस में एलुमिनाई मीट गतिविधि के तहत शाला के भूतपूर्व विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया,जिनमें वीणा धरमगुड़े, मुस्कान कोसरिया, धानेश्वरी ओझा, गीतांजली, धनेश्वर, विकास उपस्थित रहे जिन्होंने शाला में बिताये अपने अनुभव को साझा किये और अध्ययनरत बच्चों को पढ़ाई की उपयोगिता बताये ।इस दौरान प्रधानपाठक श्री सुधाकर धरमगुड़े और शिक्षक देवेंद्र खोब्रागढ़े ने सभी का पेन देकर सम्मानित किये।

## निधन

### ओम अग्रवाल



**थान खम्हरिया**, 3 सितम्बर। नगर के प्रमुख व्यावसायिक ओम अग्रवाल का 65 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया, उनके खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई, विगत 2 मांह से अस्वस्थ चल रहे थे जिनका दाह संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया सामाजिक लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की अपने पीछे पुत्र पवन अग्रवाल एवं पुत्री पूजा अग्रवाल प्रीति अग्रवाल को छोड़कर गए हैं अंतिम यात्रा में नगर के समाजसेवी पत्रकार और गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### श्रीमती विभा श्री श्रीमाल



**थान खम्हरिया**, 3 सितम्बर। नगर के प्रतिष्ठित अनाज व्यापारी सुनील जैन की धर्मपत्नी का 3 सितंबर सुबह 6=30 को हार्ट अटैक से निधन हो गया/ वे 52 वर्ष की थी , शांत सरल स्वभाव की धनी थी मारवाड़ी मुक्तिधाम में दाह संस्कार किया गया । अकस्मात निधन से परिवार के लोगों की आंखें बेहद नम थी समाज के लोगों ने मिलकर संवेदना व्यक्त की अग्रवाल समाज के द्वारा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की अपने पीछे पुत्र दक्ष जैन एवं पुत्री वह भतीजा अखिलेश चिराग राहुल जैन को छोड़कर गई है।

## प्रादेशिकी का शेष...

**शिक्षक पढ़ाना छोड़ ...**

सहित अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव संचालक, लोक शिक्षण संचालनालयए नवा रायपुर की ओर प्रेषित किया गया है एवं बलदाउ पटेल, सीएसी संकुल केन्द्र बोरी मूल पद.शिक्षक एलबी तथा मुकेश चतुर्वेदी शिक्षक एल.बी. के विरूद्ध अनुशंसा सहित अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग दुर्ग की ओर प्रेषित किया गया है।

**ज्वलंत समस्याओं को लेकर ...**

कि इसकी वजह से जहां तहां कचरा फैल गया है। गंदगी बदबू से लोगों का जीवन दूभर हो गया है। आज कलेक्ट्रेट गये कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल में पूर्व महापौर, नेता प्रतिपक्ष के अलावा छाया महापौर प्रेमलता साहू, पार्षद दीपक साहू, फत्तेह भाटिया, ज्ञानदास बंजारे, सतीश देवांगन, भोला महोबिया, भास्कर कुंडले, गौरव उमरे, चिराग शर्मा, आनंद कपूर ताम्रकार, विजेन्द्र भारद्वाज, महेश्वरी ठाकुर, आयूष शर्मा, अंश चतुर्वेदी, यासिफ खान, अनमोल चौबे सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

आचार्य जयमल महाराज का...

गई थी जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक कलात्मक चित्र बनाकर गुरु एवं जिनशासन के प्रति अपने भाव पेंटिंग के माध्यम से व्यक्त किया। 7 सितम्बर को आयंबिल तप की 76 वीं वर्षगांठ जय आनंद मधुकर रतन भवन में मनायी जाएगी। श्वेतांबर जैन समाज के बैनर तले आयंबिल तप की आराधना प्रत्येक वर्ष सभी संप्रदाय के साधु साध्वीयो के सानिध्य में पिछले 75 वर्षों से आयोजित इस तप आराधना में संत विराट सागर साध्वी प्रियदर्शना श्रीजी साध्वी हेम प्रभा जी साध्वी श्री प्रणिता श्री जी का सानिध्य प्राप्त होगा । छत्तीसगढ़ दुर्ग में साध्वी प्रियदर्शना श्रीजी प्रियदा एवं अन्य साध्वी समुदाय के सानिध्य में छत्तीसगढ़ में श्रवण संघ का चातुर्मास धर्म ध्यान त्याग तपस्या एवं जब अनुष्ठान के साथ हर्ष और उल्लास के आध्यात्मिक वातावरण में चल रहा है ।9 जूलाई से ही 68 दिवसीय नवकार महामंत्र का जप अनुष्ठान प्रारंभ है।

**ब्लाक कांग्रेस संगठन चुनाव...**

कांग्रेस के चुनाव में पारदर्शिता न बरते जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि संगठन चुनाव को लेकर पर्यवेक्षकों के आते पांच ब्लाक के अध्यक्ष पद के लिये कार्यकर्ताओं से नाम न लेने तथा पूरे कार्यक्रम की जानकारी कार्यकर्ताओं को न देने का आरोप कांग्रेस नेतृत्व पर लगाया है । उन्होंने कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व पर भाई भतीजावाद का खेल खेलने का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक अरूण वोरा पर तीखा हमला किया है। इसी सिलसिले में आज शहर ब्लाक कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं भूतपूर्व पार्षद फत्तेह सिंह भाटिया ने भी प्रश्न उठाते हुए मांग की है कि ब्लाक अध्यक्षों के चुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष तौर पर कराये जाने चाहिए। श्री भाटिया ने स्पष्ट किया है कि वे किसी नेता या नेतृत्व के विरोधी नहीं है किंतु वर्तमान में संकट के इस दौर में कांग्रेस के पास नये सिरे से संगठन को मजबूत करने का मौका है। इस समय का उपयोग करते हुए ब्लाक कांग्रेस कमेटियां में नये व अनुभवी चेहरों को मौका दिया जाना चाहिए। इसमें पहले एक लंबे समय से कुछ ही लोगों को मौका मिलता रहा है। कांग्रेस में अनुभवी लोगों की कमी नहीं है। इन अनुभवी लोगों को किसी बड़े प्लेटफार्म में अवसर देकर इनके अनुभव का लाभ पार्टी को देना चाहिए। युवा वर्ग में भी भारी उत्साह है अत: इन युवाओं को भी ब्लाक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपकर इनको प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जाना चाहिए। श्री भाटिया ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कोई वर्ग असंतुष्ट न हो इसका भी ध्यान देना चाहिए।

इधर अब तक दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत 5 ब्लाक इकाइयों के चुनाव को लेकर पर्यवेक्षकगण दुर्ग आकर और पांचों ब्लाक कांग्रेस इकाइयों को लेकर अध्यक्ष पद के दावेदारों के नाम ले गये है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार मध्य ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष के लिये पूर्व पार्षद व वर्तमान ब्लाक अध्यक्ष अलताफ अहमद ने पर्यवेक्षक सीजू एंथोनी के समक्ष आवेदन किया है। इसी तरह दक्षिण ब्लाक इकाई के अध्यक्ष पद के लिये वर्तमान अध्यक्ष अजय मिश्रा ने अपना आवेदन पर्यवेक्षक पूर्व विधायक छन्नी साहू के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। श्रीमती साहू ने इस प्रतिनिधि को बताया कि श्री मिश्रा का एकल आवेदन आने पर उसे प्रदेश कांग्रेस को सौंप दिया है। दूसरी तरफ मध्य ब्लाक के पर्यवेक्षक सीजू एंथोनी ने बताया कि उन्हें अलताफ अहमद का एकल आवेदन मिला है। यह अभी प्रक्रियाधीन है। इधर सूत्रों से पता चला है कि पूर्वी ब्लाक में अध्यक्ष पद को लेकर राजकुमार पाली के सामने मोहित वालदे व इंद्रपाल भाटिया चुनौतिया खड़ी किये हुए है। इसी तरह उत्तर ब्लाक अध्यक्ष महिपा सिंह भुवाल और पश्चिम ब्लाक में राजकुमार साहू के समक्ष भी अनेक लोगों न दावेदारी की है। इन ब्लाकों से भी दावेदार अपने अपने दावे लेकर पूर्व विधायक अरूण वोरा सहित अनेक बड़े नेताओं के पास हाजिरी लगा रहे है।

# कुसुमकसा स्टेशन के 7 सूत्रिय मांग को लेकर भाजपा नेता संजय बैस रेल्वे अधिकारी को सौपा ज्ञापन

**◆ कुसुमकसा स्टेशन में रिजर्वेशन काउंटर अन्य मांगों पर रेल्वे जल्द ले निर्णय :डॉ मिश्रा**




**दल्लीराजहरा/कुसुमकसा**,3 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा नेता संजय बैस और डॉ भूपेंद्र मिश्रा( सलाहकार स्टेशन उपभोक्ता कुसुमकसा)ने मंडल वाणिज्य प्रबंधक( रायपुर मंडल) को रेल्वे स्टेशन कुसुमकसा में सलाहकार समिति के सदस्य व रेल्वे अधिकारी स्टेशन मास्टर एवं जन प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करने के पश्चात् कुसुमकसा स्टेशन की विभिन्न समस्याओं पर 7 सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से भाजपा नेता संजय बैस ने बताया की कुसुम कसा स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए निम्नलिखित कार्यों का शीघ्र पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है। जिसमें 1. कुसुमकसा स्टेशन में यात्रियों के लिए रिजर्वेशन काउंटर प्रारंभ किया जाय ।2. रेल्वे यात्रियों को कीचड़ से लथपथ रोड़ से जाना पड़ता है, रेल्वे यात्रियों के लिए पहुंच मार्ग का सीमेंटीकरण किया जाये ।3. गाड़ियों के आवागमन को देखते हुए दुसरा प्लेटफार्म स्टेशन पर बनाया जाय यात्रियों को चढ़ने और उतरने की दूसरे पटरी में आने में परेशानी न हो व दूर्घटना से यात्रियों का बचाव हो सके ।4. गांव से रेल्वे पहुंच मार्ग तक स्ट्रीट लाइट लगाया जाये ।5. कुसुमकसा रेल्वे फाटक का सड़क जर्जर और गड् ?ढे हो गए जिससे राहगीरो को बहुत समस्या का सामना करना पड़ता है, इस शीघ्र बनाया जाये ।6. सप्ताह में तीन दिन चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को पूरा सप्ताह भर चलाया जाये ।7. यात्री ट्रेन में बोगी बढ़ाया जाए ।इस अवसर सरपंच वेद बाई पिस्दा उपसरपंच नितिन जैन पंच संतोष जैन पुष्पजीत बैंस जयंत पिस्दा पंकज जेठवानी उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ



**खैरागढ़,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। केसीजी जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राज्य सरकार को जगाने का काम किया गया है। खैरागढ़ के आंबेडकर चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया इस प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका शामिल हुई और अपनी मांगे पूरी करने जमकर नारेबाजी की। वहीं उन्होंने अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। सरकार से मूलभूत और बुनियादी सुविधाओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ध्यानाकर्षण धरना प्रदर्शन किया केसीजी आंगनबाड़ी संघ की जिला अध्यक्ष लता तिवारी ने कहा कि देश में 2 अक्टूबर 1975 को जब से आईसीडीएस की स्थापना हुई है, तब से न आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं के रूप में केन्द्र और राज्य सरकार को सेवाएं दे रहे हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं ने प्रदर्शन में विभिन्न मांगों को रखा आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत कार्यकर्ता और सहायिकाओं को शिक्षाकर्मी व पंचायतकर्मी की तरह ही शासकीय कर्मचारी घोषित करने, शासकीय कर्मचारी घोषित होते तक कार्यकर्ता को प्रतिमाह 26000 और सहायिका को 22100 देने, सामाजिक सुरक्षा के रूप में सेवानिवृत्ति पर सभी कार्यकर्ता सहायिकाओं को पेंशन, ग्रेजुएटी, समूह बीमा और कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, सहायिका को कार्यकर्ता के पद पर और कार्यकर्ता को सुपरवाईजर के पद पर सीधे पदोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति, महंगाई भत्ता ऑफलाइन कार्य करने सहित अपनी विभिन्न मांगे रखी है।

### 8 सूत्रीय मांगों को कार्यकर्ता सहायिका ने रखा प्रमुखता से

हर योजना को घर-घर और जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। लेकिन सेवाएं 50 वर्ष होने के बावजूद भी हम महिलाओं को ना तो कर्मचारी का दर्जा मिल पाया है और ना ही श्रमिक मजदूर का। अब तक न्यूनतम मजदूरी पेंशन, ग्रेजुएटी, समूह बीमा, चिकित्सा और सम्मान जैसी कोई बुनियादी सुविधा नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से पारिश्रमिक मानदेय के रूप में कार्यकर्ता को 4500 और सहायिका को 2250 दिया जा रहा, जो न्यूनतम वेतन से काफी कम है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका ने किया नारेबाजी

केसीजी जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओ ने राज्य सरकार को जमकर घेरा और नारेबाजी भी की गई हम किसी से भीख नहीं मांगते हम अपना अधिकार मांगते आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ जिंदाबाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के आह्वान पर आयोजित इस ध्यानाकर्षण धरना प्रदर्शन में जिलेभर से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए और अपनी मांगे पूरी करने जमकर हल्ला बोला। वहीं महिलाओं ने अपनी मांगे पूरी करने केंद्र और राज्य सरकार को जमकर घेरा और अपनी जायज मांगों को राज्य सरकार के पास रखा।

# कलेक्टर ने ग्राम खड़ौदा के खेत में पहुंचकर डिजिटल क्रॉप सर्वे का किया औचक निरीक्षण

**कवर्धा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में फसल सर्वेक्षण को अधिक सटीक, सरल और पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम खड़ौदा पटवारी हल्का नंबर 6 खसरा नंबर 172/1 में किसान पुरुषोत्तम, नरोत्तम, विमला के खेत पहुंचकर डिजिटल क्रॉप सर्वे का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वेयर द्वारा मोबाइल से खेत और फसल का फोटो खींचकर भूलेख पोर्टल में अपलोड करने तथा तहसीलदार की आईडी से अप्रूवल की प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्वयं एक खेत में सर्वे कर एप में डेटा अपडेट कर पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया।



कलेक्टर श्री वर्मा ने सर्वेयरों को निर्देश दिए कि वे गंभीरता और त्रुटिरहित तरीके से कार्य संपन्न करें। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य की सतत निगरानी हो तथा आंकलन पूरी तरह गुणवत्ता पूर्ण और वास्तविक तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसानों को योजनाओं का लाभ तेजी से मिलेगा और कृषि नीति अधिक प्रभावी बनेगी। जिले के 863 ग्रामों में कुल 3 लाख 64 हजार 909 खसरे का सर्वे किया जाना है, जिसमें अब तक 1 लाख 92 हजार 241 खसरे (लगभग 53 प्रतिशत) का कार्य पूरा हो चुका है।

डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रक्रिया में सर्वेयर खेत में जाकर फसल की वास्तविक स्थिति दर्ज करते हैं और उसकी फोटो एग्रीटेक एप पर अपलोड करते हैं। इस डेटा का सत्यापन बाद में पटवारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया जाता है। कलेक्टर ने कहा कि इस सर्वे से किसानों को कई प्रकार के लाभ मिलेंगे। फसल बीमा योजना और क्षति आकलन अधिक पारदर्शी व वैज्ञानिक होंगे। पात्र किसानों को कृषि योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा। साथ ही फसल उत्पादन का अत्याधुनिक डाटाबेस तैयार होगा, जिससे धान खरीदी व्यवस्था एवं भविष्य की कृषि नीति और मजबूत बनाई जा सकेगी। किसानों को समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन और आर्थिक सहयोग भी आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

# विधायक के आवास पर गणेश उत्सव पूजा भजन कीर्तन का आयोजन



**थान खम्हरिया,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। विधायक साजा ईश्वर साहू के आवास पर गणेश महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम स्थल को रंग-बिरंगे लाइटों से सजाया गया। भगवान गणेश के साथ अन्य देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित कर, भव्य दरबार के रूप में दिया गया।

विधायक निवास में प्रतिदिन ग्रामीण अंचल की मानस मंडली द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जा रही है। समीप ग्राम पतोरा जय हिंगलाज एवं जगराता ग्रुप के प्रमुख भरत साहू की टीम के द्वारा गणेश वंदना, भक्ति मय गीतों, भजन - कीर्तन, जयकारों से गूंज उठा। विधायक ने कहा, गणेश चतुर्थी का पर्व आस्था, एकता और समाज को जोड़ने का संदेश देता है। प्रतिदिन सुबह आरती और शाम को संकीर्तन के साथ आयोजन होता है। अंतिम दिन 6 सितंबर को विशाल हवन एवं महाआरती, प्रसादी के साथ इस महोत्सव का समापन किया जाएगा। विधायक ने क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। सनातन संस्कृति के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में ग्रामीण कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई।

# मंडल कांग्रेस गठन को लेकर युद्ध स्तर पर जूटे आशीष छाबड़ा

**बेमेतरा,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा जिले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सभी विधानसभा क्षेत्रों में मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर बहुत ही गंभीर है तथा मंडल कांग्रेस कमेटी के गठन को लेकर आशीष छाबड़ा द्वारा युद्ध स्तर पर प्रयास किया जा रहे हैं मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सूरजपुरा सांकरा भिभौरी गुधेली क्षेत्र में मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर कांग्रेस जनों की बैठक ली तथा इन बैठकों में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा कि अबकी कांग्रेस कमेटी पूर्व की तरह ऐसी कमरों में बैठकर तथा पैराशूट लैंडिंग से उतरे हुए नेताओं को लेकर नहीं बनाई जाएगी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी का स्पष्ट निर्देश है कि मंडल कांग्रेस कमेटी का गठन संबंधित मंडल तथा सेक्टर क्षेत्र में कार्य करने वाले जनता के बीच लोकप्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ही पदाधिकारी बनाया जाए जिससे वे क्षेत्र की समस्याओं के प्रति सजग रहे जनहित की लड़ाई लड़ने में सक्षम रहे कांग्रेस की रीति नीति को आत्मसात करने वाला जो देश के संविधान पर विश्वास करता हो तथा गरीबों किसानों एवं दलित वर्गों , पिछड़े वर्गों की लड़ाई लड़ने को उत्सुक हो ऐसे कर्मठ कार्यकर्ता को ही मंडल कांग्रेस कमेटी में पदाधिकारी बनाया जाएगा साथ ही साथ पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने सभी कार्यकर्ताओं को बताया कि कांग्रेस के मार्गदर्शन तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बिहार में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान प्रारंभ कर चुके हैं आम जनता का उन्हें अपार जन समर्थन मिल रहा है और इस जन आंदोलन को हमें भी अपने छत्तीसगढ़ अपने बेमेतरा जिले में आम जनता के बीच लेकर जाना है आम जनता को यह बताना है कि भाजपा के लोग किस तरह से वोट चोरी करते हैं और लोकतंत्र का गला घोटकर बेनामी में सत्ता शासन चला रहे हैं बैठक के इस अवसर पर ललित विश्वकर्मा रवि परगनिहा रामेश्वर देवांगन भरत पटेल प्रवीण शर्मा चंद्र विजय धीवर नेतराम निषाद राधे ध्रुव संदीप राजपूत विनोद परगनिहा कमलेश वर्मा कृष्णा चतुर्वेदी चंद्रशेखर परगनिहा टिकेंद्र परगनिहा चंद्र प्रकाश परगनिहा अर्पित परगनिहा सुमित राजपूत प्रकाश यादव उत्कल धीवर दुलारी वर्मा नरेंद्र धीवर मोहित साहू अर्चना देशलहरे मोनल सिन्हा विक्की साहू गीता साहू नारायण पाल बबली सोनवानी जागेश्वर पटेल जितेंद्र जोशी डेविड महिलांग बलदाऊ पटेल नरेंद्र धीवर प्रवीण शर्मा चेतन बंजारे राजेंद्र वर्मा रामस्वरूप वर्मा अनिल वर्मा गनेंद्र साहू उत्तम पाटील निलेश वर्मा बलराम पटेल राजकुमार पारकर सहदेव सिन्हा लवकुश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित रहे ।



# मासूम बच्ची की मौत आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर

## घटना के संदर्भ में एसडीओपी मनोज तिर्की से खास चर्चा

**थान खम्हरिया,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। विगत 10 दिन पूर्व मासूम बच्ची की मौत की खबर को लेकर नगरवासी स्तब्ध हो गए थे। पुलिस जांच में जुटी है, लेकिन अभी तक सुराग नहीं मिला। पुलिस के हाथ खाली है, नगर में तरह-तरह की चर्चा है, आरोपी कौन है आखिर क्या मजबूरी क्या परेशानी थी। जो मासूम बच्चे को जन्म लेने के बाद सुनसान जगह में छोड़कर जाना पड़ा। पुलिस प्रशासन भी जांच में लगातार लगी हुई है। मासूम बच्ची को जिस समय छोड़ा गया, उसे समय लाइट का बंद होना बताया जा रहा है। जिसके कारण जांच में विलम्ब हो रहा है। आरोपी जो भी हो बहुत ही होशियारी के साथ घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान एसडीओपी मनोज तिर्की से देशबंधु प्रतिनिधि से खास मुलाकात चर्चा के दौरान क्या कहा आगे पढ़िए पुलिस अपने स्तर से आरोपी को पकड़ने में लगातार लगी हुई है। मूखबीर तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है, अभी तक सीसीटीवी कैमरे को खगालने के बाद अहम सुराग नहीं मिले हैं। पुलिस हर वार्ड में अपने स्तर से पता कर रही है। हर एंगल से जांच की जा रही है, हम भी चाहते हैं। आरोपी का पता चले हमें भी ऊपर हमारे अधिकारी को जवाब देना पड़ता है। आपके द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। घटना का खुलासा करने के लिए टीम गठित की गई है। और जल्द ही हत्यारे को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। जनता पुलिस पर भरोसा रखें, आगे आपने बताया घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना खमरिया द्वारा सभी संभावित पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। विस्तृत जानकारी जांच के बाद जारी की जाएगी। पुलिस ने आमजन से कहा कि यदि इस घटना से संबंधित कोई भी जानकारी हो तो थाना या डायल 112 में सूचित करें।



# कल बेरला में शिक्षक सम्मान समारोह

**बेमेतरा,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पिछले एक वर्ष पूर्व जिला भर के 74 सेवानिवृत्त शिक्षकों जिसमे बेरला विकासखंड से 24 बेमेतरा से 19 नवागढ़ से 13 व साजा से 18 शिक्षकों का सम्मान व जिला के मेरिट स्थान प्राप्त करने वाले 12 विद्यार्थियों का सम्मान समारोह पूर्व विधायक विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा अवधेश सिंह चन्देल द्वारा 5 सितम्बर बेरला मंडी प्रांगण में रखा गया है ।इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ संजय तिवारी कुलपति हेमचंद यादव विश्व विद्यालय दुर्ग,छत्तीसगढ़ विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर जी.ए. घनश्याम संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर छत्तीसगढ़ होंगे।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि विशिष्ट अतिथि व कार्यक्रम के संयोजक के हाथों सम्मानित होने वाले शिक्षक बेरला नीलकंठ साहू,ठाकुर राम कुर्रे,राम गुलाल भारती, संपत लाल पाटिल,टेकराम राम ठाकुर,हेमंत कुमार शर्मा,उमाशंकर साहू,मिन्हाज अहमद खान ,युगल किशोर साहू,प्रेमदास महिलांगे,दयाराम वर्मा,भूपेंद्र कुमार परगनिहा,सेखु राम साहू,मेमलाल निषाद,गोवर्धन प्रसाद वर्मा,आजु राम साहू,बलदाऊ पटेल,प्रवीण कुमार वर्मा,हरिराम शिवारे,धीरदास मानिकपुरी,दानेश्वर लाल साहू,कांति देवांगन, तेन सिंह वर्मा,मन्थीर राम धुर्वे ।

बेमेतरा से बांके बिहारी गुप्ता,ओभन कुमार साहू, अब्दुल गफ्फार खान,जगमोहन वर्मा,हेमंत कुमार बंछोर,नेमसिंह साहू,ह्रदयेश्वर राम साहू,संतराम साहू,राम सोहागी सिंहा, अश्वनी कुमार बनर्जी,अश्वनी कुमार नेताम,टामन कुमार नेताम ,अशोक कुमार गंधर्व,ईश्वर लाल ठाकुर,धरम दास चतुर्वेदी, रामकुमार भास्कर,पुरुषोत्तम सोनी,पुरुषोत्तम सिंह राजपूत,कार्तिक राम दिवाकर ।

नवागढ़ से सुमंत किशोर वैष्णव,प्रेमा श्रीवास्तव, हिरानी राम निषाद,हसमुद्दीन फारुखी,रिखी राम ठाकुर,सनक प्रकाश महिलांगे,गोवर्धन लाल नवरत्न,शिवकुमार साहू,शब्बीर हुसैन,हिरदेदास वैष्णव,राजू सिंह वर्मा,बलि सिंह ठाकुर,छन्नू लाल बंजारे।

साजा सुशील कुमार ठाकुर,तारण दास भारती, राधेश्याम मरकाम,भुखन राम साहू,महेंद्र सिंह राजपूत,आगरदास मनहर,कुम लाल नेताम,जय प्रकाश सिंह,चंपा देवी जंघेल ,विशाल सिंह धुर्वे, लेखराम वर्मा,संगीता ठाकुर,हेमन लाल मांडले, मुन्नी चौबे,बर्ह्म शंकर सिंह,प्रतापदास मानिकपुरी,खिलावन राम साहू,गणेश यादव।

विद्यार्थियों के सम्मान अविनाश साहू,सिया साहू,कुमारी आरती,उदय देवांगन,वैशाली साहू,करण ,रितु साहू,चंदन,आकृति गोयल,कुणाल कुर्रे,कुमारी अंजू ,लुकेश भारती।

# जलझूलनी एकादशी पर भगवान को कराया गया नौका विहार

**थान खम्हरिया,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी डोल एकादशी के अवसर पर राधा कृष्ण जमात मंदिर महंत बसंत बिहारी दास के सानिध्य में भगवान को नगर भ्रमण कराया गया। डोल ग्यारस, जल झूलनी ग्यारस पर भगवान को आसन में विराजमान कर, श्रद्धालुओं के द्वारा जगह-जगह भगवान का स्वागत किया गया। इस दौरान डोल में विराजे भगवान को स्नान करा कर विशेष पूजा अर्चना, जलाभिषेक किया गया।



इस दौरान भगवान को रास्ते में जगह-जगह लोगों ने आरती कर, दर्शन किए। इसके बाद भगवान को तालाब घाट पर पालकी को नौका में विराजमान कर भगवान का नौका विहार कराया गया। जिसे देखने आसपास के वार्ड वासी सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर महंत बसंत बिहारी दास ने बताया, डोल एकादशी को जल झूलनी एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के विग्रहों को जल स्त्रोतों तक ले जाकर जल विहार कराया जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु अपने शय्या पर करवट बदलते हैं। इस वजह से इस परिवर्तन एकादशी भी कहते हैं। इस एकादशी को पदमा एकादशी, जल झूलनि एकादशी और डोल ग्यारस के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन व्रत करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर पंडित ओमप्रकाश जोशी, रामावतार मिश्रा, अनिल सिंघानिया, गजराज सिंह राजपूत, देवेंद्र तिवारी, राज शर्मा, नंदकुमार वैष्णव, मुकेश सिंघानिया, श्यामा सिंघानिया, महेश शर्मा, गोविंद शर्मा, दुर्गा सिन्हा,रामेश्वर उपाध्याय उपस्थित थे।

# ग्राम बोरिया में जय माँ शितला गणेश उत्सव समिति द्वारा भव्य संध्या आरती का आयोजन

## जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी शामिल हुई

**बेमेतरा,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्राम बोरिया में जय माँ शितला गणेश उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ गणेशोत्सव का आयोजन किया गया। भगवान श्री गणेश जी की संध्या आरती में ग्रामीणों और समिति सदस्यों की उपस्थिति ने पूरे वातावरण को भक्ति और उल्लास से भर दिया।



इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी जी विशेष रूप से शामिल हुईं और भगवान गणेश की आरती कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

संध्या आरती के इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से —

मनीष, मनस्वी, थानूराम, सूर्य, निखिल, सतीश, टीकम, समीर, लोकेश, जसवंत, राहुल, योगेश, संतोषी, मोना, मोहन, विशाल, रोशन, तुषार, दीपक, कुमेश और हरेंद्र सहित अनेक श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

जय माँ शितला गणेश उत्सव समिति ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन गाँव की एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं। समिति के सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी का स्वागत कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# 62 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना




■ सीईओ जिला पंचायत श्रीमती प्रेमलता ने दिखाई हरी झंडी, श्रद्धालुओं में उमड़ा उत्साह और आस्था

**बेमेतरा,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत बेमेतरा जिले से चयनित 62 श्रद्धालुओं (02 अनुरक्षक सहित) का दल आज अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ।सुबह 7 बजे कलेक्टोरेट भवन के दृष्टि सभाकक्ष में सभी श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।इसके पश्चात 7:30 बजे सीईओ जिला पंचायत श्रीमती प्रेमलता ने कलेक्ट्रेट परिसर में हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं के बस को रवाना किया।इस दौरान श्रद्धालुओं को पुष्प भेंटकर उन्हें श्री रामलला दर्शन हेतु बधाई दी गई।इस मौके पर सीईओ ने सभी श्रद्धालुओं को सकुशल यात्रा की बधाई देते हुए कोई भी दिक्कत होने पर अपने सहयोगी एवं कर्मचारियों से तुरंत सम्पर्क करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक एवं पार्षद श्रीमती नीतू कोठारी ने भी श्रद्धालुओं का स्वागत कर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।जिले के श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए हुए प्रस्थान।

भगवान श्रीरामलला दर्शन हेतु बेमेतरा जिले के श्रद्धालुओं को प्रशासन द्वारा राजनांदगांव तक बसों के माध्यम से भेजा गया। वहाँ से वे विशेष रेलगाड़ी द्वारा अयोध्या धाम पहुँचकर भगवान श्रीरामलला के दर्शन करेंगे।यात्रा के दौरान शासन द्वारा सभी श्रद्धालुओं को नि:शुल्क यात्रा, भोजन, आवास एवं आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।दर्शनार्थियों ने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय अवसर बताते हुए प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।जिले के नागरिकगण भगवान श्री राम राम लला दर्शन के लिए रवाना हुए ।दर्शनार्थियों को अयोध्या में भगवान श्री राम की कृति देखने का दुर्लभ लाभ प्राप्त होगा।यह दल 6 सितम्बर 2025 की देर रात तक बेमेतरा वापस लौटेगा।कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशासन ने सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधाओं की सभी तैयारियाँ सुनिश्चित की हैं।

# गणपति सेवा पंडाल में हुआ वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

- लक्ष्मी नगर कॉलोनी गणेश उत्सव समिति में लगातार हो रहे नए आयोजन
- पहले दिन आर्केस्ट्रा फिर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान और फिर भजन संध्या में झूमे कॉलोनीवासी



**राजनांदगांव,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर के पास इलाके लक्ष्मी नगर कॉलोनी में गणेश उत्सव पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा है. समाज से जुड़े हर वर्ग के लोगों को गणेश उत्सव से जोड़ने के लिए कालोनी निवासी लगातार रोज नए आयोजन कर रहे हैं. गणपति बप्पा की स्थापना के दिन से ही रोजाना संध्या आरती के बाद समाज को एक सूत्र में जोड़े रखने के लिए नित्य नए आयोजन कर रहे हैं.

मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मी नगर कॉलोनी गणेश उत्सव समिति ने समाज को एक सूत्र में पिरोकर रखने के लिए गणेश पंडाल में रोजाना संध्या आरती के बाद एक अलग आयोजन कर रहे हैं. इनमें पहला दिन आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया. जिसमें शहर के लोगों को भक्ति की धुन में अपनी आवाज लोगों तक पहुंचाने के लिए एक मंच प्रदान किया गया. इस मंच के माध्यम से समाज के हर तबके को गणेश उत्सव से जोड़ने की कोशिश की गई. आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और भक्ति रस में डूबे हुए गीत संगीत आनंद लिया.

### वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान

आयोजन की श्रृंखला में दूसरे दिन शहर के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया. इस कड़ी में शहर के वरिष्ठ नागरिक श्रीमती लव शुक्ला, श्रीमती आशा झा, अनिल मिश्रा, श्रीमती पुष्पा बवेजा, श्री ग्वालू, श्रीमती रामबाई साहू, श्रीमती शशि ठाकुर, श्रीमती सरस्वती बक्शी, श्रीमती आशा मांझेवर, श्रीमती रुक्मणी साहू, बीआर साहू सहित अन्य का सम्मान किया गया है.

### भजन संध्या में झूमे कॉलोनी वासी

मंगलवार को भजन संध्या के आयोजन किया गया इस आयोजन में भजन में रुचि रखने वाले लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. इसके साथ ही गोंदिया से आई भजन संध्या की टीम ने भी अपनी जोरदार प्रस्तुति दी. जिसे सुनकर कॉलोनी के निवासी मंत्र मुक्त हो गए. गणेश उत्सव के इस आयोजन में छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के संजय बहादुर सिंह, छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा वीरांगना अध्यक्ष सुषमा सिंह, अमित झा, प्रकाश शुक्ला, मनीष मेजरवार का विशेष सहयोग रहा.

# शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए आदतन 10 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर भेजा जेल

**राजनांदगांव,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग (भा0पु0से0) के मार्गदर्शन पर श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा0पु0से0) के दिशा निर्देश एवं मार्ग दर्शन पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा गणेश विसर्जन झांकी पर्व एवं ईद के दौरान शहर के चौर चौराहों, शहर के भीडभाड एवं भीतरी इलाकों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों एवं आदतन अपराधियों पर सतत् निगाह रखी जा रही है। इस क्रम में आदतन अपराधी 01. रत्नेश सिंह ठाकुर पिता स्व0 भगत सिंह ठाकुर उम्र 25 साल निवासी ब्राम्हण पारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव। 02. राजेन्द्र राजपुत पिता स्व0 भगत राजपुत उम्र 28 साल निवासी ब्राम्हण पारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव। 03. शंकर रजक पिता बसंत रजक उम्र 25 साल निवासी बासपाई पारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव। 04. बबला देवांगन पिता मकसुदन देवांगन उम्र 45 साल निवासी चौखडिया पारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव 05. सन्नी यादव पिता सुरज यादव उम्र 25 साल निवासी नंदई यादव पारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव। 06. आशिफ खान पिता गुलाम खान उम्र 22 साल निवासी सागर पारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव। 07. सुर्यकांत गोड़ पिता लक्ष्मण गोड़ उम्र 31 साल निवासी किल्लापारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव। 08. विरेन्द्र कुर्रे पिता स्व0 सुखनाथ कुर्रे उम्र 25 साल निवासी कौरिनभाठा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव। 09. मो0 अफजल पिता युसुफ खान उम्र 23 साल निवासी लालबाग थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव। 10. प्रेमदास मानिकपुरी पिता कमलेश मानिकपुरी उम्र 20 साल निवासी दिग्विजय कालेज रोड थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव। लगातार अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है, अपराधियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चालान किया गया है, एवं प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। परन्तु अनावेदकगण अभ्यस्म: अपराधी बन चुके है। अनावेदको के विरुद्ध धारा 170/126,135(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तैयार कर माननीय




एस0डी0एम0 न्यायालय राजनांदगाव के समक्ष पेश किया गया जहाँ जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया। एवं अपराध क्रमांक 67/21 धारा 294.323.506 भा0द0वि0 में लम्बे अरसे से फरार चल रहे तीनों आरोपीयों 01. यशवंत ढीमर पिता राजु ढीमर उम्र 33 साल निवासी सागर पारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव। 02.सुनील देवांगन पिता संतोष देवांगन उम्र 22 साल निवासी सागर पारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव। 03. सौरभ यादव उर्फ बबलु पिता संतोष देवांगन उम्र 20 साल निवासी सागर पारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहु, सउनि गोवर्धन देशमुख, सउनि डेजलाल माण्डले सउनि डेमिन साहु, प्र0आर0 राजेश परिहार म0प्र0आर0 मेनका साहु आर0 मुंजलाल ठाकुर, संतोष महिपाल एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# मित्र मंडल के आयोजन में प्रस्तुति देने आएंगे सुप्रसिद्ध गायक प्रमोद त्रिपाठी

**राजनांदगांव,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। देश के सुप्रसिद्ध गायक प्रमोद त्रिपाठी आज सदर बाजार में मित्र मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देंगे। प्रमोद सारेगामापा में प्रतियोगी रह चुके हैं। उनके कई भजन काफी लोकप्रिय हैं। यह कार्यक्रम गुरुवार की रात 7.30 बजे सदर बाजार में ही आयोजित होगा। पदाधिकारियों ने बताया कि, इस आयोजन की तैयारियां अंतिम चरणों में है।




समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि, आठ वर्षों से सदर बाजार में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। पहले ही वर्ष से यहां की प्रतिमा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही है। इस बार यहां सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है जो कि 15 फीट की है। इसे थनौद के मूर्तिकार राधे चक्रधारी ने तैयार किया है। साथ ही पंडाल की सजावट प्राचीन हिंदू मंदिरों की तर्ज पर की गई है।

मित्र मंडल की विशेषता है कि, समिति द्वारा भगवान गणेश की उपासना के पूरे 11 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। बीते 29 अगस्त को यहां आस्था मूक बधिर संस्था के दिव्यांग बच्चों द्वारा भगवान की पूजन-आरती की गई। इसके बाद भंडारे में प्रसादी वितरण के बाद समिति की ओर से बच्चों को उपहार प्रदान किए गए।

इससे पूर्व 27 अगस्त को स्थापना अनुष्ठान के बाद गंगा आरती की गई। इस दौरान सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 31 अगस्त को भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। 1 सितंबर को नवमी तिथि पर भगवान गणपति की महाआरती गई। गणपति को छप्पन भोग भी निवेदित किए गए। दुर्ग की प्रसिद्ध धुमाल पार्टी नाना साहेब ने अपनी प्रस्तुतति दी। समिति ने जानकारी दी कि, 11 दिनों तक यहां नित्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रसाद में अलग-अलग व्यंजनों का भोग लगाए जाने के बाद 6 से 7 हजार श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

# नगर निगम गणेश पर्व प्रतियोगिता, गत वर्ष के पुरूस्कार वितरण हेतु समारोह आयोजित

- संस्कारधानी में वर्षों पुरानी झांकी निकालने की परंपरा आज भी कायम: डॉ. रमन सिंह
- विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रतियोगिता में चयनित गणेश समितियों को किये पुरूस्कृत




**राजनांदगांव** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित समितियों को पुरूस्कार वितरण करने जी.ई.रोड राजनांदगांव में विधायक व अध्यक्ष निवास में विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह जी की उपस्थिति में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रमन सिंह जी ने महापौर श्री मधुसूदन यादव सहित .पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत, निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के अलावा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यो व पार्षदो तथा जन प्रतिनिधियो की उपस्थिति में गणेश समितियो को पुरूस्कृत किया।

गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित गणेश समितियों में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गणेश प्रतियोगित वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा में प्रथम विनायक मंडल गणेश उत्सव समिति, कामठी लाईन को 6 हजार रूपये का चेक, द्वितीय श्री पाटीदार गणेश उत्सव समिति, जी.ई. रोड को 4 हजार रूपये का चेक व तृतीय लालबाग गणेश उत्सव समिति, दुर्गा मंदिर परिसर लालबाग को 3 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार विसर्जन झाकी के अ वर्ग में प्रथम उमंग गणेश उत्सव समिति, हमाल पारा को 41 हजार रूपये का चेक, द्वितीय सुमति मण्डल, कामठी लाईन को 21 हजार रूपये का चेक एवं तृतीय बस स्टैण्ड गणेश उत्सव समिति, पुराना बस स्टैण्ड को 11 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार ब वर्ग में प्रथम गंज गणेश उत्सव समिति भारत माता चौक को 31 हजार रूपये का चेक, द्वितीय आजाद गणेश उत्सव समिति आजाद चौक को 18 हजार रूपये का चेक एवं तृतीय तिरंगा मण्डल, अशोक स्तम्भ (कमल टाकीज) चौक को 10 हजार रूपये का चेक प्रदान कर पुरूस्कृत किया गया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह जी के कहा कि गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित सभी समितियो को यहा उपस्थिति के लिए धन्यवाद देता हूॅ। नगर निगम की टीम ने गणेश पर्व में निर्णय लिया उस आधार पर आज पुरूस्कार स्वरूप सम्माननिधि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव की झांकी पूरे छत्तीसगढ में चर्चित है यहा दूर दूर से लोग झांकी देखने आते है। वर्षो पुरानी झांकी निकालने की परंपरा जो बनी है वो विशिष्ट परंपरा है, जिसको आप लोगो ने आज भी कायम रखा है। इसके लिए मैं आप लोगो को बहुत बहुत बधाई देता हूॅ।

महापौर श्री यादव ने कहा कि परंपरागत रूप से गणेश प्रतिमा एवं झांकी के लिए नगर निगम द्वारा प्रति वर्ष पुरूस्कार दिया जाता है, आज पिछले वर्ष के परिणाम का पुरूस्कार दिया जा रहा है। सभी चयनित समितियो को बधाई देता हू और इस वर्ष भी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें भाग लेने के लिए संस्कारधानी गणेश समितियो को शुभकामनाए देता हूॅ कि वे राजनांदगांव की इस परंपरा को आगे बढाये। उन्होंने अल्प सूचना में कार्यक्रम में उपस्थित होने पर विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह जी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता श्री संजीव कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पार्षदगण सहित गणेश समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पोहा-मुरमुरा पर जीएसटी और मंडी शुल्क में राहत की मांग

- पोहा-मुरमुरा उद्योग को कर राहत की दरकार
- वोकल फॉर लोकल अभियान को मिलेगा बल : कैट



**राजनांदगांव** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की पहचान बने पारंपरिक उत्पाद पोहा और मुरमुरा को कर राहत दिलाने की मांग तेज हो गई है। संस्कारधानी राजनांदगांव के व्यापारियों एवं कृषकों का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मिला। इस दौरान प्रतिनिधियों ने जीएसटी और मंडी शुल्क में छूट देने की मांग रखी।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पोहाङ्कमुरमुरा राज्य के किसानों की आजीविका से जुड़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ के हर घर और हर थाली का यह हिस्सा है तथा अब यह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशेष पहचान बना चुका है। ऐसे में इस उद्योग को कर राहत देना समय की मांग है।

### वोकल फॉर लोकल से जुड़ा मुद्दा

प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान लगातार 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' का संदेश दे रहे हैं। पोहा और मुरमुरा जैसे स्वदेशी एवं घरेलू उत्पाद इस अभियान का अहम हिस्सा हैं। यदि इन पर जीएसटी और मंडी शुल्क से राहत दी जाती है तो न केवल स्थानीय किसानों को लाभ होगा बल्कि उपभोक्ताओं को भी उच्च गुणवत्ता का पोहाङ्कमुरमुरा सस्ती दरों पर मिलेगा।

### किसानों और व्यापारियों के लिए लाभ

व्यापारियों ने तर्क दिया कि पोहाङ्कमुरमुरा उत्पादन के लिए किसानों से बड़ी मात्रा में धान खरीदा जाता है। यदि इन उत्पादों पर कर छूट मिलती है तो किसानों को धान का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। साथ ही व्यापारियों के लिए कारोबार सुगम होगा और उद्योग का दायरा बढ़ेगा। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

### पूर्व में मिली थी छूट

प्रतिनिधियों ने याद दिलाया कि डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में पोहाङ्कमुरमुरा पर मंडी शुल्क से छूट दी गई थी। उस निर्णय के सकारात्मक परिणाम सामने आए और छत्तीसगढ़ के साथङ्कसाथ देश व विदेश में भी इन उत्पादों की मांग बढ़ी। अब समय आ गया है कि जीएसटी और मंडी शुल्क दोनों में छूट दी जाए, ताकि यह उद्योग और अधिक मजबूत बन सके।

### मौके पर उपस्थित प्रतिनिधि

कैट परिवार के प्रदेश संरक्षक अनिल बरड़िया, जिलाध्यक्ष राजू डागा, अशोक पांडे, सूरज बुद्धदेव, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, राजा मखीजा, गुरमुख दास वाधवा, अरुण शुक्ला, आलोक बिंदल, राहुल जयसवाल, संजय तेजवानी, राजेंद्र जैन बंटू, महेश खंडेलवाल, राजेश जैन, बसंत चितलांगिया ओंकार, भावेश अग्रवाल, अंकित जैन सहित अनेक व्यापारी, उद्योगपति और कृषक इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### आश्वासन की उम्मीद

प्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि डॉ. सिंह इस मुद्दे को शासन स्तर तक पहुंचाएंगे और प्रदेश हित में सकारात्मक निर्णय होगा। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल किसानों और व्यापारियों के लिए, बल्कि उपभोक्ताओं और प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए भी एक बड़ा कदम सिद्ध होगी। उक्त जानकारी लक्ष्मण लोहिया, मीडिया प्रभारी कैट ने दी।

# गांव-गांव में शराब बंदी की लहर नशा के खिलाफ हर ग्राम उठा रहे है कड़े नियम

## ग्राम- सुन्दरा मे शराब बेचने वालों को 31000 दंड, बताने वाले को 11000 ईनाम

**राजनांदगांव** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर से लगे ग्राम सुन्दरा में आज दिनांक 03/09/2025 दिन बुधवार को आमसभा का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत सुंदरा एवं ग्राम विकास समिति सुंदरा के संयुक्त तत्वाधान मे बैठक हुआ। जिसमें सर्व समाज के सदस्यों द्वारा प्रस्ताव कर यह निर्णय लिया गया है कि गांव में शराबबंदी, जुआ, सट्टा पर प्रतिबंध एवं छोटे बच्चों को दुकान से गुटका पाउच देने पर प्रतिबंध किया गया एवं सार्वजनिक स्थानों में शराब पीने, गांजा पीने एवं बेचने वालों के खिलाफ दंड का प्रावधान किया गया।



गांव में कढ़ाई के साथ पालन के लिए विभिन्न नियम बनाए गए जिसमें चौक चौराहे, गली मोहल्ले और सार्वजनिक जगह पर बैठक कर शराब पीने वाले को 5100रु. दंड और बातने वाले को 1100 रु. इनाम दिया जाएगा।

शराब गांजा बेचने वाले को 31000रु. बताने वाले को 11000 रु. इनाम दिया जाएगा और आरोपी अपना दंड स्वीकार नहीं करता है तो डबल चार्ज दंड लिया जाएगा।

शराब, गांजा पीकर गाली गलौच करना, अभद्र व्यवहार करता है तो 5100रु. दंड और बातने वाले को 1100रु. इनाम दिया जाएगा।

गांव में सट्टा जुआ खेलने वाले को आदमी पीछे 51,00रु. दंड, बताने वालों को 1100रु. इनाम दिया जाएगा।

जिसके यहां मेहमान या रिश्तेदार आता है और शराब गांजा पीकर गाली गलौज करता है और अभद्र व्यवहार करता है तो घर वालो से 5100रु. दंड और बताने वाले को 1100 इनाम दिया जाएगा।

त्यौहार के समय व कोई भी आयोजन के समय गाली-गलौज और मारपीट करने वाले को व गुट बनाने वालों को प्रति व्यक्ति 11000 रु. और बताने वाले को 2000 इनाम दिया जाएगा.

15 साल के कम उम्र वाले बच्चे को गांव में कोई भी दुकानदर के द्वारा गुटखा-पाउच, बीडी सिगरेट नही दिया जायेगा। अगर किसी भी दुकानदरों के द्वारा बच्चों को गुटखा-पाउच, बीडी सिगरेट देते हुऐ पाया जाता है तो उसको 5100रु. दंड और बताने वाले को 1100 इनाम दिया जाएगा।

टिप - उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने पर उचित कानूनी करवाही किया जागेगा।

# खण्ड स्तरीय विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का 17 को

**डोंगरगढ़,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। रजत जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आगामी 17 सितंबर को नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में खण्ड स्तरीय विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाना है । शिविर में जिला एवं प्रदेश स्तर के लगभग 25 -30 स्पेशलिस्ट डॉ उपलब्ध होकर सभी बिमारियों का जांच एंव दवाई नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा एवं जो भी स्वेच्छा से रक्तदान करेगा उसे सम्मान किया जाएगा । शिविर को संपन्न करने हेतु गठन किए गए समिति में डा. सुचिता श्रीवास्तव (खण्ड चिकित्सा अधिकारी डोंगरगढ़) को अध्यक्ष एवं देवेन्द्र साहु (अध्यक्ष नगर पंचायत) को संरक्षक एवं मनोज कांडे (मंडल अध्यक्ष) एवं हेमलाल वर्मा (मंडल महामंत्री ) कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया। बैठक में प्रमुख रूप से डां. संदीप ताम्रकार (ष्ठक्क्रू), डॉ.सुचिता श्रीवास्तव (क्स्न्ह), शैलेश पांडे (ष्टस्न्ह), नायाब तहसीलदार राजेश नेताम , देवेन्द्र साहु (अध्यक्ष नगर पंचायत), मनोज कांडे (मंडल अध्यक्ष), प्रशांत कोड़ापे (सभापति जिला पंचायत), अनिता ठाकुर (सभापति जिला पंचायत), छबीधर साहु (उपाध्यक्ष नगर पंचायत), अनिल श्रीवास्तव कालेज एवं हायर सेकंडरी स्कूल एवं शिशु मंदिर लाल बहादुर नगर प्रिंसिपल, थनवार मंडावी (सभापति जनपद पंचायत), रेशमा कंवर (जनपद सदस्य), राजेन्द्र तिवारी, कैलाश ऊके (अध्यक्ष सरपंच संघ), हेमलाल वर्मा (मंडल महामंत्री ), पार्षदगण रमेश यादव ,रामजी साहु, मृगलाल साहु, योगेश साहु, प्रीति ताम्रकार, निकिता ताम्रकार, उषा यदु, सरस्वती ढीमर, नगर पटेल हुकुमचंद साहु, डॉ भारत साहु, डॉ नितिन साहु, सहित क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।



# छत्तीसगढ़ के किसानों को केंद्र सरकार की ओर से मिली बड़ी राहत: द्विवेदी

**डोंगरगढ़,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने मुख्यमंत्री की पहल पर भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसानों को बड़ा तोहफा मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए 60 हज़ार टन अतिरिक्त यूरिया का आवंटन स्वीकृत किया है । इससे निश्चित रूप से किसानों की समस्या का निदान होगा यूरिया की सप्लाई सितंबर माह के प्रथम हफ़्ते में 20 हज़ार टन, दूसरे हफ़्ते में 35 हज़ार टन तथा बाकी 5 हज़ार टन इसी महीने के अंत तक हो जाएगी।श्री द्विवेदी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय रासायनिक उर्वरक मंत्री श्री जे पी नड्डा जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार किसानों की हर आवश्यकता पर संवेदनशीलता का परिचय देती है । निश्चित रूप से प्रदेश सरकार किसानों के लिए संवेदनशील है और जब यूरिया की किसानों को ज्यादा आवश्यकता होती है ,ऐसे सितंबर माह में अतिरिक्त आवंटन मिलने से निश्चित रूप से किसानो की समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए प्रधानमंत्री एवं रासायनिक उर्वरक केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी का प्रदेश के किसानों की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया है। प्रदेश संयोजक श्री द्विवेदी ने बताया कि चालू खरीफ सीजन में अब तक सहकारी क्षेत्र में लगभग 3 लाख 91 हजार 100 मी टन यूरिया का आवंटन प्राप्त हुआ है और निजी क्षेत्र में 3 लाख 11 हजार 563 मी0 टन यूरिया का आवंटन प्राप्त हुआ है इस प्रकार अभी तक कुल लगभग 7 लाख 2 हजार 650 मी टन यूरिया का भंडारण किया जा चुका है जिसमें 6 लाख 38 हजार 600 मी टन यूरिया का वितरण भी किसानों को किया जा चुका है । इसमें 3 लाख 42 हजार 44 4 टन सहकारी समिति के माध्यम से एवं 2 लाख 96 हजार 155 मी 0 टन निजी क्षेत्र से वितरण किया गया है। यह आंकड़ा गत वर्ष इसी समय में हुए 6 लाख 17 हजार 798 मि0 टन वितरण से ज्यादा है । सहकारी क्षेत्र में 1 लाख 78 हजार 919 बोतल और निजी क्षेत्र में 1 लाख 12 हजार 140, इस तरह कुल 2 लाख 91 हजार 59 बोतल नैनो यूरिया का भंडारण किया जा चुका है। इसी प्रकार नैनो डीएपी का सहकारी क्षेत्र में 1 लाख 58 हजार 809 और निजी क्षेत्र में 79 हजार 810 कुल 2 लाख 38 हजार 619 बाटल भंडारण किया जा चुका है ।अब तक किसानों को 2 लाख 32 हजार 652 बोतल नैनो यूरिया और 1लाख 85 हज़ार 136वाटल नैनो डीएपी वितरित किया जा चुका है यह व्यवस्था बताती है कि सहकारी समिति और निजी क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है और किसानों को खाद के लिए किसी तरह की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।



उल्टा पुल्टा

एक टीचर ने बच्चे से पूछा स्कूल क्या है?
बच्चे ने जवाब दिया- स्कूल वो जगह है जहाँ पर हमारे पापा को लूटा जाता है और हमें कूटा जाता है।

## संपादकीय

# एपीके : सावधानी से करें उपयोग

साइबर अपराध के विविध तरीके सामने आ रहे हैं। जो बहुत प्रचलित है वह है किसी बैंक के नाम से फोन कर यह धोखा देना कि उनका खाता बंद हो गया है। उसे फिर से सक्रिय करने के लिये कोई ओटीपी या लिंक शेयर कर उसे भरने के लिये कहा जाता है। लिंक को क्लिक करते ही ठगों के पास शिकार का बैंक सम्बन्धी सारा विवरण पहुंच जाता है। इसके बाद पासवर्ड, ओटीपी आदि की जानकारी प्राप्त कर पैसे उड़ा लिये जाते हैं। कई बार थोड़े समय में धन कई गुना कर भारी मुनाफे का लालच दिखला कर राशि अपने खातों में लेकर ठग गायब हो जाते हैं। उन्हें इनवेस्टमेंट प्लान बतलाकर लोगों को झांसे दिये जाते हैं। डिजिटल अरेस्ट आदि जैसे भी कई तरह की ठगी के प्रकार प्रचलित हैं। लोगों को नये-नये तरीकों से होने वाले झांसों की जानकारी रहनी चाहिये ताकि वे ठगों के शिकार न बनें। देश भर में हर रोज हजारों मामले इस प्रकार के होते हैं। सभी तरह की सतर्कता ही सबसे अच्छा उपाय है।

हाल ही में एपीके के जरिये ठगी के मामले सामने आये हैं। एंड्रॉइड एप्लिकेशन पैकेज या एंड्रॉइड एप्लिकेशन पैकेज किट कहलाने वाले एपीके एक तरह के फाइल प्रारूप होते हैं जो एंड्रॉयड डिवाइस पर एप्स वितरण तथा इंस्टाल करने के लिये उपयोग में लाये जाते हैं। प्रोग्राम कोड, फोटो आदि भी इसके जरिये अपलोड किये जाते हैं। किसी तरह की सेवाओं का उपयोग करने के लिये शासकीय या निजी विभाग अथवा संस्थाएं इस तरह के एपीके भेजकर उपयोगकर्ता के विवरण प्राप्त करती हैं। ठग इनका भी दुरुपयोग करने में माहिर होते हैं। फर्जी तरीकों से और ठगी के उद्देश्य से बनाये वे अपने एपीके संभावित शिकार के पास भेजते हैं। उनमें से कई लोग जाल में फंस जाते हैं।

ऐसे ही एक प्रकरण में रायपुर के एक युवक से झांसेबाज चार लाख रुपये ठगने में सफल हो गये। उक्त युवक के पास आरटीओ का एक एपीके आया। उसमें यह दर्शा रहा था कि उसका चालान हो गया है। उसमें बने फार्मेट को खोलने के लिये जैसे ही युवक ने एपीके खोला, उसके बैंक के खाते से छोटी-मोटी राशि नहीं बल्कि चार लाख रुपये कट गये। उस राशि को झांसेबाजों ने अपने खाते में ट्रांसफर कर दिये। मामला पुलिस के पास पहुंच गया है।

वैसे तो एपीके खुलने के पहले कई स्तर पर चेतावनियां आती हैं कि एपीके को खोलना नुकसानदेह हो सकता है। कई एपीके मोबाइल सेट के लिये ही खतरनाक होते हैं। सबसे अच्छा है कि अनजान व्यक्तियों, कम्पनियों, संस्थाओं आदि से आने वाले एपीके खोले ही न जायें। दूसरे, उसके माध्यम से आने वाले एप्स के प्रति भी पर्याप्त सावधानी बरती जाये। कभी भी अपना बैंक सम्बन्धी विवरण, पासवर्ड, ओटीपी आदि शेयर न किये जायें।

# मनुष्य की शोभा श्रृंगार से नहीं तपस्या से उसी प्रकार 84लाख योनियों में यदि तप का फल किसी को प्राप्त होता है तो मनुष्य को ही होता है : बृम्हचारी प्रिन्स

**नवापारा राजिम,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। नगर में दिगंबर जैनों के द्वारा मनाए जाने वाले सबसे बड़े उत्सव पर्यूषण पर्व में उत्तम तप धर्म का आज सातवां दिन है और दसलक्षण धर्म में ष्उत्तम तप धर्मष् के दिन ..इच्छा के निरोध को ष्तपष् कहते हैं, विषय कषायों का निग्रह करके बारह प्रकार के तप में चित्त लगाना ष्उत्तम तपष् धर्म है,तप धर्म का प्रमुख उद्देश्य चित्त की मलिन वृत्तियों का उन्मूलन है



कर्मो के छय करने को तप किया जाता है वह तप है।तपस्या कर्मो के छय के लिए की जाती है,आगामी भोगो की आकांछा के लिए किया जाने वाला तप संसार का कारण होता है। उक्त बातें बृम्हचारी भैया ने दी।

तप की महिमा अपरंपार है मुक्ति जब भी मिलेगी तपस्या से ही मिलेगी।

उन्होंने आगे कहा कि जैसे- वृक्ष की शोभा पत्तो से नही फ्ल से होती।मंदिर की शोभा पत्थरो से नही मूर्ति से होती।कुआ की शोभा रस्सी बाल्टी नही पानी से होती।कोयल की शोभा कलर से नही कंठ से होती।मकान की शोभा दरवाजा आदि से नही मनुष्य से होती।उसी प्रकार मनुष्य की शोभा श्रृंगार से नही तपस्या से होती है।84लाख योनियों में यदि तप का फ्ल किसी को प्राप्त होता है तो मनुष्य को ही होता बाकी पर्याय में नही।जिस प्रकार अग्नि की अनुपस्थिति में भोजन आदि का पकना कठिन है,उसी प्रकार तपाग्नि में तपे बिना कर्मक्षय असंभव है एवं सच्चे सुख की प्राप्ति कदापि संभव नहीं है।दुग्ध को जब तक तपाकर या जमाकर दही बनाकर नहीं मथोगे, तब तक घृत की प्राप्ति कैसे होगी ? और जब मथकर मक्खन को तपाते हैं तो शुद्ध घी बन जाता हैअतः घृत से पुनरू दुग्ध नहीं हो सकता। घृत को कितने ही गहरे पानी में डाल दो, पर वह स्वतः ऊपर आ जाता है किसी को लाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इसी प्रकार जो सम्यक् तप करता है, उस तपस्वी की आत्मा स्वतः ऊर्ध्वगामी हो परमात्मा बन जाती हैं। जैसे घृत पुनः दुग्ध नहीं होता, वैसे ही वह आत्मा पुनः संसार में नही आती।

जिस प्रकार अग्नि से तपाया गया स्वर्ण पाषाण शुद्ध हो जाता है, उसी प्रकार कर्ममल से मलिन आत्मा तप रुपी अग्नि से शुद्ध हो जाता है।

संयम की सिद्धि , राग का उच्छेद , कर्मों का नाश , ध्यान और आगम की प्राप्ति के लिए तप धारण किया जाता है।

शाम को जैन भवन में बाल ब्रह्मचारी प्रिंस भैया द्वारा प्रतिक्रमण संध्या आरती एवं भक्ति तत्पश्चात प्रवचन में उत्तम तप धर्म के बारे में सधर्मी लोगों को बताया गया। बच्चों के द्वारा पासिंग दा पार्सल गेम शो कराया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के धार्मिक प्रश्न उत्तर पूछे गए।

# जैन समाज द्वारा पर्यूषण पर्व धूमधाम और भक्तिपूर्वक मनाया जा रहा है

**बलौदाबाजार,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जैन समाज द्वारा पर्यूषण पर्व बड़े ही धूमधाम और भक्ति पूर्वक मना रहा है। आज का दिन उत्तम तप धर्म कहलाता है आत्मा की शुद्धि के लिए कठिनाइयों को सहना उपवास साधना करना तप कहलाता है। तप धर्म से कर्मों का क्षय होता है आज तप धर्म के दिन श्री जी के अभिषेक के लिए प्रथम चार कलश का सौभाग्य रवि जैन, जैनम जितेंद्र जैन, आदि प्रवीण जैन, निष्कर्ष ऋषभ जैन को प्राप्त हुआ।



श्रीजी की प्रतिमा पर शांति धारा करने का सौभाग्य समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन को प्राप्त हुआ उन्होंने यह शांति धारा अपने पूज्य स्वर्गीय नेमीचंद जैन की स्मृति में की। आज की महा आरती का सौभाग्य एक ही परिवार की देवरानी जेठानी विमला देवी इंद्र कुमार जैन, निर्मला देवी कपूर चंद जैन, बीना देवी पदमचंद जैन, साधना अनूप जैन को प्राप्त हुआ। आज की शांति धारा पाठ पदमचंद जी जैन द्वारा बोला गया। ऋषभ भैया और सौरभ भैया सकरी वाले ने धार्मिक भजन प्रस्तुत कर भक्ति मय माहौल बनाया। शांति धारा करने के पश्चात जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया की तपना तप धर्म है बिना तपे बिना मेहनत के आप में निखार नहीं आ सकता, पंडित डीपी जैन और भिंड से आए हुए पंडित जी ने भी बताया तपस्या ,तप, उपवास के कारण ही आत्मा में तेज उत्पन्न होता है समाज की उमड़ती भीड़ और धर्म के प्रति उत्साह जैन समाज मंदिर परिसर में दिखाई दे रहा है।

# कटगी में धूमधाम से मनाया जा रहा है गणेशोत्सव

**कटगी/बलौदाबाजार,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। अंचल के ग्रामों में गणेशोत्सव की धूम है। लोगों ने चौक-चौराहों के अलावा घरों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की है। जगह-जगह भजन के चलते गांव का माहौल भक्तिमय हो गया है। सुबह-शाम लोग आरती हेतु गणेश पंडालों में उमड़ रहे हैं।



सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति द्वारा पंडालों में आकर्षक साज-सज्जा करने के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नवयुवा गणेशोत्सव समिति आजाद चौंक कटगी द्वारा लगातार 10 वर्षों से गणेश की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। समिति के सदस्य शुशांत देवांगन, केशव देवांगन, गौरव देवांगन, अभय देवांगन और अन्य ने बताया कि आजाद चौक में बरसों से गणेश की प्रतिमा स्थापित की जा रही है, जो आसपास के गांवों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। नवयुवा गणेशोत्सव समिति के सदस्यों ने बताया कि वे गणेशोत्सव की तैयारी महीनों पहले से शुरू कर देते हैं। वे पंडाल की साज-सज्जा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था और गणेश प्रतिमा की स्थापना में जुट जाते हैं। समिति के सदस्य विकास सोनी ने बताया कि गणेशोत्सव के दौरान गांव का माहौल बहुत ही भक्तिमय और उत्साहपूर्ण होता है।

# दिव्यांगों के लिए 5 दिवसीय बांस कला प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**महासमुंद,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने की पहल के तहत बांस कला प्रशिक्षण सह कार्यशाला का शुभारंभ 01 सितम्बर से किया गया हैं। उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह ने बताया कि यह कार्यशाला स्थानीय शासकीय बहुदिव्यांग विशेष विद्यालय महासमुंद के सभागार में 01 से 05 सितम्बर तक आयोजित की जा रही है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में जिले भर से आए दिव्यांग प्रतिभागियों को बांस से विभिन्न सजावटी सामग्री जैसे गुलदस्ते, फूल टोकरी, पेन स्टैंड, ट्रेए तोरण एवं डेकोरेटिव वाल हैंगिंग आदि बनाने और रंगाई की विधियां सिखाई जा रही हैं। प्रशिक्षण के लिए राज्य स्तरीय बांस कलाकार घासीराम कमार निवासी सोनासिल्ली को आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने भुवनेश्वर ;उड़ीसा, बिलासपुर, पिथौरा, बागबाहरा एवं आंवराडबरी सहित विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण प्रदान किया है। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ वृन्दावन पटेल ने बताया कि दिव्यांग प्रतिभागी उत्साहपूर्वक इसमें भाग ले रहे हैं और भविष्य में इसे रोजगार का माध्यम बनाएंगे।



# बेहतर प्रशिक्षण लेकर ग्राम स्तर पर लोगों को दें अभियान की जानकारी : कलेक्टर

**बलौदाबाजार,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की पहल आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण का शुभारम्भ बुधवार को बलौदाबाजार स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में हुआ। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर निर्धारित तिथि अनुसार लगभग 184 विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण देंगे।



कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान की शुरआत सरकार ने बड़े लक्ष्य के साथ की है और इस लक्ष्य को हासिल करने सभी को गंभीरता से काम करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण को गंभीरतापूर्वकआत्मसात करें ताकि ग्राम स्तर तक लोगों को बेहतर जानकारी मिल सकें। विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण के बाद ग्राम स्तर तक भी प्रशिक्षण होगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक योजना नहीं है बल्कि सामुदायिक सहभागिता है जिसमें सामुदायिक सहभागिता से शासकीय योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इस अभियान के तीन मूल घटक है जिसमें सेवा, समर्पण और संकल्प शामिल है। इस अभियान को मिशन मोड़ में काम करते हुए जनांदोलन का स्वरुप देना है। शुरुआत में जनजातीय बाहुल्य 46 गांव में योजनाओं का संतृप्तिकरण करना है एवं आगामी दिनों में सभी 519 पंचायतों एवं नगरीय निकाय तक ले जाना है।

**आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत खंड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन**

जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार पहल कर रहे हैं। इस अभियान से जनजातीय परिवारों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचेगी और अपने अधिकार के लिए जागरूक होंगे।जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से अभियान के जिला नोडल अधिकारी विजयलक्ष्मी तारा ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ जनजातीय परिवारों तक पहुंचाना है। हम सभी को पारदर्शिता व निष्ठापूर्वक कार्य करना होगा ताकि योजनाओं का लाभ आदिवासी परिवारों तक पहुंच सके।इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरजदास मानिकपुरी सहित सरपंच एवं मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

# कलेक्टर की पहल पर दिव्यांगजनों के लिए सक्षम कैंटीन की शुरुआत

**धमतरी,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से सक्षम कैंटीन की शुरुआत की गई है। यह पहल कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की प्रेरणा से संभव हो पाई है। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रारंभ हुई इस कैंटीन का संचालन दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति के सदस्य करेंगे।



इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्यामा देवी साहू ने पूरे विधि-विधान के साथ दुकान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे। रजत जयंती पर्व पर सभी दिव्यांगजनों ने नशा मुक्ति की शपथ भी ली और संकल्प लिया कि वे नशे से दूर रहकर समाज को भी इसके दुष्प्रभावों से बचाने के लिए जागरूक करेंगे।

संस्था के संस्थापक बसंत कुमार विश्नोई ने जानकारी दी कि समिति के दिव्यांग सदस्य रोजगार की दिशा में आगे बढ़ना चाहते थे। उन्होंने हाल ही में कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी इच्छा जाहिर की थी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उनकी भावनाओं को समझते हुए तुरंत पहल की और कलेक्ट्रेट परिसर में स्थान उपलब्ध कराया। इसके बाद शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण कर कैंटीन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

**दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने की अनूठी पहल**

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और सम्मानजनक जीवन प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। सक्षम कैंटीन केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि समाज में दिव्यांगजनों की भागीदारी और आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रयास है। जिला प्रशासन भविष्य में भी दिव्यांगजनों की शिक्षा, प्रशिक्षण और स्वरोजगार की दिशा में हरसंभव सहयोग करेगा।

इस मौके पर समाज कल्याण विभाग की उप संचालक मनीष पाण्डेय, रोहित कुमार साहू, डॉ. पोषण सिन्हा, सुलेखा अली, डेरहा राम, शिवचरण, सुमन साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सक्षम कैंटीन की शुरुआत से दिव्यांगजनों को रोजगार और आत्मसम्मान दोनों का अवसर मिलेगा। यह पहल जिले में दिव्यांग सशक्तिकरण की दिशा में एक नई मिसाल बनेगी।

# नवापारा में अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**नवापारा राजिम,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। नवापारा के सोमवारी बाजार में सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफमंगलवार को पालिका प्रशासन और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर कार्यवाही की प्रशासन की टीम ने झोपड़ी, ठेलों और मलबे को ध्वस्त कर अतिक्रमण मुक्त कराया है। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच तीखी बहस भी हुई।



मंगलवार दोपहर तहसीलदार विक्रम सिंह राठौर, सीएमओ लवकेश कुमार पैकरा प्रशासनिक टीम के साथ नवापारा नगर के सोमवारी बाजार पहुंचे और अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया। इस कार्रवाई के बाद अतिक्रमणकारी जेसीबी के सामने आ गए और कार्रवाई रोकने की नाकाम कोशिश की। जिसके बाद प्रशासन ने पुलिस बल बुलाकर अतिक्रमणकारीयों को हटाया और अपनी कार्रवाई पूरी की। हालांकि कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारीयों के बीच बहसबाजी होती रही। प्रशासन ने झोपड़ियों, ठेलों, टीन शेड, बाउंड्रीवॉल को ध्वस्त कर जमीन को कब्जा मुक्त कराया।

**नगर पालिका प्रशासन और राजस्व विभाग की कार्रवाई**

नगर पालिका के अधिकारियों ने रोड किनारे अवैध कब्जाधारियों को दुकानों के बाहर लगे टीन शेड को भी हटाने कहा है अन्यथा उन्हें भी ध्वस्त किया जाएगा।

**नाले को पाट कर बाउंड्रीवॉल बनाया:** दरअसल, सोमवारी बाजार में अतिक्रमणकारी नाले को पाट कर बाउंड्रीवॉल और कमरे का निर्माण कर रहे थे। साथ ही बाकी खाली जमीन पर मुरुम से पटाई कर दी थी। इसके खिलाफवार्ड के लोगों ने पहले भी शिकायत दर्ज की थी। वार्डवासियों ने बताया कि अतिक्रमणकारियों के कारण जमीन से लगे स्कूल की हालत खराब हो गई है। इसके लिए 22 मई 2025 को वार्ड 15 और 16 के पार्षदों सहित वार्डवासियों ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की थी।

**अतिक्रमण के चलते अधर में लटका स्कूल का विकास कार्य:** बता दें कि सोमवारी बाजार स्थित पीएम श्री शासकीय प्राथमिक विद्यालय की सरकारी जमीन पर बड़ी मात्रा में अतिक्रमण होने के कारण विकास कार्य नहीं हो पा रहे है। जबकि पीएम श्री केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस विद्यालय में अधोसंरचना के विकास, मरम्मत एवं निर्माण हेतु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर द्वारा 16 जून 2023 को 23.54 लाख रुपए जारी किए गए थे, जिसमें एजेंसी के रूप में सीएमओ नगर पालिका परिषद गोबरा को कार्यादेश दिया गया था। लेकिन लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण निर्माण कार्य नहीं हो सका और राशि लैप्स हो गई। वर्तमान में उक्त स्कूल के लिए अतिरिक्त कक्ष के लिए राशि आबंटित हुई है। जिसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना है। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# शोभायात्रा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**महासमुंद,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। बाबा रामदेव की जयंती के अवसर पर 2 अगस्त को महेश्वरी समाज के सदस्यों द्वारा शहर में मुख्य मार्गो में निकाली गई शोभायात्रा का स्थानीय अंबेडकर चौक में भाजपा शहर मण्डल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा रामदेव जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण पूजा अर्चना कर स्वागत अभिनन्दन किया गया और समाजजनों को जयंती की शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर शहर मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सिका ,नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी,गोपाल वर्मा,राहुल चंद्राकर,मण्डल पदाधिकारी मुन्ना साहू, मीना वर्मा,राजू चंद्राकर ,सूर्य प्रताप ,पार्षद भाऊ राम साहू, पीयूष साहू, माखन पटेल,हाफिज कुरैशी, नइम खान,शरद मदनकार,भगवती करकसे सहित महेश्वरी समाज के पदाधिकारी और महिला सदस्यों सहित गणमान्य नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# जिले के सभी विकासखण्डों में फिकल स्लज मैनेजमेंट यूनिट शुरू

**बलौदाबाजार,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत फ्किल स्लज मैनेजमेंट यूनिट का संचालन जिले के सभी पांचो विकासखण्डों में शुरू की गई है। वैज्ञानिक पद्धति से अपशिष्ट पदार्थों का निपटान होने से गांव-मोहल्ले में स्वच्छ वातावरण बनने के साथ ही पानी और मिट्टी की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।



**वैज्ञानिक पद्धति से अपशिष्ट पदार्थों का होगा निपटान**

प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम देवरी, कसडोल के छरछेद, सिमगा के सुहेला, बलौदाबाजार के सकरी और पलारी के ओडान में फ्किल स्लज मैनेजमेंट यूनिट स्थापित किया गया है। इन यूनिटों से लंबे समय से चली आ रही टॉयलेट टैंकों व गड्ढों में जमा मानव मल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## पेंशनधारी कल्याण संघ द्वारा 5 को होगा सम्मान समारोह

बलौदाबाजार, 3 सितम्बर (देशबन्धु)। छ.ग. पेंशनधारी कल्याण संघ पंजीयन क्रं. 1881 की बैठक 5 सितम्बर 2025 को पेंशनर भवन बलौदाबाजार में समय 2 बजे आयोजित होगी। उक्त बैठक में 80 वर्ष से अधिक आयु वाले वरिष्ठजनों का सम्मान प्रत्येक वर्ष की भांति किया जावेगा। तथा शेष नागरिकों को श्रीफल से सम्मान किया जावेगा। वहीं सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जायेगा। उक्त जानकारी पेंशनधारी कल्याण संघ के जामवंत वर्मा, जी.एस. पटेल ने देते हुए सभी पेंशनर से निवेदन किया है कि उक्त बैठक में अधिक पेंशनर साथी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावे।

# भाजयुमो ने फूंका राहुल, तेजस्वी का पुतला

## राहुल गांधी के सभा में पीएम की माता के अपमान का विरोध

**महासमुंद** 3 सितंबर (देशबंधु)। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा स्थानीय बरोंडा चौक में राहुल गांधी, तेजस्वी यादव व कांग्रेस का पुतला जलाकर बिहार के दरभांग में आयोजित कांग्रेस के एक चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माँ के लिए कही गई अपशब्द की कड़ी निंदा की। पुतला दहन कार्यक्रम के प्रभारी जिला भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री अमन वर्मा व सहप्रभारी भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री थे। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने इसे बेहद निंदनीय बताते हुए कहा कि आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की ओर बढ़ रहा है। पूरे विश्व ने पीएम मोदी के नेतृत्व को स्वीकार किया है। ऐसे में उनकी मां के लिए अपशब्द कहना कांग्रेस और राहुल गांधी की ओछी मानसिकता को दिखाता है। कार्यक्रम में कई अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की। भाजपा युवा मोर्चा ने कांग्रेस का हताशा



व निराशा का प्रतीक बताते हुए मातृ शक्ति का अपमान निरूपित किया। इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं व समस्त भाजपा जनों ने मातृ शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे लगाते हुए कांग्रेस के सभा में उपस्थित राहुल गांधी, तेजस्वी यादव समेत सभी लोगों का विरोध करते हुए पुतला दहन किया। पुतला दहन प्रभारी जिला महामंत्री भाजयुमो अमन वर्मा ने कहा कि जिस तरह राहुल गांधी के मंच से प्रधानमंत्री को अपशब्द कहा गया है वह न सिर्फशर्मनाक है बल्कि भारतीय राजनीति के स्तर को गर्त में धकेलने वाला है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह बेहद गलत संदेश है, जनता इसे कभी माफ नहीं करेगी। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी पर राजनीति को निम्नतम स्तर पर ले जाने का आरोप लगाया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर,नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जिला कोषाध्यक्ष थानसिंह दीवान, गोविंद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू,मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा,मंडल महामंत्री एमआर विश्वनाथन, पूर्व मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर,राजू चंद्राकर,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू,श्रीमती मीना वर्मा, शुभ्रा मनीष शर्मा,पार्वती साहू,सुनीता साहू, सीता तोंडेकर, उषा पाल,दिनेश रूपरेला, भाऊ राम साहू,देवेंद्र चंद्राकर,मनीष शर्मा,गोविंद साहू,मनीष शर्मा,गोपी कन्नौजे,जितेंद्र चंद्राकर, हनीश बग्गा,खुशाल ठाकुर,जतिन रूपरेला, कादर राजपूत, आयुष दुबे,आकाश पांडे,पूनम निषाद,राहुल साहू,सुमित जैन,श्रीकांत शर्मा,राकेश सचदेव ,अभिषेक पंडे,अमित साहू,गुड्डा सिन्हा, अमित साहू, नईम खान, पीयूष साहू, निश्चय चंद्राकर,पंकज चंद्राकर,शुभम बाघ,दीपक राव,महेश साहू,रामेश्वर पटवा,सोनधर सोनवानी,नरेश नायक,पांडुराम मदनकार,युवराज राजपूत,माणिक,गौरव राठी, गुड्डा सिंहा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, युवा मोर्चा के पदाधिकारी उपिस्थत थे।

# पलारी में भव्य दशहरा उत्सव मनाने सर्वदलीय बैठक

**पलारी** 3 सितम्बर (देशबन्धु) नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू की अध्यक्षता में नगर पंचायत कार्यालय में दशहरा उत्सव को भव्यता पूर्वक मनाने के लिए एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में दशहरा समिति के गठन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।




बैठक में सर्वसम्मति से नगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर सहमति जताई गई। उपस्थित सदस्यों ने रावण निर्माण, आर्थिक सहयोग सहित अन्य मुद्दों पर अपने सुझाव रखे। सभी ने पूर्व की भांति इस बार भी दशहरा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने का समर्थन किया। साथ ही, रावण की प्रतिमा का निर्माण एक अच्छे कारीगर से कराने और समय रहते इसका ठेका देने पर जोर दिया गया।

वही बैठक में नगर के सभी गणमान्य नागरिकों एवं व्यापारियों से कार्यक्रम के लिए आर्थिक सहयोग लेने की बात कही गई ताकि समाज के सभी वर्गों के लोग इस उत्सव से जुड़ सकें।

बैठक को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि दशहरा उत्सव पूरे नगरवासियों का मुख्य कार्यक्रम है। इसे हम सब मिलकर सभी के सहयोग से मनाएंगे, जिससे नगर का गौरव बना रहे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की चर्चा पूरे अंचल में होती है, इसलिए इसकी गरिमा को बनाए रखना हम सभी का फर्ज है।

बैठक में इंद्र देव वर्मा, बृजमोहन साहू, हितेंद्र ठाकुर, झड़ी राम कनौजे, शेखर वर्मा, रोहित साहू, मनीष चंद्राकर, पिंटू वर्मा (नगर पंचायत उपाध्यक्ष), कृष्णा देवांगन सहित अन्य लोगों ने अपने सुझाव दिए। सदस्यों ने अधिक से अधिक लोगों एवं पुराने सदस्यों को भी नई समिति में जोड़ने पर बल दिया।

इस अवसर पर शैलेंद्र रजक, अमित वर्मा,संतोष देवांगन, मनोज वर्मा, अमर नाथ खूंटे, रितेश गुप्ता, यमलोक साहू, साधराम साहू, लेखु वर्मा, नारायण धीवर, पुनीत निषाद, नेमसिंह बांधे, कुमार धीवर, चेतन वर्मा, रवि ध्रुव, डोमार वर्मा, ताजेंद्र कन्नौजे, शेरखान, जगदीश पटेल, राजेंद्र साहू, शैलेंद्र धीवर, मनीष बघेल, हर्षू वर्मा, दिलीप यादव, पुनीत रजक, सौरभ वर्मा, प्रकाश वर्मा, सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मलखंभ प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दुष्यंत को सम्मानित किया टी आई पटेल ने

**पलारी** 3 सितम्बर (देशबन्धु) दिनांक 1सितम्बर को 25वीं राज्य स्तरीय मलखंभ प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर रायपुर संभाग के दुष्यंत घृतलहरे व उनके मित्रवर लोगों को श्री हेमंत पटेल थाना प्रभारी पलारी द्वारा शील्ड भेंट कर बच्चों को सम्मानित किया गया एवं दो बच्चे दुष्यंत घृतलहरे व एक बालक का राष्ट्रीय स्तर में चयनित होने पर बधाई दिया गया कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रहे मनीष घृतलहरे राज्य स्तरीय खिलाड़ी रग्बी फुटबॉल ने कहा कि यह उपलब्धि बलौदा बाजार जिला के लिए बड़े गौरव कि बात है कि मलखंभ जैसे कठिन क्रिड़ा में दुष्यंत घृतलहरे ग्राम पंचायत खैरी ने आने वाले समस्त बच्चों को एक प्रेरणा दी है बच्चे उनसे सीख लेंगे कि अगर मन में ठान लो तो कोई भी सपना पूरा होने में देर नहीं लगती ग्राम पंचायत खैरी जो बलौदा बाजार जिला का सबसे चर्चित ग्राम माना जाता है इसी कड़ी में थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने ग्राम खैरी के वासियों को सायबर ठगी के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा ग्राम को नशा मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प दिलवाया ग्रामीण तथा थाना पलारी स्टाफ बड़ी संख्या में बच्चों के उत्साहवर्धन में शामिल रहे।



# गणेश प्रतिमाओं का स्वरूप बदलकर सनातन धर्म का किया जा रहा अपमान: हर्ष

**महासमुंद** 3 सितंबर (देशबंधु)। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हर्ष चंद्राकर ने कहा कि भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमाओं को शास्त्र सम्मत न बनाकर तथा विकृत स्वरूप देकर सनातन धर्म का अपमान जाने अनजाने में कुछ मूर्तिकार तथा गणेश समितियों द्वारा किया जा रहा है। इस पर तत्काल रोक लगाना आवश्यक है। महासमुंद के अनेक स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं को आधुनिक और कार्टूननुमा रूप देकर तैयार किया गया है। गणपति जी को सदियों से पारंपरिक रूप में पूजा जाता रहा है। लेकिन हाल के वर्षों में कुछ मूर्तिकार और कारोबारी गणेश प्रतिमाओं को क्यूटश, कार्टून और आधुनिक अंदाज में बनाकर बाजार में बेच रहे हैं। इससे धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुँच रही है। इन मूर्तियों में भगवान गणेश के पारंपरिक स्वरूप को विकृत कर व्यंग्यात्मक और हास्यजनक ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है। इस तरह की मूर्तियाँ त्योहार की गंभीरता और धार्मिक भावना को आहत करती हैं। जिलाध्यक्ष हर्ष चंद्राकर ने आगे कहा कि आज हम सभी सनातनियों को इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है कि हम अपनी भावी पीढ़ी को अपने धर्म और परम्परा से किस प्रकार साक्षात्कार करा रहे हैं। हमारे वेदों और पुराणों में हर देवी देवताओं को एक मूल स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है। जिसके आधार पर हम उनकी उपासना करते है।



■ वैदिक मान्यताओं के अनुरूप हो भगवान की प्रतिमा

आज आधुनिक युग में व्यक्ति अपने बच्चों को वेद पुराण की ज्ञान नहीं दे पा रहा। ऐसे में यह पर्व, उत्सव के माध्यम से ही हम भावी पीढ़ी को संस्कृति व परंपरा से अवगत कराते हैं। लेकिन इस तरह की प्रतिमाओं से सनातन धर्म की मजाक बन रही है। उन्होंने मांग की है कि ऐसी सभी प्रतिमाओं के पंडालों में जाकर प्रशासन चिन्हित करें, तथा उन्हें भविष्य में इस तरह की प्रतिमाओं के स्थापना पर सख्ती से रोक लगाएं। साथ ही भविष्य में इस तरह की मूर्तियों का निर्माण और बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित की जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते प्रशासन कार्रवाई नहीं करेगी तो भावी पीढ़ी पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि भगवान गणेश को क्यूट या कार्टून स्वरूप में दिखाना धार्मिक मान्यताओं के साथ खिलवाड़ है। कलाकारों को अपनी रचनात्मकता का इस्तेमाल करते समय परंपराओं और भावनाओं का ध्यान रखना चाहिए। आज भगवान को अनेक स्थानों पर अन्य देवी देवताओं का स्वरूप दे दिया गया है, इसके अलावा अनेक स्थानों पर फ़िल्म के पात्रों का रूप देना पण्डालों में फ़िल्मी गीत चलाये जाना सनातन का घोर अपमान है विश्व हिंदू परिषद इसका पुरज़ोर विरोध करता है तथा सभी हिंदू सनातनियों से अपील करता है कि ऐसे सनातन विरोधी कार्य का विरोध करे जो की हर सनातनी का कर्तव्य है।

## प्रोजेक्ट सहारा- दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए आरंग में विशेष शिविर, 172 लोगों को मिला लाभ

**आरंग,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार मंगलवार को आरंग के टाउनहॉल में प्रोजेक्ट सहारा के तहत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक दिवसीय आंकलन शिविर का सफल आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, जनपद पंचायत और नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। दिल्ली से आए विशेषज्ञों की उपस्थिति में शिविर में आए लाभार्थियों के दस्तावेजों का मूल्यांकन किया गया। इसके आधार पर 172 पात्र हितग्राहियों को सहायता उपकरणों के लिए चयनित किया गया। शिविर में 127 दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के यू.डी.आई.डी. कार्ड, 57 नए दिव्यांग प्रमाण पत्र तथा 6 दिव्यांग राशन कार्ड बनाए गए। यू.डी.आई.डी. कार्ड के माध्यम से दिव्यांगजन अब कृत्रिम अंग, छात्रवृत्ति, सहायक उपकरण जैसी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।



इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में दिव्यांग एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना तथा उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण एवं प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना था।

# प्रथम पूज्य भगवान गणेश सुख समृद्धि के दाता:इन्द्र साव

**भाटापारा,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। अनाज लाइन हटरी बाजार स्थित नवजागरण गणेशोत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी 51 वां गणेश उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है।इस गणेश पंडाल पर रोजाना शाम की आरती में नगर के प्रबुद्ध नागरिकों को आयोजन समिति आमंत्रित करती है जिससे आरती का नजारा देखते ही बनता है।



बैंड बाजे के साथ होने वाली शाम के गणेश जी की इस आरती में क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव भी शामिल हुए और उन्होंने श्री गणेश जी की आरती कर क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि की कामना की।उन्होंने कहा कि

प्रथम पूज्य गणेश जी को बुद्धि, विवेक सफलता और समृद्धि का देवता कहा जाता है, उनका बड़ा सिर हमें बड़ी सोच रखने की प्रेरणा देता है। छोटे नेत्र एकाग्रता सिखाते है उनका वाहन मुषक विनम्रता का प्रतीक है। गणेश जी की आराधना हमें यह संदेश देती है कि कठिनाईयों से डरना नहीं चाहिए बल्कि बुद्धि,धैर्य और विनम्रता से सभी कष्ट को दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंगल कार्य की शुरूआत भगवान श्री गणेश से ही होती है और जहां गणेश जी की स्तुति होती है वह पूरा क्षेत्र पावन हो जाता है। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा विधायक इन्द्र साव का सम्मान किया गया।

इस दौरान राजकुमार शर्मा, मोहन केशरवानी, रोशन हबलानी, चन्द्रशेखर चक्रधारी, धनंजय तिवारी, सुरेश मंधान, नानू सोनी, जीतू शर्मा, नितिन शुक्ला, सत्यजीत शेंडे, मनीष केशरवानी, अनिल सोनी, कमल सेठी, मंतु चक्रवर्ती,कल्लू सोनी,पंकज केसरवानी,प्रमोद केसरवानी,मयंक केसरवानी, विजय सोनी,दीपक केसरवानी,मुन्ना गुप्ता,गोलू यादव सहित गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारी,वार्ड वासी एवं व्यापारिक गण उपस्थित थे।

# आरंग में मवेशी पहुंचा रहे फसलों को नुकसान, चिंतित किसानों ने प्रशासन से मांगी मदद

**आरंग,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। कृषि प्रधान देश और धान का कटोरा कहलाने वाले छत्तीगढ़ में किसानों की दयनीय स्थिति किसी ने नहीं छुपी है। अन्नदाताओ को धान की बुआई से लेकर उसे बेचने तक काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।क्षेत्र के किसान अभी सबसे ज्यादा तकलीफ में है क्योंकि मवेशियों से उनकी धान की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है।नगर के घुमराभांठा स्थित गौठान में नगर पालिका के सहयोग से मवेशियों को रखा जाता है लेकिन रात के समय अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ताला तोड़कर मवेशियों को गौठान से बाहर कर दिया जाता है ।गौठान से निकलकर मवेशी सीधे किसानों के खेत पहुंच रहे है और धान की फसलों को खा रहे है जिससे किसानों की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो रही है। किसान अपनी समस्याओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के पास जाते है लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है।किसानों की समस्याओं के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी ने मंगलवार को नगर पालिका में किसानों की बैठक रखी थी लेकिन किसानों को समुचित समाधान पालिका से नहीं मिल पाया।किसानों का आरोप है कि गौठान की देखरेख नगर पालिका के कर्मचारी करते है लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही के कारण आए दिन गौठान से सभी मवेशियों को छोड़ दिया जाता है।इससे किसान की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। अगर किसानों की फसलों की इसी तरह मवेशियों से नुकसान होता रहा तो किसान बर्बाद हो जायेंगे।



■ अतिक्रमणकारियों ने चारागाह की जमीनों पर कब्जा किया इसलिए परेशानियां बढ़ी

**आरंग के चारागाहों और शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण,इसी वजह से परेशानियां बढ़ रही**

जानकारी के अनुसार आरंग नगर पालिका क्षेत्र में लगभग 500 से ज्यादा शासकीय जमीन है।पहले मवेशियों के लिए पर्याप्त मात्रा में चारागाह थी।किसान चरवाहे की मदद से मवेशियों को चारागाह भेज देते जिससे किसानों की फसल बच जाती थी।कुछ वर्ष पहले तात्कालिक कांग्रेस सरकार में पूर्व मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया के निर्देश के बाद यहां की शासकीय जमीनों को कब्जा मुक्त किया गया था।लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण शासकीय जमीनों पर फिर से अतिक्रमणकारियो का कब्जा हो चुका है। बैहार और घुमराभांठा में तो शासकीय जमीनों की सौदे बाजी भी हो रही है। आरंग में मवेशियों के लिए चारागाह की जगह ही नहीं है जिसके कारण मवेशी या तो सड़को में दिख रहे है या फिर किसानों की खेतों में।आने वाले दिनों में अगर किसानों की समस्याओं का हल नहीं हो पाता है किसान कोई ठोस कदम उठा सकते है।

**बुधवार को आरंग में प्रशासनिक अधिकारियों और किसानों के बीच अहम बैठक**

किसानों की परेशानी और उनके आक्रोश को देखते हुए बुधवार को आरंग एसडीएम कार्यालय में आरंग एसडीएम,तहसीलदार और मुख्य नगर पालिका अधिकारी की मौजूदगी में किसानों की अहम बैठक होने वाली है।इस बैठक में मवेशियों को व्यवस्थित जगहों में रखने और किसानों की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया जाएगा।अगर इस बार किसान संतुष्ट नहीं हुए तो आने वाले दिनों में किसानों का आक्रोश फूट सकता है जिससे शासन प्रशासन को परेशानी हो सकती है।

# सभी अनुविभागीय अधिकारी स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्रों का सतत निरीक्षण करें: नंदनवार

## समय.सीमा की बैठक में कृषि केंद्रों में औचक निरीक्षण करने के निर्देश

**महासमुंद** 3 सितंबर (देशबंधु)। प्रभारी कलेक्टर हेमंत नंदनवार ने मंगलवार की सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय.सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा एवं रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी कलेक्टर श्री नंदनवार ने कहा कि सहकारी समिति में खाद पहुंचने पर इसे तत्काल किसानों को बांटना सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसे निजी दुकानों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें जहां अवैध खाद का भण्डारण एवं ऊंचे दामों पर बेचने की शिकायत प्राप्त हो रही है। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। डीएमओ ने बताया कि बसना और सरायपाली में 250.250 टन यूरिया की खेप आगामी दो दिन में पहुंचेगी जिसे किसानों को वितरण किया जाएगा। उन्होंने



कहा कि खाद के भंडारण के पश्चात सभी विकासखण्डों में वितरण सुनिश्चित करें। वहीं कृषि विभाग की समीक्षा में डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को फील्ड में जाकर सर्वे प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। किसान पंजीयन के लिए शत प्रतिशत किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आगामी 12 सितम्बर को आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेला के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर बेरोजगार युवक.युवतियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात है कि रोजगार मेला का आयोजन शासकीय वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा में किया जाएगा। प्रभारी कलेक्टर ने बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केन्द्र में नियमित रूप से भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को इस संबंध में सभी मितानिनों को आवश्यकतानुसार लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग का भी आवश्यक सहयोग लिया जाए। आंगनवाड़ी केन्द्रों के सतत निरीक्षण के लिए सभी पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए गए। उन्होंने रजत जयंती समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की और सभी विभागों को विशेष उपलब्धियों के साथ कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में समय.सीमा में डेटा अपलोड करने, तथा ई.ऑफिस का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने 15 वर्ष से अधिक पुरानी शासकीय वाहनों की नीलामी हेतु संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने आवारा पशुओं की समस्या को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पशु मालिकों पर अपने पशुओं को सड़क पर खुला छोड़ने पाए जाने पर जुर्माना लगाना जारी रखें। पंचायत स्तर पर पशुओं को रखने की स्थानीय व्यवस्था की जाए। पशुपालन विभाग द्वारा बताया कि पिछले सप्ताह तक सड़क से विस्थापित पशुओं की संख्या 3780 व 336 पशुओं पर रेडियम बेल्ट लगाया गया एवं 236 पशुओं पर टेगिंग किया गया है। अब तक कुल एक लाख एक हजार 500 रुपए का पेनाल्टी वसूल किया गया है। अवैध शराब बिक्री पर ठोस कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस और आबकारी विभाग को दिए हैं। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में समय.सीमा में प्राप्त पत्रों की समीक्षा, जनशिकायत निवारण एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

# सरकारी फरमान बेअसर, एनएचएम कर्मचारियों ने जलाई नोटिस की प्रतियां

**गरियाबंद,** 3 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को 15वें दिन भी जारी रही। इस दौरान गरियाबंद जिला के करीब 450 कर्मचारियों ने जिला अध्यक्ष अमृत राव भोंसले, प्रांतीय प्रतिनिधि भूपेश साहू और भूपेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में प्रशासन द्वारा भेजे नोटिस की प्रतियां जलाकर साफ संदेश दिया कि यह लड़ाई हक की है, इसलिए किसी भी दमन के आगे नहीं झुकेंगे।




इधर, हड़ताली कर्मचारियों की हिम्मत को बढ़ाने बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के विधायक जनक राम ध्रुव भी गांधी मैदान पहुंचे। उन्होंने मंच से कहा कि भाजपा सरकार ने वादा खिलाफी का नया इतिहास रचा है। भाजपा ने सत्ता में आने के पहले कर्मचारियों को नियमितीकरण का वादा किया था। जिले अब भूल गई है।

इस दौरान जिला अध्यक्ष अमृत राव भोंसले ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा ने वादे किए थे, लेकिन अब तक नतीजा शून्य। 170 से अधिक ज्ञापन देने के बावजूद हमें सड़क पर उतरना पड़ा। जिला उपाध्यक्ष रजत महतो ने कहा 20 साल का शोषण कोई छोटी बात नहीं। 15 साल उसी पार्टी की सरकार रही, पर कर्मचारियों की पीड़ा जस की तस। अब दमन के आगे नहीं झुकेंगे। पिछले दिनों केशदान किया, अब नोटिस जलाया, और आगे भी झुकने का सवाल नहीं।

हड़ताली कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री के बयान का भी खंडन किया कि 5 मांगे पूरी हो गईं। कर्मचारियों का कहना है यह झूठ और भ्रामक प्रचार है। केवल 2 मांगों पर आंशिक सर्कुलर आया है, बाकी सब टाल मटोल की नीति में अटकी हुई हैं।कर्मचारियों की मांगें—वेतन वृद्धि, नियमितीकरण, स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर, ग्रेड पे और अनुकंपा नियुक्ति—बुनियादी और जायज हैं। उन्होंने साफ कहा—ज्दो दशक का शोषण अब बर्दाश्त नहीं। यह जंग आर-पार की है और अंत तक लड़ी जाएगी।

**श्रमिकों का हुआ पंजीयन**

**बलौदाबाजार**, 3 सितम्बर(देशबन्धु)। श्रम विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल अंतर्गत श्रमिकों के पंजीयन तथा नवीनीकरण हेतु ग्राम पंचायत बिटकुली में शिविर का आयोजन किया गया।



राजिम विधानसभा को मिली बड़ी सौगात

# विधायक रोहित साहू के प्रयासों से कोटरीनाला जलाशय परियोजना को पूर्ण करने 21 करोड़ 29 लाख की मिली स्वीकृति





**विधायक रोहित साहू ने कहा हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे के ध्येय को चरितार्थ करने सुशासन वाली सरकार प्रतिबद्ध**

**फिंगेश्वर**, 3 सितम्बर(देशबंधु)। राजिम विधानसभा अंतर्गत छुरा क्षेत्र की वर्षों पुरानी बहुप्रतिक्षित मांग अब विधायक रोहित साहू के निरंतर प्रयासों से पूर्ण होने जा रही है। रोहित साहू जब से राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक निर्वाचित हुए हैं तब से लगातार राजिम क्षेत्र को अनेक सौगातें मिल रही हैं। जो कार्य वर्षों से लंबित थे तथा आजादी के बाद से ही जिन कार्यों को पूर्ण होने के लिए क्षेत्र की जनता वर्षों इंतजार कर रही थी वे कार्य अब विधायक रोहित साहू की सक्रियता से पूरी हो रही है। एक नहीं बल्कि अनेक परियोजनाएँ अब लगातार राजिम क्षेत्र के लिए स्वीकृत हो रही है जिसका लाभ राजिम विधानसभा की जनता को आगामी दिनों में मिलने जा रहा है। विधायक रोहित साहू के लगातार प्रयास के बाद छुरा विकासखंड के कोटरीनाला जलाशय परियोजना के शीर्ष कार्य मरम्मत,मुख्य नहर व अन्य नहरों के रिमॉडलिंग तथा सीमेंट कॉंक्रीट लाइनिंग कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस पर राजिम विधायक रोहित साहू ने हर्ष व्यक्त किया है एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप व वित्त मंत्री ओपी चौधरी को धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही क्षेत्र के अन्नदाता किसानों को बधाई व अपनी शुभकामनायें भी प्रेषित की। विधायक रोहित साहू ने बताया कि छुरा क्षेत्र के कोटरीनाला जलाशय परियोजना क्षेत्र के किसानों की बहुप्रतिक्षित मांग थी। विगत अनेक वर्षों से क्षेत्र के किसान इस परियोजना को पूर्ण करने संघर्षरत थे। किसानों की आवाज को सुशासन वाली भाजपा सरकार ने सुना और इसके लिए 21 करोड़ 29 लाख 42 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति अब मिल गई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी से इस परियोजना को लेकर चर्चा की थी साथ ही समाधान शिविर के दौरान भी मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया था। इसके अलावा तत्कालीन जलसंसाधन मंत्री केदार कश्यप को भी फिंगेश्वर क्षेत्र के ग्राम जामगांव आगमन के समय ध्यान आकर्षण कराया था जिस पर मंत्री केदार कश्यप ने मंच से ही इस परियोजना के लिए घोषणा की थी। यह जलाशय परियोजना क्षेत्र किसानों के लिए वरदान है। जलाशय के पूर्ण होने से किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पानी मिलेगा और इसकी सिंचाई क्षमता को बढ़ने से किसान लाभान्वित होंगे। प्रस्तावित कार्यों के उपरान्त योजना की रूपांकित सिंचाई क्षमता 1485 हेक्टेयर में 435 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार पूरे प्रदेश की जनता के लिए विकास कार्य कर रही है। प्रदेश के अंतिम छोर के व्यक्ति तक हर योजनाओं को पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही किसानों को सशक्त करने की दिशा में भी व्यापक कदम उठा रही है। हमारी सरकार च्हमने बनाया है हम ही सवारेंगेज्ञ के ध्येय को चरितार्थ कर रही है। इस जलाशय परियोजना के पूर्ण होने पर छुरा क्षेत्र के परसदा खुर्द, खुड़ियाडीह, पाटसिवनी,फिंगेश्वरी, अकलवारा,कसेकेरा, मुड़ागांव, नावापारा भ ,अमलोर, जामली,पिपरहठ्ठा,देवगांव आदि अनेक गाँवों के किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा। इस महत्वपूर्ण जलाशय परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों ने विधायक रोहित साहू को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। विधायक का आभार प्रकट करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, महामंत्री पालेन्द्र साहू, पीलूराम यादव, यादराम साहू, राजेश निषाद,जयंत साहू, टीकम साहू, मिलाप साहू,रुपसिंह साहू, नंदकुमार सेन, बालाराम साहू, गोकुल कुंभकार, भुवन ध्रुव सहित क्षेत्रभर के किसान शामिल हैं।

# नवीन पाठ्य पुस्तक पर आधारित 5 दिवसीय प्रशिक्षण



**सिमगा**, 3 सितम्बर(देशबंधु)। विकासखंड सिमगा में कक्षा छठवीं हिंदी एवं गणित विषय के नवीन पाठ्य पुस्तक पर आधारित 5 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें संबंधित विषय के सभी शालाओं के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में दोनों विषयों की दक्षताओं एवं कौशल को बच्चों में कैसे विकसित की जाए इस पर शिक्षकों द्वारा चर्चा की गई। पाठ्यपुस्तक में बदलाव विद्यार्थी केंद्रित होकर सीखने को अधिकाधिक अवसर प्रदान करता है। नवीन पाठ्य पुस्तक द्वारा किस प्रकार विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विषय के उद्देश्यों को पूरा करना है इस पर प्रकाश डाला गया एवं चर्चा की गई। शिक्षण को बच्चों के अनुरूप कैसे बनाए जाएं ताकि उनका समग्र विकास हो इस पर भी प्रशिक्षण में बताया गया प्रशिक्षण में सभी शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक विषयगत बारीकियों को सीखा जिसे वे अपनी कक्षाओं में क्रियान्वित कर सकेंगे प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद शिक्षकों ने कहा पाठ्य पुस्तक में यह बदलाव विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य की ओर ले जाएगा। छात्र योग शिक्षा कला शिक्षा एवं विभिन्न कौशल सीखेंगे जो सीखने सीखने को और सरल रोचक और उपयोगी बनाएगा। प्रशिक्षण में डाइट रायपुर से अकादमिक निरीक्षक श्री के के साहू विनती श्रीवास्तव सुनिता साव सुमिता सिकरवार ने प्रशिक्षण का अवलोकन किया एवं प्रशिक्षण के उद्देश्य को समझाया तथा ब्लॉक में चल रहे प्रशिक्षण प्रक्रिया के बारे में शिक्षकों से फीडबैक लिए एवं चल रहे प्रशिक्षण की प्रशंसा की। प्रशिक्षणार्थी शिक्षिकाओं ने छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में सुआ नृत्य भी प्रस्तुत किया जो कला शिक्षण के महत्त्व को प्रदर्शित करता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ढाल सिंह ठाकुर एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी राकेश सिंह,चतुर सिंह ध्रुव विकासखंड स्रोत समन्वयक किरण वर्मा के मार्गदर्शन पर हिंदी की प्रशिक्षकों नारंतक यादव संदीप शुक्ला नंदकुमार ध्रुव एवं गणित के प्रशिक्षक चंद्रशेखर साहू गणेश राम साहू, डोमार देवांगन ने प्रशिक्षण दिया।

# पिथौरा में लगातार दूसरे दिन चोरी का प्रयास, अज्ञात चोर पुलिस की गिरफ्त से बाहर



**पिथौरा**, 3 सितम्बर(देशबंधु)। नगर के श्री गुरुद्वारा साहिब, जो सिख समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है, में बीती रात एक बार फिर चोरी का प्रयास हुआ। अज्ञात युवक ने देर रात चोरी की नीयत से गुरुद्वारे में घुसपैठ की, लेकिन वहां मौजूद ग्रंथि हरपाल सिंह गिल की सतर्कता के कारण चोर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सका और हल्ला मचने पर भाग निकला। यह घटना रात करीब 10:00 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, ग्रंथि हरपाल सिंह गिल भोजन करने के बाद अपने कमरे में विश्राम के लिए जा रहे थे, तभी उन्हें छत की ओर से संदिग्ध आहट सुनाई दी। चौकन्ने होकर जब उन्होंने सीढ़ियों की दिशा में देखा, तो एक युवक दिखाई दिया। ग्रंथि द्वारा शोर मचाने पर चोर छत से कूदकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज में चोर की कुछ सेकंड की गतिविधियां रिकॉर्ड होने की पुष्टि की। थाना प्रभारी उमेश वर्मा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

**लगातार दो दिनों में चोरी के प्रयास, पुलिस की कार्यशैली पर सवाल**

यह दूसरा मौका है जब पिथौरा में लगातार दो दिनों के भीतर चोरी का प्रयास सामने आया है। हालांकि, दोनों ही मामलों में चोर अपने इरादों में सफल नहीं हो सके, लेकिन इन घटनाओं ने स्थानीय पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली और गश्ती व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। व्यापारी वर्ग और स्थानीय नागरिक अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और पुलिस की कथित लापरवाही को लेकर आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। नागरिकों ने जिला पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए और क्षेत्र में गश्त को और प्रभावी किया जाए। व्यापारियों का कहना है कि बार-बार हो रही इन घटनाओं से उनका विश्वास पुलिस प्रशासन पर से उठता जा रहा है।

**पुलिस की कार्रवाई और भविष्य की रणनीति**

थाना प्रभारी उमेश वर्मा ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर तकनीकी जांच शुरू कर दी है। साथ ही, क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना पुलिस को दें ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और चौकसी बढ़ाने की मांग की है। इस घटना ने एक बार फिर नगर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं, और लोग पुलिस की त्वरित कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# प्रमाणित बीज उत्पादक किसान बनने के लिए 15 सितंबर तक पंजीयन

**बिलाईगढ़**, 3 सितम्बर(देशबंधु)। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम है, जिसके द्वारा प्रत्येक वर्ष खरीफ मौसम में कृषकों को बीज उत्पादन कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाता है। प्रमाणित बीज उत्पादन की बिक्री के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अगस्त था, जिसे बढ़ाया गया है। अब किसान 15 सितंबर तक पंजीयन कर सकते हैं।

**कैसे बने बीज उत्पादक किसान**

बीज उत्पादक किसान बनने के लिए, जिन किसानों के पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक ज़मीन है वो छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था में मामूली शुल्क देकर अपना पंजीयन करा सकते है। इसके लिए किसान को सारंगढ़ - बिलाईगढ जिले के बीज प्रकिया केंद्र बरमकेला में संपर्क करना होगा या अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से भी बात कर सकते हैं। धान या अन्य फसल उत्पादन में पुराने बीज की तुलना में प्रमाणित बीज के उपयोग से 10 से 15 प्रतिशत अधिक उपज प्राप्त होता है। फ़सल की पैदावार बढ़ाने के लिए कृषि विभाग द्वारा प्रमाणित बीज के उपयोग को बढ़ावा दिया जाता है। प्रदेश के किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार किस्मों का प्रमाणित बीज मुहैया कराने के लिए बीज निगम बीज उत्पादन कार्यक्रम आयोजित करता है। फ़सल कटने पर प्रक्रिया केंद्र में बीज देने पर किसान को एक सप्ताह में बीज की अग्रिम राशि दे दी जाती है, जो कुल बीज की कीमत का लगभग 60त्न राशि है शेष 40त्न राशि बीज परीक्षण परिणाम आने पर दी जाती है। लगभग 2 माह में भुगतान होता है।

**पिछले वर्ष में शासन का बीज मूल्य**

पिछले खरीफ वर्ष में धान मोटा किस्म की किसानों से बीज खरीदी दर 3043+800 (बोनस)= 3843 रुपये प्रति चिंटल, धान पतला किस्म- 3211+800(बोनस) = 4011 रुपये प्रति चिंटल, सुगंधित किस्म- 3644+800(बोनस)= 4444 रुपये प्रति चिंटल था। इसप्रकार, पिछले खरीफ में जिन किसानों ने बीज निगम में उत्पादन कार्यक्रम में हिस्सा लिया था, उन्हें शासन द्वारा निर्धारित धान की खरीदी दर 3100/- प्रति चिंटल की तुलना में मोटे किस्म की 743 रुपये प्रति चिंटल अर्थात 15603 रुपए प्रति एकड़ अधिक मिले। मतलब 1 हेक्टेयर वाले किसान को लगभग 40 हजार रुपये अधिक मिले। हालांकि किसानों को बीज का 40त्न राशि मिलने में दो से ढाई माह लगता है किन्तु तब भी किसी अन्य निवेश से अधिक लाभ प्राप्त होने से किसान इस कार्यक्रम के प्रति उत्साहित रहते हैं। प्रमाणित बीज का उत्पादन और बिक्री है किसानों के लिए लाभकारी व्यवसाय है। अभी शासन स्तर पर उत्पादन अनुदान बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है, जिसे अंतिम रूप मिलने पर लाभ और अधिक होगा। बीज प्रमाणीकरण अधिकारी से इसकी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## विधायक-नप अध्यक्ष महाआरती में शामिल हुए



**कुरूद**, 3 सितम्बर(देशबंधु)। गणेश पंडाल में पहुंचकर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि ने की पूजा अर्चना कुरूद विगत दिनों कारगिल चौक गणेशोत्सव समिति कुरूद के महाआरती में सम्मिलित होकर नगर पंचायत के अध्यक्ष ज्योति भानू चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि भानू चंद्राकर ने विराजित भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर वार्ड वासियों एवं नगरवासियों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की और गणेश पुजा 2025 के लिए बधाई दिये, आयोजक युवा साथियों का अभिनंदन करते हुए आमंत्रण: के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया ।प्रथम पुज्य गणेश भगवान आप समस्त श्रद्धालुओं और धर्म प्रेमियों के मनोकामना पुरी करें। देवा से प्रार्थना करते है, यहां की सुख, शांति, समृद्धि और वैभव सदैव भोलेनाथ के कृपा से मिलता रहे, मंगलकामनाओं के साथ गणपति बप्पा मोरया, हर हर महादेव की जयकारा लगाया।

## स्वास्थ्य टीम ने आश्रम छात्रावास की बालिकाओं का किया स्वास्थ्य जांच



**बिलाईगढ़**, 3 सितम्बर(देशबंधु)। स्वास्थ्य टीम द्वारा जिले के कुल 32 बालिका आश्रम एवं छात्रावास में दर्ज 1636 सभी बालिकाओ का हीमोग्लोबिन जांच कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला के मार्गदर्शन में किया गया ।हीमोग्लोबिन जांच में ईशा निराला की 4.8, रीना महिलाने की 6.3 और नेहा साहू की 7 ग्राम पाया गया। जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में इन सभी बालिकाओं के शरीर में उनके ग्रुप का रक्त संचार किया गया। सारंगढ़ ब्लॉक में इस कार्य में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रामलाल सिदार का विशेष सहयोग रहा।

जिला अस्पताल में गार्ड इंजेक्शन लगाने मामले में कार्रवाई

## दो स्टॉफ नर्स निलंबित, डॉक्टर, सीएस सहित अन्य उच्च अधिकारियों पर भी गिर सकती है गाज

गरियाबंद, 3 सितम्बर(देशबंधु)। जिला चिकित्सालय गरियाबंद में 21 अगस्त को गार्ड द्वारा मरीज को इंजेक्शन लगाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर के संभागीय संयुक्त संचालक ने जिला स्तरीय जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन ड्यूटीरत दो स्टॉफ नर्स को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जांच में दोनों नर्सों की लापरवाही प्रमाणित पाई गई। आदेश अनुसार, निलंबन अवधि में दोनों का मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम निर्धारित किया गया है तथा इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। इधर, मामले के हाई कोर्ट के संज्ञान में आने के बाद स्वास्थ्य विभाग भी गंभीरता से जांच कर रहा है। यही वजह है कि अब डॉक्टर, सीएस सहित अन्य उच्च अधिकारियों पर भी गाज गिरने की पूरी संभावना जताई जा रही है। विभागीय स्तर पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

## नहर मरम्मत में फर्जीवाड़ा, मामला उजागर होने के बाद कलेक्टर ने बिठाई जांच

गरियाबंद, 3 सितम्बर(देशबंधु)। जलसंसाधन विभाग के फिंगेश्वर अनुविभाग में नहरों की मरम्मत के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कलेक्टर बीएस उइके ने मामले की जांच के कमेटी गठित कर दी है। कलेक्टर बीएस उइके ने जांच के लिए अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की है। इसमें पीडब्ल्यूडी और ग्रामीण यांत्रिकी सेवाओं के कार्यपालन अभियंता तथा जिला कोषालय अधिकारी सदस्य रहेंगे। कलेक्टर ने समिति को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भुगतान और रिकॉर्ड की गड़बड़ियों की निष्पक्ष व समयबद्ध जांच की जाए और दोषियों की जवाबदेही तय की जाए। मालूम हो कि रोबा निवासी किसान यादराम साहू ने आरटीआई के माध्यम से फिंगेश्वर वितरक शाखा व टेल एरिया की 9 नहरों में 56 स्थानों पर 1600 मीटर से अधिक हिस्सा क्षतिग्रस्त दिखाकर मरम्मत में फर्जीवाड़ा का खुलासा किया था।

# 119 साल पुराना है पलारी थाना, नगर के दीपक ने दिया इसके इतिहास को व्यवस्थित रूप



**पलारी**, 3 सितम्बर(देशबंधु)। इतिहास हमारे बीते हुए कल का दस्तावेज होता है ।जिससे हम अपने ऐतिहासिक गौरव से परिचित होते हैं ।नगर पंचायत पलारी के ऐतिहासिक धरोहर के रूप में सिद्धेश्वर महादेव मंदिर तो है ही , साथ ही साथ इस नगर का थाना भी 119 साल पुराना है ।जो नगर वासियों के किए एक प्राचीन धरोहर है ।इस थाने का व्यवस्थित इतिहास अब नए रूप में लिखा गया है ।जिससे इस थाने के ऐतिहासिक गौरव के बारे में अब लोग जान सकेंगे ।इस काम का बीड़ा उठाया नगर के युवा शोधार्थी दीपक कुमार तिवारी ने ।जो कि पण्डित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग से शोध कर रहे हैं ।श्री तिवारी ने बताया कि इस महत्वपूर्ण काम को पूरा करने के लिए उन्होंस थाने में उपलब्ध ऐतिहासिक दस्तावेजों का अध्ययन किया ।इस थाने में अंग्रेजों द्वारा लिखे गए दस्तावेज उपलब्ध हैं, जो इस इतिहास को व्यवस्थित रूप देने में आधार बने ।यह थाना 1906 में ब्रिटिश शासकों द्वारा स्थापित किया गया था, जो कि स्थापना के समय ग्राम दतान (प) में था, बाद में जन सुविधा के लिए इसे पलारी में स्थानांतरित किया गया ।समय समय पर इस थाने में शामिल होने वाले ग्रामों की संख्या कम ज्यादा होती रही ।लेखक ने इन सभी दस्तावजों को पढ़कर भौगोलिक, सामाजिक और ऐतिहासिक रूप से इस इतिहास को लिखा है ।जिसमे थाने की सीमा इत्यादि की जानकारी है ।थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने बताया कि यह इतिहास पहले ही लिखा जाना था, पर किन्ही कारणों से नही लिखा गया, अब इसे प्रामाणिक रूप देना जरूरी था जिसके लिए युवा लेखक दीपक कुमार तिवारी ने श्रम करके इसे सम्भव बनाया ।इस इतिहास के लिखे जाने के बाद इसे थाना भवन में अंकित कर दिया गया है, जिससे आने जाने वाले सभी लोग इसका अवलोकन कर सकेंगे।

# पतेरापाली के पास वाहन से कुचल कर अजगर सांप की दर्दनाक मौत



**बागबाहरा**, 3 सितम्बर(देशबंधु)। आज बुधवार की अलसुबह पतेरापाली गांव में वैभव मान्या फार्म हाऊस के सामने एनएच 353 में एक मोटे ताजे अजगर सांप की अज्ञात वाहन से कुचल कर दर्दनाक मौत हो गई। जिसकी लम्बाई लगभग 4 फ़ीट की थी। वह सुबह विचरण करने के दौरान एनएच 353 रोड पार कर रहा था। तभी किसी अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में लेकर कुचल दिया। जिससे घटना स्थल पर ही अजगर सांप की मौत हो गई। उक्त अजगर सांप की लाश दिन भर घटना स्थल पर पड़ी रही। लेकिन किसी ने वन विभाग को सूचना नहीं दिया। तथा उसका शव वाहनों से कुचल कर क्षत-विक्षत हो गया।

## ईमदाद फाउंडेसन के तत्वाधान में निशुल्क जांच शिविर



**नवापारा राजिम** 03 सितंबर देशबंधु । ईमदाद फाउंडेसन ? के तत्वाधान में मेडिशाईन ? हास्पीटल द्वारा नवापारा राजिम में एक वृहद नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया जिसमें संस्था एवं आम नागरिकों ने बढ़चकर हिस्सा लिया श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल ने सामाज और संस्था के सदस्यों के लिये अपने विभन्न विभागों के चिकित्सा सेवाओं को नि:शुल्क रखा था, श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल के विभिन्न विभागों के चिकित्सक डॉ संजय अग्रवाल, पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ, डॉ तुषार बहादुरे, किडनी रोग विशेषज्ञ, डॉ जोगेश विशनदासानी, हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ निशा जनरल मेडिसीन विशेषज्ञ, इमदाद फाउंडेशन के सदस्य हाजी एजाज खत्री अध्यक्ष,मो रजा भाटी सचिव, शाहिद सुलड़ा कोषाअध्यक्ष, हामिद खत्री, हाजी अतहर रिजवी, जावेद खोखर नूरूल रिजवी, जुनेद सोलकी, इस्तियाक ढेबर, तौफीक, अशरफ खत्री मौजूद थे जिनसे संस्था के सदस्यों के आलावा सामाज के बुजुर्ग, बच्चे और महिलाओं सहित अन्य रहवासियों ने नि: शुल्क परामर्श का लाभ उठाया श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल ने इस मेडिकल कैंप में अपने हास्पिटल के न्यूनतम दरों वाले हेल्थ पैकेज की घोषणा

## निधन

### ओम अग्रवाल



**थान खम्हरिया**, 3 सितम्बर। नगर के प्रमुख व्यावसायिक ओम अग्रवाल का 65 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया, उनके खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई, विगत 2 मांह से अस्वस्थ चल रहे थे जिनका दाह संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया सामाजिक लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की अपने पीछे पुत्र पवन अग्रवाल एवं पुत्री पूजा अग्रवाल प्रीति अग्रवाल को छोड़कर गए हैं अंतिम यात्रा में नगर के समाजसेवी पत्रकार और गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### श्रीमती विभा श्री श्रीमाल



**थान खम्हरिया**, 3 सितम्बर। नगर के प्रतिष्ठित अनाज व्यापारी सुनील जैन की धर्मपत्नी का 3 सितंबर सुबह 6= 30 को हार्ट अटैक से निधन हो गया/ वे 52 वर्ष की थी , शांत सरल स्वभाव की धनी थी मारवाड़ी मुक्तिधाम में दाह संस्कार किया गया । अकस्मात निधन से परिवार के लोगों की आंखें बेहद नम थी समाज के लोगों ने मिलकर संवेदना व्यक्त की अग्रवाल समाज के द्वारा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की अपने पीछे पुत्र दक्ष जैन एवं पुत्री वह भतीजा अखिलेश चिराग राहुल जैन को छोड़कर गई है।

# नरेंद्र मोदी के जन्मदिन मनाने का संकल्प लिया



कोहका-तिल्दा , 3 सितम्बर(देशबंधु)। तिल्दा नेवरा निवासी राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम नरेंद्र मोदी विचार मंच के ट्ठ रायपुर जिला अध्यक्ष आशा देवी साहू एवं दास जी साहू प्रदेश महासचिव छत्तीसगढ़ , व प्रदेश प्रभारी ट्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं मध्यप्रदेश, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे जी , डॉ राकेश दास जी मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम नरेंद्र मोदी विचार मंच ने एक संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि

दिनांक 31.08.2025 रविवार के दिन कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना रायपुर में आदरणीय राजकुमार शर्मा जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र मोदी विचार मंच द्वारा सभी 28 संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष जिला अध्यक्ष और सभी कार्यकर्ताओं को अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होने के लिये निवेदन पूर्वक आग्रह किया था उनके आग्रह को स्वीकार करते हुये लगभग 150 लोग आज इस बैठक में उपस्थित हुये इस बैठक का मुख्य उद्देश्य देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के 75 वे जन्मदिवस के कार्यक्रम को ऐतिहासिक यादगार के रूप में मनाने का लक्ष्य रखा गया , और जन्मदिन पर क्या-क्या कार्य किया जाये किस-किस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीओ को क्या-क्या जिम्मेदारी दी जा सकती है और कौन-कौन से कार्यकर्ता व पदाधिकारी क्या काम कर सकते हैं इस दौरान 16 से 20 खेलों के लिये अलग-अलग प्रभारी नियुक्त किये गये और सभी प्रभारी से निवेदन किया गया कि अपने नीचे 10 और लोगों का भी टीम बनाये सभी सरकारी स्कूलों सभी गैर सरकारी स्कूलों में जाकर निशुल्क भारतीय खेल गैर परंपरागत खेल का आयोजन किया जाये इस बारे में रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति जी से चर्चा करने के लिये टीम का गठन किया गया , शुरुआत में प्रतिस्पर्धा केवल रायपुर जिले में आयोजित होगी इसके बाद अक्टूबर नवंबर महीने में पूरे प्रदेश भर में खेल महोत्सव के रूप में हम इसको आयोजित करेंगे छत्तीसगढ़ प्रदेश के पखांजूर दुरांचल बस्तर संभाग में राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करने की जिम्मेदारी तय की गई उसके लिये एक चित्रकारी प्रतियोगिता भी आयोजन करने का विचार किया गया है । जिसमें तीन अलग-अलग आयु वर्ग के लोगों को शामिल किया जायेगा इन सभी लोगों को जो विषय दिये गए हैं उनमें प्रमुख रूप से मेरे सपनों का भारत के अलावा स्वदेशी भावना का जागरण विदेशी वस्तुओं का तिरस्कार प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी की 200 योजना में से किसी भी योजना पर चित्रकला या पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी , यह सभी कार्यक्रम 12 तारीख से शुरू होकर 15 या 16 तारीख तक समाप्त कर दिए जायेगे प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और पुरस्कार देने की योजना सभी अनुषांगिक संगठन ने प्रतिज्ञा की हम सब एक हैं और एक रहेंगे अंग्रेजों की फूट डालो और शासन करो नीति का विरोध करेंगे पर्यावरण विभाग के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उनके द्वारा इस दौरान 10000 पेड़ लगाए जाएंगे स्वयं राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ .राकेश दास मिश्रा जी ने कहा कि इस अभियान में पर्यावरण प्रकोष्ठ की वैश्विक सहायता करेंगे पौधे भी देंगे और लगाने की व्यवस्था भी करेंगे इस अवसर पर कृष्णा पब्लिक स्कूल में सिंदूर के 1000 पौधे लगाए जाने की बात राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश दास मिश्रा जी ने बताये तो बहुत सारे लोगों ने सिंदूर के पौधों के वितरण के लिये भी अपना इच्छा व्यक्त की , इस अवसर पर आज नरेंद्र मोदी जी के मन की बात का कार्यक्रम कबीर नगर चौराहे पर आयोजित किया गया जहां राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राजकुमार शर्मा जी के नेतृत्व में 300 से अधिक लोगों ने रेडियो पर प्रसारण को सुना इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों ने राजकुमार शर्मा जी को विश्वास दिलाया कि नरेंद्र मोदी जी के 75 वे जन्म दिवस के पावन अवसर में हम ट्ठ सब एकत्र होकर कार्यक्रम में हर संभव सहयोग करने का संकल्प लिया गया,प्रदेश स्तरीय महा बैठक में सैकड़ों नये लोग भी शामिल हुये, नये पुराने लोगों ने भी नरेंद्र मोदी विचार मंच के बारे में कई तरह के प्रश्न पूछे नरेंद्र मोदी विचार मंच की आवश्यकता क्यों 28 संगठन बनाने की आवश्यकता क्यों ? अलग-अलग नाम से संगठन क्यों ? सभी प्रश्नों का उत्तर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा जी ने विस्तार पूर्वक समझाते हुये लोगों की जिज्ञासा को शांत किया डॉ राकेश मिश्रा ने सरकार भारती के प्रथम राष्ट्रीय बनाकर सम्मेलन में भाग लेने वाले समस्त अनुषांगिक संगठनों के कार्यकर्ताओं को शुभकामना और बधाई दी , और कहा की उक्त कार्यक्रम में शामिल होने से हमें संघानुकूल वातावरण में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा और बहुत सारे कार्यकर्ताओं को संघ के कार्य प्रणाली को सिखाने में मदद मिलेगी । रायपुर जिला के जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी साहू जी एवं दास जी साहू ट्ठ प्रदेश महासचिव छत्तीसगढ़ ने कार्यक्रम में पधारे समस्त कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये आभार व्यक्त किये ।

## प्रादेशिकी का शेष...

**नवापारा में अवैध अतिक्रमण...**

अतिक्रमणकारीयों ने लगाया आरोप

अतिक्रमणकारीयों का आरोप है कि प्रशासन ने कार्रवाई से पहले उन्हें नोटिस ही नहीं दिया है। न ही कोई जानकारी दी गई है। अचानक हुई कार्रवाई के कारण उन्हें सामान हटाने का मौका भी नहीं मिला है। उनका कहना है कि कार्रवाई से उन्हें काफी नुकसान हुआ है।

क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में नपा सीएमओ लवकेश पैकरा ने हमारे संवाददाता को बताया कि वार्डवासियों द्वारा मिले आवेदन और पीएम श्री स्कूल के विस्तारीकरण के लिए स्कूल से लगी शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। रही बात अतिक्रमणकारियों को नोटिस नहीं दिए जाने की तो उन्हें पूर्व में कई बार नोटिस दिया जा चुका है लेकिन उन्होंने जगह खाली नहीं किया जिसके बाद यह कार्रवाई करनी पड़ी। कल भी कार्रवाई जारी रहेगी ।

**जिले के सभी विकासखण्डों में...**

और गंदगी के सुरक्षित निपटान की समस्या का समाधान हुआ है। इस वैज्ञानिक पद्धति से भूजल दूषित होने, दुर्गंध फैलने और बीमारियों का खतरा कम होगा। गांव-गलियों में स्वच्छ वातावरण बनने के साथ ही पानी और मिट्टी की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। इस कार्य में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित पंचायत जनप्रतिनिधियों का योगदान सराहनीय रहा।

# छत्तीसगढ़ के कलाकारों की गुहार, नहीं सुन रही सरकार

**बागबाहरा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। शासन-प्रशासन को अनेक बार आवेदन एवं ज्ञापन सौंपने के बाद भी छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत पार्टी संघ के समस्याओं की गुहार राज्य सरकार नहीं सुन रही है। जिसके कारण प्रदेश के विभिन्न विधाओं के कलाकारों का भविष्य अंधकारमय नज़र आ रहा है। कलाकारों के आर्थिक उत्थान एवं उनके विकास के लिए कोई कार्य योजना शासन द्वारा अभी तक नहीं बनाई गई है। जिसके चलते वे लोग आर्थिक संकट से जूझ रहे है। कलाकारों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नाचा गम्मत पार्टी संघ के पदाधिकारियों को केवल आश्वासन की रोटी खिला रहा है। वास्तविक में उन लोगों को जो लाभ शासन प्रशासन से मिलना चाहिए। वह कार्य योजना अभी तक प्रारम्भ नहीं हुआ है। कलाकारों की आर्थिक संकट को देखकर अच्छे-अच्छे पत्थर दिल वाले इंसान का भी दिल पिघल जाता है। लेकिन शासन प्रशासन में बैठे लोग उनकी समस्याओं को दूर करने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं। जिसके कारण प्रदेश के कलाकारों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है।



छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं अंचल के सुप्रसिद्ध नाचा गम्मत ककहा भतीजा सराईपाली उखरा कोमाखान के संस्थापक रंजीत चक्रधारी द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के लोक संस्कृति नाचा विधा के संरक्षण संवर्धन एवं उनके उत्थान हेतु विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं पूर्व मुख्यमंत्री रमनसिंह से सौजन्य भेंट मुलाकात कर नाचा गम्मत कलाकारों के पीड़ा को अवगत कराते हुए नाचा गम्मत कलाकारों के आर्थिक स्थिति को संवारने एवं उनके सुधार के लिए ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया गया। नाचा गम्मत कलाकारों के इस समस्या को गंभीरता से सुनते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को जल्द से जल्द संज्ञान लेने हेतु पत्र प्रेषित किया जाएगा। इस भेंट मुलाकात के दौरान लोक कलाकार सरंक्षण समिति बागबाहरा के प्रमुख कलाकार शामिल थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीयनाचा गम्मत लोक कलाकार आज भी अपनी आर्थिक दशा एवं बदहाली पर रो रहा है। उनकी मांगो पर शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शासन प्रशासन को अनेकों बार आवेदन एवं ज्ञापन सौंपने के बाद भी उन लोगों की मांगो पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शासन इनके संघ को केवल आश्वासन की रोटी खिला रहे है। जिसके कारण नाचा गम्मत कलाकारों में अच्छा खासा नाराज़गी व्याप्त है। एक लम्बे अरसे से यह संघ अपनी विभिन्न मांगो को लेकर जूझ रहा है। लेकिन इनकी मांगो को गंभीरता से कोई नहीं ले रहा है। जिसके कारण उनकी आर्थिक स्थिति दिनोदिन बद से बदत्तर होती जा रही है। शासन प्रशासन में बैठे लोग छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत संघ के कलाकारों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने गंभीर नहीं है। न ही उन लोगों की मांगो पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शासन को चाहिए कि उनकी मांगो को गंभीरता से लेते हुएआर्थिक स्थिति को मजबूत करते हुए उन्हें हर महीने पारिश्रमिक राशि दिया जाए। ताकि छत्तीसगढ़ के तमाम समस्त कलाकारों को एक बहुत बड़ी राहत मिल सकें। छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत पार्टी संघ के प्रदेशाध्यक्ष रंजीत चक्रधारी, जिलाध्यक्ष ऐतराम पप्पू साहू, ब्लॉक अध्यक्ष टीकम पटेल और प्रसिद्ध गायककार कलाकार निजाम सिंह दीवान कन्हारपुरिया, डिमान सेन, विश्राम यादव, कलाकार विकास मंच बागबाहरा के अध्यक्ष ललित सोनी, मैनेजर जगत राम साव, मोतीलाल पटेल, डगेश्वर साहू, मोतीलाल चक्रधारी, विकास वैष्णव, राजकुमार मानिकपुरी आदि ने आक्रोश व्यक्त करते हुए शासन- प्रशासन से मांग किया है कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न विधाओं के कलाकारों की समस्याओं के निराकरण हेतु एक सशक्त कार्य योजना शीघ्र बनाया जाए। ताकि कलाकारों को आर्थिक समस्याओ से निजात मिल सके।

# नपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने रामलीला मैदान का निरीक्षण किया



**भाटापारा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने आज नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान आगामी रामलीला आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया, जिसमें मंच, प्रकाश, ध्वनि, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन जैसी सभी महत्वपूर्ण तैयारियों का जायजा लिया गया।

अध्यक्ष श्री शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों से चर्चा करते हुए सुनिश्चित किया कि किसी भी प्रकार की समस्या या कमी का त्वरित और प्रभावशाली समाधान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि रामलीला हमारे गौरवशाली धर्म, संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रतीक है। इसे भव्य एवं सुरक्षित रूप से आयोजित करना हमारा कर्तव्य है, ताकि हर श्रद्धालु और नगरवासी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ इस दिव्य आयोजन का आनंद ले सकें। साथ में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया सभापति मनीष मिश्रा पार्षद सतीश साहू भुवन सिंह ठाकुर ठाकुर राम साहू, गोपी ध्रुव आयोजन समिति से संदीप मोनू मल देवनारायण शर्मा बजरंग लाल चौरसिया जी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान इंजीनियर कमलेश साहू पूर्णेन्दु त्रिवेदी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त खेल मंत्री से मिला छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

**भाटापारा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवम नवनियुक्त खेल मंत्री श्री अरुण साव जी से नवा रायपुर स्थित उनके निवास पर भेट कर उनका स्वागत किया, छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने खेल मंत्री जी के समक्ष एन. आई. एस कोचेस की भर्ती, पदक विजेता खिलाड़ियों की डाइट मनी में वृद्धि, एवम खेल विभाग में कर्मचारियों की भर्ती के विषय को मंत्री जी से चर्चा कर इन मुद्दों में कार्यवाही हेतु निवदन किया, जिस पर मंत्री जी ने उचित कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया, मंत्री जी से भेट के दौरान छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के सरंक्षक श्री जी.एस बाम्बरा छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष श्री महेंद्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सौरभ लुनिया कोषाध्यक्ष श्री जगपाल सिंह धालीवाल सहसचिव आदित्य सिंह, रवि शंकर धनकर, रवि राजा, दीपक पटेल, हिमांशु चन्द्राकर, आदि उपस्थित थे।



# प्रताप बर्मन के मिट्टी कार्यक्रम में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब

**आरंग,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम मुलमुला निवासी स्व. प्रताप बर्मन के मिट्टी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब शामिल हुए। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित कर परिवारजनों से भेंट की एवं गहरी संवेदना प्रकट की।

**मंत्री ने पीड़ित परिवार को अपने तरफ से तत्काल 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी**

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने परिजनों को राज्य सरकार एवं रेलवे विभाग की ओर से दी जाने वाली ?26.50 लाख की मुआवजा राशि, दिवंगत की पत्नी को आउटसोर्स में नौकरी एवं बच्चे की निःशुल्क शिक्षा संबंधी विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने अपनी ओर से शोक संतप्त परिवार को ?1 लाख की त्वरित अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी प्रदान की और भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।



इस अवसर पर गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि ङ्कप्रदेश के प्रत्येक नागरिक का दुःख हमारा दुःख है। इस कठिन समय में सरकार और हम सब परिवार के साथ खड़े हैं। ज्ञात हो कि ग्राम मुलमुला निवासी प्रताप बर्मन की कुछ दिन पूर्व बिलासपुर रेलवे स्टेशन में ट्रेन की सफाई के दौरान हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गई थी। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

उनके अंतिम संस्कार एवं मिट्टी कार्यक्रम में मंत्री के साथ-साथ बड़ी संख्या में समाज के लोग और ग्रामीणजन भी उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। अंत में मंत्री ने परम् पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिवार को यह वज्रपात सहने की शक्ति प्रदान करें।

# नेवता भोज का आयोजन

**तिल्दा नेवरा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। मौली माता मंदिर स्कूल में न्यौता भोज का आयोजन किया गया. इस दौरान बच्चों की थाली में फल के साथ स्वादिष्ट भोजन परोसा गया.

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मौली मंदिर तिल्दा बस्ती में न्यौता भोज का आयोजन यादव जी पेट्रोल पंप के संचालक द्वारा इंडियन आयल के स्थापना दिवस के अवसर पर अशोक यादव एवं श्रीमती ममता यादव के सहयोग से बच्चों को खीर, पूड़ी, सब्जी और फल का वितरण किया गयाइस भोज के जरिए स्कूली बच्चों को स्वादिष्ट भोजन के साथ कई विशेष व्यंजन उनके थाली में परोसे गए . कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन आयल के अधिकारी चीफ मैनेजर रायपुर डिविजनल ऑफिस मार्टिन गंगते (विक्रय अधिकारी), नगर पालिका अध्यक्ष श्री मति चंद्रकला वर्मा श्रीमति शैल महेंद्र साहू जी ,जिला पंचायत सभापति, दिनेश साहू, संतोष यदु, प्रेम कोशल, ईश्वर यदु, दीपक राज पांडे सीनियर मैनेजर एवं पार्षद गण उपस्थित रहे।



अशोक यादव ने कहा की कहा कि नेवता भोज से पालक स्कूलों से जुड़ते हैं ।तथा बच्चों को मध्यान्ह भोजन में नवीनता मिलती है ।अधिक से अधिक लोगों को नेवता भोज का आयोजन करना चाहिए।

कार्यक्रम में यादव जी पेट्रोल पम्प के कर्मचारियों के साथ साथ स्कुल के शिक्षक शिक्षिकाये तथा जनप्रतिनिधिगण और यादव परिवार उपस्थित रहे

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक कुमार यादव जी के पिताजी भूतपूर्व सैनिक जगदीश यादव किशोर यादव सन्नी यादव ममता यादव सीमा यादव कीर्ति यादव जशु यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उल्लेखनीय है की इंडियन आयल कम्पनी द्वारा रसोई गैस कृषि एवं उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# शारदीय नवरात्रि 22 सितम्बर से मावली देवी मंदिर में तैयारी शुरू

**भाटापारा,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। शारदीय च ांर नवरात्रि महोत्सव 22 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। अंचल की देवी मंदिरों में तैयारी चालू हो चुकी हैं। 22 सितंबर से शुरू हो रहे शारदीय च ांर नवरात्रि के लिए अंचल की प्रसिद्ध श्री मावली देवी मंदिर सिंगारपुर में च ांर नवरात्रि महोत्सव विशेष पूजा- अर्चना के साथ मनाया जाएगा।



**651 रुपए में ज्योति कलशः** श्री मावली माता मंदिर ट्रस्ट ने शारदीय नवरात्रि महोत्सव पर ज्योति कलश की स्थापना के लिए समाजसेवियों के अलावा विभिन्न संस्थानों को भी अधिकृत किया है। इसके साथ ही मंदिर परिसर में भी 651 रुपए में ज्योति कलश स्थापना के लिए व्यवस्था की गई है।

**घट स्थापना 22 सितम्बर को:** शारदीय नवरात्रि महोत्सव के लिए 22 सितंबर की सुबह 11ः36 से दोपहर 12ः24 के मध्य शुभ मुहूर्त में विशेष पूजा अर्चना के साथ घट स्थापना की जाएगी। 30 सितंबर की सायं 5ः00 से 6ः00 के मध्य हवन एवं पूर्णाहुति होगी। दूसरे दिवस याने 1 अक्टूबर को महानवमी पर कन्या भोज उपरांत नवरात्रि का समापन होगा।

शारदीय नवरात्रि के लिए सभी आवश्यक तैयारियां शुरू हो गई है। निर्धारित तिथि एवं शुभ मुहूर्त में पर्व का आयोजन होगा।

**- संजय अग्रवाल, अध्यक्ष, श्री मावली माता मंदिर ट्रस्ट, सिंगारपुर**

# नपं अध्यक्ष यादव ने मंगलवार को पीडब्ल्यूडी एसडीओ को खराब सड़क की शिकायत की और बुधवार से काम शुरू हो गया

**राजिम,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने मंगलवार को पीडब्ल्यूडी एसडीओ राजिम को खराब सड़क की शिकायत कीऔर एसडीओ ने इसे गंभीरता से लिया और आज बुधवार से काम शुरू हो गया । एसडीओ की इस तत्परता की अध्यक्ष महेश यादव सहित नगरवासियों ने बधाई दी ।



विदित हो कि राजिम नगर के शिवाजी चौक से तहसील कार्यालय तक का मार्ग , स्टेट बैंक से राजिम हटरी बाजार तक का मार्ग एवं राजिम माता चौक से पथर्रा ना्र तक मार्ग अत्यंत ही जर्जर हो गया है जिस कारण से आए दिन दुर्घटना होते रहता है , ये तीनों मार्ग पर यातायात का दबाव बहुत ज्यादा रहता है, पथर्रा मार्ग पर महाविद्यालय है जहां से विद्यार्थी प्रतिदिन महाविद्यालय जाते है, गरियाबंद मार्ग पर भी यातायात का दबाव ज्यादा होने से दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है, इसी प्रकार फिंगेश्वर मार्ग पर भी यातायात का दबाव बना रहता है , इसी सब समस्या से निजात पाने हेतु नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव सभापति भारत यादव, कुलेश्वर साहू , आकाश राजपूत , पार्षद बलराम यादव , ने अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग राजिम को ज्ञापन सौंपा तथा जल्द से जल्द खराब मार्गो का मरम्मत करने की मांग किया , अनुविभागीय अधिकारी ने जल्द ही मरम्मत करने हेतु आश्वासन दिए।

# महिला सचिव से त्रस्त 7 महिने से परेशान, सरपंच पहुंचे कलेक्टर के दरबार

**राजिम,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। राजिम क्षेत्र के ग्राम पंचायतो में वर्षो से जमे कुछेक पंचायत सचिवो की मनमानी इतनी बढ़ गई है कि वे जनता के वोटो से चुनकर आए पंच परमेश्वरो को कुछ नही समझ रहे है। अपनी मनमानी चला रहे है। ऐसे सचिवो के फुल दादागिरी से सरपंच गांव का विकास नही कर पा रहे है। इससे जनता के बीच सरपंच की छवि धूमिल हो रही है। ताजा उदाहरण के रूप में फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम पंचायत परतेवा का मामला सामने आया है। यहां के युवा सरपंच पिछले 7 महिने से महिला सचिव की प्रताड़ना झेल रहे है। थक हारकर वे फिंगेश्वर के सीईओ को अपनी व्यथा सुनाएं परंतु इस सीईओ ने सरपंच की परेशानी को हवा में उड़ा दिया। मंगलवार 2 सितंबर को जनदर्शन में एक आवेदन बनाकर वे जिला कलेक्टर उइके साहब से मिलने गए। सचिव को हटाने के लिए ज्ञापन दिया। सरपंच षटकोण साहू ने मीडिया को सिलसिलेवार जानकारी देते हुए बताया कि पिछले अगस्त माह में ग्राम सभा की बैठक नही कराई। फरवरी से लेकर अगस्त तक 7 महिने में वे यदि 10 बार भी ग्राम पंचायत परतेवा पहुंची हो तो बहुत बड़ी बात है। इस सचिव के मनमानी से ग्रामवासियो का जो गरीबी रेखा, राशन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र और शासन से किसी भी मृतक व्यक्ति को तत्काल सहायता के रूप में 2 हजार रूपए की राशि नही मिल पाता।



**हटाने के लिए दिया ज्ञापन**

वे न तो सरपंच का फोन उठाती है और न ही ग्रामवासियो का। सरपंच षटकोण साहू ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि गांव में स्वच्छता अभियान एवं नल जल योजना के तहत उन्होने स्वयं का 2 लाख रूपए लगाकर काम कराया है यह राशि भी उन्हें अभी तक पंचायत से केवल सचिव के मेहरबानी से प्राप्त नही हुआ है। बताया जाता है कि पिछले 10 वर्षो से यह महिला सचिव कंचन शर्मा (देवांगन) इसी पंचायत में पदस्थ है। इनको बेलटुकरी पंचायत का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कभी फोन उठा भी ली तो कहती है मै बेलटुकरी में काम कर रही हूं। ब्लॉक के सीईओ आखिर इस सचिव के प्रति इतने मेहरबान कैसे से है यह समझ से परे है? क्या फिंगेश्वर ब्लॉक में सचिवो की कमी है? यदि ये महिला सचिव दो ग्राम पंचायतो का काम नही संभाल पा रही है तो परतेवा जैसे बड़े गांव में किसी दूसरे सचिव की नियुक्ति क्यो नही कर देते? जब इनकी इतनी शिकायते है। ग्रामीण जब सरकार की किसी भी योजनाओं की जानकारी पूछते हैं तो वह गलत जानकारी देती है बल्कि काफी आक्रोशित पूर्वक गलत शब्दों में व्यवहार करती है। अपने आप को कलेक्टर से कम नही समझती। पंच परमेश्वर जब पुराना पंजी दिखाने की बात करते है जिसमें हिसाब रहता है तो वह दिखाने से साफमना करती है। सरपंच षटकोण ने बताया कि इनकी शिकायत करते वे थक चुके है परंतु किसी भी प्रकार से कार्रवाई न होने से इनका हौसला बुलंद है। इनके ऊपर कार्रवाई करते हुए स्थानांतरण कर जांच करने की मांग ग्रामवासियो ने किया है। ईधर बेलटुकरी के सरपंच पुराणिक साहू से इस सचिव के दोहरे चार्ज में होने के बारे में पूछे जाने पर उन्होने बताया कि सप्ताह में 2-3 दिन बेलटुकरी पंचायत आती है। वे करीब 11 बजे आती है और 3 बजे चली जाती है। बाकी दिनो के बारे में उन्हें कुछ भी नही मालूम।

# पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा लिया गया साइबर सेल की समीक्षा बैठक

**बलौदाबाजार,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा साइबर सेल की समीक्षा बैठक लिया गया। गंभीर एवं संदेहास्पद मामलों में ज्यादा से ज्यादा टेक्निकल साक्षी संग्रहित करने हेतु निर्देश दिया गया। संपत्ति संबंधी अपराधों में पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी करें। नशे की गोलियां एवं नशीली टैबलेट बिक्री करने वाले आरोपियों की पहचान कर, उन्हें गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।

2 सितम्बर को दोपहर 2 बजे से पुलिस कार्यालय सभा कक्ष बलौदाबाजार में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा साइबर सेल बलौदाबाजार की समीक्षा बैठक लिया गया। इस दौरान उनके द्वारा गंभीर, संदेहास्पद एवं विशिष्ट मामलों में अनिवार्य रूप से एवं अधिक से अधिक टेक्निकल साक्ष्य का संग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि गंभीर मामलों में टेक्निकल साक्ष्य का संग्रहण अत्यंत आवश्यक है, इसलिए इसलिए अधिक से अधिक प्रयास करें। गंभीर मामलों में मोबाइल कॉल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज, आरोपियों के मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर आदि में दर्ज विभिन्न प्रकार की जानकारियां आरोपी को सजा दिलाने में अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सहायक सिध्द होती है, इसलिए गंभीर मामलों में इनका संग्रहण आवश्यक रूप से करें। इसके साथ ही जिले में सुखे नशे के अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों की पहचान कर उनकी घरपकड़ कार्यवाही भी सुनिश्चित करने हेतु हिदायत दिया गया। श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा नशे की गोलियां, नशीले टैबलेट की बिक्री करने वाले आरोपियों की पहचान कर उन्हें तत्काल गिरफ्तार करने हेतु आवश्यक रूप से निर्देश दिया गया। बैठक में उनके द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में गिरफ्तार आरोपियों, चोरी नकबजनी आदि घटनाओं को अंजाम देने वाले लोगों की गतिविधियों पर सतत निगाह रखने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, निरीक्षक प्रणाली वैद्य प्रभारी साइबर सेल एवं साइबर सेल के समस्त स्टाफउपस्थित रहे।



**पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों की गतिविधियों पर सतत करें निगरानी**

# करमदा विद्यालय में सायकल वितरण

**रवान/बलौदाबाजार,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। 2 सितम्बर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमदा में कक्षा 9 वीं में अध्यनरत 68 छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल वितरण किया गया। सर्व प्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चन के साथ छात्राओं को तिलक लगाकर सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत करमदा के सरपंच श्रीमती सरस्वती वर्मा, उप सरपंच राजू, पंच रामनाथ सोनी, सुश्री मोहानी ध्रुव, शाला विकास समिति के अध्यक्ष जय नारायण सोनी, शाला विकास समिति के सदस्य शेषनारायण वर्मा, महेश राम वर्मा, विद्यालय के प्राचार्य नागेश्वर पटेल एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

